दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :34
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 6 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## ▶▶ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ



**मुंबई, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे।

बुधवार दोपहर भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे आज शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं।भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे।शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि भारत रत्न क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह लोग किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

# किसानों का दिल्ली कूच

● हरियाणा-पंजाब सीमा पर बढ़ा तनाव, अंबाला और जींद में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

● आंदोलनकारियों को दिल्ली में प्रदर्शन की नहीं मिली अनुमति



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के किसान हरियाणा के रास्ते से आज दिल्ली कूच कर सकते हैं। इसके चलते अंबाला व जींद में अतिरिक्त पुलिस तैनात कर दिया गया है। गुरुवार को पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश के सभी आला अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की और पुलिस बल को स्टैंड बाय पर रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी आज गृह सचिव और डीजीपी से घटनाक्रम को लेकर अपडेट लिया। शुक्रवार को दिल्ली कूच पर अड़े आंदोलनरत किसानों को दिल्ली में धरने-प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली है। इसे देखते हुए हरियाणा पुलिस ने दोनों बार्डर पर सख्ती बढ़ाते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है।

गृह सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने किसान नेताओं को अपील की कि वह सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी के समक्ष अपनी बात रखें, ताकि कोई समाधान निकल सके। दिल्ली में किसानों को प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण हम उन्हें आगे नहीं जाने दे सकते।किसानों के दिल्ली कूच को लेकर हरियाणा पुलिस ने शंभू बार्डर पर धारा 163 के नोटिस चिपका दिए हैं। अंबाला के उपायुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि किसानों को दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ने की अनुमति मिल पाएगी। अंबाला में धारा 163 लागू होने के कारण पांच या इससे अधिक लोगों के इक्कठे होने पर रोक रहेगी। अंबाला पुलिस ने शंभू बार्डर से करीब 500 मीटर की दूरी पर फिर से पक्की बैरिकेडिंग शुरू कर दी है।

# भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को संसद से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** गुरुवार को राज्यसभा से भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पारित हो गया। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने गुरुवार को राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पेश किया, जो एयर क्राफ्ट एक्ट 1934 का स्थान लेगा। लोकसभा से यह विधेयक पिछले सत्र में पारित किया जा चुका है। विधेयक में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, अधिकार, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात और आयात के विनियमन और नियंत्रण तथा उससे जुड़े मामलों



का प्रावधान है। इस विधेयक के विरोध में विपक्षी सांसदों के प्रस्ताव अस्वीकृत हो गए। इसके बाद सदस्यों ने लोक कल्याण के मुद्दों को विशेष उल्लेख के तहत उठाया। उसके बाद सदन की कार्यवाही को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर शून्यकाल में सदस्यों की ओर से लोक कल्याण के मुद्दे तय थे, जिनमें चक्रवात फेंजल का मुद्दा भी था। दरअसल, त्रिची शिवा ने नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया था, जिस पर सभापति ने उन्हें शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाने और अपनी बात रखने को कहा। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह मुद्दा पहले भी उठाया जा चुका है लेकिन इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए वह शिवा की याचिका को शून्यकाल में शामिल कर रहे हैं। इस पर शिवा ने फेंजल के कारण हुई तबाही का जिक्र कर केंद्र से मदद मुहैया कराने की मांग की।

## कच्छ में फर्जी ईडी रेड मामले में 12 आरोपित गिरफ्तार

**भुज/अहमदाबाद, (हि.स.)।** गुजरात पुलिस ने कच्छ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी टीम और रेड कार्रवाई की साजिश का गुरुवार को खुलासा किया। पूर्वी कच्छ थाने की पुलिस ने मामले में भुज के एक पत्रकार, अहमदाबाद की एक महिला समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्होंने फर्जी ईडी टीम बनाकर एक ज्वैलर्स और उसके आवास आदि में छापेमारी की और 25 लाख रुपये से ज्यादा के जेवरात समेट कर फरार हो गए थे।

# दिल्ली एनसीआर से हटाई गई ग्रैप -4 और ग्रैप 3 की पाबंदियां, सीएक्यूएम ने लिया फैसला

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रदूषण और वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली -एनसीआर में लागू ग्रेडेड एक्शन प्लान( ग्रैप) 3- और ग्रैप4 की लागू पांबदियों को तुरंत प्रभाव से हटा लिया गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के शाम चार बजे के बुलेटिन के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआई 165 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उपसमिति की बैठक में ग्रेडेड एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण 3 और 4 की पाबंदियों को तुरंत हटाने का फैसला लिया गया।बैठक के बाद सीएक्यूएएम ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज अपनी सुनवाई में प्रस्तुत वायु गुणवत्ता डेटा के आधार पर



अन्य बातों के साथ आयोग को ग्रैप के चरण-4 और 3 को रद्द करने की अनुमति दी है लेकिन ग्रैप एक और दो को जारी रखने को कहा है। सीएक्यूएम ने कोर्ट के फैसले के अनुसार एनसीआर में ग्रैप के चरण-4 और चरण-3 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। हालांकि ग्रैप चरण द्धद्ध और ग्रैप द्ध पूरे एनसीआर में लागू रहेंगे।दिल्ली की वायु गुणवत्ता में बुधवार और गुरुवार को सुधार हुआ। आज वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 165 यानी 'मध्यम' श्रेणी में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार वायु गुणवत्ता डाटा दर्ज करने वाले 38 निगरानी केंद्रों में से केवल छह केंद्रों ने एक्यूआई का स्तर 'खराब' श्रेणी में होने की सूचना दी।शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

# झारखंड में हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद का विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली शपथ



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर पद की भी शपथ दिलायी गयी।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। वहीं मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली।मंत्रिपरिषद में छह नए चेहरों को जगह दी गई है। नए चेहरों में झामुमो के चमरा लिंडा, सुदिव्य सोनू और योगेंद्र प्रसाद, कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की एवं राधा कृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को हेमंत कैबिनेट में जगह मिली है। मंत्रिपरिषद में झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को जगह मिली है। मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली। कांग्रेस कोटे से दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है, जबकि झामुमो की ओर से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। राज्य गठन के बाद पहली बार सवर्ण जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गये।

# इजराइल -फिलिस्तीन संघर्ष में दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत का समर्थन करता है भारतः एस जयशंकर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान फिलिस्तीन संबंधों पर सदस्यों के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को लेकर भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। दशकों से जारी इस विवाद को दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत के जरिए ही हल खोजा जा सकता है। भारत भी लगातार इसी बात का वकालत करता आया है। भारत सरकार फिलिस्तीन के लोगों तक लगातार मदद पहुंचा रही है।संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के कथित रूप से दूर रहने के दावे पर जयशंकर ने जवाब देते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन से संबंधित 13 प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इनमें से भारत ने 10 प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया। तीन प्रस्तावों पर मतदान से परहेज किया।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत एक ÷संप्रभु, स्वतंत्र और टिकाऊ फिलिस्तीनी राज्य÷ के




निर्माण के पक्ष में है, जो इजराइल के साथ शांति से रह सके। चालू संकट के दौरान भारत ने फिलिस्तीन को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता प्रदान की है। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत ने लगभग 70 मीट्रिक टन सहायता सामग्री भेजी। इसमें 16.5 मीट्रिक टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल थीं। इसके अतिरिक्त 2024 में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को सहायता राशि को एक मिलियन डॉलर से बढ़ाकर 5 मिलियन डॉलर कर दी गई है।उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम बंधक बनाने की निंदा करते हैं। हम मानते हैं कि देशों को स्थिति पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार है लेकिन देशों को हताहत नागरिकों के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्हें मानवीय कानून का पालन करना चाहिए और हम युद्धविराम और हिंसा का शीघ्र अंत चाहते हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और युद्ध अपराधों के लिए हमास के एक नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के वारंट पर भारत की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का सदस्य नहीं है।

## सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर राज्यसभा में हंगामा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा में आज पूर्वाह्न शून्य काल के दौरान सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर हंगामा हुआ। इस पर सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। त्रिवेदी ने चुनाव और सत्र से पहले विदेशी रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अंततः सभापति को कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।त्रिवेदी ने पिछले तीन साल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होने वाला होता है, कोई न कोई विदेशी रिपोर्ट जारी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये महज इत्तेफाक नहीं है। आम चुनाव के ठीक पहले कविड वैक्सीन की रिपोर्ट जारी की गई। 20 जुलाई 2023 को संसद सत्र से पहले मणिपुर हिंसा का वीडियो जारी किया गया। बजट सत्र से पहले हिंडन बर्ग की रिपोर्ट जारी की गई। अब मौजूदा सत्र से ठीक पहले एक व्यावसायिक घराने पर एक कोर्ट का आदेश आता है।

# संभल-बांग्लादेश हिंसा का डीएनए एक कुछ लोग बांटने में लगे हैं-सीएम योगी



**अयोध्या, एजेंसियॉ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि %एक बार फिर अयोध्या आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से वैश्विक शहर के रूप में नई पहचान के साथ आगे बढ़ रही है। याद रखें कि पीएम के प्रयासों से इस साल जनवरी में कैसे नरेंद्र मोदी, भगवान राम पांच सौ साल बाद फिर से मंदिर में विराजमान हुए हैं, जो कोई भी भगवान राम और माता जानकी का सम्मान नहीं करता, चाहे वे आपके कितने भी प्रिय क्यों न हों, उसे दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। इसीलिए राम भक्तों ने 1990 में नारा दिया था, %जो राम का नहीं हमारे किसी काम का नहीं%। राजनीति में डॉ. राम मनोहर लोहिया आदर्शों के प्रतीक माने जाते हैं। आज की राजनीति में सच्चा समाजवादी स्वतंत्र है संपत्ति और बच्चों के प्रति लगाव से हालाँकि, आज के समाजवादी परिवारवादी बन गये हैं। अपराधियों और गुंडों के संरक्षण के बिना उनकी हालत पानी के बिना संघर्ष कर रही मछली की तरह हो जाती है... वे लोहिया के नाम पर राजनीति तो करते हैं लेकिन उनके एक भी आदर्श को नहीं अपना पाते हैं।राम कथा पार्क में रामायण मेले के उद्घाटन के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि याद कीजिए 500 साल पहले बाबर के आदमी ने अयोध्या कुंभ में क्या किया था। संभल में भी वही हुआ और बांग्लादेश में भी वही हो रहा है। तीनों का स्वभाव और उनका डीएनए एक ही है। अगर कोई मानता है कि बांग्लादेश में ऐसा हो रहा है, तो वही तत्व यहां भी इस बारे में बात करने वाले ऐसे हैं, जिनके पास विदेश में संपत्ति है भाग जायेंगे और दूसरों को यहां मरने के लिए छोड़ देंगे। मुख्यमंत्री ने लगे हाथ स्वयं की आस्था का भी इजहार किया। साथ ही कहा कि हमने प्रभु राम को आदर्श माना है और उनके आदर्श से कुछ भी ले सके, तो जीवन धन्य हो जाएगा।

# सीएम के सख्त रुख के बाद एक्शन में पुलिस

● जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसान गिरफ्तार

**नोएडा, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख के बाद नोएडा पुलिस एक्शन में आ गई है। बुधवार शाम जहां पुलिस ने 123 किसानों को रिहा कर दिया था, वहीं आज जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कार्रवाई से सरकार के खिलाफ नाराजगी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से संबंधित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिन से आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान किसान संगठनों की अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही।सोमवार को किसानों ने भारी संख्या में दिल्ली कूच किया था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया था। इसके बाद अधिकारियों और किसानों में वार्ता हुई जिसमें किसानों ने प्रशासन को 7 दिनों का समय दिया। इन सात दिनों में समाधान नहीं निकलने पर दिल्ली



कूच की घोषणा की गई थी। हालांकि एक दिन भी नहीं गुजरा था कि मंगलवार को पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलनरत सैकड़ों किसानों को गिरफ्तार कर लुकसर जेल भेज दिया था। किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार शाम को सिसौली में पंचायत भी की गई थी। पंचायत में बुधवार को बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। कई जिले के किसानों सुबह रवाना हुए लेकिन पुलिस ने ज्यादातर को रोक लिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत भी प्रदर्शन स्थल के लिए सैकड़ों किसानों के साथ निकले मगर टप्पल पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इसके बाद बुधवार को किसानों ने जीरो प्वॉइंट पर पंचायत की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने गिरफ्तार सभी किसानों को नहीं छोड़े जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।बढ़ते दबाव के चलते देर शाम सभी किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किसानों को रिहा कर दिया। इस बीच लखनऊ में मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए हाई पावर कमेटी के गठन के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अराजकता किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लोकसभा में नहीं पारित हो सका रेलवे विधेयक, विपक्ष के हंगामे के बीच कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा में गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया जाना था लेकिन विपक्ष के संभल और अडाणी मुद्दे पर हंगामे के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।लोकसभा में आज संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के स्लोगन वाले जैकेट और टीशर्ट पहनने पर आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष संभल मुद्दे पर अपनी बात रखने को लेकर अड़ा रहा है। इसी बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कार्यवाही को पहले 2 बजे फिर तीन बजे तक स्थगित किया गया। तीन बजे भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही को आखिरकार दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्षी सांसदों के आक्षेप भरे स्लोगन लगी जैकेट पहनकर आने पर आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष ने अपने फैशन शो से सदन की गरिमा गिराई है।

संसदीय कार्यमंत्री ने




कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने शून्य काल में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अवसर दिया था लेकिन विपक्षी सदस्य संसद के अंदर जैकेट पहन कर आए। हमने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में नियम बनाया था कि स्लोगन, प्लेकार्ड और अन्य इस तरह का पहनावा नहीं पहनेंगे। इसके बावजूद विपक्ष ने इस तरह के कपड़े पहनकर संसद परिसर में फैशन शो शुरू किया है। यह संसद की गरिमा को गिराता है। वे विपक्ष के इस कृत्य की निंदा करते हैं। विपक्ष को ऐसा दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। आज कई महत्वपूर्ण विधायक आने हैं। वे आग्रह करते हैं कि हंगामे से कुछ नहीं होगा।

इससे लोगों में गलत संदेश जाता है।लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्य 'एक हैं तो सैफ हैं' के स्लोगन के साथ तस्वीर बनीं जैकेट पहनकर आए। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ऐसी ही टीशर्ट पहनी थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्योगपति गौतम अडाणी से जोड़ते हुए कटाक्ष किया गया था।लोकसभा अध्यक्ष ने शून्य काल के प्रारंभ में इसपर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि कार्यमंत्रणा समिति में तय हो गया था लेकिन विपक्ष नियम का पालन नहीं कर रहा है। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की आपत्ति पर सदन के बीचों बीच पहुंचकर नारे बाजी की। विपक्षी नेताओं ने एक हैं तो सेफ हैं के नारे लगाए।विपक्ष के शोर शराबे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई को संभल मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा नेता निशिकांत दूबे अपना विषय रखेंगे और इसके बाद गौरव गोगोई संभल विषय पर बोलेंगे।भाजपा नेता निशिकांत दूबे ने इस दौरान फ्रांसीसी अखबार में स्वतंत्र पत्रकारों के एक समूह के बारे में छपी खबर का हवाला दिया। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि समूह को अमेरिका की ओर से फंडिंग होती है। निशिकांत दूबे ने इसको लेकर विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि देश के आर्थिक पक्ष पर हमला करने के लिए यह समूह रिपोर्ट करता आया है। विपक्ष ऐसे लोगों को सपोर्ट करता है।

## कांग्रेस ने अपने फैशन शो से गिराई सदन की गरिमाः संसदीय कार्य मंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सांसदों के आक्षेप भरे स्लोगन लगी जैकेट पहनकर आने पर आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष ने अपने फैशन शो से सदन की गरिमा गिराई है।संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने शून्य काल में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अवसर दिया था लेकिन विपक्षी सदस्य संसद के अंदर जैकेट पहन कर आए। हमने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में नियम बनाया था कि स्लोगन, प्लेकार्ड और अन्य इस तरह का पहनावा नहीं पहनेंगे। इसके बावजूद विपक्ष ने इस तरह के कपड़े पहनकर संसद परिसर में फैशन शो शुरू किया है, यह संसद की गरिमा को गिराता है। वे विपक्ष के इस कृत्य की निंदा करते हैं। विपक्ष को ऐसा दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। आज कई महत्वपूर्ण विधायक आने हैं। वे आग्रह करते हैं कि हंगामे से कुछ नहीं होगा। इससे लोगों में गलत संदेश जाता है।

## महाकुंभ मेला के दृष्टिगत फायर मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला के दृष्टिगत आज बेली हॉस्पिटल में फायर आडिट कर फायर मॉक ड्रिल आयोजित की गई जिसमें चिकित्सक नर्सिंग स्टॉफ सुरक्षा कर्मी सम्मिलित हुए।फायर मॉकड्रिल का आयोजन डॉ आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में किया गया। मॉकड्रिल राजेश कुमार अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइन द्वारा एवम हॉस्पिटल के स्टाफ के सहयोग से किया गया। मॉक ड्रिल में अग्नि शमन उपकरण से आग बुझाने को दर्शाया गया और एबीसी और कार्बन डाई ऑक्साइड फायर एक्टिगशर गैस सिलेंडर की आग बुझाने का डेमो किया गया। इसके पश्चात फायर हाइडेंट से आग को काबू करने का डेमो कराया गया और मेडिकल स्टॉफ द्वारा फायर एक्टीगुशर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। हॉस्पिटल में विधुत सुरक्षा विभाग से इलेक्ट्रिक सेफ्टी आडिट करा कर सभी विद्युत वायरिंग उचित ग्रेडिंग की कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# पीएम के आगमन पर फेस्टिव मूड में नजर आएगा पूरा महाकुम्भनगर और प्रयागराज

## पीएम मोदी की विजिट के दौरान सभी विभागों को अपने दफ्तरों को सजाने के दिए गए निर्देश

### सरकारी इमारतों को फसाड लाइटिंग से किया जाएगा रौशन, किया जाएगा सौंदर्यीकरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर।** पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने और परियोजनाओं का लोकार्पण करने महाकुम्भनगर और प्रयागराज आ रहे हैं। उनके आने से पूर्व स्वयं सीएम योगी स्वयं 7 दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। पीएम मोदी की विजिट के दौरान महाकुम्भनगर और प्रयागराज को इस तरह से सजाने की योजना है, जैसे किसी त्योहार के समय लोग अपने घरों को सजाते हैं। इसी क्रम में सभी विभागों को अपने दफ्तरों और इमारतों का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इमारतों को फसाड लाइटिंग से रौशन किए जाने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों और रोड्स को भी दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिन परियोजनाओं का पीएम मोदी लोकार्पण करेंगे, उन्हें भी समय से पूर्व पूर्ण किए जाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं।

पीएम मोदी की विजिट के संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इन्हें निर्धारित समयसीमा पर पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के आने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी भ्रमण 7 दिसंबर को होना है। सीएम के निर्देशों के क्रम में सभी कार्य कराए जा रहे हैं। सीएम स्वयं इन सभी कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की विजिट के दौरान पूरा शहर स्वच्छ और हरित महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करता नजर आएगा। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी विभागों को अपने-अपने दफ्तरों को शोभनीय बनाते हुए उसमें फसाड लाइटिंग और उसका यथासंभव सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में भी काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों, रोड्स और पार्कों को भी सजाया जाएगा।

### पूरी तत्परता से जुटे हैं विभाग और अधिकारी

मंडलायुक्त ने बताया कि पीएम की विजिट को लेकर सभी विभाग और अधिकारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी के द्वारा सभी महत्वपूर्ण रोड्स का रिन्यूअल तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सभी जंक्शंस और सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी और पीडब्ल्यूडी द्वारा समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइटिंग और थीमैटिक लाइटिंग का कार्य किया जा रहा है। विद्युत विभाग की ओर से सभी पावर केबल्स को बिछाने का काम भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीएंडडीएस द्वारा गेट्स और इंस्टॉलेशन वर्क कंप्लीट कर लिया जाएगा। कॉरिडोर्स के काम को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे समय पर पूरा कर लिया जाएगा। घाटों पर स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए दिन रात काम हो रहा है।

### 7 को सीएम करेंगे खोया पाया केंद्र और पब्लिक एकमोडेशन का उद्घाटन

पीएम मोदी की विजिट से पहले 7 दिसंबर को सीएम योगी महाकुम्भनगर और प्रयागराज में तैयारियों का जायजा लेंगे और खोया पाया केंद्र व सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन का उद्घाटन भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी 7 दिसंबर को अपनी विजिट के दौरान सर्किट हाउस में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यहीं पर वह महाकुम्भ 2025 के कार्यों की समीक्षा बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त वह अलोपीबाग फ्लाई ओवर एवं अलोपीबाग रोड का निरीक्षण करेंगे। प्रयागराज मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन और परेड क्षेत्र में खोया पाया केंद्र का उद्घाटन करने के साथ ही वह पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों का मार्गदर्शन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त सीएम अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट नेनी एवं एसटीपी नैनी के साथ ही शिवालय पार्क का भी निरीक्षण करेंगे।

## इंद्रनील घोष मानद डॉक्टरेट उपाधि से होंगे सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रयागराज के फुटबॉल प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय खेल प्रबंधक इंद्रनील घोष को खेल के छेत्र में असाधारण योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट डिग्री से 06 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित आइकोनिक पीस अवार्ड कॉउंसिल, नई दिल्ली में सम्मानित किया जायेगा।



माता मीरा एवं पिता जयंत कुमार घोष के सुपुत्र इंद्रनील घोष को हाल ही में पेफी राष्ट्रीय अवार्ड एवं वर्ष 2023 में चेतन चौहान राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

इंद्रनील कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में टेकिन्कल ऑफिसियल एवं स्पोर्ट्स मैनेजर के रूप में राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010, झारखण्ड राष्ट्रीय खेल 2011, एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, जूनियर एशियाई टेनिस चैंपियनशिप 2012, सैफ (साउथ एशियाई) अंतराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2011, 2015 में काम कर चुके है। इससे अलावा प्रशिक्षक के तौर पर कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है।

हाल ही में इंद्रनील संतोष ट्रॉफी सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में त्रिपुरा टीम के गोलकीपर प्रशिक्षक भी थे। वर्तमान में इंद्रनील नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक हैं।

आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के लाइसेंस प्राप्त प्रोफेशनल फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने इलाहाबाद विश्विद्यालय से वर्ष 2006 में एम कॉम एवं बरकतुल्लाह विश्विद्यालय भोपाल से वर्ष 2012 में एम पी एड, वहीं वर्ष 2008-09 में नेताजी सुभास नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स कोलकाता से फुटबॉल कोचिंग का डिप्लोमा प्राप्त किया है। वर्ष 2021 में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर से पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट उत्तीर्ण किया है ।

# कुमुद झा सर्वश्रेष्ठ दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर सम्मान से सम्मानित

**प्रयागराज।** दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर अभियान के चेयरमैन डॉ कौशल झा ने कुमुद झा सर्वश्रेष्ठ दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर सम्मान से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम देश की राजधानी दिल्ली के हिंदी भवन आई.टी. ओ. में आयोजित किया गया जिसमे मिथिला - मैथिली से जुडे कई प्रतिष्ठित महानुभाव अतिथि बनकर आए।

इस कार्यक्रम में अन्य कई संस्थाओ के नामी गिरामी चेहरों की उपस्थिति भी देखी गई। यह जानकारी दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर अभियान के मार्गदर्शक एडवोकेट लोकेन्द्र शर्मा ने दी है।



दीप प्रज्वलन के साथ गोसाउनि गीत को गाकर इस कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। गोसाऊनि गीत गिन्नी झा, पूनम झा, मधु चौधरी, नूतन मिश्रा, रूपम हृदय मिश्र के द्वारा कराया गया। तदुपरांत देश के विभिन्न शहरों से आने वाले 50 प्रतिभागियों को मिथिलाक्षर प्रवीण का प्रमाण पत्र एवं दुशाला देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व उच्चाधिकारी मंत्रेश्वर झा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा राजकिशोर मिश्र विशिष्ट अतिथि थे। इस कार्यक्रम में ÷मिथिलाक्षर लिपि के प्रचार में प्रवासी समाज की भूमिका÷ विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया था जिसमे वक्ता के रूप में श्रीमती स्वाती शाकंभरी एवं हेमंत झा ने अपने विचार रखे।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव रंजन दास, अध्यक्षता डॉ कैलाश कुमार मिश्र ने किया।

पूरे कार्यक्रम में दूर्वाक्षत अभियान के कार्यकर्ताओं का हौसला और जज्बा देखते बना । रीता दास , नीलम झा , अर्चना अरुण झा , वीणा पाठक , रीना झा एवं समस्त महिला शक्ति की एकता दूर्वाक्षत परिवार की मजबूती बनकर कार्यक्रम की ढाल बनी रही।

अंत में संस्था के अध्यक्ष ई. वीरेश्वर झा ने धन्यवाद ज्ञापन कर आयोजन को विराम दिया।

## पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे सहारनपुर जिला एवं महानगर के भाजपा चुनाव पर्यवेक्षक हुए नियुक्त

**प्रयागराज।** पूर्व विधायक एवं प्रयागराज जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभा शंकर पांडे को सहारनपुर जिला एवं सहारनपुर महानगर का भाजपा चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर भाजपाइयों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, वरुण केसरवानी, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, देवेश सिंह, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा राघवेंद्र सिंह आदि रहे।

## छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र का आयोजन



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एजुकेशनल लैब के तत्वाधान में आज ÷मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र÷ का आयोजन किया गया जिसमें अनेक छात्राओं को उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य परामर्शदाता मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज की प्रवक्ता डॉ जोया परवीन रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष तथा शिक्षाशास्त्र विभाग की संयोजिका प्रो. काजल देब ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राचार्या ने कार्यक्रम को आरंभ करते हुए वर्तमान परिदृश्य में छात्राओं के लिए परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. जोया परवीन ने छात्राओं को सामूहिक एवम व्यक्तिगत परामर्श दिया और छात्राओं पर बुद्धि परीक्षण प्रशासित किया जिसके माध्यम से छात्राओं का आईक्यू ज्ञात किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एजुकेशन लैब की प्रभारी डॉ. रमा गुप्ता ने किया।इस अवसर पर शिक्षा शास्त्र विभाग के डॉ आशीष मिश्रा एवं डॉ माधुरी राठौर उपस्थित रहे।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट के नाम महिला से 7.16 लाख की ठगी

**प्रयागराज।** धूमनगंज में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक महिला के खाते से 7.16 लाख रुपये उड़ा दिए गए। साइबर ठग महिला को ओटीपी के नाम पर उलझाए रहे। अकाउंट से रुपये ट्रांसफर होने पर पता चला। साइबर सेल केस की जांच में जुटी है।

धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा की रहने वाली रेनू ने पुलिस को तहरीर दी है कि उनका खाता एक एसबीआई में है। 27 नवंबर को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ रही है। इस पर महिला ने कहा कि कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगे तो ही बढ़ा दीजिए। कुछ देर बाद कहा गया कि लिमिट बढ़ गई है। अकाउंट चेक करें। महिला को पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि कैसे चेक करें तो साइबर ठगों ने कहा ओटीपी पर कंफर्म करें। दो तीन बार ओटीपी आया।

रेनू ने उसी में उलझी रहीं। इसी बीच उनके अकाउंट से रुपये ट्रांसफर होते रहे। इसके बाद बैंक से पर्सनल लोन का मैसेज आया तो रेनू को शक हुआ। इसके बाद भी साइबर ठग बातों में उलझाए रहे कहा कि लिमिट बढ़ने के दौरान ऐसा होता है। इसी दौरान क्रेडिट कार्ड से लगभग 7.16 लाख रुपये निकल चुके थे। महिला ने साइबर सेल में केस दर्ज कराया है।

# शहादत ए फातमा ज़हरा पर दरियाबाद, रानीमंडी से निकला ग़मगीन मातमी जुलूस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पैग़म्बर ए इस्लाम मोहम्मद ए मुस्तफा की इकलौती बेटी फात्मा ज़हरा की शहादत पर तीन दिवसीय शोक मनाया जा रहा है। इस्लामिक माह जमादी उस सानी की एक से तीन तक विभिन्न क्षेत्रों में मजलिस मातम व जुलूस निकाला जा रहा है। इसी क्रम में बख्शी बाज़ार मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन के अज़ाखाने पर मजलिस आयोजित की गई। ज़ाकिर ए अहलेबैत शाहिद रज़ा रिज़वी (शमूल) ने मजलिस को खिताब किया। सैय्यद हैदर मेंहदी व अलमदार काज़मी ने सोज़ख्वानी से मजलिस का आग़ाज़ किया तो अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो नेयाजुल हसन,



हाशिम बांदवी, नाज़िर हुसैन, आबिद हुसैन, हैदर मेंहदी आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

वहीं रानीमंडी चकय्यानीम से अमजद अली पप्पू की ओर से जुलूस ए फात्मा ज़हरा निकाला गया जिसे मौलाना शहरयार हुसैन ने खिताब किया। जुलूस रानीमंडी की गलियों में गश्त करते हुए बच्चा जी धर्मशाला के पास शाहरुख क़ाज़ी के अज़ाखाने पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

दरियाबाद में नौहाख्वान गुलाम अब्बास के अज़ाखाने से नजीब इलाहाबादी के संचालन में जुलूस निकाला गया जिसमें मौलाना व इमाम ए जुमा वल जमात हसन रज़ा ज़ैदी साहब ने मजलिस को खिताब किया। बाद मजलिस अन्जुमन हाशिमिया दरियाबाद, अन्जुमन हुसैनिया दरियाबाद, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस निकाला जो दरगाह हज़रत अब्बास पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

इसी क्रम में बख्शी बाज़ार इमामबाड़ा नाज़िर हुसैन में शहादत की मजलिस को मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर साहब क़िब्ला ने खिताब किया। नायाब बलियावी ने पेशख्वानी के फराएज़ अन्जाम दिए। शफक़त अब्बास पाशा की निज़ामत में हुई मजलिस में अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 42 निशानेबाजों का चयन



**प्रयागराज।** दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 3 दिसंबर से 5 जनवरी तक होने वाली 67वीं राष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाजी चैंपियनशिप और भोपाल में 15 से 31 दिसंबर तक होने वाली 67वीं राष्ट्रीय राइफल चैंपियनशिप के लिए ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के 42 निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है।अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल और राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने बताया कि इन निशानेबाजों का चयन दिल्ली में हुई 43वीं नार्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप और भोपाल में हुई इंडिया ओपन चैंपियनशिप में किये गए प्रदर्शन के आधार पर हुआ। दोनों कोच ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह 15 दिसम्बर को

## डा. कीर्तिका अग्रवाल ने कहा काशी विश्वनाथ मंदिर का कराया था पुनर्निमाण, नई पीढी को अहिल्याबाई से जोड़ने की पहल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज ।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन 15 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे एमपी हाल, मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, तेलियरगंज में किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे। इस आशय की जानकारी गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति, प्रयागराज की संयोजिका डाक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।डाक्टर



कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि समारोह समिति की राष्ट्रीय सचिव कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे एवं कार्याध्यक्ष उदयराजे होलकर विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता समारोह समिति की अध्यक्ष चंद्रकला पाड़िया करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन भी होगा। साथ ही प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। इसके पूर्व महानगर में विभिन्न स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में 7 दिसम्बर को सिविल लाइन्स चर्च स्थित धरना स्थल से शोभायात्रा निकलेगी जो हनुमान मंदिर, वात्सल्य अस्पताल होते हुए पुनः धरना स्थल पर समाप्त होगी। 9 दिसम्बर को नैनी में, 10 दिसम्बर को देव प्रयाग नगर फाफामऊ में एवं 12 दिसम्बर को तेलियरगंज में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में अहिल्याबाई होलकर के जीवन से सम्बन्धित झांकियां शामिल होगीं। डा अग्रवाल ने बताया कि त्रिशताब्दी वर्ष समारोह में सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। उन्होंने लोगों से समारोह में भाग लेने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य श्रीमती रीना मिश्रा, घनश्याम अग्रहरि, मुरार जी त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे।

## 06 दिवसीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 07 दिसम्बर से

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान द्वारा 07 दिसंबर से 12 दिसंबर तक 06 दिवसीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण केन्द्र मम्फोर्डगंज, प्रयागराज में किया जा रहा है। जिसमें अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामुला, श्रीनगर, बुदगाम, पुलवामा के कुल 132 युवा प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्बंधित विभागों की जिम्मेदारी निर्धारित की है।

## 6 दिसंबर के मद्देनजर करेली थाने पर की गई पीस कमेटी की बैठक



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर 6 दिसंबर को देखते हुए करेली थाना परिसर में सेंट्रल पीस कमेटी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें करेली क्षेत्र के रहने वाले संभ्रांत नागरिक, पार्षद, ग्राम प्रधान के साथ एक मीटिंग की गई। पीस कमेटी के दौरान थाना प्रभारी करेली राजेश मौर्य ने बैठक में आए हुए सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील की। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को लेकर यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत अफवाह सोशल मीडिया पर फैलाई जाएगी तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। सभी सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी रहेगी। यदि करेली में किसी को कोई दिक्कत होती है तो हमें तुरंत सूचित करे। हम उनकी बात को संज्ञान में लेते हुए तुरंत कार्यवाही करेगे।थाना प्रभारी ने लोगो से सहयोग की अपील की है। लोग बाइक धीमी गति से चलाए तेज गति से ड्राइविंग न करे। बगैर हेलमेट के बाइक न चलाए इसलिए कि घर में कोई आपका इंतेज़ार कर रहा होता है।

थाना प्रभारी ने कहा कि अबकी बार दिव्य कुंभ महाकुंभ होगा जिसमें देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए आते हैं।

पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय पार्षद अब्दुल समद, पार्षद रमीज, ग्राम प्रधान सरदारी लाल पाल, श्याम पाल अमीर समेत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फसल किसान संगोष्ठी में दी गई जानकारी



**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** गुरुवार को कैथवल गांव के पंचायत भवन पर शासन द्वारा संचालित किए जा रहे अभियान को लेकर फ़सल के बारे में जानकारी दी गई। जिससे किसानों को आय दोगुनी करने के संबंध में किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया। कृषि विभाग के संजय यादव ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान किसान रजिस्ट्री के तहत फसल ऋण योजना, उद्यम विभाग, गन्ना किसान तथा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत सभी किसानों को लाभ देना है।

उन्होंने बताया कि जो किसान रजिस्ट्री नहीं कराएंगे उन्हें सम्मान निधि से वंचित रहे । इस योजना के तहत सरकार सभी किसानों को शत् प्रतिशत लाभ मिले । शासन की मंशा किसी भी किसानों को दी जा रही योजना का सही तरीके से लघु और सीमांत किसानों प्राप्त हो रहा है या उससे ऊंचे तपके ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी जमीन को रजिस्ट्री कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार दुबे, हल्का लेखपाल जितेन्द्र कुमार, अनील कुमार दुबे, रामधनी, लवकुश दुबे, श्री नाथ पटेल, दिनेश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## आर ए एफ कैंप में नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया



**फाफामऊ।** 101 आर.ए.एफ के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर बाहिनी चिकित्सालय में मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के नेतृत्व में निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय (काल्विन) प्रयागराज (उ.प्र.) के सौजन्य से किया गया।जैसा कि विदित है, कि 101 आर.ए.एफ. वाहिनी के चिकित्सालय में समय-समय पर निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कम में सर्वप्रथम मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. ने फीता काटकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया, साथ ही राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय, (काल्विन) प्रयागराज के डॉ. जे. आर.प्रजापति, प्रभारी चिकित्साधिकारी, ने कमाण्डेन्ट महोदय को पुष्पगुच्छ देकर उनको सम्मानित किया। राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय, (काल्विन) प्रयागराज के प्रभारी चिकित्साधिकारी, डा. जे.आर.प्रजापति, डॉ. एच. के. चौरसिया एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 101 आर.ए.एफ. के जवानों एवं उनके परिवारजनों की उचित चिकित्सा जाँच की गई व निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।कमाण्डेन्ट महोदय ने कहा कि हम सबका यही उद्देश्य है कि हमारे देश के नागरिक स्वस्थ व खुशहाल रहे, हमारे देश की तरक्की तभी हो सकती है जब देश की एकता एवं अखण्डता बनी रहे व हमारा देश विश्व गुरु के रूप में प्रतिबिम्बित हो साथ ही महोदय ने राजकीय मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय (काल्विन) प्रयागराज के प्रभारी चिकित्साधिकारी व उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।निःशुल्क चिकित्सा शिविर के अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, टी.एन. सिंह, उप.कमा., नीरज कुमार, उप.कमा. अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज 15 दिवसीय एड ऑन सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को एंटरप्रेन्योरशिप एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग विषय पर 15 दिवसीय (5 दिसंबर -19 दिसंबर) एड ऑन / सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष, चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिखा दीक्षित और विभाग समन्वयक डॉ. संगीता अग्रवाल के द्वारा पंजीकृत छात्राओं को प्रोजेक्ट किट और शुभकामनाएं दी गई। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने छात्राओं को 15 दिवसीय कोर्स के विभिन्न तत्वों, गतिविधियों और महत्वता से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुषी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रीना यादव और सुमित शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत यात्रियों एवं कल्पवासियों के स्वास्थ्य एवं यात्रा सम्बन्धी एडवाइजरी की गई जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा बताया गया कि महाकुम्भ-2025 का आयोजन दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 के मध्य जनपद प्रयागराज में आयोजित किया जाना है। महाकुम्भ मेला की अवधि के दौरान करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु जनपद प्रयागराज में एकत्रित होगें। मेला क्षेत्र गंगा एवं यमुना नदी के किनारों पर लगभग 4200 हे0 के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। मेला क्षेत्र में दिन के समय तापमान कभी-कभी 9 डिग्री तथा रात्रि में लगभग 02 डिग्री तक हो सकता है। दिन में धूप न होने पर घने कोहरे की स्थिति भी बन जाती है। महाकुम्भ मेला अवधि में मेला परिक्षेत्र भगदड, अग्निकांड, डूबना, स्वास्थ्य संबंधी समस्या इत्यादि के प्रति संवेदनशील है। महाकुम्भ-2025 को दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए सम्पूर्ण मेला परिक्षेत्र में प्रभावी आपदा प्रबन्धन का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत यात्रियों एवं कल्पवासियों के स्वास्थ्य एवं यात्रा के सम्बन्ध में एडवाइजरी जारी की जाती है प्रयागराज पहुँचने से पहले महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेला की जानकारी प्राप्त करें। यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में अवश्य रखें। मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग (प्डक) की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी के लिए सचेत मोबाइल एप डाउनलोड कर चेक करें। 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। डॉक्टर की सलाह के उपरान्त ही यात्रा करें। पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नम्बर एवं चिकित्सक द्वारा लिखी गयी दवाईयां अपने साथ रखें। हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें। यदि आप आयुष्मान कार्ड धारक है तो कृपया अपना आयुष्मान कार्ड साथ में रखे, जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के अतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त हो सकें। मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के सम्बन्ध में संगम क्षेत्र पहुँचने के लिए पैदल भी चलना पड़ सकता है, इसीलिए शरीर में पानी का स्तर बनाये रखने के लिए पानीध्व्ै का घोल पीते रहें। मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड़ की सम्भावना होने के दृष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। बच्चों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें। गहरे पानी में जाने से बचें। चप्पल-जूते का प्रयोग करें एवं कीचड़ वाले स्थान पर ना चलें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। प्रवास के दौरान खाद्य पदार्थों के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें तथा खुले व दूषित भोज्य पदार्थों के प्रयोग से बचें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मेला क्षेत्र में मच्छरों से बचाव हेतु यद्यपि छिड़काव, धुंआ किया जाता है, फिर भी मच्छरों से बचने हेतु मच्छर रेपेलेन्ट भी साथ रखें। कल्पवासियों के लिए दिशा-निर्देश सरकारी नल, वाटर एटीएम के पानी का उपयोग करें एवं खाने पीने के लिए उबालने के बाद ही प्रयोग करें। सब्जी, फल इत्यादि को अच्छे से धो कर ही सेवन करें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। गरम कपड़े, कंबल, रजाई पर्याप्त मात्रा में रखें। धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। हीटर, अलाव, इत्यादि का प्रयोग टेंट के अंदर ना करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है तथा हानिकारक गैसो के एकत्र होने से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितिया उत्पन्न हो सकती है। आपात स्थिति में महाकुम्भ हेल्पलाइन-1920, पुलिस हेल्पलाइन 112, आपदा हेल्पलाइन 1077 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# कौशाम्बी थाना पुलिस ने मुस्तफाबाद में ग्रामीण महिलाओं को किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरा**

**बारा, कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी तथा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी, व थाना प्रभारी निरीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और कानून संबंधी जानकारी दी।

साथ ही, उन्हें 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 महिला सहायता केंद्र, और 112 आपातकालीन सेवा, के उपयोग के बारे में बताया गया।अभियान के दौरान घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार के अपराधों से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। ने महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया और गांव में महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी साझा करने का संदेश दिया। मिशन शक्ति अभियान महिला कांसटेबल प्रेमलता व महिला कांसटेबल माला ने महिलाओं को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनके खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकना है। तथा मिशन शक्ति,नारी शक्ति,नारी सम्मान,नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन,102 स्वास्थ्य सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के जी कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। और कहां कौशाम्बी पुलिस आपकी सेवा में सदैव तात्पर्य है आपके सहयोग से ही अपराधियों को सजा और निर्दोष की मदद करने के कौशाम्बी पुलिस तैयार है।

# शैक्षिक भ्रमण कर बच्चों ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में जाने का सपना



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत सरसवां ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय के चयनित बच्चों को विज्ञान एक्पोजर विजिट कराया गया। विजिट में बच्चों को एमएनआईटी कॉलेज प्रयागराज का चयन किया गया था। खण्ड शिक्षा जवाहर यादव ने सुबह ही हरी झंडी दिखा कर बस रवाना किया। एमएनआईटी कॉलेज पहुंच कर शिक्षकों ने विभिन्न विभागों को छात्रों को दिखाया व उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। वहां मौजूद गाइड द्वारा सभी विभागों में होने वाली पढ़ाई के बारे बारीकी से बताया गया। बच्चों ने उक्त कॉलेज को देख कर अपनी खुशी का इजहार किया साथ ही ऐसे कॉलेज में पढ़ने के लिए खूब मेहनत करने का संकल्प किया। बच्चों ने कहा कि यहां देखने के बाद अब प्रौद्योगिकी क्षेत्र में ही जाने का सपना है। विजिट के दौरान ब्लॉक के सभी एआरपी दया शंकर आशुतोष शुक्ला, जयमंत शुक्ला, ज्ञान सिंह व राघवेंद्र पांडे शिक्षक संकुल अंकित श्रीवास्तव, मोनू यादव, अमित सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अरुण श्रीवास्तव स्मिता जायसवाल, शशांक सिंह, अरुण श्रीवास्तव, साधना, मीता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विश्व मृदा दिवस का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरा**

**कौशाम्बी।** कृषि विज्ञान केंद्र ने ग्राम बैंगवा फतेहपुर विकास खंड कौशाम्बी मे विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया। उक्त अवसर केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित अन्नदाताओ को बताया कि जीवन में मिट्टी के महत्व के बारे में बताने और इसके गुणवत्ता को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 05 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया जाता है।मृदा यानी मिट्टी मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण संसाधन है। विश्व मृदा दिवस की विश्व मृदा दिवस 2024 (डब्ल्यूएसडी) अभियान,जिसकी थीम है,मिट्टी की देखभालरू माप, निगरानी, प्रबंधन,है,जोकि मिट्टी की विशेषताओं को समझने और खाद्य सुरक्षा के लिए स्थायी मृदा प्रबंधन पर सूचित निर्णय लेने में सटीक मृदा डेटा और सूचना के महत्व को रेखांकित करता है।डा.मनोज ने आगे बताते हुए कहा कि मिट्टी हमारी कृषि, भोजन और जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है,दुनिया में लगभग 95ः खाद्य पदार्थ मिट्टी पर निर्भर हैं,मृदा की उपजाऊ क्षमता को बनाए रखना खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन मिट्टी के घटते स्वास्थ्य के कारण पर्यावरणीय असंतुलन, जैव विविधता में गिरावट, और कृषि उत्पादकता में कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं,जिसके लिएसंतुलित उर्वरक प्रयोग,सूक्ष्म जीवाणुओ की उपलब्धता के गोबर की कंपोस्ट का अधिक प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए।आज विश्व मृदा दिवस पर हम सभी जागरूकता अभियान,कार्यशाला और चर्चाओं का आयोजन कर रहे है,जिससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों और मृदा संरक्षण के उपायों को बढ़ावा दिया जा सके।यह केवल किसानों की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह मिट्टी के स्वास्थ्य का ध्यान रखे।आमंत्रित व्याख्याता के रूप कृषि विभाग के ए डी ओ एग्रीकल्चर डा.जगदीश ने उपस्थित प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस मिट्टी के महत्व को समझने और इसके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।कृषि विभाग की संचालित योजनाओ यथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्र पर अनुदान,आकांक्षी विकास खंड के अधीन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,फार्मर रजिस्ट्री ड्रिप स्प्रिंलकर आदि के साथ साथ पंक्तिबद्ध बुवाई के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त अवसर कृषक अनुज ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम मे कृषक चीन बाबू,शिवमोहन लाल, सोनू कुमार, शिवबाबू आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रतिनिधियों के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट मूवी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारीगण व जन प्रतिनिधिगण के साथ प्रयागराज के विनायक सिटी सेंटर स्तिथ पीवीआर में द साबरमती रिपोर्ट देखा गया। यह मूवी गोधरा स्टेशन में 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन पर हुए हमले पर आधारित है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ट्रेन पर हमला किया था। द साबरमती रिपोर्ट्स फिल्म देखी जो गोधरा काण्ड की दुखद घटना पर आधारित एक साहसिक और सच्चाई को उजागर करने वाली कहानी है द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के माध्यम से इस घटना के सत्य को उजागर करने का निडर प्रयास किया गया है फिल्म निर्माण के साथ जुड़ी टीम और कलाकारों को हृदय से धन्यवाद। इस मौके पर समस्त जिला पदाधिकारीगण, जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# समाज सुधारक स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की जयंती मनाई गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में चायल विधान सभा के मेडुवापर ग्राम सभा में आधुनिक भारत के महान संत शिक्षा के सागर त्याग मूर्ति मानव रत्न स्वाधीनता सेनानी स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की जयंती मनाई गई। लोधी समाज में सबस बड़ा नाम है स्वामी ब्रह्मानंद का। स्वामी ब्रह्मानंद ने समाज सुधार के लिए अने कार्य किए। देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर कई आंदोलनों में जेल काटी।

आजादी के बाद देश की राजनीति में भी उनका खासा योगदान रहा है। स्वामी जी ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही कार्य किए। समाज के लोगों को शिक्षा की ओर ध्यान देने का आहवान किया। स्वामी ब्रह्मानंद ने बचपन से ही समाज में फैले हुए अंधविश्वास और अशिक्षा जैसी कुरीतियों का डटकर विरोध किया। वे आजाद भारत के पहले संन्यासी सांसद थे।कार्यक्रम पूर्व जिला अध्यक्ष शिवभवन कुशवाहा के संयोजन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अतुल मौर्य, जिला अध्यक्ष इंद्राज कुशवाहा, जिला महासचिव देवा सरोज, रामदेव पटेल, रामसेवक पटेल, रामनारायण पटेल, राजाराम पटेल, धर्म सिंह कुशवाहा, कार्तिक पटेल, रामबालक पटेल, राकेश पटेल, राम नरेश कुशवाहा, राम भवन कुशवाहा, चंद्रभान कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, सत्यनारायण पटेल, अमृतलाल कुशवाहा, देवशरण पटेल, मुकेश पटेल, हनुमान कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रामराज कुशवाहा, हिमांशु कुशवाहा, सनी कुशवाहा, मानसिंह कुशवाहा व सैकड़ों साथियों की मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने मुख्य मार्गों व चौराहों पर किया पैदल गस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सिराथू व थाना कोखराज पुलिस बल के साथ थाना कोखराज अन्तर्गत भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य मार्गों, चौराहों में पैदल गस्त व हाइवे चेकिंग की गई।

# जिलाधिकारी ने बैंको द्वारा निरस्त आवेदनों पर पुनः विचार करते हुए उद्यमियों से बात कर अधूरी कमियों को पूरा कराने के दिये निर्देश

## ▶▶ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1288 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 17 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से कृषि विभाग के-05, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के-04, आबकारी विभाग के-01 खाद्य एवं औषधि विभाग के-03 एवं उ0प्र0 पॉवर कार्पोरेशन लि0 के-04 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पोर्टल पर लम्बित प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त ऋृण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने इस बार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बैंको द्वारा आवेदनों को ज्यादा से ज्यादा स्वीकृत किये जाने पर प्रसन्नता जताते हुए बैंको की तारीफ की। उन्होंने ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक में आवेदन ज्यादा निरस्त होने के कारण नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि जो भी आवेदन निरस्त हुए हैं उन पर पुनः विचार करते हुए उद्यमियों से बात करते हुए अधूरी कमियों को पूरा करायें। उन्हांने उपायुक्त उद्योग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य जल्द पूरा करें व विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण-प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

# खंभे के स्टे वायर में उतरे हाईटेंशन करंट की चपेट आकर किसान जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कूरामुरीदन पावर हाउस के कनवार फीडर में भडेहरी गांव के पास पोल में लगे स्टे वायर में उतर रहे हाई टेंशन करंट के चपेट में आकर एक किसान जख्मी हो गया। गनीमत रही कि आसपास रहे लोगों ने किसी तरीके किसान को बचा लिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विद्युत लाइन को सही किए जाने की मांग की है। भडेहरी गांव का मजरा पंडित का पूरा गांव निवासी किसान राजा राम तिवारी बृहस्पतिवार की दोपहर खेत की सिचाई कर रहे थे ।इस दौरान 11 हजार विद्युत लाइन के खंभे में सपोट के लिए जमीन से लगे स्टे वायर में उतरे करंट के चपेट में आ गया इस दौरान आसपास खेतों में मौजूद लोगों ने पहुंचकर लाठी डंडे की मदद से किस को लाइन से अलग किया। हालांकि किसान राजा राम मामूली रूप से झुलस गए। गांव के मनोज, सीताराम, लवकुश हरीओम, विनोद कुमार आदि ने विद्युत कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कई दिनों से लाइन में लगे तीन खंभों में स्टे वायर के माध्यम से करंट उतर रहा है। इसकी सूचना देने के बाद भी सही नहीं किया जा रहा है। ऐसे में विभागीय लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बच्चों को पहचान के लिए मिला आई कार्ड, जताई खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को उनकी पहचान के लिए आई कार्ड का वितरण किया गया। जिसे पहनकर बच्चों ने खुशी जताई। अब स्कूल में किसी के आने पर उन्हें अपना नाम, कक्षा व स्कूल का नाम बताने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने बताया कि स्कूल में अध्ययनरत 145 बच्चों को गुरुवार को परिचय पत्र का वितरण किया गया। इससे स्कूल व स्कूल के बाहर भी उन्हें उनके स्कूल की पहचान मिलेगी।

# बेटियां सशक्त होंगी तभी होगा देश मजबूत

## करारी के आजाद नगर मोहल्ले में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** आज के समय में किसी भी क्षेत्र में बेटियां पीछे नहीं है। बस जरूरत है तो बेटियों को सशक्त बनने की। बेटियां अपने साथ होने वाली घटनाओं को छिपाने के बजाय परिवारीजन, शिक्षक व पुलिस को तत्काल बताएं। जिससे समय रहते कार्रवाई की जाए सके। जब बेटियां सशक्त होंगी तो देश मजबूत होगा। यह बातें वृहस्पतिवार को एसपी वृजेश श्रीवास्तव, सीओ सदर सत्येन्द्र तिवारी व इंस्पेक्टर विनीत सिंह के कुशल निर्देशन पर महिला उपनिरीक्षक कंचन, महिला कांस्टेबल जागृति कश्यप, शालू यादव ज्योति कुमारी द्वारा कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में जाकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओंध्बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए कही। बालिकाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की बहुत जरूरत है। फेसबुक व व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से आने वाले फ्रेंड्स रिक्वेस्ट व मैसेज से सावधान रहें। अगर आपको कोई शोहदा परेशान करता है तो डरने की जरूरत नहीं है। आप अपने साथ होने वाली छींटाकशी को तत्काल परिवारीजनों, शिक्षकों व पुलिस को बताएं। शोहदों की ओर से की गई छींटाकशी का विरोध न करने पर वह मनबढ़ हो जाते हैं। जिसका कभी-कभी खामियाजा भुगतना पड़ जाता है। उन्होने कहा कि अगर आपको लगता है कि कहीं आप फंस गई हैं तो बिना कुछ सोचे डायल 112 पर कॉल करें और अपनी समस्या बताएं। कुछ ही देर में पुलिस पहुंचेगी और आपकी मदद करेगी। अगर आपको कोई मोबाइल मैसेज से या सार्वजनिक स्थानों पर परेशान करता है तो तत्काल 1090 पर कॉल करें। बिना आपका नाम उजागर किए आपकी पुलिस मदद करेगी। उन्होंने नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन व बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे मे समझाया। इस मौके पर कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार आदि लोग रहें।

# दो वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक राम सजीवन साहूमय हमराह पुलिस बल द्वारा एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी सुरेश कुमार निवासी ग्राम गोहानी थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक अशोक कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्टसे सम्बन्धित वारण्टी सोनेलाल यादव निवासी दानपुर महांवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 149 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 01, थाना संदीपनघाट से 07, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 03, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 14 आरोपियों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## अनियंत्रित वाहन की टक्कर से हैण्डपम्प क्षतिग्रस्त, आक्रोश



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित वाहन की टक्कर से इण्डिया मार्क हैण्डपम्प क्षतिग्रस्त हो गया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर इण्डिया मार्क हैण्डपम्प लगा हुआ है। सहालग में बुधवार की रात निकले किसी तेज गति के वाहन ने हैण्डपम्प में टक्कर मार दिया। इससे हैण्डपम्प क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन की टक्कर देख आसपास के लोग भी भयभीत हो उठे। वार्ड के लोगों का कहना है कि लालगंज से भवरामबोझी वाया उमापुर हाइवे पर तेज रफ्तार के वाहन रोज फर्राटा भरते हैं। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल होने के कारण स्कूली बच्चों को भी इन वाहनों से खतरा हुआ करता है। बाजार के नेशनल हाइवे की भीडभाड से बचने के लिए ज्यादातर वाहन संगम चौराहे से राजेन्द्र नगर चौराहे तक नहर मार्ग पर भी अनियंत्रित गति से आवागमन किया करते हैं। नहर पुल के पास अक्सर वाहनों की टक्कर से दुर्घटना में लोग चुटहिल भी हुआ करते हैं। वार्ड के विनोद सोनी, हरिमोहन यादव, अंशू शुक्ला, मनमोहन यादव आदि ने लोक निर्माण विभाग से पुल से सटे चौराहे पर गति अवरोधक बनवाये जाने की मांग उठाई है। वही क्षतिग्रस्त नल की सूचना वार्ड के लोगों ने गुरूवार को अधिशाषी अधिकारी को जरिये फोन दी है।

## गोलचक्कर से टकरायी स्कार्पियो, गंभीर दशा में दो रेफर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित स्कार्पियों के चौराहे पर बने चबूतरे से टकरा जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली चौराहे पर बुधवार की रात बारात में आ रही एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर गोल चक्कर से टकरा गयी। मोहनगंज से जलेशरगंज बारात आ रही स्कार्पियो सवार लीलापुर थाना के मोहनगंज निवासी संत प्रसाद यादव के पुत्र रूपेश यादव 19 तथा लीलापुर थाना के जमालपुर निवासी संजीव सिंह के पुत्र सुमित सिंह 30 गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों के मुताबिक स्कार्पियो पर पांच लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद तीन लोग डरकर भाग निकले। घायलों को देर रात एम्बुलेंस से लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा मे इन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर स्कार्पियो को चालक छोडकर फरार हो गया।

## दीवार तोड़ने से मना करने पर ईंट-पत्थर से हमले का आरोप

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के समसपुर दामू गांव निवासी संगीता यादव ने पुलिस को तहरीर दी। उसका गांव के कुछ लोगों से जमीन का विवाद चल रहा है। उसके बाद भी तीन दिसंबर की रात करीब दो से तीन बजे के बीच विपक्षी पहुंचे। उसकी दीवार तोड़कर पीछे से दरवाजा लगा दिया। खट पट की आवाज और शोर सुनकर जब वह अन्य महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची और विरोध करने लगी तो आरोपियों ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जान माल के रक्षा की गुहार लगाई है।

## समाजसेवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे राजा भइया के प्रतिनिधि



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता मनगढ़ निवासी युवराज सिंह उदित के दादा शिव बहादुर सिंह लंबरदार का बीते 22 नवंबर को निधन हो गया था। बुधवार को तेरहवी कार्यक्रम में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के सुप्रीमो पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे, और शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. शिव बहादुर सिंह एक अच्छे समाजसेवी थे और बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। इस अवसर पर कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, इंद्रदेव पटेल, विनीत पांडेय रामनगर, ज्ञानू सिंह, मोनू यादव, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक-संवेदना



**रखहा प्रतापगढ़।** मां बाराही देवी संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर अठगवां गांव निवासी संतोष शुक्ला 65 रानीगंज के मा बाराही देवी संस्कृत महाविद्यालय से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बीती रात अचानक तबियत खराब हुई। परिजन उन्हें लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थी। पूर्व प्रधानाचार्य के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। गुरुवार को उनका दाह संस्कार प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर किया गया।

# बांग्लादेश में हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में हिन्दू रक्षा समिति ने भरी हुंकार

▶▶विरोध में निकाली रैली, राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा
▶▶हिंदुओं के प्रति बांग्लादेश में हो रहे हिंसा के विरोध में संयुक्त राष्ट्र संघ तक संदेश पहुँचाएगी हिन्दू रक्षा समिति



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बांग्लादेश में संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी, हिंदुओं के विरुद्ध निरंतर हो रहे अत्याचार अनाचार के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आह्वान के अंतर्गत गुरुवार को नगर के तुलसी सदन से हिंदू रक्षा समिति के तत्वावधान में संत महात्माओ,मातृशक्तियों सहित सामाजिक संगठनों ने हिन्दू हुंकार रैली निकाली। उक्त रैली तुलसी सदन हादीहाल से भारत माता का पूजन-अर्चन, आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भारी संख्या में निकल कर बाबागंज, चौंक, श्रीराम तिराहा व राजापाल टंकी होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां पर डीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

इसके पूर्व तुलसी सदन पर संत महात्माओ की मौजूदगी में हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अत्याचार बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हो रहा है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने हिंदू रक्षा समिति से आह्वान किया कि संयुक्त राष्ट्र संघ को और पूरे देश से संयुक्त राष्ट्र संघ को बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरुद्ध सूचित करके बड़ी कार्रवाई का आह्वान किया जाय।

वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश जिसको भारत के सहयोग से एक नए राष्ट्र के रूप में पहचान मिली थी। आज वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जो व्यवहार कर रहा है वह अत्यंत निंदनीय व अनुचित है। हम सभी लोग पूरे विश्व के सनातनी बांग्लादेश के हिंदू बंधुओं के साथ खड़े हैं। हम सभी लोग अंतर्राष्ट्रीय मंच तक अपनी बात को पहुंचा कर बांग्लादेश में हिंदुओं के विरोध में हो रही हिंसा को रोकने के लिए आह्वान करेंगे।वक्ताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि विश्व के मानवाधिकारवादी बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार पर मौन साधे हुए हैं। सभा का संचालन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री सुधांशु मिश्र ने किया। इस मौके पर हिंदू रक्षा समिति के संयोजक पूज्य संत मनोज ब्रम्हचारी,सह संयोजक ध्रुव,प्रिंस,अनुराग मिश्र, रविसेन, नागेंद्र,विहिप के विभाग विभाग उपाध्यक्ष रविकांत,बृजलाल, मनोज सिंह,रमेश पटेल,शिवेश, विवेकानंद,जिला प्रचारक प्रवीण, विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग कार्यवाह हरीश,जिला कार्यवाह हेमंत,विभाग संघचालक रमेश, विनोद,प्रभा शंकर,शिव शंकर, अवधेश,जिला संघचालक चिंतामणि,विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री अनिल, मान सिंह,रामेंद्र श्रीवास्तव, प्रिया, रुचि, कामिनी,पिंकी दयाल, पूनम, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अजीत,भारत लाल,गिरिजा शंकर,केसरी सिंह,नवीन बजरंगी, जय प्रकाश, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, भाजपा नेता आशुतोष त्रिपाठी, अवनीश,सुनील,परमानंद, राघवेंद्र सिंह,विक्रम,दिनेश, सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से चार लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी प्रमोद विश्वकर्मा की 18 वर्षीय बेटी पूनम, आशीष यादव की 32 वर्षीय पत्नी अंबालिका, श्रवण कुमार तिवारी की 20 वर्षीय बेटी राधा और चंद्रिका प्रसाद पांडेय की 18 वर्षीय बेटी अर्चना पांडेय ई-रिक्शा से कुंडा की ओर जा रही थी। गांव के बाहर निकलते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और सभी को बाहर निकाला। सूचना पर सभी के परिजन पहुंचे और घायलों को सीएचसी ले गए।

## विवाद में किशोर को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली के मैकू का पुरवा जमेठी गांव निवासी मूलचंद्र के 17 वर्षीय बेटे धर्मराज को गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी विवाद के चलते रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के दादा पुश्तैनी कब्रिस्तान में हुए सुपुर्द-ए-खाक

▶▶कांग्रेसियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्प संख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के दादा 113 वर्षीय मो0 इस्माईल का गत दिवस इंतेक़ाल हो गया। जिनको आज उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।शवयात्रा में शामिल होने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी उनके पैतृक आवास गए और अपनी और पार्टी की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ0नीरज त्रिपाठी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व छ्स्क्र लीडरआराधना मिश्रा %मोना% से फ़ोन पर सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से वार्ता कराई, जिसमे पार्टी के नेताओं ने अपनी संवेदना व्यक्त की। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भी शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमे मौजूद कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।उनकी अंतिम यात्रा व शोक संवेदना में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष इन्द्रानंद तिवारी,यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहम्मद हुजैफ, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, अवध राज यादव, सुनील शुक्ला,राम धन यादव, नूर आलम आदि उपस्थित रहे

## द्वारपूजा के समय पटाखा दगने से तीन चुटहिल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बारात में द्वारपूजा के समय पटाखा दागते समय नली फटने से हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के पयागीपुर गांव में बगल के मधुकरपुर झलिहा से बुधवार की रात बारात आयी थी। पटाखा दागते समय हुई घटना में तीन लोग चुटहिल हो गये। गांव के धुन्नीलाल पटेल की बेटी सुमन का विवाह था। मधुकरपुर झलिहा निवासी पिताई के बेटे उमेश की बारात आयी थी। रात में द्वारपूजा के समय आतिशबाजी हो रही थी। इसी बीच पटाखा से नली फट गयी। द्वारपूजा के समय वहां मौजूद पयागीपुर के पंकज 12 पुत्र ओमप्रकाश, संग्रामगढ़ थाना के मुसवा नगर निवासी शिवा 13 पुत्र शुभम तथा झलिहा मधुकरपुर निवासी आकाश 17 पुत्र नंदलाल घायल हो गये। आननफानन में लोग घायलों को लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचे।

## डा दीपक शुक्ला अध्यक्ष एवं डा इम्तियाज अली सेक्रेटरी चुने गए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन प्रतापगढ़ ब्रांच में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉक्टर दीपक शुक्ला अध्यक्ष व डॉक्टर इम्तियाज अली सेक्रेटरी बनाए गए, डॉ सीमा खंडेलवाल प्रेसिडेंट इलेक्ट चुनी गई नई। कार्यकारिणी का गठन स्टेट इलेक्ट प्रेसिडेंट डॉक्टर सुधाकर सिंह एवं स्टेट स्टेट सेक्रेटरी डॉक्टर सचिन प्रकाश की मौजूदगी में किया गया। वाईस प्रेजिडेंट फर्स्ट डॉ अजय सिंह वाइस प्रेसिडेंट सेकंड अवंतिका पांडे जॉइंट सेक्रेटरी डॉक्टर जयंत शर्मा अस्सिटेंट सेक्रेट्री डॉक्टर विवेक पांडे ट्रेजरर डॉक्टर अनवर अहमद एडिटर जनरल डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव बनाए गए। सी डी ई कन्वीनर डॉक्टर एकता द्विवेदी सी डी एच कन्वीनर डॉक्टर शिल्पी गुप्ता चुनी गई। स्टेट रिप्रेजेंटेटिव डॉक्टर अजय कुमार सिंह डॉक्टर समसूद दोहा शमशेर डॉ रवि शंकर पांडे बनाए गए। कार्यक्रम में डीआर असद डॉ रवि यादव डॉ अनुराग मिश्रा डॉ पंकज मिश्रा डॉक्टर वारिस खान आदि उपस्थित रहे।

## चोरों ने अस्सी हजार नकदी समेत उड़ाये गहनें, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के खालसा सादात वार्ड निवासी भगौती प्रसाद श्रीवास्तव के पुत्र ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो दिसंबर की रात वह मोहनगंज सकरौली निमंत्रण गया हुआ था। अगली सुबह उसके भाई ने फोन पर घर में चोरी की आशंका की सूचना दी। पीड़ित पहुंचा तो देखा कि उसके घर के पीछे का दरवाजा तोडकर अज्ञात चोर कीमती सामान व गहनें तथा अस्सी हजार की नकदी उड़ा ले गये। पीडित ने पुलिस को सूचना दिया। इधर पीड़ित ने घटना को लेकर गांव के ही कुछ आरोपियों पर शंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि घटना की जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल महोत्सव एवं महाशिवरात्रि मेला 26 जनवरी से 27 फरवरी तक

▶▶कुंभ मेला व रजत जयन्ती वर्ष के रूप मे होगा भव्य आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में गत वर्षो की भाँति विश्व स्वयं सेवक दिवस पर वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इसमें 25 वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेले का भव्य आयोजन रजत जयन्ती वर्ष व कुंभ मेले के दृष्टिगत 26 जनवरी से 27 फरवरी तक भव्यता से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं धाम के प्रशासनिक कार्यालय के जीर्णोद्धार योजना पर गंभीर चर्चा करके सभी के सहयोग और भागीदारी से मेला व महोत्सव से पूर्व सभी आवश्यक कार्य कराया जाना तय हुआ। 22 जनवरी को श्री राम मंदिर निर्माण दिवस पर सभी के सहयोग से राम मंदिर समिति के संयोजन में विविध आयोजन किया जायेगा। वार्षिक अधिवेशन के प्रथम सत्र की अध्यक्षता अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल एवं दूसरे सत्र की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह ने किया।

अधिवेशन का संयोजन महासचिव समाज शेखर ने किया। उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकांत पांडेय व उपाध्यक्ष संगठन डॉ अमर बहादुर सिंह को सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी गई। सर्व सम्मति से तय हुआ की धाम की गतिविधियों के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष 25 वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेले का भव्य आयोजन रजत जयन्ती वर्ष व कुंभ मेले के दृष्टिगत 26 जनवरी से 27 फरवरी तक भव्यता से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तय हुआ की जिला प्रशासन , पुलिस विभाग व सभी संबंधित विभाग व सभी स्थानीय संस्थाओ के सम्मिलित भागीदारी से कुंभ मेला के दृष्टिगत आयोजन होंगे। सभी ने चर्चा करके निर्णय लिया की सांसद, विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कार्यवाहक अध्यक्ष व महासचिव बैठक करके मेला व महोत्सव के आयोजन को अंतिम रूप दें। धाम के प्रशासनिक कार्यालय के जीर्णोद्धार योजना पर गंभीर चर्चा हुई। सभी ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता करने का संकल्प लिया। कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र को सभी से समन्वय कर सभी आवश्यक व्यवस्था ज़ी सहयोग करने का निर्देश दिया गया। तय हुआ की धाम की भूमि पर जो अनावश्यक कब्जा है उस को भौतिक रूप से प्राप्त कर धाम का विकास निरंतर किया जाए। धाम से जुड़ी अन्य सार्वजनिक भूमि के विकास हेतु प्रबन्ध समिति राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर मूर्त स्वरूप प्रदान किया जाए। बैठक मे डॉ अशोक अग्रहरि, दीपक जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, चिंतामणि त्रिपाठी, तेज बहादुर सिंह, मनी राम वर्मा , शत्रुघ्न सिंह, बबलू अग्रहरि, जिया लाल, डॉ लाल चंद्र जौहर, अमरेश तिवारी, विनोद श्रीवासव, गंगा पांडेय तथा कमलेश अग्रहरि आदि ने अपने विचार रखे।

## प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम, हुए सम्मानित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज को सडक सुरक्षा जीवन रक्षा की प्रतियोगिता में सफलता मिली है। मण्डल स्तर पर सडक सुरक्षा को लेकर भाषण तथा क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिताओ मे भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के आदर्श पाण्डेय को प्रथम एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा मीनाक्षी कोरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गुरूवार को महाविद्यालय परिसर में सफल मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र व संचालन डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा रहीं। इस मौके पर एनएसएस की कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. ऋम्रासुकुमार, डॉ. निशान्त पाण्डेय, डॉ. राजेन्द्र प्रसा मिश्र, डॉ. वाचस्पति मिश्र, डॉ. शिवकुमार आदि रहे।

# राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को गाजीपुर बार्डर पर रोकने से कांग्रेसी आक्रोशित

▶▶अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर जताया विरोध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद संभल मे हुई हिंसा जिसमें लोक सभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी जी व सांसद प्रियंका गांधी जी को गाजीपुर बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस ने जाने की अनुमति नहीं दी। इससे देश व प्रदेश भर में कांग्रेस जन आक्रोशित हैं।उक्त बातें आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के समक्ष बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष विरोध स्वरूप कैंडिल जलाकर कांग्रेस जनों को कांग्रेस कार्यालय पर संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहीं। ज्ञात हो कि आज कांग्रेसजनों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में स्थानीय अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर तानाशाही सरकार के रवैए पर विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के कृत्य से सरकार का तानाशाही चेहरा उजागर हो गया है। स्क्षके राहुल गांधी जी पीड़ितों के आंसू पोंछने वहां जा रहे थे, यदि प्रशासन को कोई आशंका थी तो स्थानीय प्रशासन खुद अपने साथ राहुल जी उनके साथ 4-5 नेताओं को लेजाकर मिलवा देता।

हम सभी कांग्रेस जन सरकार के इस रवैये की घोर निंदा करते है।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, ऋक्षद्ध सेल के जिला अध्यक्ष शिवम मिश्रा, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, राधेश्याम दूबे, साहिल, मो.इमरान आशीष शुक्ला, अश्वनी उपाध्याय, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहम्मद हुजैफ, जिला सचिव उमेश तिवारी, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, श्याम शंकर तिवारी, अब्दुल रहमान, अवध राज यादव, रियाज सुलतान, मो.वसीम, रवि प्रताप सिंह, सुनील शुक्ला,राम धन यादव, मोनू मिश्रा,नूर आलम सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## चोरों के हौसले बुलन्द, एक ही रात तीन स्थानों पर बोला धावा



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात गेट के सामने हरकेश सिंह रोजी-रोटी चलाने के लिए अपनी दुकान चलते थे। रात में अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर दुकान में रखें हजारों का सामान चोरी करके पुलिस की नाक के नीचे घटना को अन्जाम देकर फरार हो गये। दूसरी घटना नगर पंचायत कटरा मेदनी गंज में वॉलीबॉल पोल को काट कर उठा ले गए। तीसरी घटना नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के खजोहरी में पानी के गोदाम में चोरों ने पानी के गोदाम में घुसे लोगों की भनक लगने पर वहां से फरार हो गये। सभी घटना के बारे मे पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सवाल यह उठना है जब कोतवाली देहात गेट के सामने इतने पुलिस वाले रहते हैं, तब चोरों ने घटना को अन्जाम दिया ।अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी है ।

संक्षिप्त खबरें

## महिला ने देवर व उसके साथियों पर लगाया मारपीट का आरोप, दोनों पक्षों से मुकदमा

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतलाधाम निवासी सरला देवी पत्नी आत्म प्रकाश ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पट्टीदारों से बंटवारे के बाद अपने मकान में सीढ़ी निर्माण के लिए मजदूरों द्वारा आंगन का जाल खुलवा रही थी करा रहा था, सरला देवी का आरोप है कि इस दौरान उसका देवर अपनी पत्नी के साथ आ गए और काम बंद करवाने हेतु गाली गलौच करने लगे, जिसका विरोध करने पर देवर व देवरानी मारपीट करने लगे शोर शराबा सुनकर बीच बचाव के लिए ससुर अनिल प्रकाश पहुंचे तो देवर अपने आधा दर्जन के करीब साथियों के साथ मारपीट करते हुए धमकी देने लगे । पीड़िता की तहरीर पर कड़ा धाम पुलिस ने देवर ओम प्रकाश , देवरानी गुड़िया देवी , मनोज कुमार , सनोज कुमार सहित आधा दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट धमकी का केस दर्ज कर जांच में जुट गई है, वही पुलिस ने दूसरे पक्ष से गुड़िया देवी पत्नी ओम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के छीतापुर गांव के समीप बुधवार की शाम अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गये। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जानकारी पाकर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।संदीपन घाट क्षेत्र के छीतापुर गांव निवासी लुक्कू पुत्र भोला किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। बुधवार की शाम वह गांव के अंशा के साथ बाइक से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के समीप इमामगंज की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों लोग बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।आसपास रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस चौकी को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद चालक मय ट्रैक्टर के वहां से फरार हो गया।

## हरा पेड़ काटने के आरोप में वन दरोगा ने दर्ज कराया मुकदमा

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू रेंज अंतर्गत एक गांव में ग्रामसभा की भूमि पर खड़े पेड़ को काटने के आरोप में वन दरोगा में केस दर्ज कराया है। सिराथू रेंज ऑफिस के वन दरोगा मनोज कुमार कुशवाहा ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पथरावा गांव के काजीपुर में ग्राम प्रधान द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर खड़े शीशम व नीम का पेड़ काटा गया है। ग्राम प्रधान की शिकायत पर पहुंचे वन दरोगा ने जांच पड़ताल के बाद पेड़ काटने के आरोप में एक व्यक्ति पर केस दर्ज कराया है।

## अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों पर मुकदमा

**सिराथू, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज की अतिरिक्त मांग, उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी, कोखराज पुलिस ने एसपी के आदेश पर विवाहिता की तहरीर पर ससुरालिजनों पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के बालकमऊ गांव की रहने वाली पूजा देवी पुत्री केशन लाल ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग दो वर्ष पहले उसकी शादी सैनी कोतवाली क्षेत्र के शम्भूई गांव के दिनेश पुत्र लखन के साथ हुई थी, पूजा देवी का आरोप है कि दहेज में उसके पिता ने पांच लाख से अधिक खर्च कर बाइक व सोने के जेवरात सहित गृहस्थी का अन्य सामान दिया था, पीड़िता के मुताबिक उसके ससुरालीजन दहेज में बुलेट, पचास हजार की नकदी व एक भैंस की अतिरिक्त मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे जिसका विरोध करने पर ससुराल वाले आए दिन मारपीट व धमकी देने लगे , जिससे आजिज विवाहिता ने आपबीती पिता को बताई जिसके बाद विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति दिनेश , नंद उड़नती , शिव कुमारी व ससुर लखन एवं सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## एएसपी ने मुख्य आरक्षी को स्टार लगाकर उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति की दी बधाई



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य आरक्षी के कंधों पर मिला स्टार मंझनपुर कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी गजरूप यादव को वरिष्ठता के आधार पर हुए प्रोन्नति पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर उपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार व सीओ अभिषेक सिंह द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी मंझनपुर कोतवाली में आरक्षी पद पर तैनात जगरूप यादव पूर्व में प्रमोशन पाकर मुख्य आरक्षी बने थे एवं द्वितीय पदोन्नति उप निरीक्षक के रूप में प्राप्त किया है । बताया गया कि उनके लंबे अनुभव का लाभ आम जनमानस को होगा व आने वाले दिनों में जनता के बीच जाकर उ0नि0 जगरूप यादव द्वारा शासन की मन्शानुरुप अच्छा काम किया जाएगा।

## क्षेत्राधिकारी सिराथू ने भ्रमण कर आमजन से की बातचीत



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी पुलिस बल के साथ थाना सैनी क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों, धार्मिक स्थलों पर भ्रमणध्पैदल गस्त कर लाउडस्पीकर की आवाज को मानक के अनुरूप कराया गया अधिक आवाज वाले माइक उतरवाए गए एवं आमजनमानस से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# जिलाधिकारी ने की कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा एनआईसी (वासवदत्ता) सभागार में कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में मत्स्य विभाग के अधिकारी को विभागीय समस्त योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थी का चयन करके योजना का लाभ देने के निर्देश दिये गये। उन्हांने मत्स्य पालाकों को के0सी0सी0 का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्री अन्न, मैकेनाइजेशन, कृषक उत्पादक संगठन, परम्परागत कृषि विकास सहित आदि योजनाओं की समीक्षा की एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में लाभार्थी को सुलभ लाभ एवं तकनीकी जानकारी देने के लिए तहसील स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया जाये, जिसमें प्रदर्शनी स्थल पर प्रयोगात्मक जानकारी दिया जाय। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से मेला प्रदर्शनी में उन्नतशील कृषकों को नयी तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित बीमा कम्पनी को समस्त बीमा धारकों को प्रमाण पत्र वितरण कराये जाने के लिए कैम्पों का आयोजन कराने एवं समस्त कृषकों की फसलों का बीमा कृषकों की सहमति से कराये जाने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने ए0आर0-कोऑपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखण्ड-मंझनपुर एवं कौशाम्बी की समस्त समितियों को सुदृढ़ीकरण कराये जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाय। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आकॉक्षी विकासखण्ड में नवीन तालाब चेक डैम का प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि शासन में प्रेषित किया जा सकें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग में संचालित योजनाओं जिसमें बजट नहीं हैं अथवा कम हैं की बजट की मॉग के तत्काल पत्र प्रेषित करें। बैठक में मत्स्य, कृषि, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, लघु सिंचाई, यूपीडास्प, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषक उत्पादक संगठनों के सी0बी0बी0ओ0 एवं ए0आर0 कोऑपरेटिव, अधिशाषी अभियन्ता नहर, नलकूप एवं भूमि संरक्षण के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पत्रकार के साथ अभद्रता को लेकर को चिकित्सक पर कार्यवाही हेतु पत्रकारों ने डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पत्रकार निहाल शुक्ला द्वारा राजकीय आयुर्वैदिक अस्पताल के चिकित्सक के अस्पताल से अनुपस्थित रहने के आरोप में चिकित्सक के विरुद्ध खबर चलाये जाने से भन्नाए चिकित्सक द्वारा पत्रकार से अभद्रता को लेकर प्रेस क्लब सिराथू इकाई के अध्यक्ष रवि कुमार वैश्य की अगुवाई में गुरुवार को प्रेस क्लब सिराथू के दर्जनों पत्रकारों ने चिकित्सक पर कार्यवाही हेतु डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सिराथू विनय कुमार सिंह को सौंपा है। इस दौरान प्रेस क्लब के पत्रकारों ने चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर रवि कुमार वैश्य, महामंत्री मान सिंह, धर्मेंद्र सोनकर, शारदा प्रसाद पंडा, राजकुमार, प्रसिद्ध मिश्रा, राम किशन, दिलशाद अहमद, आबिद हुसैन, रवि अग्रहरि, जगदम्बा प्रसाद, एडवोकेट मनोज कुमार सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहें।

## महिला ने दबंगों पर लगाया मारपीट कर छीनैती का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांवा में दरवाजे पर बैठी महिला के साथ गांव के कुछ दबंग गाली गलौच देने लगे जिसका विरोध करने पर दबंग महिला के पति के साथ मारपीट करने लगे बीच बचाव ने आगे आई महिला के साथ भी मारपीट कर दबंगों ने दंपत्ति को जख्मी कर दिया और नकदी व जेवरात छीनकर धमकी देने लगे , महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव की कुंती देवी पत्नी रामचंद्र ने बुधवार को सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर में बैठी थी तभी पड़ोस के आधा दर्जन से अधिक दबंग गाली गलौज देने लगे जिसका विरोध करने पर दबंग उसके पति रामचंद्र पर हमला बोल दिया और जख्मी कर दिया , कुंती देवी का आरोप है कि बीच बचाव के लिए वह आगे आई तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने दो दिवसीय साँई महोत्सव पर दी शुभकामनाएँ

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** इंटरनेशनल साई सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्षो के भाति इस वर्ष भी राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाई-चारा को समर्पित कार्यक्रम साई महोत्सव आयोजन समिति द्वारा दिनांक 6 व 7 दिसंबर को साई धाम, (जिला न्यायालय के पास) अधिवक्ता कॉलोनी, मंझनपुर कौशांबी में आयोजित किया जाएगा।

इस वर्ष का आयोजन महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने, जागरूकता बढ़ाने और उनके कल्याण को बढ़ावा देनें पर केंद्रित होगा। इस वर्ष ÷दो दिवसीय महिला एवं बाल सशक्तिकरण कार्यक्रम÷ के आयोजन में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य प्रीति भारद्वाज को अक्षित द्विवेदी ने मुख्य अतिथि रूप में आमंत्रित किया, परंतु पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण इस कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पाई, इसका दुख जताते हुए उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने बोला मैं ऐसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम के आयोजन में इंटरनेशनल साई सेवा ट्रस्ट के सफल आयोजन की कामना करती हूं, इस वर्ष का थीम है, बेटियाँ है देश की शान, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें पूरा ध्यान, जो बालिकाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर देता है। पहला दिन 6 दिसंबर 2024 ज्ञान के माध्यम से सशक्तिकरण। मुख्य कार्यक्रम जागरूकता अभियान (बेटी बचाओ-बेटी पढाओ) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल पर आधारित यह जागरूकता अभियान बालिकाओं की शिक्षा, लिंग भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, लोक नृत्य और सामाजिक मूल्यों पर आधारित नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रमुख चर्चा बाल श्रम उन्मूलन और बाल संरक्षण कानून पर चर्चा का नेतृत्व पूर्णिमा प्रांजल, अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशांबी करेंगी। एडवोकेट सुरज चौरसिया, सोशल जस्टिस फोरम के सचिव, बच्चों और महिलाओं के लिए कानूनी सहायता के उपाय साझा करेंगे। पुरस्कार वितरण सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने और सामुदायिक कल्याण में योगदान देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। दूसरा दिन 7 दिसंबर 2024 दूसरे दिन का फोकस सामुदायिक कल्याण और कानूनी जागरूकता पर होगा। मुख्य कार्यक्रम सामुदायिक भोजन लगभग 10,000 लोगों को एक साथ भोजन कराया जाएगा, जिससे एकता और सद्भाव का संदेश दिया जाएगा। इंटरएक्टिव कानूनी जागरूकता सत्र सोशल जस्टिस फोरम द्वारा वकीलों और विशेषज्ञों के साथ अनौपचारिक चर्चा होगी, जिसमें कानूनी अधिकारों और न्याय तक पहुंच के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। सोशल जस्टिस फोरम का शुभारंभ फोरम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कानूनी शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। साई महोत्सव 2024 कौशांबी जिले में सामाजिक न्याय और कानूनी जागरूकता का नया अध्याय लिखेगा। इंटरनेशनल साई सेवा ट्रस्ट की स्थापना नवंबर 2018 में डॉ. कृष्ण दत्ता द्विवेदी ने की थी। ट्रस्ट ने शिक्षा, सामाजिक समरसता और कानूनी सशक्तिकरण पर केंद्रित कई प्रभावशाली कार्यक्रम शुरू किए हैं। सुशीला द्विवेदी, ट्रस्ट की अध्यक्ष, ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और समानता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

## भाभी ने देवर पर लगाया मारपीट का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने देवर पर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव की रहने वाली दीपा पत्नी विशुन ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति रोजी रोटी के सिलसिले में जोधपुर में रहते है , दीपा का आरोप है कि देवर आएदिन गाली गलौच करते हुए विवाद करता है , पीड़िता ने बताया कि उसका देवर बुधवार की शाम गाली दे रहा था जिसका विरोध करने पर धक्का मारकर गिरा दिया और धमकी देने लगा , पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान द्वितीय सोपान जांच शिविर का हुआ समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल इमली गांव नेवादा कौशांबी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में स्काउट ध्गाइड प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव राम सुन्दर सिंह रहें। मुख्य अतिथि को विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी को स्कार्फ पहना करके स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड साहस और लगन देखकर अतिथियों ने बहुत सराहना किया साथ ही साथ जिला सचिव रामसुंदर सिंह ने स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है साथ ही साथ बताया कि किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और किसी भी प्रकार के आपदाओं में स्काउट गाइड सेवा और सहयोग के भावना से हमेशा तैयार रहते हैं।और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते हैं इस कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह आदि विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया स्काउट मास्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने स्काउट गाइड को सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट आदि के बारे में बताया विद्यालय के गाइड कैप्टन निशी जायसवाल ने स्काउट गाइड को झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनीष त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि व जिला संगठन कमिश्नर स्काउट को अंग वस्त्रम सप्रेम भेंटकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। अंत में ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जितेन कुमार क्रिकेट कोच आदि शिक्षकगण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।

## परख राष्ट्रीय सर्वेरक्षण परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की हुई गुणवत्ता जांच



लोकमित्र ब्यूरो

**आषाढा, कौशाम्बी।** विकासखंड सरसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत दानपुर स्थित पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियोजित नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा का आयोजन किया गया । इस परीक्षा ने कक्षा 6 के विधार्थी शामिल हुए इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के स्तर का मूल्यांकन करना शिक्षा की बच्चो को जागरूक करना ,आदि तमाम योजनाएं के बारे में अवगत कराना था। परीक्षक रूप डॉ रिजवी स्प्रिंग फील्ड करारी से आये श्री मैफूज आलम अंसारी, मंझनपुर डायट से फील्ड इन्वेस्टिगेशन कर्मचारी बन्दना पांडेय के द्वारा परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सीताराम प्रजापति,अवधेश कश्यप, शिशिर श्रीवास्तव, दीपक पटेल, प्रताप नारायण सिंह,रोहित कुमार,लवलेश कुमार,कपिल कुमार,रामनरेश,अनुराग सागर आदि विद्यालय के आध्यपक मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने की मासिक समीक्षा गोष्ठी




**कौशाम्बी।** मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के आदेश के अनुपालन के क्रम में आज पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ सीओटीपीए अधिनियम के क्रियान्वयन एवं जागरुकता तथा नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना एवं क्रियान्वयन व मादक पदार्थों, स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधि के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में मासिक समीक्षा गोष्ठी की गयी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, उपजिला चिकित्साधिकारी कौशाम्बी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, उपसम्भागीय वन अधिकारी कौशाम्बी, क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी, समाज कल्याण अधिकारी कौशाम्बी, औषधि निरीक्षक कौशाम्बी, जिला आबकारी अधिकारी कौशाम्बी, प्रभारी एलआईयू, प्रभारी सीसीटीएनए, प्रभारी यातायात, व थाना प्रभारी एएचटीयू कौशाम्बी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पीतल नगरी शमसाबाद में विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने एक्सईन विद्युत को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के पीतल नगरी के नाम से मशहूर ग्राम शमसाबाद में नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से शमसाबाद में विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने की अजय सोनी ने मांग उठाई।

गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ विद्युत वितरण कार्यालय मंझनपुर पहुंचे और अधिशाषी अभियंता विद्युत को एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन में बताया



गया कि सिराथू ब्लॉक के कई गांवों जैसे धमावा, तेरहरा, शमसाबाद, कनपुरवा, रघवापुर, सौरई खुर्द, रूप नारायणपुर, सेलरहा, मलकिया, खोदायगंज, मलाक पिंजरी, बारातफरीक, तुलसीपुर आदि गांवो के आसपास कोई विद्युत उपकेंद्र नही होने के कारण लोगों को विद्युत की भारी समस्या बनी रहती है।। इसी के साथ बताया गया कि कि इस संबंध में कई बार मांग उठाई गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि समसाबाद क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या हर समय रहती है। साथ ही फीडर का दायरा अधिक होने के कारण अगर कही कोई फाल्ट होता है तो पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है जिससे उपभोताओं को भारी नुकसान एवं समस्या होती है। इसी के साथ अजय सोनी ने बताया कि शमसाबाद बाजार और कनपुरवा बाजार जैसे बड़े बाजार होने के कारण भी विद्युत की खपत भी ज्यादा होती है। इस संबंध में समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से शमसाबाद क्षेत्र में नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। अजय सोनी ने कहना है कि ग्राम शमसाबाद में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना होने से शमसाबाद क्षेत्र के दर्जनों गांवों की विद्युत समस्या का निदान होगा। इस अवसर पर विकास कसेरा, सुरजीत वर्मा फूलचंद्र लोधी, शक्ति मिश्रा, राजेश मौर्य, अमित पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# इंडिया गठबंधन के आगे गंभीर प्रश्न

लोकसभा चुनाव में जो नुकसान हुआ, अब ऐसा लगता है कि अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है। इससे इंडिया गठबंधन के आगे अपनी भूमिका तय करने का गंभीर सवाल खड़ा हो गया है।इंडिया गठबंधन के सामने कठिन प्रश्न हैं। महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों से यह सवाल गहरा गया है कि क्या ये गठबंधन बनने के डेढ़ साल बाद भी अपना कोई साझा उद्देश्य तय कर पाया है?हर चुनाव से पहले शामिल दलों के बीच सीटों को लेकर धींगामुश्ती, मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा पेश कर पाने के मुद्दे पर मतभेद और चुनाव अभियान में समन्वय का अभाव आम कहानी बन गया है।गठबंधन बनने के बाद नवंबर- दिसंबर 2023 में जब पहले चुनाव हुए, तो दलों का मनमुटाव खुल कर जाहिर हुआ।लोकसभा चुनाव में जरूर चीजें कुछ संभलती नजर आईं, लेकिन जैसे ही बात हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड की आई, पुरानी खींचतान उभर आई। किसी साझा न्यूनतम कार्यक्रम की जरूरत तो गठबंधन ने आरंभ से ही नहीं समझी।नरेंद्र मोदी- अमित शाह से मुक्ति की चाहत के अलावा उनके बीच किसी मुद्दे और सहमति की तलाश करना कठिन बना रहा है। ऐसी नकारात्मक राजनीति कभी कारगर नहीं होती। लोकसभा चुनाव में बिजली चमकने जैसी उम्मीद जगी, तो उसके पीछे भी उनके अपने प्रयासों का कम ही योगदान था।अब ऐसा लगता है कि तब जो नुकसान हुआ, अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है।इसका बड़ा कारण यह है कि इंडिया गठबंधन यह संदेश देने में नाकाम है कि उसके पास देश के विकास एवं आम जन की बेहतरी का कोई बेहतर एजेंडा है। इसके अभाव में गठबंधन महज सीटों के तालमेल का माध्यम बन कर रह जाता है।इस रूप में कुछ खास परिस्थितियों में यह प्रयास लाभदायक हो सकता है, लेकिन सत्ता पक्ष के लिए कोई गठबंधन कोई निर्णायक चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। महाराष्ट्र का चुनाव नतीजा आने के बाद गठबंधन के अंदर की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस आलोचना के केंद्र में आई है, तो उसकी भी ठोस वजहें हैं।बड़ी पार्टी होने का सिर्फ लाभ नहीं होता, बल्कि जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसे अब भी कांग्रेस नेतृत्व नहीं समझ पाया, तो पार्टी की भूमिका पर सवाल गहराते जाएंगे। वैसे अपनी-अपनी भूमिका से जुड़ा सवाल गठबंधन में शामिल सभी दलों के सामने है।




# भाजपा को हिंदुत्व की राह पर चलने में ही पार्टी का भला दिख रहा

**अशोक भाटिया**

2024 लोकसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी में बहुत कुछ बदला है। लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिलने के बाद केंद्र में सरकार तो बन गई पर फैसले लेने में सरकार पहले जैसी कॉन्फिडेंट नहीं दिख रही है। यही कारण है कि भाजपा ने अब हिंदुत्व की राह पर चलने का फैसला कर लिया है । इस हिंदुत्व के फैसले को बल देने के लिए भाजपा मुख्यमंत्रियों में होड़ लग गई है ।असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों ऐसे फैसले लिए हैं और ऐसे बयान दिए हैं कि योगी आदित्यनाथ भी फीके पड़ जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व से आगे निकलना चाहते हैं।यही नहीं योगी आदित्यनाथ भी इधर कुछ दिनों से लगातार उग्र हिंदुत्व की राह पर है।इस तरह पर तीन मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का झंडाबरदार बनने की होड़ लगी हुई है।हिमंता बिस्वा सरमा के मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। अब असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार।हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें ''मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों'' को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। हाल ही में राज्य विधानसभा में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि ङ्क मैं असम को मियां लोगों की भूमि नहीं बनने दूंगा।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गोमांस खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।हिमंता के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की धुन आज की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जॉइन करने के बाद से ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी।

मुस्लिम आबादी को लेकर लगातार बयान,चाइल्ड मैरेज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने की कोशिश या सीएए और एनआरसी की बात रही हो, कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह से आग उगलते हैं जिसका मुकाबला जन्मजात भाजपाई भी नहीं कर सकते। अभी पिछले हफ्ते की ही बात है हिमंता ने निजी स्वामित्व वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम) से पढ़ाई करने वाले छात्रों को असम सरकार की नौकरियों में रोक लगाने की बात कही।एनआईआरएफ के तहत शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से एक है। यह संस्थान असम के एक बंगाली-मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाले फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो संस्थान के चांसलर भी हैं। हिमंता का मानना है कि इस विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए वनों और पहाड़ियों की कटाई का ही नतीजा है कि गुवाहाटी को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। सरमा का कहना है ये सब असम के खिलाफ बाढ़ जिहाद के कारण हुआ है। सरमा ने इससे पहले बंगाली-मुस्लिम किसानों पर उर्वरक जिहाद का भी आरोप लगाया था। कहा था कि सब्जियां उगाने में उर्वरक के अनियंत्रित उपयोग के कारण लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने राज्य में मुसलमानों पर भूमि जिहाद का आरोप लगाते हुए उन्हें जमीन की बिक्री पर अंकुश लगाने के फैसले की भी घोषणा की और कहा है कि सरकार लव जिहाद के लिए आजीवन कारावास की सजा वाला एक कानून लाएगी।यही सब कारण है कि असम में उनकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के फायरब्रांड लीडर रहे हैं। पर मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवरों में थोड़ी नरमी आ गई थी। पर पिछले कुछ महीनों से ही अचानक उन्होंने अपना पुराना चोला फिर से ओढ लिया है।वो फिर से उग्र हिंदुत्व की अपनी जानी पहचानी शैली में वापस आ गए हैं।

हाल ही में बांग्लादेश स्थिति को लेकर उन्होंने जब-जब मुंह खोला , आग ही उगला है। आगरा में उन्होंने हिंदुओं से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर बंटेंगे तो कटेंगे।

बांग्लादेश वाली गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे । इसी बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन को जनता ने स्वीकार किया व उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीत कर उन्होंने अपना चमत्कार कर दिखाया । यही नहीं देखा जाय तो महाराष्ट्र में भाजपा को बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन ने एक कर दिया व भाजपा को प्रचंड जीत मिली ।

योगी के कट्टर हिंदुत्व का यह रूप पिछले कुछ महीनों से ही दिखने लगा था जब उन्होंने जुलाई महीने के अंत में, राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया, जिससे उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 को और अधिक सख्त बना दिया गया। यूपी विधानसभा ने 30 जुलाई को संशोधन विधेयक पारित किया, जिसमें लव जिहाद को खत्म करने के अपने इरादे को फिर से रेखांकित किया गया।कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे विक्रेताओं और दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अपना नाम लिखने के आदेश पर पूरे देश में उनके समर्थन और विरोध हुआ है।अयोध्या रेप केस में आरोपी के मुसलमान होने पर काफी हिंदू-मुसलमान यूपी में हुआ है। योगी ने इस मामले को खुद संज्ञान लेते हुए आरोपी का घर और प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर कार्रवाई का एक्शन लिया।राजनीतिक विश्लेषक सौरभ दुबे कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की सफलता को देखते हुए अन्य मुख्यमंत्री जब उनकी राह के राही बनने की कोशिश कर रहे हैं तो योगी भला क्यों पीछे हटे। योगी आदित्यनाथ को भी हिंदू हृदय सम्राट की पदवी बरकरार रखनी है इसलिए उन्हें भी अपने पुराने रूप में आना ही फायदेमंद दिख रहा है।बात करें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की तो जन्माष्टमी के दिन एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत में जो रहना चाहते हैं, उन्हें हिंदू , भगवान राम और कृष्ण की जय कहना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इस देश के नागरिक अपने-अपने धर्मों के पालन के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन वह देशभक्त रहें। इसके साथ यह भी कह गए कि खाता कहीं और का बजाता कहीं और का यह नहीं चलेगा।हालांकि मोहन यादव ने यह भी कहा कि देश हिंदू और मुसलमानों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन उसे ऐसे लोगों की जरूरत है जो ईश्वर, उसकी रचना, ब्रह्मांड को समझें। उन्होंने कहा कि रहीम और रसखान का जन्म यहीं हुआ था।बीते दिनों छतरपुर में पुलिस पर पत्थरबाजी के आरोपियों के करोड़ों के घर सरकार ने तोड़ दिए। इस घर में रखी करोड़ों की गाड़ियों को भी बुलडोज कर दिया गया। पत्थरबाजी का आरोपी चूंकि मुसलमान था इसलिए कुछ लोगों को इस कार्रवाई में धार्मिक एंगल भी दिखा। सिर्फ छतरपुर ही नहीं, इंदौर में भी एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन पर गोली चलवाई थी, उसकी कोठी को भी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। इसका सीधा मतलब है कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मोहन यादव ने ने मध्यप्रदेश के सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही अपने इरादे जता दिए थे। उनके शुरूआती एक्शन में ही योगी की छाप दिखी थी।शपथ लेते ही उन्होंने खुले में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना और लाउडस्पीकर पर बैन का फैसला लिया था। उसके बाद लगातार उन्होंने ऐसे फैसले लिए जो उन्हें हिंदू पोस्टर बॉय बनने की उनकी इच्छाशक्ति को दिखाता है। इतना ही नहीं मोहन यादव ने एमपी में भगवान राम और कृष्ण से जुड़े तीर्थ स्थलों की तरह विकसित करने का काम करने का बीड़ा उठाया है।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के 7 मंदिरों को जोड़े जाने का एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। संघ के विचारकों और प्रमुख पदाधिकारियों की किताबें मध्य प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के मदरसों में गैर मुस्लिम बच्चों की धार्मिक शिक्षा देने पर रोक लगाया जा रहा है।एक और बात यह है कि भाजपा को यह बात समझ में आ गई है कि मुस्लिम समाज का उन्हें वोट बिल्कुल भी नहीं मिलने वाला है।हिंदुत्व का ध्रुवीकरण होने पर विपक्ष के सारे तीरों से निपटने की भाजपा को ताकत मिल जाएगी।

**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका



**-प्रियंका सौरभ**

न्यायपालिका भारतीय संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के सिद्धांतों की रक्षा करते हुए धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालाँकि, यह कार्य ऐतिहासिक दावों को समकालीन अधिकारों के साथ संतुलित करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, भावनात्मक संवेदनशीलता को सम्बोधित करने और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 जैसे कानूनी ढाँचों का पालन सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों से भरा है। ये जटिलताएँ संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए एक सावधान और निष्पक्ष दृष्टिकोण की माँग करती हैं। अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। अंग्रेजों का लक्ष्य भी भारत को कमजोर बनाकर यहां के संसाधनों का दोहन करना था। इसलिए उन्होंने भी भारत की सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने के लिए हर संभव प्रयास किए। आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं।एक प्राचीन सभ्यता के तौर पर इनके बिना भारत की पहचान पूर्ण नहीं होती है। अयोध्या, काशी और मथुरा इसके कुछ उदाहरण हैं। सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। काशी, मथुरा,संभल और अजमेर दरगाह मामले में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने का प्रयास हो रहा है। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सम्बोधित करने में न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियाँ जैसे कानूनी ढाँचे में अस्पष्टता। हालाँकि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की 1947 वाली स्थिति को स्थिर करना है, लेकिन इसके प्रावधान अलग-अलग व्याख्याओं के लिए जगह छोड़ते हैं, जिससे इसका प्रवर्तन कमज़ोर होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद जैसे मुकदमों को अनुमति दी, अधिनियम की व्याख्या धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण की अनुमति देने के रूप में की। सदियों पुरानी शिकायतों पर दोबारा ग़ौर करने से सांप्रदायिक तनाव बढ़ने, सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने और सामाजिक एकता को नुक़सान पहुँचने का ख़तरा रहता है। धार्मिक विवादों में न्यायिक फैसले अक्सर राजनीतिक लामबंदी के उपकरण बन जाते हैं, जो न्यायपालिका की तटस्थता बनाए रखने की क्षमता को चुनौती देते हैं।संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के साथ धार्मिक अधिकारों को संतुलित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है, खासकर जब निर्णयों को एक समुदाय के पक्ष में माना जाता है। विवादित धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों को अनुमति देना अधिनियम के मूल सिद्धांत को कमजोर करता है, जिससे पूजा स्थलों को लेकर भविष्य में संघर्षों के लिए एक मिसाल क़ायम होती है। संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने और धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है। न्यायपालिका अक्सर संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धी धार्मिक दावों को संतुलित करती है (अनुच्छेद 25-28) । उदाहरण के लिएः एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) में, सर्वोच्च न्यायालय ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान की एक बुनियादी विशेषता घोषित किया, जिसने धार्मिक मामलों में राज्य की निष्पक्षता को मज़बूत किया। यह सुनिश्चित करता है कि धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) दूसरों के अधिकारों या सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करती है। न्यायालय ऐतिहासिक अभिलेखों और साक्ष्यों के माध्यम से धार्मिक स्थलों पर विवादों की जांच करते हैं, धार्मिक भावनाओं पर संवैधानिक सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अयोध्या विवाद (एम. सिद्दीक बनाम महंत सुरेश दास, 2019) में, सर्वोच्च न्यायालय ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रभावित पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करते हुए संतुलित फ़ैसला देने के लिए ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों पर भरोसा किया। न्यायपालिका संवैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक या विरासत स्थलों के रूप में मान्यता प्राप्त धार्मिक संरचनाओं की सुरक्षा करती है। अरुणा रॉय बनाम भारत संघ (2002) में, न्यायालय ने अनुच्छेद 51 ए (एफ) के तहत समग्र संस्कृति को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया, जो विरासत धार्मिक स्थलों पर विवादों में प्रासंगिक है। न्यायालय प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के साथ धार्मिक विवादों का निपटारा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी पक्षों को बिना किसी पूर्वाग्रह के सुना जाए। ज्ञानवापी मस्जिद-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद में न्यायपालिका ने साक्ष्यों के संग्रह और मूल्यांकन में प्रक्रियागत अनुपालन पर ज़ोर दिया है, जिससे निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांतों को सुनिश्चित किया जा सके।

धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका को संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव सर्वोपरि रहे। पूजा स्थल अधिनियम के सिद्धांतों को सुदृढ़ करके, समय पर और निष्पक्ष निर्णय देकर और संघर्ष समाधान तंत्र को बढ़ावा देकर न्यायपालिका जनता का विश्वास बना सकती है और ऐतिहासिक शिकायतों को सामाजिक शांति को बाधित करने से रोक सकती है। भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा करने वाला भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण इसके विविध, बहुलवादी समाज में एकता बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। आज आपको किसी पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा... आपका ज्ञान बढेगा। |
| वृष | आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। आज परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख- सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। |
| मिथुन | आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। अपने गोल को अचीव करने के लिए आप कड़ी से कड़ी मेहनत करने का संकल्प करेंगे और पूरा करने के लिए आज से ही जुट जायेंगे, आज आपके अंदर अलग ही जोश दिखेगा। आज बाहर का ज्यादा मसालेदार खाना खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र एक शहर से दूसरे शहर शिक्षा ग्रहण करने जा सकते हैं। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं। |
| तुला | आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। आज संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। डीप्रेशन की समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे। कंस्ट्रक्शन का काम अच्छा चलेगा। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिये बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों को आज लाभ की प्राप्ति होगी। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखल अंदाजी अपने जीवन में ना होने दें नहीं तो रिश्तो में समस्याएं आ सकती है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आज आप कुछ निजी मामलो में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे... वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा । आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान देंगे |

## समसामयिक

# कार्बन न्यूट्रीलिटी के पक्ष में महत्त्वपूर्ण आकांक्षी कमीटमेंट

कॉप -29 पिछले दिनों समाप्त हो गया जिसकी आर्थिकी बहुत कुछ पेट्रोल के उत्पादन पर निर्भर है। इसने कॉप-29 में सारी आलोचनाओं के बीच भी तेल-गैस क्षेत्र का बचाव जारी रखा हुआ है। कॉप-28 भी ऐसे देश में ही हुआ था।दूसरी तरफ, भारत और चीन तथा अमेरिका कोयले को अपने आर्थिक विकास का इंजन बनाए हुए हैं। इसको वो निकट भविष्य में छोड़ने वाले भी नहीं हैं किंतु जलवायु संकट के बीच अधिकांश देशों की ही तरह यह यथार्थ उन्हें स्वीकारना होगा कि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय कारोबारी बिरादरी से अलग-थलग होने से बचने के लिए देर-सबेर उन्हें कार्बन न्यूट्रल होना ही पड़ेगा।यूरोपियन संघ, जापान, कोरिया गणतंत्र सहित 110 से ज्यादा देशों ने 2050 तक कार्बन न्यूट्रीलिटी पाने की वचनबद्धता व्यक्त की हुई है। चीन 2060 तक ऐसा कर लेगा। भारत 2070 तक ही ऐसा कर पाएगा। यूरोपियन यूनियन तो उन आयातों पर भी कार्बन टैक्स लगाने का सोच रहा है, जिनके निर्माण में थ्रेशहोल्ड वैल्यू से ज्यादा उत्सर्जन होता है। ऐसे में मजबूरन ही सही विभिन्न देश अपने-अपने यहां जीवाश्म ईंधन के उपभोग, उपयोग, उत्पादन पर कड़े से कड़े नियम लागू कर रहे हैं। डिकाबरेनाइजेशन या कार्बनरहित होना इसलिए भी आवश्यक है कि चौंकि तापक्रम बढ़ोतरी को 1.5 डिग्री सेलसियस पर ही बांधने की महती जरूरत के बाद भी कोयला समेत फोसिल ईंधनों के लगभग निर्बाध उपयोग की छूट सभी चाहते हैं। हालांकि आईपीसीसी का मानना है कि पृथ्वी का गरम होना कुल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के आनुपातिक होता है। वर्तमान में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सघनता बढ़ती जा रही है। अमेरिका की संस्था एनओएए के अनुसार मई, 2023 में वायुमंडल में मासिक कार्बन डाइऑक्साइड की सघनता रिकार्ड ऊंचाई पर पूर्व औद्योगिककाल की सघनता से पचास प्रतिशत ज्यादा थी। विश्व में 85 प्रतिशत ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों कोयला, पेट्रोलियम और गैस से प्राप्त की जाती है। पेट्रोलियम और गैस से जुड़े उद्योग तो हैं किंतु लोहा, इस्पात, एल्युमिनियम, सीमेंट, बिजली, हाइड्रोजन, उर्वरक, रसायन के उद्योग भी कार्बन इंटेंसिव हैं। स्टील, सीमेंट, रसायन क्षेत्र के उद्योगों से वायुमंडल में करीब बीस प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड पहुंचता है। बड़ी-बड़ी उत्सर्जन कटौतियों की हर क्षेत्र में आवश्यकता है। कार्बन डाइऑक्साइड को तो वायुमंडल से हटाना ही पड़ेगा परंतु पेड़ों के जिम्मे ही कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने का काम सौंप कर हम जलवायु संकट की व्यापकता और गहनता का सामना नहीं कर सकते। वृक्ष चूंकि कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग फोटोसिंथेसिस और बायोमास बढ़ाने में करते हैं, इसलिए वे वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड हटाने में प्रभावी रहते हैं। इनसे जमीन के भीतर कार्बन भंडारण भी होता है। बहुत ज्यादा बायोमास बढ़ाना पड़ेगा। जंगलों में आग लगने जैसी घटनाएं भी होती हैं। हालांकि बड़ी-बड़ी कंपनियां, एयरलाइंस आदि भी जंगलों से कार्बन कैप्चर का ही सहारा ले रही हैं। अपनी ग्रीनहाउस गैसों के एमिशन को न्यूट्रलाइज करने यानी नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य पाने के लिए इसी का सहारा ले रही हैं।2023 में संयुक्त राष्ट्र की जलवायु वार्ताओं का नेतृत्व करने के लिए घोषित कॉप-28 के मनोनीत अध्यक्ष यूएई के उद्योग एवं एडवांस टैक्नोलॉजी मंत्री डॉ. सुल्तान-अल-जबेर का बिना लाग लपेट यह कहना रहा कि जलवायु गणित जोडज़ाड़ से कुछ खास नहीं होता, यदि उसमें कार्बन कैप्चर की प्रक्रियाएं शामिल नहीं हैं। वैकल्पिक ऊर्जा के सौर या पवन ऊर्जा के उपयोग भी गर्मी कम करने में कारगर नहीं हो सकते। 11 मई, 2023 को 1500 से ज्यादा वौंकि पॉलिसी निर्माताओं, इंडस्ट्रियल लीडर्स, इनोवेटर्स को यूएई क्लाइमेट टेक कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था : हमें तेजी से उन तकनीकी समाधानों को ढूंढना होगा जो आर्थिकी को डिकाबरेनाइज करें। उत्सर्जनों को आईपीसीसी रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक कम से कम 43 प्रतिशत कम करें।'बाइडेन प्रशासन ने भी अमेरिका के पावर प्लांटों के ऑपरेटर्स को साफ निर्देश दिया है कि उन्हें उत्सर्जन रोकने के उपाय करने ही होंगे। अमेरिका के जलवायु राजदूत केरी भी चेतावनी भरे लहजे में कह चुके हैं कि समय आ गया है कि ऐसे तेल व गैस उत्पादनकर्ता, जो कहते हैं कि उन्होंने वो तकनीकी महारथ हासिल कर ली है जिससे उनके जीवाम ईंधन निकालने व उसका उपभेग करने में दुनिया की गरम होने की स्थितियां और नहीं बिगड़ेंगी, सिद्ध करें कि ऐसी तकनीकें किफायती दर पर व्यापक स्तर पर उपयोग में लाई जा सकती हैं व तेजी से जलवायु आपदा को टाल भी सकती हैं।

# शासकीय योजनाओं की पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये-जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम ने शासकीय योजनाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल भौतिक लक्ष्य 114970 के सापेक्ष खरीफके लिये लक्ष्य 68962 निर्धारित किया गया है, वर्तमान वित्तीय वर्ष में खरीफ की फ़सल के लिये कुल 74566 भौतिक आवेदन स्वीकृत हुये है, लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में पाया गया कि किसानों के खतौनी के अनुसार केसीसी पर ऋण कम स्वीकृत किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने बैंकों के समन्वयको को निर्देशित किया कि किसानों के खतौनी के आधार पर मानक के अनुरूप केसीसी पर ऋण स्वीकृत किया जाये। पशुपालन केसीसी योजना में 40 पत्रावलियॉ बैंकों को प्रेषित की गयी है जिनमें से 11 पत्रावलियों पर ऋण स्वीकृत किया गया है, पत्रावलियों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि पत्रावलियों की प्रगति में सुधार लाये।



जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशुपालन केसीसी योजना हेतु ज्यादा से ज्यादा आवेदन पत्र प्राप्त कर विभिन्न बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुये लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यो की अलग से बैठक करायी जाये जिससे विभाग के कार्यो जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने बैठक में पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के समन्वयक/प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं की पत्रावलियों पर क्या-क्या कार्य किये गये उसकी रिपोर्ट हर 15 दिवस में आकर अवगत कराये।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (उद्योग विभाग) की समीक्षा में बताया गया कि 56 पत्रावलियॉ बैंकों को प्रेषित की गयी है जिनमें से 41 पत्रावलियों पर ऋण वितरित किया गया है, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (खादी ग्रामोद्योग) की समीक्षा में 30 पत्रावलियों बैंको को प्रेषित की गयी जिनमें से 08 पत्रावलियों पर ऋण वितरित किया गया है।

जिलाधिकार ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में जो भी पत्रावलियॉ बैंकों में लम्बित है उस पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन करायें जिससे लाभार्थियों को लाभ मिल सके।

इसी प्रकार जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना, बैंकों के एनपीए आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि सीडी रेशियो बढ़ाया जाये। उन्होने कहा कि लाभार्थियों के जो भी हाउसलोन एवं मुद्रा लोन की पत्रावलियॉ जो प्राप्त है उस पर शत प्रतिशत लोन स्वीकृत किया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त बैंक समन्वयकों/प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि बैकों में जो भी शासकीय योजनाओं की जो भी पत्रावलियॉ लम्बित है उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये, लापरवाही कदापि न बरती जाये अन्यथा की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया बैंकों में सीसीटीवी कैमरे शत प्रतिशत होने चाहिये यदि कोई सीसीटीवी कैमरा खराब है तो उसे दुरूस्त करा लें। उन्होने कहा कि बैंकों वित्तीय धोखाधड़ी (साइबर क्राइम) से बचाव हेतु बैनर लगवाये जाये। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारी एवं बैंक समन्वयक अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, आर0बी0आई0 के प्रतिनिधि, एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंकों के समन्वयक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेउट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता सुशीला देवी निवासी चकबनतोड़ संसारा ने बताया है कि चकबनतोड़ संसारा की गाटा संख्या-293 रकबा 0.019 हे0 आकार पत्र 41 व 45 में नवीन परती के खाते में अंकित है परन्तु वर्तमान फ़सली खाता खतौनी की गाटा संख्या-293 पर नवीन परती को खतौनी दर्ज है जबकि इसी फ़सली वर्ष पर खाता संख्या 79 की गाटा संख्या 293 की खतौनी अंकित है जिसे पारसनाथ, वंशीलाल व बृजनाथ ने फ़र्जी तरीके से राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से अपने नाम सहखातेदार के रूप में अन्य गाटाओं के साथ पूर्व में अंकित करा लिया परन्तु किस अधिकारी के आदेश से अंकित हुआ इसका उल्लेख नहीं मिल पा रहा है तथा वर्तमान में उक्त नवीन परती की भूमि को कलावती आदि के हाथो विक्री कर दिया है। जिस पर उनके द्वारा नवीन परती की भूमि पर निर्माण कर हड़पने की फ़िराक में है जिसे रूकवाया जाना परम आवश्यक है तथा फ़र्जी किये गये इन्द्राज को निरस्त किया जाना भी परम आवश्यक है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया है कि अभिलेखों की जांच करें एवं फ़र्जी इन्द्राज को ठीक करायें तथा आख्या उपलब्ध करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

# अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 07 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक खाद्यान्न का होगा वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माह दिसम्बर 2024 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 07.12.2024 से दिनांक 25.12.2024 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में 17 किग्रा0 एवं 18 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों कों प्रति यूनिट 2.3 किग्रा0 गेहूँ व 2.7 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण उचित दर विक्रेता द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2024 के सापेक्ष कुल तीन माह हेतु प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी, रूपये 18 प्रति किग्रा0 की दर से वितरित की जायेगी। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। चीनी के वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी, चीनी अन्त्योदय लाभार्थी अपने मूल दुकान से ही प्राप्त कर सकेंग।

आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफ़िकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 25.12..2024 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें।

वितरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों से एवं विभागीय टोल फ्री नम्बर, 1800-1800-150 एवं 1967 पर शिकायत की जा सकती है। कार्डधारको से अपील की जाती है कि वह अपना धैर्य बनाये रखे व वितरण में यथोचित सहयोग प्रदान करें।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने हेतु छात्र/छात्रायें 15 जनवरी तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2023-24 दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति से सम्बन्धित संशोधित समय-सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में छात्रवृत्ति हेतु छात्र-छात्रायें 15 जनवरी 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। दिनांक 25 जनवरी तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।

# हत्या मामले में 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,आला कत्ल बरामद

**अन्तू,प्रतापगढ़।** अभियुक्तों द्वारा मृतक को डण्डे से पीटकर हत्या करने से संबंधित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गये,अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बांस का डण्डा बरामद किया गया।दिनांक 03.12.2024 को अन्तू थानाक्षेत्र के ग्राम उपाध्यायपुर में गांव के बाहर एक खेत में हत्या कर शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर जांच से ज्ञात हुआ कि मृतक अयोध्या प्रसाद उम्र करीब 37 वर्ष पुत्र सत्यनारायण वर्मा निवासी ग्राम उपाध्यायपुर मजरे कमालुद्दीनपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ हत्या कर दी गई है। मृतक दिनांक 01.12.2024 को अपने गांव से थानाक्षेत्र कोहड़ौर में बारात में गया था। वहां पर गांव के ही व्यक्ति शनिदेव वर्मा पुत्र भोलानाथ वर्मा से कहासुनी और विवाद हो गया था। जिसके संबंध में प्रार्थी की तहरीर के आधार पर दिनांक 03.12.2024 को थाना अंतू में मु0अ0सं0 627६2024 धारा 103(1), 191(2),191(3), 351(3) बीएनएस बनाम 05 नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है । तथा अभियोग उपरोक्त में धारा 61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण बैश के नेतृत्व में प्रभारी निरी0 आनन्द पाल सिंह मय हमराह निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार यादव, उ0नि0श्री प्रदीप कुमार,का0 अनिल यादव, का0 सुनील पटेल द्वारा 03 अभियुक्तों 1.शनी उर्फ शनिदेव पुत्र भोलानाथ वर्मा उम्र करीब 20 वर्ष 2. अशोक कुमार पुत्र भोलानाथ वर्मा उम्र करीब 35 वर्ष 3. कुलदीप पुत्र भोलानाथ वर्मा उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण उपाध्यायपुर मजरे कमालुद्दीनपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 05.12.2024 को थानाक्षेत्र अन्तू के अन्तू रेलवे स्टेशन पर पश्चिमी केविन के पास स्थित हनुमान मंदिर से गिरफ्तार किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।अभियुक्त शनी उर्फ शनीदेव उपरोक्त द्वारा कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर बताया कि दिनांक 01.12.2024 को थानाक्षेत्र कोहड़ौर में बारात में मृतक के साथ कहासुनीध्विवाद हो गया था जिसपर हमलोगों नें ग्राम उपाध्यायपुर में मृतक को डण्डा से मारकर हत्या कर दिये थे । घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद बांस का डण्डा घटनास्थल के पास शीतला प्रसाद के खेत के पास शमसान की तरफ झाड़ियों में खाई के उस तरफ फेंक दिया था और घटना के समय पहना हुआ स्वेटर अपने घर के सामने मड़ही में छिपा दिया था ।

## नेत्र प्रशिक्षण शिविर आज

**प्रतापगढ़।** युवा सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में राजीव आइ हॉस्पिटल द्वारा 06 दिसंबर दिन शुक्रवार को पंचायत भवन में सुबह 10ः00 से 1ः00 तक निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी युवा सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव आलोक शुक्ला ने दी है।

# रामकथा में भगवान राम की शिक्षा-दीक्षा व वनगमन तक का हुआ अप्रतिम वर्णन



**प्रतापगढ़।** ग्राम ईशीपुर ढेकाही में संगीतमयी रामकथा के दूसरे दिन प्रभु राम के बाल-जीवन का वात्सल्यमयी रूप सौंदर्य और वशिष्ठ आश्रम में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करना तथा विवाहोत्सव से लेकर वन गमन तक को पूज्य महाराज जी द्वारा पूर्ण भव्यता से संगीतमय अंदाज में वर्णित किया गया तथा साथ ही झांकियां भी निकाली गईं। इस अवसर पर अप्रतिम रामकथा का आनन्द वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के डॉयरेक्टर श्री राकेश सिंह ने भी उठाया और वृंदावन धाम से पधारे पूज्य मुकेश आनन्द जी महाराज से आशीर्वाद लिया। वहीं इस मौके पर पधारे श्री संतोष सिंह एडवोकेट, श्री भूपेंद्र सिंह,श्री ओम प्रकाश ग्राम प्रधान पूरे माधव, श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, श्री धीरेंद्र कुमार सिंह, श्री राम नवल सिंह, श्री राघवेंद्र सिंह मुन्ना, श्री रवींद्र कुमार सिंह, श्री दिनेश पूर्व मंत्री, ठाकुर राकेश सिंह भगवानदास का पुरवा, विक्की सिंह और विशाल सिंह आदि ने श्रीराम विवाहोत्सव और वनगमन कथा सुनकर भावविभोर हो उठे।गांव की महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बूढ़े आदि ने भी कथा का भक्तिमय आनन्द उठाया और जोरदार जयघोष भी किया।सभी गांव व नगरवासियों से निवेदन है कि वे प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से 5 बजे तक कथा श्रवण करने के लिए जरूर पधारे।

# ओपीएस को लेकर वोट की चोट कर रहे युवा रेल कर्मचारी

▶▶ मतदान के दूसरे दिन 400 वोट पड़ा

▶▶ मान्यता के लिए हो रहे यूनियन के चुनाव में पुरानी पेंशन बनी मुद्दा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जो यूनियन पुरानी पेंशन दिलाने की बात कह रही है हमारा वोट उसी को जाएगा। पुरानी पेंशन के अलावा कुछ मंजूर नहीं हैं। रेलवे यूनियन की मान्यता के लिए हो रहे चुनाव में वोट डालने आया युवा वोटर यही बात कहता नजर आया। जोश से लवरेज युवा वोटर दूसरे दिन गुरुवार को भी इसी मुद्दे को लेकर वोट की चोट करते रहे।दूसरे दिन मतदान शांति पूर्वक तरीके से हुआ। जिसमें 400 वोट पड़े। पहले दिन 402 मत पड़े थे। दोनों दिनों का मिलाकर 802 वोट डाले गए। पहले दिन जो झड़प और विवाद का नजारा दिखाई दिया था, उसका जोश दूसरे दिन गुरुवार को ठंडा पड़ गया था। हां मलाल जरूरी था। पछतावा भी। लेकिन जब फोरम की बात आएगी तो विवाद होना कहीं कहीं लाजिमी हो जाता है। दूसरे दिन भी सभी विभागों के वोटर वोट डालने बूथ पर पहुंचे थे। वोट डालने आए मनीष कुमार का कहना है कि जो यूनियन पुरानी पेंशन की बात कर रही वो अपना वोट उसी को देंगे। अजीत कुमार का कहना है कि ओपीएस ही मंजूर है। इसलिए उनका वोट भी उसी को जाता है।

### ▶▶ फर्जी वोट डालने का प्रयास फेल

मतदान के दौरान रिटायर कर्मी भी पर्ची लेकर वोट डालने पहुंचे थे। वोट डालने वाले थे तभी एक यूनियन के अध्यक्ष ने पकड़ लिया। वोट डालने महिला आई थी। रिटायर कर्मी वोट नहीं डाल सकता है। मरे हुए कर्मचारी का भी वोट डालने का जोरदार प्रयास किया गया। जिसे चुनाव करा रहे वेलफेयर इंस्पेक्टर ने असफल कर दिया। उनका कहना था कि रिटायर कर्मी की भी सूची उनके पास है। जो करेगा पकड़ा जाएगा।

### ▶▶ मत पेटिका की सुरक्षा में आरपीएफ

वोट डालने के बाद पहली मतपेटी को आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया। उसके स्थान पर दूसरी पेटी रखी गई। जिसमें दूसरे दिन का वोट डाला गया। पेटी की रखवाली का जिम्मा आरपीएफ को दिया गया है।

### ▶▶ सभी का वोट मिलने का दावा कर रही यूनियनें

सभी कर्मचारी वोटरों का वोट उन्हें ही मिला है।

यह दावा चुनाव में उतरी सभी यूनियनें करती फिर रही है। हकीकत मतगणना के बाद पता चलेगी। लेकिन लड़ाई कांटे की है। कोई यूनियन इस हालत में नहीं है जो यह कह सके कि वो जीत रही है।

# एमडीपीजी कॉलेज में 55 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई। एमडीपीजी कॉलेज में महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद मिश्र के निर्देशन में तलाशी के बाद परीक्षार्थीयों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने दिया गया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न हुई ।एमडीपीजी परीक्षा केंद्र पर 361 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 321 उपस्थित रहे एवं 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में एलएलबी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई जिसमें 308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 295 ने परीक्षा दी और 13 अनुपस्थित रहे जबकि तृतीय पाली में एलएलबी पंचम सेमेस्टर में 316 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 312 उपस्थित एवं चार अनुपस्थित रहे। बीएड थर्ड सेमेस्टर में 156 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 153 उपस्थित एवं तीन अनुपस्थित रहे।

# बेल्हा में परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

▶▶ राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जिले के डिग्री कालेज के परीक्षार्थियों को बेची जा रही अवध विश्वविद्यालय की सीरीज

▶▶ बुधवार से जिले में शुरू हुई सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न पत्र का उत्तर न मिलने पर हुआ खुलासा




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** बेल्हा के डिग्री कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ बुक स्टॉल अथवा किताब बेचने वाले दुकानदार खिलवाड़ कर रहे हैं।

थोड़े से पैसे के लालच में आकर परीक्षार्थियों को राज्य विश्वविद्यालय की जगह अवध विश्वविद्यालय का सेलेब्स एवं सीरीज पर राज्य विश्वविद्यालय का स्टीकर लगाकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। बुधवार को जिले में आयोजित राज्य विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न पत्र का उत्तर न मिलने पर इसका खुलासा हुआ। परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से इसकी शिकायत कर ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज की स्थापना के बाद से जिले के सभी राजकीय, अशासकीय एवं निजी डिग्री कालेजों को राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है।

जबकि पूर्व में सभी डिग्री कालेज डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद से सम्बद्ध थे। इसी बीच राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज की ओर से बीए, बीएससी, बीकाम, एलएलबी सहित अन्य डिग्री परीक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा शुरू कर दी। बुधवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान प्रश्न पत्र देख परीक्षार्थी चकरा गए। वजह परीक्षार्थियों ने परीक्षा की तैयारी के लिए जो सीरीज खदीरी और पढ़ी थी इसमें से ज्यादातर प्रश्न पत्र से गायब थे। वजह जिले के बुक स्टाल एवं किताब बेचने वाले दुकानदारों ने पैसा कमाने के लिए छात्र-छात्राओं को राज्य विश्वविद्यालय के स्थान पर अवध विश्वविद्यालय की सीरीज पर राज्य विश्वविद्यालय का स्टीकर लगाकर बेंच दिया।

दुकानदार की इस हरकत से परीक्षार्थी हैरान हैं और उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने इसकी शिकायत महाविद्यालय प्रबंधन के साथ राज्य विश्वविद्यालय से की है।अब देखना यह होगा कि ऐसे दुकानदार व बुक स्टॉल संचालकों के खिलाफ महाविद्यालय प्रबंधन एवं राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज प्रशासन क्या एक्शन लेता है।

### इनका कहना है

परीक्षार्थी सीरीज पर बिल्कुल ध्यान न दें। किताब से पढ़कर अपने सेलेब्स एवं परीक्षा की तैयारी करें। इससे संबंधित विषय के ज्ञान के साथ परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकेंगे।

**डा. छवि नारायण पाण्डेय**
**जनसूचना अधिकारी**
**एमडीपीजी कालेज, प्रतापगढ़**

# जिपं सदस्य के यहां शोक संवेदना जताने पहुंचे राजा भइया



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने मानिकपुर नगर पंचायत निवासी अनिल कुमार मौर्य जिला पंचायत सदस्य के पिता बाबू लाल मौर्या के निधन पर बुधवार को घर पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार के लोगों से मिल कर शोक संवेदना जताया। इस दौरान प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, प्रमुख कुंडा संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, अनिल शुक्ला गुरुजी सकरदहा,प्रधान संजय सिंह बछरौली, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद, मंटू सिंह , अतुल सिंह राणा, विनीत पांडेय रामनगर, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़,ज्ञानू सिंह, विजय पांडेय डीहा, इंद्रदेव पटेल, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा श्रवण से अहंकार का होता है नाश-अनिलेश महराज

▶▶ श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन झूम उठे श्रद्धालु





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** शहर के विकास भवन स्थित पूरे बेदुआ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान भक्त झूमने-नाचने लगे।

कथा व्यास पंडित अनिलेश जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है।

भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक पीबी कालेज के पूर्व प्रवक्ता प्रेम शंकर मिश्र एवं ज्ञानलता मिश्रा ने आरती व पूजा पाठ किया। इस दौरान डॉ सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, डॉ गीता शुक्ला, विजय शंकर, रमा मिश्रा, पूजा मिश्रा, डॉ मनीष मिश्र आदि मौजूद रहे।

# शुक्ल पक्ष पंचमी को मनाया जाता है विवाह पंचमी - आचार्य हिमांशु शुक्ल



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आचार्य हिमांशु शुक्ल ने बताया कि मार्गशीष शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को प्रभु श्रीराम और माता सीताजी का विवाह हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष मार्गशीष शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को विवाह पंचमी मनाया जाता है। माता सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं। इसलिए भारत के साथ नेपाल में भी विवाह पंचमी उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।जब सीताजी विवाह के योग्य हुई तो राजा जनक ने अपनी पुत्री के लिए स्वयंवर रचा और इसके लिए ये शर्त रखी कि जो कोई भी शिव जी के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा उसी के साथ सीताजी की शादी होगी।सीताजी के स्वयंवर में अनगिनत राजकुमार, राजे और महाराजे आये थे। एक-एक कर सबने कोशिश की परन्तु कोई शिवजी का धनुष को हिला तक नहीं पाया।सबके असफल हो जाने के बाद भगवान श्रीराम अपने गुरु की आज्ञा से शिव जी के धनुष के पास पहुँचे और बड़ी हीं आसानी से धनुष को अपने हाथों में उठा लिया।फिर भगवान श्रीराम जैसे हीं शिव जी के धनुष पर प्रत्यंचा लगाने चले कि शिव जी का धनुष टूट गया।रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी कहते है-

गुरहि प्रनामु मनहिं मन कीन्हा।
अति लाघवँ उठाइ धनु लीन्हा।
दमकेउ दामिनि जिमि जब लयऊ।
पुनि नभ धनु मंडल सम भयऊ।
लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़ें।
काहुँ न लखा देख सबु ठाढ़ें।
तेहि छन राम मध्य धनु तोरा।
भरे भुवन धुनि घोर कठोरा।

स्वयंवर विजयी होने से माता सीताजी और प्रभु श्रीराम का विवाह हुआ।
रही भुवन भरि जय जय बानी। धनुष भंग धुनि जात न जानी।
मुदित कहहिं जहँ तहँ नर नारी। भंजेउ राम संभुधनु भारी।

वाल्मीकि रामायण में प्रसंग आता है कि -
जनकानां कुले कीर्तिमाहरिष्यति मे सुता।
सीता भर्तारमासाद्य रामं दशरथात्मजम्-

अर्थात् मेरी बेटी सीता,महाराज दशरथ जी के पुत्र श्रीरामचन्द्र जी को अपना पति बना कर मेरे वंश की कीर्ति फैलायेगी।

इसी वजह है कि विवाह पंचमी के दिन आज भी धूमधाम से भगवान राम और माता सीता का विवाहोत्सव मनाया जाता है।यह दिन उन लोगों के लिए बहुत शुभ माना जाता है जिनके विवाह में कोई बाधा आ रही है। ऐसे व्यक्तियों को विवाह पंचमी के दिन विधि विधान से भगवान श्रीराम और माता सीता की पूजा करनी चाहिए। इससे शादी में आ रही रुकावटें दूर होती हैं। साथ ही अच्छा जीवनसाथी प्राप्त होता है।इतना ही नहीं अगर शादीशुदा लोग इस व्रत को रखते हैं,तो दाम्पत्य जीवन में आने वाली सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राकेश कुमार सिंह मय हमराह धीरज कुमार देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच द्वारा कंटेम्प्ट एप्लीकेशन नम्बर 2327ध्21 से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त डॉ0 सुमनेश सिंह पुत्र स्व0 माधव सिंह निवासी ग्राम भुवालपुर डोमीपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# सदर तहसील में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत




**प्रतापगढ़।** सदर तहसील में गुरुवार को बार एसोसिएशन पुरातन सदर के अध्यक्ष विवेक दत्त पाली के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर एवं मुंह मीठा करा कर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान जूबाए पुरातन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने तहसील के अधिवक्ताओं के साथ बैठक करके तहसील के कामकाज व अधिवक्ताओं की समस्याओं के विषय में जानकारी ली।अंत में उन्होंने किये गये स्वागत सम्मान के लिए तहसील के अधिवक्ताओ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर बालेन्दु भूषण, मुकेश,अजय प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह,उदय राज,नीरज मिश्र, संतोष,सीमा सिंह सहित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सिपाही द्वारा पत्रकार से अभद्रता का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली के चर्चित सिपाही सोनू कुमार की दबंगई फिर सामने आई है। पट्टी बाज़ार में पत्रकार मुकेश कुमार की गाड़ी पर डंडा मार दिया, जिससे उनकी गाड़ी का फाइबर टूट गया। विरोध करने पर सिपाही पत्रकार से अभद्रता करने लगा। इसका एक विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था। वायरल विडियो बुधवार का बताया जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन मामले में कोई कार्यवाही करता है या विभागीय पक्ष लेकर मामले को दबा दिया जाता है।

# हाईवे पर शराब की लाइसेंसी दुकान को लेकर ग्रामीणों में गुस्सा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के अगई मोड़ स्थित रेहुआ लालगंज हाईवे पर गांव की आबादी से सटी लाइसेंसी शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। अगई के ढोलकहन का पुरवा निवासी लालजी वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, शीतला प्रसाद वर्मा, मंजू, सुनीता आदि ने गुरूवार को एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव की आबादी के बीच अंग्रेजी तथा देशी शराब की दुकान का संचालन हो रहा है। यहां तमाम उपद्रवी नशे मे टल्ली होकर देर शाम से देर रात तक गालीगलौज किया करते हैं। एसडीएम नैंनसी सिंह ने शिकायती प्रार्थना पत्र पर लालगंज कोतवाल व आबकारी विभाग के निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

# श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा सुन निहाल हुए श्रद्धालु



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा अंतर्गत गांव शिवगढ़ा के निवासी आशीष कुमार शुक्ला के यहां सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कार्यक्रम चल रहा है। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती विमला शुक्ला एवं पंडित विश्वंभर नाथ शुक्ला है। आयोजक के कुलगुरु एवं कथाव्यास पंडित जगदीश भूषण महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया जिससे वहां पर उपस्थित श्रोतागण खुशी से झूम उठे। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी से हुआ था। रुक्मणी स्वयं लक्ष्मी का रूप है, वह नारायण से दूर नहीं रह सकती। व्यक्तियों को अभिमान की राह छोड़कर संस्कार युक्त जीवन जीना चाहिए। श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। कथा के दौरान अच्छे कलाकारों द्वारा बीच-बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।श्री कृष्ण दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान श्री कृष्ण को लेने आए। जब भगवान श्री कृष्ण मथुरा जाने लगे, समस्त बृज की गोपियां श्री कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई, कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो आपने हमसे प्रेम क्यों किया। भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकियां प्रस्तुत की गई। सभी श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आनंद लिया। कथा के अंत में भजन कीर्तन किए गए और भागवत भगवान की आरती हुई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा के आचार्य अतुल पाण्डेय, विशाल मिश्र, मृगेश शुक्ला एवं पंडित राजकुमार तिवारी रहे।कथा के दौरान प्रमुख रूप से हरिश्चंद्र शुक्ला, पंकज शुक्ला, नीरज शुक्ला, गिरिजा शंकर शुक्ला, श्याम शंकर शुक्ला, अमित शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, अनिल कुमार मिश्रा वैद्य, वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद तिवारी, पंडित केशव प्रसाद उपाध्याय, रमाकांत त्रिपाठी पूर्व गार्ड, सुरेश पाण्डेय, तेज बहादुर सिंह, प्रेमबहादुर सिंह, शंभू तिवारी, आद्या प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# एक अदद आवास के लिए भटक रहा दिव्यांग दंपति

**रखहा प्रतापगढ़।** एक तरफ सरकार गरीबों मजलूमों एवं छप्पर में रह रहे गरीबों के लिए प्रतिवर्ष हजारों लाखों प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास मुहैया करवा रही है। लेकिन हकीकत में पात्रों तक योजनाएं पहुंच ही नहीं पा रही है। ग्राम प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी की सांठगांठ से अपात्र लाभ उठा ले रहे हैं। विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के परान पुर गांव निवासी प्यारेलाल वर्मा सात साल से आवास के लिए दर दर भटक रहा है। पूरी तरह से दिव्यांग प्यारेलाल वर्मा मुख्यमंत्री सांसद विधायक एम एल सी जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान को लिखित आवास दिलाएं जाने की गुहार लगाई, लेकिन किसी भी जिम्मेदार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। प्यारेलाल व पत्नी अनीता दोनों ही पैर से दिव्यांग है। प्यारेलाल के बेटी अंजली 10 साल एक बेटा अभिषेक 6 साल का है। दिव्यांग प्यारेलाल किसी तरह से टीनशैड रखकर जीवन बसर कर रहा है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने आवास के लिए प्रयास किया, लेकिन ढांक के तीन पात वाली बात साबित हुई। सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाले राशन तथा इधर उधर मजदूरी करके प्यारेलाल जीवन को काट रहा है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजीव पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर इस तरह का मामला है तो आवास प्लस में नाम भेजकर प्यारेलाल वर्मा को आवास योजना दिया जाएगा।

# महेशगंज पुलिस और प्रधान पर मारपीट का लगाया था फर्जी आरोप

## ▶▶ एसओ की जांच के बाद हकीकत आई सामने

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थानाक्षेत्र के नरियावां ग्राम पंचायत के बदली का पुरवा निवासी दीपक शर्मा ने महेशगंज की डायल 112 पुलिस व नरियावां ग्राम पंचायत के वर्तमान ग्राम प्रधान राजू यादव के ऊपर अपने रिश्तेदार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया पर खबरें भी वायरल हो रही थी। मामले की जांच के बाद हकीकत निकल कर सामने आया है कि एसडीएम के निर्देश पर गोवंश को हरा चारा तैयार करने के लिए सरकारी जमीन को चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया था। एसडीएम के निर्देश का पालन करने के लिए ग्राम प्रधान नरियावां राजू यादव की मौजूदगी में राजस्व टीम द्वारा पैमाइश किया गया तो ,गांव के ही झंगई सेन के कब्जे में करीब 6 बिस्वा सरकारी जमीन चिन्हित हुई। सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के लिए राजस्व द्वारा कहने पर झंगई का पुत्र दीपक शर्मा अपने रिश्तेदारों के साथ प्रधान राजू यादव के साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट करने के लिए उतारू हो गया। वह ईट पत्थर फेंकने लगा। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस और ग्रामीणों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ। सरकारी जमीन में कब्जा करने व मारपीट गाली गलौज करने के मामले में कार्रवाई होने की डर से दीपक शर्मा ने अपने पूरे परिवार व रिश्तेदार के साथ मिलकर डायल 112 पुलिस व वर्तमान प्रधान राजू यादव के ऊपर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाने लगे। सोशल मीडिया पर खबरें वायरल होने लगी। एसओ मुकेश सिंह ने कहा कि पुलिस के ऊपर मारपीट करने का लगाया गया आरोप जांच में झूठा पाया गया है।

# आग का गोला बनी आर्टिगा, तमाशबीन बने रहे लोग

**मंगरौरा प्रतापगढ़।** कंसापट्टी के फौजी चौराहे पर अर्टिगा कार में अचानक आग लग गई। इससे वह धू- धू करके जल गई, लोग तमाशबीन बने रह गए। सेखपुर निवासी धीरज सिंह की गाड़ी महदहा निवासी राजेंद्र सिंह कुछ कार्य हेतु ले आए थे। उसी कार से गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे राजेंद्र सिंह और सूबेदार सिंह बाहूपुर एक कार्यक्रम में जा रहे थे। कंसापट्टी के फौजी चौराहे पर पहुंचे थे तभी कार में अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देखकर दोनों लोग कार खड़ी करके बाहर निकल गए। देखते ही देखते कार में आग गई। आग की लंबी लपटे निकलने लगी। जिससे कार आग का गोला बन गई। स्थानीय लोग तमाशबीन बन कर रह गए। चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे थे। आग की लपटे देखकर विस्फोट के डर की वजह से कोई नजदीक नही जा रहा था। काफी जद्दोजहद के बाद पानी का इंतजाम किया गया। किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

# विटामिन-ए की खुराक को लेकर हुआ मंथन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नौनिहालों को सम्पूरक आहार दिये जाने के लिए विटामिन-ए की खुराक को लेकर संचालित अभियान को प्रभावी बनाए जाने के लिए गुरूवार को सीएचसी सभागार में मंथन हुआ। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने टीकाकरण के दिन शनिवार को जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दिये जाने को लेकर सतर्कता के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि पिछले अभियान मे छूटे नौनिहालो को भी विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। उन्होने कहा कि विटामिन ए की खुराक से रोग को लेकर प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हुआ करती है। इस मौके पर बीपीएम बृजेश पाण्डेय, एचईओ आरती द्विवेदी, डा. सुधाकर, डा. ओपी पटेल, डा. इलियास, देवकुमार दुबे, अरविन्द शुक्ल, मान सिंह आदि रहे।

# डीएपी की समस्या झेल रहे किसानों को अब आवारा पशुओं का लगने लगा भय

**सांगीपुर प्रतापगढ़** डीएपी की समस्या से परेशान किसानों ने किसी तरह उसका निदान निकला ही था कि आवारा पशुओं का भय लगने लगा है कि अब इनसे निदान कैसे मिलेगा। बता दे कि सांगीपुर ब्लाक अंतर्गत कई ऐसे गांव हैं जिसमें आवारा पशुओं से फसल नष्ट हो जाती है। जिससे किसान की जमा पूंजी भी निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में करे तो क्या करें। इस तरह गरीबी के ऐसे दलदल में डूबता जा रहा है कि किसानों के भविष्य में चारों तरफ घनघोर अंधेरा दिख रहा है। ऐसे में किसान कर्ज के दलदल में डूबता जा रहा है । चाहे बैंक से लिया हुआ कर्ज हो या घरेलू बिजली का बिल ना दे पानी से किसानों की मुसीबतें बढ़ गई है। सांगीपुर क्षेत्र अंतर्गत राजमतीपुर लखहरा गद्यांश कपूर और बाबूपुर सांगीपुर आदि ऐसे तमाम गांव में आवारा पशुओं का का भरमार है, जिससे किसानों की फसल नष्ट हो जाती है।

# युद्धस्तर पर पक्षकारों को तामील कराएं सम्मन- जिला जज




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सभी विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक गुरुवार को की।बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्टीय लोक अदालत के लिए सभी विभाग ऐसे मामलों को चिन्हित कर लें, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। साथ ही सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेंजे जाएं और युद्ध स्तर पर इन्हें तामील कराया जाए।

प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्टीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व चकबन्दी वाद, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक,बैठक में श्री राममणि पाठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला सूचनाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपनिबन्धक राजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने धार्मिक स्थलों बड़ी मस्जिद उटारखाना व डरियन टोला मस्जिद का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शासन के मानक अनुसार जनपद के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) की जांच की एवं मानक के विपरीत लाउडस्पीकरों की ध्वनि न रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वॉक कर रहे आम लोगों से वार्ता कर कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ आम जनमानस की भी होती है ताकि जनपद व प्रदेश में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

**विहार प्रतापगढ़।**सुंदरगंज बाजार निवासी प्रमुख गल्ला व्यापारी छोटेलाल केशरवानी 55 वर्ष का गुरुवार को दोपहर मे बीमारी के चलते निधन हो गया। व्यापारी के निधन की सूचना मिलते ही व्यापारियों मे शोक छा गया। व्यापारी के शव का अंतिम संस्कार देर शाम श्रृगवेरपुर घाट पर किया गया। इस बाबत व्यापार मंडल अध्यक्ष डाक्टर बांकेलाल चौरसिया संरक्षक देवीशंकर मिश्र ,अनिल पांडेय दिलीप पाल, रामचरन विश्वकर्मा, कैलाश अग्रहरि व मखंचू केशरवानी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# बकरी के विवाद में मारपीट, चार नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सुजौली गांव निवासी शहर बानो पत्नी फहीम खान ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 23 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे उसके घर में पड़ोसी की बकरी घुस गई। उसकी बेटी ने बकरी को बाहर भगा दिया। इससे नाराज होकर पड़ोसी घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उसकी 70 वर्षीय बूढ़ी मां बचाने आई तो उसे भी मारा पीटा। दरवाजे समेत घर में रखे सामान तोड़ दिया। पीड़िता शहर बानो की तहरीर पर पुलिस ने शहजादे, आफरीन, मुजम्मिल, दानिश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बकाये विद्युत बिल के समाधान को लेकर दी गई जागरूकता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन द्वारा एकमुश्त विद्युत बिल के समाधान को लेकर पन्द्रह दिसंबर से संचालित अभियान को लेकर गुरूवार को उपभोक्ताओं को जागरूकता दी गयी। विद्युत उपखण्ड कार्यालय पर एसडीओ विद्युत वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आगामी इक्तीस जनवरी तक तीन चरणों मे इस अभियान के तहत घरेलू तथा वाणिज्यिक एवं निजी संस्थान व औद्यौगिक श्रेणियों के बकायेदारो का विद्युत बिल में संयोजन किया जाएगा। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत विलंबित भुगतान में अधिभार की छूट का लाभ पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलेगा।

# भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में गुरूवार को भण्डारे में श्रद्धालुओं ने भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद ग्रहण किया। वही भक्तों को श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन व भजन संध्या में भी मगन देखा गया। भण्डारे का संयोजन पं. अवधेश नारायण द्विवेदी ने किया। भजन संध्या कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी ने किया। इस मौके पर भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल, राजा दुबे, केडी मिश्र, सुधीर मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, सर्वेश मिश्र, एसएन त्रिपाठी, दयाशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र द्विवेदी, आचार्य देवानंद मिश्र, प्रवीण मिश्र आदि रहे।

# बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**हथिगवां थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी पवनेश कुमार ने कुंडा पुलिस को तहरीर दी। बताया कि तीन दिसंबर को वह कुंडा के बेलहा का पुरवा पिंगरी गांव में कार्यक्रम में गए थे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के बाहर बाइक खड़ी की और अंदर चले गए। इसी बीच चोरों ने बाइक पार कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक सुराग नहीं लगा।

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान प्रधान परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
फै0वाद सं0 954/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन नेहा सिंह आदि बनाम जयसिंह
बनाम
जयसिंह आयु लगभग 27 वर्ष सुत शीतलदीन निवासी ग्राम नरई थाना कोतवाली संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 18.12.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# दलित हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

**सुवंशा,प्रतापगढ़।** हत्या, मारपीट, धमकी व एससी एसटी एक्ट के अभियोग से संबंधित अन्य 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गमच्छा व आलाकत्ल 03 पत्थर का टुकड़ा बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिए गये निर्देश के क्रम में थाना फत्तनपुर पुलिस द्वारा पूर्व में 01 वांछित अभियुक्त गणेश बिन्द पुत्र पन्नालाल बिन्द निवासी ग्राम बिन्द बस्ती, करका न0पं0 सुवंसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को जेल भेजा गया ।विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.12.2024 को प्रभारी निरीक्षक फत्तनपुर श्री राकेश कुमार राय के नेतृत्व में उ0नि0 संतोष कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0- 252ध2024 धारा- 115(2), 352, 351(3), 118(1), 103(1) बी0एन0एस0 व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)ट एससी एसटी एक्ट से संबंधित अन्य 01 अभियुक्त रमाशंकर बिन्द पुत्र स्व0 हीरालाल बिन्द निवासी कारका थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके स्वस्थ्यध्डिस्चार्ज होने पर जिला अस्पताल से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त ने बताया गया कि मेरे गले में गमच्छा है ।

इसी गमच्छा में पत्थर बाँधकर अपने बचाव में घुमाया गया था वही पत्थर मृतक रमाशंकर सरोज को लग गया था । घटनास्थल पर मैंने वह पत्थर खोलकर फेंक दिया था ।

केoकेo विधि महाविद्यालय, मान्धाता, प्रतापगढ़
सम्बद्ध : प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
आवश्यकता है
स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत यू0जी0सी0 एवं बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया के मानकानुसार वांछित, योग्यता एवं वेतनक्रम में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।
एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय)
**प्राचार्य-** 01 पद योग्यता–एल0एल0एम0 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं पी0एच0डी0 / नेट (10 वर्ष का अनुभव)
**प्रवक्ता-** 06 पद योग्यता–एल0एल0एम0 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं पी0एच0डी0 / नेट
**पुस्तकालयाध्यक्ष-** 01 पद योग्यता बी0लिब0
**लिपिक-** 01 पद 10+2 (कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक)
नोट : इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 4 नवीनतम फोटो, अंक पत्र, प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं ई–मेल सहित विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर रजिस्टर्ड डाक तथा कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। साक्षात्कार की तिथि दूरभाष या रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचित की जायेगी। सम्पर्क सूत्र : 9450187707, 7080495959
प्रबन्धक

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन तीन परियोजनाओं सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं से सम्बन्धित निर्माण आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत तोड़ी गई सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में दिसम्बर तक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन जगहों पर रोड की गुणवत्ता ठीक नहीं है, वहां दोबारा सड़के बनवाएं। इसमें रोड़ रेस्टोरेशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त ओएचटी के फिनिशिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए परियोजना को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उसी निर्धारित समय में नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएं। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित वीडब्ल्यूएससी के ग्राम प्रधान व सचिव सहित सात अन्य नामित सदस्यों की विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कराएं, जिससे नियमित जलापूर्ति एवं पानी की गुणवत्ता का क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जा सके।

अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिए कि जल निगम के अभियन्ता फील्ड में जाकर चौपाल लगाकर आईएसए एवं आईईसी एक्टिविटी के माध्यम से जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रचार-प्रसार कराएं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आशीष कुमार भारती, सेन्सिस टेक लिमिटेड के डिप्टी टीम लीडर, फर्म एलएण्डटी के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित सहाय, जीवीपीआर के डीपीएम एस मौर्या आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने धार्मिक स्थलों बड़ी मस्जिद उटारखाना व डरियन टोला मस्जिद का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शासन के मानक अनुसार जनपद के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) की जांच की एवं मानक के विपरीत लाउडस्पीकरों की ध्वनि न रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वॉक कर रहे आम लोगों से वार्ता कर कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ आम जनमानस की भी होती है ताकि जनपद व प्रदेश में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# युद्धस्तर पर पक्षकारों को तामील कराएं सम्मन- जिला जज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सभी विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक गुरुवार को की।बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी विभाग ऐसे मामलों को चिन्हित कर लें, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। साथ ही सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेंजे जाएं और युद्ध स्तर पर इन्हें तामील कराया जाए।

प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व चकबन्दी वाद, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक,बैठक में श्री राममणि पाठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला सूचनाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपनिबन्धक राजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को बताया पेयजल का महत्व, संरक्षण के लिए किया प्रेरित




**चित्रकूट ब्यूरो-** जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता बनाए रखने व पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में गुरुवार को पेयजल सप्ताह अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड रामनगर एवं मानिकपुर के ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान व हनुवा सरहत में आशा, आंगनबाड़ी एवं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का उद्देश्य, संचालन एवं रखरखाव, दूषित जल का प्रयोग नहीं करने, घर के आसपास सफाई बनाए रखने, जल जनित बीमारियों से बचाव व उपचार की जानकारी देते हुए पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# जल्द से जल्द सड़कों को कराएं गड्ढ़ा मुक्त- डीएम

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के संबंध में समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष वार जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड, अदर डिस्ट्रिक्ट रोड़ के संबंध में जानकारी लेते हुए अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले में गढ्ढा मुक्ति कार्य की जानकारी भी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड ने बताया कि सड़कों को ब्लॉक वार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्ति कराकर उन्हें अवगत कराना है। इसी क्रम में जनपद में सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए।

# इग्नू का उद्देश्य पारदर्शिता के सम्पन्न हों सत्रांत परीक्षा- अनिल

**▶▶ इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया ऑनलाईन निरीक्षण**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी सहित अन्य जनपदों में हुई परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को वर्चुअल गूगल मीट के माध्यम से देखा गया।इस दौरान वरिष्ठ निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने सभी परीक्षा अधीक्षकों एवं केन्द्र समन्वयकों को इग्नू के दिशा-निर्देशों के अनुसार सत्रांत परीक्षा को मानकों एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देशित किया। डॉ मिश्रा ने दिव्यांगता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर भी बल प्रदान किया ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके। सहायक



रजिस्ट्रार डॉ निशिथ नागर ने परीक्षार्थियों की परीक्षा हाल में शामिल होने से पूर्व जांच, परिचय-पत्र तथा एडमिट कार्ड की अनिवार्यता पर बल प्रदान किया। मीटिंग का संचालन उप-निदेशक डॉ रीना कुमारी द्वारा किया गया। समन्वयक डॉ धमेन्द्र सिंह ने परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न हो रही दिसम्बर सत्रांत परीक्षा को ऑनलाईन माध्यम से दिखाया। इस मौके पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी के आरोपी को चार साल की कैद के साथ 1,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो-** अधिवक्ता के घर हुई चोरी के मामले में सामान के साथ पकड़े गए चोर को दोष सिद्ध होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि बीती 10 जुलाई 2021 को कर्वी कोतवाली में अधिवक्ता कृष्ण कुमार तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि बीती नौ जुलाई 2021 को वह अपने साथी अधिवक्ता शिवचन्द्र सिंह के साथ कचहरी चले आए थे और उनकी पत्नी विद्यालय में पढ़ाने गई थी। दोपहर के समय जब उनकी पत्नी घर वापस लौटी और गेट का ताला खोलकर अंदर गई तो सीढ़ी के गेट का ताला टूटा हुआ मिला तथा कमरें के दरवाजे खुले थे और दोनों अलमारियों के लॉक टूटे पड़े थे। साथ ही अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों के साथ नगद 3,85,000 रुपये भी गायब थे। इसकी सूचना पत्नी ने उन्हें फोन में दी। जिसके बाद वह घर पहुंचे और तत्काल डॉयल 112 के जरिए पुलिस का सूचित किया। साथ ही कर्वी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान आरोपी राजेश जमादार को गिरफ्तार किया था।

जिसके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद भारती ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राजेश जमादार को चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# नवनियुक्त 14 कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों ने बांटा नियुक्ति पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा भर्ती के माध्यम से पंचायती राज विभाग, उ.प्र. जनपद-मीरजापुर के चयनित कुल 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों में से 14 को विधायकगण नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां श्रीमती सुचिस्मिता मौर्या, छानबे श्रीमती रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार द्वारा जिला पंचायत सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।जनप्रतिनिधिगण व जिलाधिकारी ने चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को बधाई व शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा गया कि आप सभी पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# पेट्रोल पंप लूटकांड के तीनों आरोपी नकद सहित गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** दो दिनों पूर्व हुई पेट्रोल पंप लूट कांड के तीनों अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की बड़ी राशि भी बरामद। इस मामले में सबसे बड़ा खुलासा ये हुआ कि पम्प का कर्मचारी ही घटना का मास्टर माइंड निकला।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पत्रकारों को बताया कि घटना के अनावरण के सख्त निर्देश के साथ उन्होंने टीमें गठित कर दिया था और टीमों की मेहनत का परिणाम ये रहा कि दो अभियुक्त विशाल उर्फ रंगीलाल बिंद निवासी राजपुर अंतर्गत थाना पड़री और निलय सरकार निवासी देवापुर पचवल अंतर्गत थाना देहात कोतवाली 4 दिसंबर को ही मुठभेड़ में पकड लिए गए थे जिनके पैरों में मुठभेड़ के दौरान गोली भी लगी है जिनका इलाज चल रहा है और डाक्टर की सलाह के बाद उनको जेल भेजा जाएगा। उन्होंने



आगे बताया कि घटना का मास्टर माइंड और पम्प का लेखाकार रोशन पटेल निवासी मिश्र लहौली अंतर्गत थाना देहात कोतवाली को भी दबोच लिया गया।

अभियुक्तों से पूछ ताछ में मिली जानकारी के अनुसार रोशन पटेल ऑनलाइन गेम का आदी हो गया था जिसमें बहुत पैसा हार चुका था। अपना घाटा पूरा करने के लिए उसने लूट की योजना बनाई और दोनों अभियुक्तों को साथ में लेकर मोटरसाइकिल की व्यवस्था किसी अन्य से की थी।

बरामदगी के बारे मे पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुल रुपये 223580 अभियुक्तों के कब्जे से मिले हैं, रुपये 68000 अभियुक्तों के बैंक खाते के सीज कराए गए हैं, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तमन्चा तथा अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने ये भी बताया कि अभियुक्त लूट के रुपए 135000 ऑनलाइन गेम में हार गए हैं।

# जिलाधिकारी ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय, जिला पूर्ति, निर्वाचन, कोषागार, जिला प्रोबेशन, जिला पंचायत राज अधिकारी, विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 31 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया निर्देश। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज प्रातः 10 बजे संयुक्त कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण किए तथा बड़ी संख्या मे अनुपस्थित



मिले कर्मचारियों के मामले कार्यालय प्रमुखों को चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान साथ रहे अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि बायोमैट्रिक उपस्थिति का मिलान करते हुए जो कर्मचारी अनुपस्थित हैं उनसे स्पष्टीकरण की मांग करें। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी कार्यालय समय से पहुंचें अन्यथा अगली बार निरीक्षण के दौरान यदि कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनीता पत्नी स्व0 विजय बहादुर नि0 गोड़े पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ मैं अपने झोले में एक बैनामा जो मेरे पति के नाम से था जिसका विवरण अराजी नं0 347 रकबा 3 विस्वा मौजा मीरापुर बसही परगना शिवपुर तह0 व जिला वाराणसी जिसका पुस्तक सं0 एक खण्ड से 336 के पृष्ठ से 27/70 के दस्तावेज 2412 के दिनांक 29.12.2024 को हुआ था। जो कि मेरे मूल दस्तावेज कापी इलाहाबाद से फैजाबाद वाले रोड पर कहीं गिर गया है। जो कि बहुत खोजने पर नहीं मिला। मेरे मूल बैनामे की कापी का कोई दुरूपयोग न किया जाय।

मो0 9670851555

# कैरियर काउंसलिंग कर विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** चित्रकूट इंटर कॉलिज में गुरुवार को शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कैरियर सम्बन्धी जानकारी दी गई।गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के संदीप सिंह तथा एसपी पाल द्वारा विद्यार्थियों से परिचर्चा की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व व सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना तथा प्रवेश परीक्षा के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, विधि विभाग व फार्मेसी के पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रामवीर सिंह चौहान, शिक्षक श्रीनिवास त्रिपाठी, फूलचंद चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, जयशंकर ओझा, विजय पांडेय, सतीश कुमार रैकवार, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी-कौशाम्बी**

पत्रांक- 2172 /न0पा0परि0भ0/2024-25 दिनांक-05.12.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी की सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर (नियमावली-2024) अधिसूचना सं0- 912/नौ-9-2024-85ज/05टी0सी0-1 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के क्रम में असाधारण गजट विधायी परिशिष्ट भाग-4 खण्ड (क) (सामान्य परिनियम) के अन्तर्गत उल्लिखित सम्बन्धित धाराओं के अनुसार न्यूनतम मासिक किराये दर (प्रस्तावित दरों) का निर्धारण प्रतिवर्ग फिट हेतु कर दिया गया है जिसका प्रकाशन तिथि से 15 दिन की समयावधि के अन्तर्गत आमजन से सुझाव/आपत्तियॉ आमंत्रित करने हेतु किया जाता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष सभी उपलब्ध नियम एवं शर्ते असाधारण गजट विधायी परिशिष्ट भाग-4 खण्ड (क) उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9 सं0-912/नौ-9-2024-85ज/05 टी0सी0-1 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 की अधिसूचना के अनुसार यथावत ही रहेगी न्यूनतम मासिक किराये की दरें निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | वार्ड का क्रमांक | सम्पत्ति कर का प्रकार | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 12 मी0 से अधिक 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 9 मी0 से अधिक 12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 9 मी0 तक के चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खुली भूमि/भूखण्ड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | 01 से 25 | आवासीय | 1.10 | 0.90 | 0.75 | 0.60 | 0.90 | 0.80 | 0.60 | 0.50 | 0.75 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.30 |

आवासीय भवनों और भूमि के मामले में आच्छादित क्षेत्रफल और भूमि का प्रति इकाई क्षेत्रफल मासिक किराये की दर उपनियम-1 के अधीन किराये की मासिक न्यूनतम दर का गुणांक अधिनियम की अनुसूची मे उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार होगा। अन्य सभी उपलब्ध/शर्ते भी असाधारण गजट में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ही रहेगी। भविष्य में सीमा विस्तार के पश्चात् जुडने वाले क्षेत्र की दरें उपरोक्तानुसार प्रभावी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
भरवारी-कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
भरवारी-कौशाम्बी

**सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता मो युनुस पुत्र स्व गरीब उद्दीन की मृत्यु 15/11/1997 को गई थी। अतः मुझे मेरे पिता मो युनुस के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

सुभान रजा पुत्र मो युनुस
निवासीः वार्ड नं चार, लाल बहादुर शास्त्री नगर, इस्माइलपुर,
नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम
तहसील सिराथू, जनपद कौशाम्बी

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सासंद राहुल व प्रियंका गांधी को सम्भल जाने से रोकने के विरोध में कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर जताया विरोध



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जननायक नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी को सम्भल जाने से रोकने के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कांग्रेस कमेटी ने शहीद चौक पर कैंडल जलाकर भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय मिलने के लिए प्रार्थना की उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने शहीद चौक पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को गाजीपुर बार्डर पर अलोकतांत्रिक तरीके से रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, राहुल गांधी न सिर्फ सांसद है बल्कि नेता प्रतिपक्ष लोकसभा भी है, भाजपा सरकार द्वारा उन्हें जबरन रोकना यह साबित करता है कि सरकार सम्भल की घटना का सच देश और दुनिया से छिपाना चाहती है, कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों के लिए भय का माहौल बनाकर सत्ता में बनी रहना चाहती है, सरकार के पक्षपात वाले रवैये की वजह से देश के मुसलमानों का न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ रहा है, जो देश हित में सही नहीं है।

कैंडल प्रार्थना सभा में प्रमुख रूप से विजयशंकर अग्निहोत्री, राजकुमार दीक्षित, अजीत सिंह, सूर्य कुमार बाजपेई, सुनील प्रताप भदौरिया, आशीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, संजीव शुक्ला, मो.उस्मान घोसी, शैलजा सिंह, आयुष द्विवेदी, मनोज मिश्रा, अजीजुल हसन, प्रमोद पाण्डेय, शादाब खान, यज्ञदेव शर्मा, अखिलेश मिश्रा, अमित मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, सुमित कुमार विमल, मो.सलीम, रमाकांत त्रिपाठी, मदन सिंह परिहार आदि अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## बाल्हेमऊ के लोग साड़ो के आतंक से परेशान

**लालगंज रायबरेली।** सड़कों पर जगह-जगह घूम रहे आवारा पशुओं से लोग परेशान हैं। खास तौर से सांड़ प्रजाति के पशु लोगों को चोट पहुंचा रहे हैं। ऐहार ग्राम पंचायत के बाल्हेमऊ स्थित शिवाले के पास दो सांड उग्र हो गए हैं जो काफी लोगों को चोट पहुंचा चुके हैं। गांव के पूर्व ग्राम प्रधान राजकिशोर सिंह बघेल, रामसन अग्रहरि, आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि बाल्हेमऊ में घूम रहे साड़ घातक हो चुके हैं। अचानक लोगों के ऊपर हमला बोल देते हैं जिससे लोगों का बचना मुश्किल हो रहा है। कई बार वन विभाग ब्लॉक के अधिकारियों से शिकायत की गई है लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। बताते चले कि सरकार के द्वारा ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आवारा पशुओं को हर हाल में गौशालाओं में भेजा जाए लेकिन ब्लॉक के कर्मचारी की लापरवाही से आज भी आवारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं और लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है।

# सदर विधान सभा के भरतगंज में सपा की सभा सम्पन्न




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी विधान सभा सदर की ओर से एक जनसभा भरतगंज में विधान सभा अध्यक्ष योगेश्वर पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा का संचालन शिवबरन यादव ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि आज किसान खाद-पानी बीज के लिए परेशान है। मँहगाई, बेरोजगारी चरम पर है। उप चुनाव में सरकार द्वारा लोकतंत्र की लूट की गयी। इन समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए सरकार ने सम्भल में प्रायोजित दंगा कराया, जिसमें पांच निर्दोषों की जान चली गयी एवं दर्जनों लोग घायल हो गये। बैठक के प्रभारी मो0 हसीन ने कहा कि संगठन बूथ स्तर तक मजबूत करना है एवं मतदाता सूची में छूटे नाम जोड़ने में कार्यकर्ता सहयोग करें। पर्यवेक्षक नीलेश यादव ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा अंश निर्धारण में बहुत लापरवाही की जा रही है, सभी लोग जागरूकता परिचय देकर अपनी-अपनी खतौनी की जांच करते हैं। वरिष्ठ समाजवादी नेता महादेव प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। सभी को पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने की आवश्यकता है। सभा को घनश्याम यादव, अनुराग, मंजेश वर्मा, अनुज सिंह, रजनीश कुमार, जगदीश प्रसाद, रामनरेश राज बहादुर, गंगा प्रसाद, प्रदुमन, दीपक सिंह, इम्तियाज, रमेश सिंह, कुलदीप, अमन, शिव सागर, राधेश्याम आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# बिना मान्यता चल रहे स्कूल को प्रशासन ने किया सील



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी और खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने बिना मान्यता के चल रहे स्कूल को सील कर दिया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि रेवाड़ी पसियाखेड़ा गांव के पंच राज सिंह पुत्र रामशरण ने जिलाधिकारी से बढ़ईन का पुरवा मजरे बंडई में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल की शिकायत की थी। मामले की जांच 27 नवंबर को की गई थी ।मौके पर स्कूल चलता हुआ पाया गया था 60 बच्चे और सात अध्यापक स्कूल में मौजूद थे लेकिन संचालक पवन शर्मा मान्यता के कोई कागज नहीं दिखा पाया। पवन शर्मा को स्कूल बंद करने का निर्देश दिया गयाथा। लेकिन उसके बाद भी स्कूल के संचालित होने की शिकायतें मिल रही थी ।मामले में उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देश पर गुरुवार को मौके पर जांच की गई ।स्कूल बंद था। संचालक फरार था। स्कूल में सरकारी ताला लगाकर सील कर दिया गया है। अब अगर स्कूल खोला गया तो कानूनी कार्रवाई होगी। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# साहित्यिक प्रतियोगिता के तहत भाषण कला का हुआ आयोजन



**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज, लालगंज, रायबरेली में आयोजित साहित्यिक प्रतियोगिता के चौथे चरण के रूप में एक रोमांचक भाषण प्रतियोगिता (एक्सटेम्पोर) का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाशाली छात्रों ने तात्कालिक भाषण कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और तर्कशक्ति को बढ़ावा देना था। विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतिभागियों को वर्तमान घटनाओं से लेकर दार्शनिक विचारों तक विविध विषय दिए गए, केवल एक मिनट की तैयारी के साथ, छात्रों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ भाषण दिए। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सार्वजनिक भाषण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, एक्सटेम्पोर केवल ज्ञान का परीक्षण नहीं है, बल्कि यह धैर्य और विचारों की स्पष्टता की परीक्षा भी है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, डॉ प्रिया दुबे एवं डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा के द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों के विषयवस्तु, स्पष्टता और प्रस्तुति कौशल पर ध्यान दिया। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सार्वजनिक भाषण कौशल को निखारते हैं, बल्कि छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार भी करते हैं। उन्होंने यह बताया कि यह प्रतियोगिता केवल बोलने की क्षमता का परीक्षण नहीं बल्कि बौद्धिकता और अभिव्यक्ति का उत्सव भी है। डॉ प्रिया दुबे ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं के त्वरित सोचने और प्रतिक्रिया देने की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन है जिससे प्रतिभागियों में विचारों की स्पष्टता और अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित होती है जो आज की दुनिया में एक बेहद महत्वपूर्ण कौशल है। इसी के साथ डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक्सटेम्पोर स्पीकिंग को महत्वपूर्ण सोच और सार्वजनिक भाषण कौशल विकसित करने का एक उपकरण बताया। और छात्रों को इस तरह के और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे अपने आत्मविश्वास का निर्माण कर सकें और अपने दृष्टिकोण का विस्तार कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर बी ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र निशांत अग्निहोत्री रहे , द्वितीय स्थान पर सयुक्त रूप से नयन यादव एवं आकांक्षा सिंह रही, तृतीय स्थान पर अनुप्रिया सिंह रही।

# सड़क हादसे में माँ बेटे की दर्दनाक मौत,एक गंभीर रुप से घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन,रायबरेली।** सलोन क्षेत्र के मानिकपुर मार्ग पर विभत्स सड़क हादसे में माँ बेटे की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के वक्त बेटा मां की गोद में था।

जबकि एक के गम्भीर रूप से घायल होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है।दुर्घटना में एक बच्ची समेत दो लोग बाल बाल बच गए।घटना को अंजाम देकर भाग रहे डम्फर चालक को ग्रामीणों दौड़ाकर पकड़ लिया।

दुर्घटना इतनी विभत्स थी महिला का सिर धड़ से अलग हो गया।जिसे देखने वालों की रूह कॉप उठी।जानकारी के मुताबिक सुषमा(40) पत्नी वीरेंद्र गुप्ता निवासी नायन अपने बच्चो कृष्णा(1)पूर्णिमा(8)वामिका(2)के साथ अपने मायके जनवामऊ परियावा जनपद प्रतापगढ़ अपनी बीमार माँ को देखने गई थी।गुरुवार को सुषमा अपने भाई सजन गुप्ता पुत्र संतोष के साथ बच्चो को साथ लेकर बाइक से घर लौट रहे थी।शाम लगभग चार बजे के करीब सलोन मानिकपुर मार्ग स्थित लालापुर गांव के समीप से महिला गुजर रही थी।प्रत्क्षयदर्शियों के मुताबिक सलोन से एक डम्फर धरई मार्ग की तरफ जा रहा था।बाइक सवार युवक ने जैसे डम्फर को देखकर बाइक साइड में लगाना चाहा उसकी बाइक स्लिप होकर गई।वही गोद मे बेटे कृष्णा को लिए सुषमा डम्फर के नीचे गिर गई।जिसके नीचे आने से महिला का सिर धड़ से अलग होकर दस फिट दूर जा गिरा।जबकि बेटे ने मां की गोद मे दम तोड़ दिया।गम्भीर रूप से घायल किशोरी पूर्णिमा को सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।जबकि मृतका का भाई सजन गुप्ता और दो वर्ष की वामिका बाल बाल बच गए।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला बाइक सवार भाई और बच्चो के साथ अपने घर लौट रही थी।लालापुर गांव के समीप दुर्घटना में माँ बेटे की मौत हुई है।

एक बच्ची की हालत नाजुक है।दो लोग सकुशल बच गए है।शव को पीएम के लिए भेजकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने उठाई व्यापारी हित के लिए आवाज,जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** गुरुवार को ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पहुंचकर अपने प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ एक दिन पूर्व प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के विरोध में सड़क किनारे रेहड़ी पटरी के छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न और अवैध वसूली के खिलाफ व्यापारी हित में जमकर आवाज उठाई और एक ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को देकर छोटे रेहड़ी पटरी व्यापारियों का शोषण न किए जाने और बड़े व्यापारियों और उत्पादनकर्ताओं पर कार्यवाही करने के साथ व्यापारियों से जुर्माने में लिए गए पैसे वापस दिलाने का अनुरोध भी किया। ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि बीते बुधवार 4 दिसंबर 2024 को तंबाकू नियंत्रण अभियान के नाम पर 143 छोटे छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी पटरी वालों से अभियान के नाम पर जो अवैध वसूली की गई है उसका हमारा व्यापार मंडल कड़ा विरोध करता है और अनुरोध करता है कि इन व्यापारियों से वसूला गया रुपया उनको वापस कराया जाए और धूम्रपान/तंबाकू का कार्य करने वाले थोक विक्रेताओं एवं सेल्समैनों पर कार्यवाही की जाए, छापा मारा जाए, जुर्माना लगाया जाए, न की छोटे छोटे व्यापारियों का शोषण और अवैध तरीके से परेशान किया जाए। आपको यह भी बताना चाहता हूं कि इस संबंध में एक वर्ष पूर्व में भी चौहान गुट ने ज्ञापन देकर अनुरोध किया था कि रेहड़ी पटरी वाले छोटे व्यापारियों को परेशान न किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता तो चौहान गुट सड़कों पर उतरकर घोर विरोध करेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव संदीप पाठक, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, अमित मिश्रा, नगर अध्यक्ष आशीष वर्मा, महताब, विजय जायसवाल, मो0 नजर, भगवानदीन, शिवम सोनी, सरवरी बेगम, नीलेश प्रजापति, प्रशांत बाजपेई, रज्जन सोनी, सुशील सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गेहूं की बुवाई करते समय ट्रैक्टर में लगी आग और टैक्टर जलकर हुआ खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा गांव के नजदीक खेत की जुताई कर रहे जानडियर ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रैक्टर आग का गोला बन गया और जलकर खाक हो गया। तो वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी व कोतवाली पुलिस तथा 112 पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक आग ने ट्रैक्टर को अपने आगोश में लेकर खाक कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा गांव निवासी अशोक कुमार मौर्या का खेत अतरेहटा गांव के नजदीक रोड पर स्थित तालाब के बगल में है जिसकी जुताई शाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी रूद्र नगर वार्ड नंबर 6 नगर पंचायत महराजगंज कर रहा था तथा गेहूं की बुवाई सुपर सीडर द्वारा जानडियर ट्रैक्टर से की जा रही थी, कि अचानक दोपहर 3रू30 बजे शार्ट सर्किट से ट्रैक्टर जलने लगा,जैसे ही ट्रैक्टर ड्राइवर व मालिक तथा खेत मालिक को जानकारी हुई वैसे ही अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया तथा उपस्थित लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस तथा ग्रामीणों की मदद से भरसक प्रयास किया गया लेकिन तब तक टैक्टर जलकर खाक हो गया था ।

वही ट्रैक्टर मलिक मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ ने बताया कि अभी नया ट्रैक्टर जॉन डियर को लिए हुए एक माह भी नहीं हुआ और शार्ट सर्किट से जुताई करते समय अचानक आग लग गई जिससे आग टंकी में पहुंच गई और आग ने ट्रैक्टर को अपने आगोश में ले लिया तथा ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई0वी0एम0 वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां साफ सफाई, सुरक्षा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को चेक किया तथा ई.वी.एम, वी.वी. पैट व कंट्रोल यूनिट के रख-रखाव को देखा गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों व साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही किसी के द्वारा न बरती जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# जनपद में डीएपी 3780 मी0 टन एवं एनपीके 1835 मी0 टन वितरण हेतु निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रों एवं गोदामों पर उपलब्ध

**रायबरेली।** जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के कृषक बंधुओं से कहा है कि चालू रबी सीजन में 04 दिसम्बर 2024 तक जनपद में डीएपी 3780 मी0 टन एवं एनपीके 1835 मी0 टन वितरण हेतु निजी व सहकारी बिक्री केन्द्रों एवं गोदामों पर उपलब्ध है। चालू रबी सीजन में 1 अक्टूबर 2024 से 04 दिसम्बर 2024 तक डीएपी 20744 मी0 टन एवं एनपीके 9416 मी0 टन कुल 30160 मी0 टन फास्फेटिक उर्वरकों की बिक्री हुई है। विगत वर्ष 1 अक्टूबर 2023 से लेकर 04 दिसम्बर 2023 तक डीएपी 23365 मी0 टन एवं एनपीके 6949 मी0 टन कुल 30314 मी0 टन फास्फेटिक उर्वरकों की बिक्री हुई थी।इस प्रकार विगत रबी सीजन की अपेक्षा चालू रबी सीजन में एनपीके 2467 मी0टन की अधिक बिक्री हुई है जबकि डीएपी की 2621 मी0 टन कम बिक्री हुई है जिसका एक कारण फास्फेटिक के रूप में एनपीके की बिक्री विगत वर्ष से अधिक होना भी है।चालू रबी सीजन में जनपद में लगभग 80 फीसदी क्षेत्रफल में फसलों की बुआई हो चुकी है। इस समय रवी फसलों की बुवाई अपने अंतिम चरण में है जिस हेतु फास्फेटिक उर्वरक जिसमें डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग किसान बंधुओं द्वारा किया जा रहा है की समुचित मात्रा उपलब्ध है। किसान भाई डीएपी के स्थान पर अन्य फास्फेटिक उर्वरक जैसे एनपीके, टीएसपी (ट्रिपल सुपर फास्फेट) एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग गेहूँ व अन्य फसलों की बुवाई के समय कर सकते हैं। विगत वर्षो की भांति उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। जनपद के रैक पॉइंट पर कल दिनांक 06 दिसम्बर को आरसीएफ कंपनी की आधी रैक डी ए पी एवं टी एस पी लगने की सम्भावना है, जिसमे प्राप्त होने वाली मात्राओं का प्रेषण निजी व सहकारी दोनों क्षेत्रों में कराया जायेगा। कतिपय समाचार पत्रों में फास्फेटिक उर्वरकों मुख्य रूप से डीएपी की कमी होने के सम्बन्ध में प्रकाशित खबरें आधारहीन हैं तथा समुचित रूप से सही नहीं है एवं वास्तविक स्थिति से अलग हैं। इसलिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा उर्वरकों का अग्रिम भंडारण ना करें। साथ ही जोत के अनुरूप बोई जाने वाली फसलों के दृष्टिगत संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का क्रय करें। उर्वरक की आपूर्ति किसान बंधुओं के उपयोग हेतु लगातार कराई जा रही है।

# बरात से लौट रहे तीन युवकों ने टैंकर ने मारी टक्कर,तीनों की हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन रायबरेली।** बारात में शामिल होकर लौट रहे बाइक पर तीन युवकों को राख से भरे हुए टैंकर ने टक्कर मार दी। जिसके बाद टैंकर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया,घटना में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली क्षेत्र के बल्लू का पुरवा,मजरे पकसरावां निवासी अखिलेश सरोज (24) वर्ष पुत्र मोहन लाल अपने ही पारिवारिक भतीजे गोविन्द सरोज, निवासी पुरे खिली और अपने रिश्तेदार संग्राम सरोज के साथ गौसपुर गाँव में एक बारात में शामिल होने गए थे।रात में वापस लौटते समय रोहनिया सीएचसी के निकट ऊंचाहार सलोन मार्ग पर तरईया मोड़ पर जैसे ही वह पहुंचे तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित कैप्सूल टैंकर से उनकी टक्कर लग गई। राख से भरे टैंकर की टक्कर से तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना के दौरान एक युवक अखिलेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तथा दोनों घायलों गोविन्द और संग्राम को इलाज के लिए सलोन सीएचसी मे भर्ती कराया गया था।जहां संग्राम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, और गोविंद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। परंतु गंभीर रूप से घायल होने की वजह से गोविंद की भी जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।और मामले में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।सलोन थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को इलाज के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रो में भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान तीनों युवकों की अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रो पर मौत हो गई है। जिनके शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।और पूरे मामले में विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कर दी गई है। दुर्घटना के दौरान टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है।

वहीं चालक टैंकर छोड़ कर फरार है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दिया जाएगा।

# विश्वविद्यालय की परीक्षा में नकल करते पकड़े गए सात परीक्षार्थी

## रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा में विश्वविद्यालय ओड सेमेस्टर परीक्षा में कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने सात परीक्षार्थियों को नकल करते हुए गुरुवार को पकड़ा।



लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज में एलएलबी प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर; बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा बीए/बीएससी तृतीय सेमेस्टर की फिजिकल एजुकेशन विषय की विश्वविद्यालय ओड सेमेस्टर परीक्षा तीन पारियों में हो रही है। प्रथम पाली की परिक्षा में रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में विभिन्न महाविद्यालय के सात परीक्षार्थियों को अनुचित साधन प्रयोग करते हुए पकड़ा गया।

गुरुवार सुबह की प्रथम पाली की परीक्षा कुल 10 कमरों में थी, जिसमें 660 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 543 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी एवं शेष 117 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह के औचक निरीक्षण में विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर राजकुमार गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र कुमार जायसवाल, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं आंतरिक उड़ाका दल ने सघन तलाशी ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ओड सेमेस्टर परीक्षा नकल विहीन कराने के लिया महाविद्यालय प्रतिबद्ध हैं।उक्त जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सच्चिदानंद त्रिपाठी ने दी है।

### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर हेतु सत्यम कुमार केसरी बने टीम लीडर

**नैनी(प्रयागराज)।** राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ और एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वाधान में 05 दिसम्बर से 11 दिसम्बर, 2024 तक एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (उत्तर प्रदेश) में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर आयोजित किया गया है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की सहभागिता के लिए शूआट्स के सत्यम कुमार केसरी, कार्यक्रम अधिकारी को टीम लीडर नामित किया गया।

शिविर में शूआट्स के 02 रा.से.यो. स्वयसेवकों द्वारा सहभागिता की जानी है।

# छत के रास्ते दाखिल हुए चोरों ने नगदी समेत लाखों का आभूषण किया पार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौंधियारा (प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत बुधवार को बीती रात ग्राम पंचायत उमरी तालुका में विपिन तिवारी पुत्र राजेश तिवारी के घर में चोरों ने छत के रास्ते कमरे में दाखिल हो गए और आंगन में पहुंचकर कमरे में पहुंच गए कमरे में रखा बक्सा आलमारी का ताला तोड़कर लाखो रुपए का आभूषण पचास हजार नगदी उठा ले गए घर के स्वजन दूसरे कमरे में सो रहे थे लोगो को रात 2 बजे ही कुछ आहट हुई तो तब उठाकर देखा तो चोरों ने बाहर से दरवाजा की कुंडी लाक किया था। तब तक घर के स्वजनो की नींद खुली तो चोरों ने घटना को अंजाम देकर भाग निकले थे।जिससे चोरी की घटना सुनते ही लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 एवं इंस्पेक्टर कौंधियारा राजेश सिंह को सूचना दी गई सुबह डाग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया पीड़ित राजेश तिवारी बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते है। थाना अध्यक्ष ने बताया की जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## विवेचना पूर्ण ना होने पर उच्य न्यायालय ने गोरखपुर एसएसपी को किया तलब

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रदेश के कई डॉक्टरों एवं गोरखपुर के डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बना कर पैथालॉजी सेन्टर चलाए जाने वाले गिरोह के केस में राम पांडे उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मुकदमा डाला। जिसमें अधिवक्ता अश्विनी कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कैविएट डाले जाने के कारण उन्हें इसकी सूचना प्राप्त हुई।

इसी प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट 17 मई 2024 को राहुल नायक द्वारा दर्ज कराई गई जिसमें मुख्य आरोपी राम पांडे और अलाउद्दीन को बनाया गया है। इसमें जब गोरखपुर पुलिस जांच कर रही है थी तो यह पता चला कि यह लंबा गिरोह है। यह गिरोह इस प्रकार का कार्य कर रहा है और डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बनवाकर पैथोलॉजी खुला रही है।

इसी प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को शपथ पत्र (22 मई 2024) के द्वारा सूचना दी गई की प्रयागराज में राहुल नायक के नाम से एक पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन करवा कर उपयोग किया जा रहा है। जो ना मेरे जानकारी में है और ना ही मैं इस संदर्भ में कोई सूचना प्राप्त किया हूं। इसी प्रकरण में न्यायालय ने एसएसपी गोरखपुर से एफिडेविट पर इस संदर्भ में जवाब मांगा तो वह न एफिडेविट पर जवाब दिए और ना ही इस प्रकरण में अवगत करवाए। इसी प्रकरण में विवेचना पूर्ण न होने पर उच्च न्यायालय की डबल बैंच न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार द्वारा फटकार लगाते हुए गोरखपुर एसएसपी को किया तलब और जवाब मांगा।

इस केस को डॉक्टरों की तरफ से अश्वनी कुमार श्रीवास्तव और अभ्युदय मेहरोत्रा से पैरवी कर रहे हैं।

## हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए नहर विभाग संकल्पित




**नारीबारी (प्रयागराज)।** कमला टोंस पंप नहर गौरा लोहरा की सफाई के काम को गति देने के लिए विधायक डॉ वाचस्पति ने फीता काटकर उदघाटन किया । आने वाली रवी की फसल की सिंचाई को सुखद बनाने के लिए यह प्रयास सार्थक होगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के बारा विधान सभा के अंतर्गत टोंस पंप नहर प्रखण्ड लोहरा गौरा का उदघाटन किया गया ।विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिल्ट सफाई अभियान चलाकर जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। उक्त मौके पर अधिशासी अभियंता प्रवीण जोशिया सहायक अभियंता दिलीप कुमार, पी के त्रिपाठी, एवं अपर अभियंता विपिन कुमार, नितीश चौबे एवं रोहित शर्मा और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## अजय यादव को मिली पीएचडी उपाधि,खुशी की लहर



**नारीबारी (प्रयागराज)।** चाकघाट के मशहूर शिक्षक अजय यादव को शिक्षा शास्त्र विषय में÷हाईस्कूल स्तर के समावेशी शिक्षा में व्यावहारिक कठिनाइयां एवं चुनौतियों का एक अध्ययन रीवा जिले के संदर्भ में÷ शीर्षक से डॉज़्वंदना चतुर्वेदी जैसे सुप्रसिद्ध विद्वान व शोध-निर्देशक के अंतर्गत शोध-कार्य सम्पन्न हुआ।इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपनी पूज्यनीया माता जी,परिवारीजन,विद्वान गुरुजनों को दिया।चाकघाट अंचल में अपने घरेलू नाम सदन से सुविख्यात है।अपनी व्यवहारिक कुशलता व कार्यशैली के लिए अंचल की प्रत्येक शिक्षण संस्थाओं में आपको सम्मानित स्थान प्राप्त है।वर्तमान में पूर्व मंत्री रमाकांत तिवारी के कॉलेज में बीएड विभाग के प्रभारी हैं।खुशी के इस मौके पर डॉज़्सतीश मिश्रा,डॉज़्प्रदीप तिवारी,विभव जायसवाल,रवि शंकर केशरवानी,संदीप मिश्रा,डॉज़्नीरज तिवारी,अनुराग त्रिपाठी, सुनील मांझी, सुशील केशरवानी आदि लोगों ने बधाई दी।

# शिक्षा योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन-डॉ के पी श्रीवास्तव

## उन्मुखीकरण कार्यशाला में पँचायत व नगर निकाय प्रतिनिधियों ने किया प्रतिभाग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** विकास खण्ड मेजा के विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस में प्रधान, प्राधिकारी निकाय के सदस्य, प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक को लेकर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और उनकी प्रभावशीलता को सुनिश्चित करना रहा है।



कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ के पी श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक डॉ के पी श्रीवास्तव ने कहा, ÷सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे डीबीटी, ऑपरेशन कायाकल्प, और निपुण भारत मिशन को समाज के हर कोने में पहुँचाना आवश्यक है।÷ उन्होंने इस तरह की कार्यशालाओं को शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया है।, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है। जिला पंचायत सदस्य बाबा तिवारी ने कहा कि कोई भी स्कूल यदि संपर्क मार्ग से दूर हो तो उससे जोड़ने का काम मेरी जिम्मेदारी होगी। खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने ग्राम प्रधानो और जनप्रतिनिधियों से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत ब्लॉक के सभी विद्यालयों को मूलभूत सुविधाओं के 19 मानकों पर संतृप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। संगोष्ठी में कंपोजिट विद्यालय पथरा के बच्चे ने सरस्वती वंदना और गीत प्रस्तुत किया तथा मेजा के छात्रों ने स्काउट के धुन से स्वागत किया।कार्यशाला में उत्कृष्ट सहयोग के लिए लोटाढ़ प्रधान सहित कई प्रधानों और नौ निपुण शिक्षकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन मनीष तिवारी अध्यक्ष शिक्षक संघ मेजा ने किया और आभार बी के मिश्र ने दिया।कार्यशाला में बाबा तिवारी,रिंकू ओझा काजी मुहज्जन प्रधान सुरेश तिवारी अध्यक्ष प्रधान संघ,अध्यक्ष साधन सहकारी समिति राहुल तिवारी ,मुलायम सिंह यादव,शशि कांत पांडेय प्रधान मदरहा सुषमा मिश्र सहित विकास खण्ड के कई ग्राम प्रधान, शिक्षक अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग पांडेय,वी के मिश्र, गोपाल यादव, यामवन्त सिंह, अनामिका पांडेय रागिनी वर्मा प्रीति सिंह सिंह उपमा शुक्ला सरिता मिश्र कन्हैया लाल पांडेय,श्याम बहादुर सिंह, अवनीश मिश्र अनीता वर्मा रंजना पांडे प्रवीण द्विवेदी मिलिंद द्विवेदी अंशुमान सिंह संदीप तिवारी मोहम्मद हसीब सिद्दीकी रागिनी वर्मा संतोष अहिरवार अर्चना ,रेणु,सरिता सहित कई प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

### सृजन हॉस्पिटल में इनकम टैक्स का छापा

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एल्गिन रोड पर संचालित सृजन हॉस्पिटल में गुरुवार को इनकम टैक्स की छापेमारी हुई है। सुबह 7 बजे से टीम पुलिस फोर्स के साथ यहां पहुंची है। अस्पताल के अकाउंटेंट डिपार्टमेंट व अन्य विभागों से पूछताछ की जा रही है। यह हॉस्पिटल लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. सविता अग्रवाल व उनके पति डॉ. बीबी अग्रवाल का है जो भाजपा से भी जुड़े हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर के फिनिक्स हॉस्पिटल में भी इनकम टैक्स की छापेमारी की गई।उधर, छापेमारी के चलते अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं आया और कोई ओपीडी भी नहीं संचालित हुई। यहां आने वाले मरीजों को आज भर्ती भी नहीं किया जा रहा है। हॉस्पिटल के गेट पर ही पुलिस फोर्स लगा दी गई है। हालांकि इस पर कोई भी संबंधित अधिकारी इस पर कोई खुलकर नहीं बोल रहा है।

# कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बरदाश्त नहीं- राजेश पाण्डेय




**कोरांव(प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों की मासिक बैठक हूइ जिसमें कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के साथ अपनी समस्याओं के बारे मे खुल कर बात रखी तथा थाने तहसील में ब्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर किया। मासिक बैठक में प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष चर्चित किसान नेता राजेश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जिस तरह से लोक सभा मे इडिया गठबंधन के प्रत्याशी रहे उज्जवल रमण सिंह को आप लोगों ने जिता कर सदन में पहुचाने का काम किया हैं आप सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र है लेकिन जिस तरह से उपचुनाव में वर्तमान सरकार द्वारा दमन कारी नीति का प्रयोग करते हुए समाजवादी मतदाताओं को बूथ तक जाने नहीं दिया इस समस्या से निपटने के लिए हमें संगठन को और मजबूत बनाने की जरूरत है हम सब कि जिम्मेदारी है कि इस मुहिम को सफल बनाए और बूथ सेक्टर के प्रभारियों को विश्वास दिलाया कि आप लोगों के किसी प्रकार की समस्या मे हम साथ है आप लोगों का किसी भी प्रकार का शोषण उत्पीड़न बरदाश्त नहीं किया जायेगा मासिक बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष की अनुपस्थिति मे कार्यवाहक विधान सभा अध्यक्ष यादवेंद्र अहिर ने किया कार्यालय में प्रमुख रुप से जिला सचिव दिनेश पटेल युवजन सभा के जिला अध्यक्ष पवन सिघाल मंगला आदिवासी ओमप्रकाश कुशवाहा शिवदानी पाल केशरी कुशवाहा हारुन अंशारी नौशाद अंशारी सूनिल जाटव रामानुज यादव रोहित बिन्द अशोक विद्यार्थि विनय सोन्कर अश्विनी पटेल इन्द्रेश कोल के साथ सेक्टर व बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा कर्मकार स्वास्थ्य, सुरक्षा व पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण का किया आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम द्वारा फैक्ट्री अधिनियम 1948 की धारा 111 के तहत कानूनी प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कर्मकारों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण संवरिया हेल्थ सेफ्टी एंड इन्फ्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा के माध्यम से 4 दिसंबर को आयोजित किया गया।

यह संस्था कानपुर स्थित कारख़ाना निदेशक कार्यालय की एक मान्यता प्राप्त एजेंसी है, जो सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है।औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मकारों को कार्यस्थल पर सुरक्षित रहने, स्वास्थ्य समस्याओं से बचने और पर्यावरण को बचाने के उपायों के बारे में जागरूक करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन अजित बसाक, जीएम (प्रचालन एवं अनुरक्षण ) के कर कमलों द्वारा हुआ। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया गया ।प्रथम सत्र संविदाकार संस्थाओं द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए एवं दूसरा सत्र मेजा ऊर्जा निगम के इंजीनियर-इन-चार्ज व इंजीनियर- इन- चार्ज के प्रतिनिधि गणों के लिए रहा। इस प्रशिक्षण से कुल 100 कर्मकार लाभान्वित हुए।

# करोड़ों की लागत से बनी मंडी बदहाल, मार्ग चौपट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** यमुनापार लापर क्षेत्र के किसानों के हित को देखते हुए और राजस्व के पर्याप्त संसाधन की संभावनाओं को देखते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति 1991 मे स्थापना की गई है । हुआ भी कुछ ऐसा है, कि यमुनापार के ही नही दूर - दराज के किसानों व व्यापारियों कई जिले से व्यवसायी का खरीद - फरोख्त के लिए आते हैं । लेकिन सुगम मार्ग न होने से किसान व व्यापारी पूछते हैं कि मंडी जाने का मार्ग कहा से है । रविवार, बुधवार को जमघट लगता है । लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ।




मंडी समिति का आने-जाने वाली सड़क छह वर्ष से टूटी पुलिया का मरम्मत न होने से लोगों को पकड़डियों से होकर परिसर मे अनाज ले कर जाते है । वही किसानों के लिए सड़क , बिजली, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधा न होने से काफी फजीहत उठानी पड़ती है ।

मंडी विकास के लिए पर्याप्त के लिए करोड़ों रुपये की प्रति वर्ष आय होती है । सही दिशा मे प्रयोग न किये जाने से किसान व व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । मंडी परिसर मे किसानों व ब्यापारियों के लिए अनाज रखने के लिए कोई गोदाम न होने से वर्षा के होने पर उनके अनाज भीग जाती है ।यमुनापार के प्रधान मंडी जो अपने उर्वरा के लिए प्रख्यात है ।इसके चलते धान का कटोरा कहा जाता है । चावल के जितनी कोटि यहां सुलभ शायद ही क्षेत्र मे कही मिले । इस मंडी मे बिहार, झारखंड, राजस्थान, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज तथा मध्यप्रदेश से लोग खरीद करने के लिए आते है । लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए वर्षों से टूटी चारदीवारी की भी मरम्मतीकरण नही कराया गया ।जबकि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते बदहाली की शिकार बनी हुई है ।

प्रगतिशील किसान सुनील कुमार कुशवाहा, शांति सिंह पटेल , शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा , विनोद दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल, अनील सिंह, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी , श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, शिव मोहन द्विवेदी आदि लोगों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त धन मिलने के बावजूद उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ।

मंडी समिति सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त है यह न्यायालय मे विचाराधीन होने से काम रूका हुआ है । जल्द ही काम होगा ।

और टूटी चारदीवारी , टीन सेट, चबूतरा तथा गोदाम से के लिए प्रस्ताव भेजा गया है ।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के थाने में बैठक



**मऊआइमा।** शुक्रवार 6 दिसम्बर को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाने में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।

## निषाद समाज उत्थान के लिए उठेगी आवाज- संजय शुक्ल

### लंबित मांगों के लिए सड़क से संसद तक होगी लामबंदी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** निषादराज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय शुक्ल पार्टी के कोर मतदाताओं के उत्थान व हक के लिए शीघ्र ही लामबंदी शुरू करेंगे।श्री शुक्ल ने कहा निषाद,बिंद और मल्लाह समाज गरीब और उपेक्षित रहा है।इस समाज के वाजिब हक और सम्मान के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।



श्री शुक्ल ने एक भेंट वार्ता के दौरान निषाद,मल्लाह और बिंद विरादरी की उपेक्षा और उनकी सामाजिक स्थिति पर अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि समाज के ज्यादातर लोग भूमिहीन हैं और मुफलिसी में जीवन बसर कर रहे हैं।नदियों के तट पर बसे इस समाज का मुख्य व्यवसाय मछली पकड़ना है।गरीबी की वजह से बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करते हैं।इनकी अहम मांगे अर्से से सिर्फ लंबित है और फाइलें धूल फांक रही हैं। सरकार से निषाद समाज वर्षो से एससी/एसटी का दर्जा मांग रहा है।समाज का मानना है कि आरक्षण से उनका विकास सम्भव है।नदियों के किनारे जमीन के पट्टे की मांग भी पुरानी है।श्री शुक्ल ने कहा कि उन्हें आश्वासन तो मिला लेकिन इस पर ठोस पहल नही की गई।

निषादराज पार्टी के नेता संजय शुक्ल ने कहा कि पार्टी के रास्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने समाज को एक मंच देकर उन्हें मान,सम्मान दिया है।सड़क से लेकर सदन तक उंन्होने उनके हक के लिए आवाज बुलंद की है।श्री शुक्ल ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है।निषाद समाज भी शीघ्र ही मुख्यधारा में होगा शामिल।

# दवा दुकानदार से कट्टे नोक पर हुई लूट

## पीड़ित की तहरीर के बाद पुलिस जांच में जुटी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के दलई का पूरा (रामनगर) के सामने बीती रात पल्सर सवार तीन लूटेरों ने कट्टे की नोक पर दवा दुकानदार से 15 हजार रुपये लूट लिए।लूट के बाद धमकी दी कि यदि घटना के सम्बंध में मुँह खोला तो जान से मार दूंगा।

क्षेत्र के परानीपुर गांव निवासी वेद प्रकाश सोनी नैनी में रहकर दवा की दुकान चलाता है। बुधवार की रात करीब दस बजे दवा व्यवसाई बैग में 15 हजार रुपये लेकर घर लौट रहा था।रास्ते में दलई का पुरा गांव के सामने पल्सर सवार बदमाश उसका रास्ता रोक लिए और उसके सिर पर कट्टा लगा दिया।

दुकानदार के बाइक की चाभी छीन ली,फिर दो बदमाश वेद प्रकाश को बाइक पर बैठाकर खानपुर को जाने वाली बेलन नहर पर ले गए, सुनसान जगह देखकर बैग में रखा 15 हजार रुपये लूट कर चले गए।पीड़ित ने सिरसा पुलिस चौकी पर तहरीर देकर घटना की जानकारी दी।पुलिस घटना की जांच में जुटी है।लोगो ने बताया कि लूटेरों और बदमाशों में पुलिस का कोई खौफ नही है।

डोरवा परानीपुर मार्ग पर इस तरह की कई वारदात हो चुकी है लेकिन खुलासे में पुलिस के नाकाम होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## तैमूर के शतक से दौलत हुसैन कॉलेज जीता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** मोहम्मद तैमूर के शतक (143 रन, 83 गेंद, 18 चौके, सात छक्के) के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने शिवपुर क्लब को 154 रन से हराकर चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक बनाये।

दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने गुरुवार को अपने मैदान पर टॉस जीतकर 34.2 ओवर में 288 रन (मोहम्मद तैमूर 143, इरशाद अहमद 51, मोहम्मद अरमान 30, तेजस सिंह 3/45, मिथिलेश 2/44, रितीश यादव 2/58) बनाकर शिवपुर क्लब को 21 ओवर में 134 रन (प्रद्युम्न 51, मोहम्मद अशर 3/06, सिद्धार्थ वर्मा 2/23, कौशल श्रीवास्तव 2/24) पर समेट दिया। तैमूर को सीनियर क्रिकेटर मोहम्मद आरिफ ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।



## मनमानी चल रहे निजी अस्पताल, जांच में मरीजों की हो रही सांसत

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** नियम के विरुद्ध चल रहे अस्पतालों को फलता फूलता देख दिन प्रतिदिन निजी अस्पतालों की संख्या बढ़ती जा रही है । साइन बोर्ड में लिखे माहिर विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम बेचे जा रहे हैं । अस्पताल में डाक्टर न होने के बाद प्राथमिक उपचार से लेकर गंभीर बीमारी वाले मरीजों के इलाज करने का दावा किया जा रहा है । कस्बा में स्टेट राजमार्ग पर एक तरफ अस्पतालों की जहां भरमार है । वहीं लेड़ियारी से कोरांव भी नए - नए अस्पताल खुल गए हैं । खीरी रोड़ स्थित के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरहिर, इटवा की दो दुकानों में अस्पताल संचालित है । आए दिन चिकित्सा नदारद होता है । आए दिन अस्पताल बंद होने से मरीजों ने अस्पताल जाना छोड़ दिया । वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खीरी, लेड़ियारी का भी हाल बेहाल है । यहां कई वर्षो से डाक्टर की तैनाती ही नहीं है । फर्माशिष्ट शिव सिंह और वार्डब्याय प्रदीप कुमार पांडेय के सहारे अस्पताल कदमताल कर रहा है । इतनी बड़ी आबादी के बीच मरीजों की एक भारी संख्या कस्बा के निजी अस्पतालों के भरोसे है । नियम के विरुद्ध संचालित हो रहे निजी अस्पताल मनमानी पर आमदा है । कुछ अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश अस्पतालों में डांक्टर तक उपस्थित नहीं होते । लेकिन बेड पर इलाज के लिए मरीजों को लिटा दिया गया है । अधिकांश अस्पतालों में मेडिकल स्टोर और पैथोलाजी संचालित हो रहे हैं । जेनेरिक दवाएं देकर तीमारदारों से मोटी रकम खींची जा रही है ।

साइन बोर्ड और लेटर पैड पर जिला के प्रसिद्ध चिकित्सकों का नाम लिख कर उन्हें अस्पताल बुलाकर मरीजों का इलाज कराने का झांसा भी खूब कामयाब है । चिकित्सा के नाम पर खीरी, लेड़ियारी, रतेवरा, बड़ोखर में चल रहे इस खेल से स्वास्थ्य विभाग बिल्कुल भी अनजान बना हुआ है ।

## बाइक सवार को चारपहिया वाहन ने रौंदा, मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** बाइक से घर जा रहे युवक को चारपहिया वाहन ने रौंद दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त घटना तीन दिसम्बर को शाम की है। बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी सुभाष चन्द्र (21) पुत्र लालजी ई रिक्शा चालक है। बताया गया है कि सुभाषचन्द्र बाइक से 3 दिसम्बर मंगलवार को शाम के समय घर जा रहा था। ग्राम सराय केशव उर्फ बागी के पास एक विद्यालय के सामने अज्ञात चार पहिया वाहन ने ज़ोरदार टक्कर मार दी।जिसे नाज़ुक हालत में एस आर एन में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान सुभाष चन्द्र की बीती रात मौत हो गई। मृतक के पिता लालजी ने गुरूवार को अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पांचवीं बार पुरुष जूनियर एशिया कप चैम्पियन बना भारत

**▶▶ फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराया**

**▶▶ अरजीत सिंह हुंदल ने 4 गोल दागकर दिलाई जीत**




**मस्कट (ओमान), (हि.स.)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने आज मस्कट (ओमान) में पुरुष जूनियर एशिया कप के हाई स्कोरिंग फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अरिजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब की हैट्रिक लगाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का पांचवां खिताब रहा। इससे पहले भारत ने वर्ष 2004, 2008, 2015 और 2023 में भी यह खिताब अपने नाम किया था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया जा सका था। हॉकी इंडिया ने इस अवसर पर प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख का नकद इनाम देने की घोषणा की।

अरिजीत सिंह हुंदल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा. भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। जबकि पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दिल किया। सूफियान का साथ हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल कर बखूबी दिया। हालांकि उनकी कोशिशें टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहीं।मैच के शुरुआत में पाकिस्तान टीम ने काफी तेजी दिखाई और खेल के तीसरे ही मिनट में शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ ही सेकेंड में भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हुंदल ने शानदार ड्रैग फ्लिक के जरिए स्कोर बोर्ड को एक-एक की बराबरी पर ला दिया।दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिससे हुंदल ने एक बार फिर गोल में बदला। एक मिनट बाद दिलराज ने भी एक बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया।

सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी।इसके बाद भारत ने तेजी दिखाई और अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए हुंदल के शॉट मारा लेकिन पाकिस्तान के गोलकीपर ने उसे बचा लिया। मगर हुंदल ने कुछ ही देर बाद मैदानी गोल दागकर भारत को फिर बढ़त में ला दिया। मैच के अंतिम 10 मिनट खेल को और तेज करते हुए भारत ने लगातार आक्रमण किया। नतीजतन पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा और इसी बीच हुंदल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5-3 से जीत सुनिश्चित की।

## हॉकी इंडिया ने की जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप के उच्च स्कोर वाले फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।की इंडिया ने पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब की रक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।भारत के लिए अराजित सिंह हुंदल (4%, 18%, 47%, 54%) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार गोल किये, जबकि दिलराज सिंह (19%) ने भी एक गोल का योगदान दिया। दूसरी ओर, पाकिस्तान के कप्तान शाहिद हन्नान (3%) और सुफयान खान (30%, 39%) ने गोल किया।भारत ने अब तक इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड पांच बार ट्रॉफी उठाई है, जिसमें 2023, 2015, 2008 और 2004 में उनकी पिछली जीत शामिल है।

# पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को स्वास्थ्य के आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत मिली



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को स्वास्थ्य के आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने कुलदीप सिंह सेंगर की प्राथमिक जांच के लिए एम्स में कल यानी 6 दिसंबर भर्ती करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने कहा कि सेंगर को 6 दिसंबर को तीन-चार दिनों के लिए भर्ती किया जाएगा, ताकि उनकी बीमारियों का इलाज हो सके। कोर्ट ने कहा कि अस्पताल से निकलने के बाद सेंगर पीड़िता से संपर्क करने की कोशिश नहीं करेंगे। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वो एम्स अस्पताल के संपर्क में रहे, ताकि कुलदीप सिंह सेंगर के मूवमेंट का पता चल सके। कोर्ट ने सेंगर को निर्देश किया कि वो जांच अधिकारी के संपर्क में रोजाना रहेंगे।कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर 3 दिसंबर को सीबीआई को नोटिस जारी किया था। कुलदीप सेंगर की ओर से पेश वकील एन हरिहरन ने कहा था कि वे केवल स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग कर रहे हैं। सेंगर की अंतरिम जमानत याचिका का पीड़िता की ओर से पेश वकील महमूद प्राचा ने विरोध करते हुए कहा था कि सेंगर को जेल के अंदर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा दी जा सकती है। उन्होंने सेंगर की मेडिकल रिपोर्ट की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए थे।सेंगर ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जो अभी लंबित है। तीस हजारी कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2019 को रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में हत्या के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर को दस साल की कैद की सजा सुनाई थी। तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर पर दस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर समेत सभी सातों आरोपितों को भी दस-दस साल की कैद और दस-दस लाख के जुर्माने की सजा सुनाई थी।रेप पीड़िता के पिता की 9 अप्रैल, 2018 को न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। 4 जून, 2017 को रेप पीड़िता ने जब कुलदीप सेंगर पर रेप का आरोप लगाया था, उसके बाद कुलदीप सिंह सेंगर के भाई अतुल सिंह और उसके साथियों ने पीड़िता के पिता को बुरी तरह पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया था। रेप पीड़िता के पिता को जेल में शिफ्ट करने के कुछ घंटे बाद ही जिला अस्पताल में लड़की के पिता की मौत हो गई थी।पीड़िता से रेप के मामले में तीस हजारी कोर्ट ने 20 दिसंबर, 2019 को सेंगर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने उम्रकैद के अलावा 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की इस रकम में से 10 लाख रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया था। तीस हजारी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ भी कुलदीप सिंह सेंगर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

# दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस मनमोहन को चीफ जस्टिस के कोर्ट नंबर एक में शपथ दिलाई गई। जस्टिस मनमोहन के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 33 हो गई है।राष्ट्रपति ने 3 दिसंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस मनमोहन 29 सितंबर, 2024 से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस समेत जजों की कुल स्वीकृत संख्या 34 है।

**▶▶ ▶▶ रचा इतिहास**

# एक बिटकॉइन की कीमत बढ़ कर 100,000 डॉलर के पार



**वॉशिंगटन, (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में बुधवार को एक बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर से अधिक हो गई। पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद इसकी कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। क्रिप्टो उत्साही लोगों ने उन्हें पहला ÷बिटकॉइन राष्ट्रपति÷ करार दिया है।अमेरिका के समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान खुद को एक बिटकॉइन उत्साही के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने अमेरिका को प्लेनेट की क्रिप्टो कैपिटल के रूप में स्थापित करने और एक राष्ट्रीय बिटकॉइन रिजर्व बनाने की बात कही थी।निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद परिदृश्य और बदलेगा। इस साल बिटकॉइन की कीमत में 100 फीसदी तेजी आई है। ट्रंप के जीतने के बाद से चार सप्ताह में इसकी कीमत 45 फीसदी बढ़ी है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। यह मास्टरकार्ड, वॉलमार्ट और जेपी मॉर्गन चेज के संयुक्त मूल्य से अधिक है।वर्ष 2008 में एक अज्ञात कोडर के बिटकॉइन बनाए जाने पर इसे अपनाने वाले हैकरों और राजनीतिक कट्टरपंथियों के विविध समूह कई बार करोड़पति बन चुके हैं। इसने सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कॉइनबेस, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज जैसी कंपनियों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है।क्रिप्टो करेंसी के इतिहास के बारे में 2019 में किताब लिखने वाले फिन ब्रंटन का कहना है कि बिटकॉइन की यह प्रभावशाली उपलब्धि है।प्रभावशाली अमेरिकी क्रिप्टो कंपनी सर्कल के मुख्य कार्यकारी जेरेमी अल्लायर ने कहा, ÷इस समय उद्योग में भारी उत्साह है।कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि फिर भी, बिटकॉइन में अत्यधिक अस्थिरता का खतरा बना हुआ है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संघर्ष करती है तो इसकी कीमत कभी-कभी गिर जाती है। क्रिप्टो फॉरेंसिक फर्म चैनालिसिस के अनुसार, हालांकि कुछ अवैध गतिविधियों में कमी आई है। साइबर अपराधियों ने साल के पहले छह महीनों में लगभग 500 मिलियन डॉलर की फिरौती भुगतान की सुविधा के लिए डिजिटल मुद्रा का उपयोग किया।बिटकॉइन 2008 में हैलोवीन पर एक इंटरनेट मेलिंग सूची पर पोस्ट किए गए नौ पेज के श्वेत पत्र में उल्लिखित विचार था। लेखक एक रहस्यमय कोडर था। उसने छद्म नाम सातोशी नाकामोटो का इस्तेमाल किया था। सातोशी की दृष्टि एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा थी जिसे लोग हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए बैंकों पर निर्भर हुए बिना विनिमय कर सकते थे। प्रत्येक लेनदेन सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाले बही-खाते पर दर्ज होते थे, जिसे ब्लॉकचेन के रूप में जाना जाता है।

# चौथी बार कोर्ट में पेश नहीं हुए कालीघाट के काकू, सीबीआई ने फिर की हिरासत की मांग



**कोलकाता,(हि.स.)।** नियुक्ति घोटाले में आरोपित 'कालीघाट के काकू' उर्फ सुजयकृष्ण भद्र ने गुरुवार को एक बार फिर कोर्ट में पेशी से बचते हुए चौथी बार अनुपस्थिति दर्ज की। सीबीआई ने उन्हें हिरासत में लेने के लिए अदालत में नई याचिका दायर की थी। हालांकि, उनके वकील ने कोर्ट को सूचित किया कि 'काकू' बीमार हैं और फिलहाल प्रेसिडेंसी जेल के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इसी आधार पर कोर्ट में उनकी गैर-हाजिरी का कारण बताया गया।सीबीआई ने 'काकू' को हिरासत में लेकर उनकी आवाज का नमूना लेने के लिए आवेदन किया है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें गिरफ्तार किया था। लेकिन सीबीआई के 'शोन अरेस्ट' (पहले से गिरफ्तार आरोपित को दोबारा गिरफ्तार करना) किए बिना यह प्रक्रिया संभव नहीं है। कोर्ट ने भी स्पष्ट किया कि बिना शारीरिक उपस्थिति के किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। इस वजह से मामले में जटिलता और बढ़ गई है।'काकू' के वकील ने कोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह पेश नहीं हो पा रहे हैं। जेल प्रशासन ने अदालत में मेडिकल रिपोर्ट जमा की है, जिसमें कहा गया है कि 'काकू' को पेट दर्द और कमजोरी की समस्या है।कोर्ट में सीबीआई के वकील ने तर्क दिया कि 'काकू' और उनके वकील जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं, 'काकू' के वकील ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर फैसला आने तक सीबीआई कोई कदम नहीं उठा सकती।

# मेडिकल कॉलेज प्राचार्य व ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष को 5.75 लाख अदायगी का आदेश

**▶▶ गलत ब्लड चढ़ाने से हुई थी महिला की मौत,**

**▶▶ परिजनों को घटना के समयावधि से 7 प्रतिशत ब्याज देने को भी कहा**



**झांसी, (हि.स.)।** गलत ब्लड चढ़ाने से महिला की मृत्यु पर पति द्वारा दायर परिवाद में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा करीब 9 वर्ष बाद महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष व प्रधानाचार्य को पांच लाख 74 हजार 693 रुपये अदायगी के आदेश दिए हैं। साथ ही मुकदमा दायर करने से अदायगी तक 07 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करने ,परिवादी को मानसिक कष्ट के लिये 50 हजार रुपये एवं परिवाद व्यय के लिये 10 हजार रुपये की अलग से अदायगी करने का आदेश दिया है।अधिवक्ता राम बिहारी बिलगैंया ने बताया कि कृष्णा कालोनी, ठंडी सडक दतिया मप्र निवासी रितेश शर्मा की पत्नी प्रियंका की बीमारी के दौरान ब्लड ग्रुप की जांच कराये जाने पर दोनों ही रिपोर्ट में प्रियंका का ब्लड ग्रुप %ओ पोजीटिव आया था। 05 मार्च 2015 को के. पलारिया नर्सिंग होम में प्रियंका के आपरेशन से बच्चा होने के बाद डाक्टर ने दो बोतल ब्लड की मांग की। मेडिकल कॉलेज में स्थित ब्लड बैंक में परिवादी को मरीज का ब्लड सैंपल लेकर एबी पोजीटिव ब्लड ग्रुप की दो बोतल दी गयी थी।

नर्सिंग होम में ब्लड चढ़ते ही मरीज की हालत बिगड़ने पर दूसरे नर्सिंग होम में उसे भर्ती कराया गया। वहां बताया गया था कि गलत ब्लड चढ़ने के कारण गुर्दे फेल हो गये हैं। मरीज ने 10 मार्च 2015 को वेटींलेटर पर ही दम तोड़ दिया। दायर परिवाद में परिवादी ने आर्थिक क्षति, मानसिक कष्ट सहित 20 लाख रुपये दिलाने की मांग की थी। इस पर आयोग अध्यक्ष अमर पाल सिंह व अन्य सदस्यों द्वारा उक्त फैसला सुनाया गया। अदायगी के आदेश दिए गए।

# सीरिया में विद्रोह के बीच हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों का हामा के ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से पर नियंत्रण



**दमिश्क, (हि.स.)।** सीरिया में विद्रोह के बीच अब अल-कायदा समर्थित आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों ने हामा गवर्नरेट के ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से में नियंत्रण कर लिया। इससे पहले लड़ाके सीरिया के महत्वपूर्ण अलेप्पो गवर्नरेट और इदलिब पर नियंत्रण की घोषणा कर चुके हैं।अरबी न्यूज वेबसाइट 963+ के अनुसार, हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाकों ने कई स्थानों पर सरकारी सुरक्षा बलों को पीछे लौटने पर विवश कर दिया। हामा मध्य सीरिया का रणनीतिक शहर है। यह अलेप्पो को दमिश्क से जोड़ता है। इसका क्षेत्रफल अनुमानित 9,000 वर्ग किलोमीटर है। इसके पतन का मतलब है कि सीरिया एक बड़ा भौगोलिक क्षेत्र हयात तहरीर अल-शाम के नियंत्रण में आ जाएगा। एक स्थानीय सूत्र ने 963+ को बताया कि लड़ाकों और सशस्त्र विपक्षी गुटों ने उत्तरी और पूर्वी हामा ग्रामीण इलाकों के दर्जनों गांवों पर नियंत्रण कर लिया है। अब उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी हामा पर नियंत्रण के लिए संघर्ष चल रहा है। इस बीच, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सीरिया के सरकारी बलों के जवाबी हमले के बाद हामा शहर के पास माउंट जैन अल-अबिदीन को लड़ाकों से मुक्त करा लिया गया।अम्मान के सैन्य और रणनीतिक विशेषज्ञ निदाल अबू जैद का कहना है कि हामा पर नियंत्रण के बाद राजधानी दमिश्क एक तरह से घिर जाएगी। इस बीच उत्तरी सीरिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए इराक ने सीरिया के साथ अपनी सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी है।

# इजराइल की तरह भारत भी हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखे - गोयल

**▶▶ कहा-हम एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल पर विचार करने को तैयार**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वाणिज्‍य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को प्रति एक हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखना चाहिए, जो कि नवाचार को बढ़ावा देने में इजरायल की सफलता से प्रेरणा लेता है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का भी आग्रह किया।केंद्रीय वाणिज्‍य मंत्री गोयल नई दिल्‍ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि छोटा देश होने के बावजूद इजरायल ने नवाचार को प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप हर 1,000 लोगों पर एक स्टार्टअप है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।केंद्रीय मंत्री ने सम्‍मेलन में इस बात पर जोर दिया कि किस तरह मोदी सरकार के व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी बढ़ाने, नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक लोकाचार को अपनाने और उसका लाभ उठाने की पहल से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।उन्होंने एसोचैम से आग्रह किया कि वह हमारी युवा आबादी में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करे। साथ ही उनकी मानसिकता को नौकरी की तलाश से हटाकर नवाचार के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की ओर मोड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल तलाशने के लिए तैयार है।

# प्रधानमंत्री ने जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप 2024 जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷हमें अपने हॉकी चैंपियन पर गर्व है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमारी पुरुष जूनियर टीम ने जूनियर एशिया कप 2024 का खिताब जीता है। उनके बेजोड़ कौशल, अटूट धैर्य और अविश्वसनीय टीम वर्क ने इस जीत को खेलों के गौरव के इतिहास में दर्ज कर दिया है। युवा चैंपियन को बधाई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने की द्विपक्षीय बैठक, संबंधों की लगातार मजबूती को लेकर जताई प्रतिबद्धता



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-भूटान के बीच साझेदारी लगातार मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई।प्रधानमंत्री मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित सरकारी आवास पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा वांगचुक का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए इसी वर्ष मार्च में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान भूटान की सरकार और लोगों द्वारा दिए गए असाधारण गर्मजोशी भरे आतिथ्य को याद किया।प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने द्विपक्षीय संबंधों की उत्कृष्ट स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संपर्क बढ़ाने में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी पहल पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जो भूटान के विकास को गति देने तथा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए महामहिम द्वारा संचालित एक दूरदर्शी परियोजना है।प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान में आर्थिक विकास को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई तथा 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए भूटान को भारत द्वारा दिए जाने वाले विकास सहयोग को दोगुना करने पर प्रकाश डाला।

भूटान नरेश ने भूटान की खुशहाली, प्रगति और समृद्धि की आकांक्षाओं के लिए दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान नरेश और रानी के सम्मान में मध्याह्न भोज का आयोजन किया।उल्लेखनीय है कि भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। आज सुबह नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

# भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना, राहुल गांधी को बताया देशद्रोही



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं रायबरेली के कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी को देशद्रोही कहने में कोई संकोच नहीं है। वह देशद्रोही हैं।उन्होंने कहा कि जॉर्ज सोरोस ओपेन सोसाइटी को फंडिंग करते है। ये देश के खिलाफ प्रोपगेंडा चलाते हैं। यह मुद्दा गंभीर हैं। देश की एकता और संप्रभुता का मुद्दा है। कुछ ताकतें भारत को तोड़ना चाहती हैं। फ्रेंच न्यूज पेपर मीडिया ने इसका कुछ खुलासा किया है। राहुल गांधी भी जॉर्ज सोरोस से मिले हुए हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के भारत को अस्थिर करने के एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक फ्रांसीसी अखबार ने 2 दिसंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित की। फ्रेंच अखबार की इस रिपोर्ट का शीर्षक था, %द हिडन लिंक्स बिटवीन अ जाइंट ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड द यूएस गवर्नमेंट%। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि जॉर्ज सोरोस ने ओसीसीआरपी को फंड किया था। संबित पात्रा ने कहा कि अगर ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है, तो राहुल गांधी रोते हैं। अगर राहुल गांधी रोते हैं, तो ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है। ये दो शरीर लेकिन एक आत्मा हैं।पात्रा का यह बयान संसद परिसर में अडाणी मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद आया। विपक्ष के नेताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने जैकेट पहन रखी थी जिस पर लिखा था कि %मोदी-अडाणी एक हैं।इससे पहले राज्यसभा में भाजपा के नेता सुधांशु त्रिवेदी ने विदेशी ताकतों और रिपोर्ट के माध्यम से भारत की छवि को खराब करने के मुद्दे को गुरुवार को उठाया। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक फ्रेंच पब्लिकेशन ने ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट को लेकर एक रिपोर्ट जारी किया है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस संगठन को फॉरन फंडिंग मिलती रही है।

## महुआ मोइत्रा के खिलाफ मुखर हुए तृणमूल के छह विधायक, ममता को पत्र लिख कर की शिकायत

**कोलकाता, (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए तृणमूल के छह विधायकों ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से शिकायत की है। शिकायत करने वालों में महुआ के संसदीय क्षेत्र के पांच विधायकों और उनके पूर्व विधानसभा क्षेत्र करीमपुर के विधायक शामिल हैं।ममता को लिखे पत्र में करीमपुर के विधायक बिमलेंदु सिंहराय, चापड़ा के रुकबानुर रहमान, नकाशीपाड़ा के कल्लोल खां, पलाशीपाड़ा के माणिक भट्टाचार्य, कृष्णनगर दक्षिण के उज्ज्वल विश्वास और कलिगंज के नसीरुद्दीन अहमद ने हस्ताक्षर किए हैं।

# देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सबः योगी

## सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए ध्येयः सीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व भारत व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहाकि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान इसे नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यह महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। मेरे पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज रामजन्मभूमि आंदोलन से संबंधित किसी महत्वपूर्ण बैठक या आंदोलन के लिए आते थे तो अक्सर वे रात्रि विश्राम जानकी महल में ही करते थे। यह अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा है।



सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले की अयोध्या में बमुश्किल चार से पांच घंटे बिजली मिलती थी। यहां साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता था। लोग उसी में स्नान कर पाते थे। एयर, रेल, सड़क कनेक्टिविटी अच्छी नहीं थी। अब तो न केवल सड़क, बल्कि रेल व वायुमार्ग से अयोध्या का अच्छा जुड़ाव हो चुका है। जल मार्ग पर भी हमारा सर्वे का कार्य चल रहा है। व्यवसाय और प्रोडक्ट को दुनिया के मार्केट तक पहुंचाने के लिए जल मार्ग आसान हो सकता है। संकरी गलियां चौड़ी हो रही हैं। अब राम की पैड़ी स्वच्छ हो गई है। हर स्तर पर विकास कार्य निरंतर बढ़ते दिख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 14 वर्ष बाद अयोध्या आने से पहले श्रीराम ने हनुमान जी को भेजा कि जाओ, देखो- ऐसा तो नहीं कि भरत को राज्य का मोह हो गया हो, यदि वह राजा रहना चाहते हों तो मैं अयोध्या वापस नहीं जाऊंगा। हनुमान जी ने देखा कि संन्यासी के रूप में भरत श्रीराम जी का इंतजार कर रहे हैं। यह बातें हनुमान जी ने श्रीराम को बताईं, तब भगवान राम ने आकर प्रजा की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिस व्यवस्था को आगे बढ़ाया, वह रामराज्य की आदर्श व्यवस्था थी। कहीं दरिद्रता-अव्यवस्था नहीं थी, हर जगह खुशहाली थी। भारत की परंपरा भी यह कहती है कि हम जिसकी पूजा करते हैं, उसके अनुरूप बनने का प्रयास करना चाहिए, उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए।

कार्यक्रम में अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, विधायक रामचंद्र यादव, दिलीप कुमार सुल्तानिया, नारायण अजीतसरिया, विष्णु अजीत सरिया, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, बिहारी लाल सर्राफ, मुरारीलाल, सुनील कुमार, आशीष, दिनेश अग्रवाल, राकेश बिहारी आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम ने महाराज दशरथ से कहा-आपका वचन ही मेरी प्रतिज्ञा

श्रीराम ने महाराजा दशरथ से कहा कि आपका वचन मेरी प्रतिज्ञा है। अपने लिए नहीं, बल्कि सनातन धर्म व देश के लिए जो अच्छा है, वह करुंगा। श्रीराम ने14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उन्होंने निषादराज को गले से लगाया, चित्रकूट में कोल, वनवासी, गिरवासी से जुड़े। 12 वर्ष चित्रकूट में रहे, भारत के ज्ञान और विरासत के प्रतिनिधि होने के कारण ऋषि-मुनियों को अभय प्रदान किया। उस समय दंडकारण्य को राक्षस विहीन किया। उन्होंने रामेश्वर में ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। आज भी हम रामेश्वर में दर्शन करते हैं। उन्होंने सेतुबंध का निर्माण किया और धरती मां को राक्षस विहीन किया।

### 22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी पूर्वजों के प्रति ज्ञापित कर रहा था कृतज्ञता

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा। जब 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के रूप में विराजमान हो चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में कोई भी ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं था, जो उस क्षण से वंचित हुआ हो। कोई यहां उपस्थित हुआ तो किसी ने श्रव्य-दृश्य माध्यम से उस पल को देखा-सुना। 500 वर्ष तक चले संघर्षों का सामना करते-करते कई पीढ़ियां चली गईं, लेकिन यह सौभाग्य हमारे भाग्य में था कि फिर से भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान होते हमने देखा है। 22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी उत्साहित और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा था।

# फडणवीस के नेतृत्व में सुशासन के पथ पर बढ़ते हुए प्रगति करेगा महाराष्ट्रः सीएम

- महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के सीएम बनने पर दीं शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे-अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई एवं शुभकामनाएं!

मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके (फडणवीस) कुशल नेतृत्व में विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र की संकल्पना की सिद्धि के साथ ही राज्य सुशासन के सुपथ पर अविराम बढ़ते हुए प्रगति और समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा।

सीएम योगी ने शिंदे व पवार के स्वर्णिम कार्यकाल की दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट कर एकनाथ शिंदे व अजीत पवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और स्वर्णिम कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में गुरुवार को शामिल हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र चुनाव में ताबड़तोड़ रैली की थी। वे यहां चार दिन चुनाव प्रचार में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था, इसमें से 22 सीटों पर महायुति गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिली।

# उद्यान मंत्री ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

- औद्यानिक फसलों की उपयोगिता एवं लाभों की जानकारी किसानों को दी जाय
- उप निदेशक 07 दिनों में तथा निदेशक 15 दिनों में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी करने का कार्य कर रही है। किसानों को खेती एवं औद्यानिक फसलों में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे उन्हें कम लागत और कम मेहनत में उन्हें उनकी फसल का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसके साथ ही प्रदेश के किसानों की फसलों की प्रदेश के साथ देश-विदेश में भी भेजने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को विभिन्न प्रशिक्षण एवं गोष्ठियों के माध्यम से फसलों को बेहतर तैयार करने एवं उच्च मूल्य की औद्यानिक फसलों की उपयोगिता एवं लाभों की जानकारी दी जाय। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह गुरूवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री आवास पर वीडियो क्रान्फेसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि उद्यान विभाग की संचालित औद्यानिक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि समस्त औद्योनिक विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग की योजनाये सीधे किसानो से जुड़ी होती है, जिससे किसानों को लाभ पहुंचता है, इसमें किसी भी प्रकार हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नही की जा सकती है। उद्यान मंत्री ने पर ड्राप पर मोर क्राप-माईक्रोइरीगेशन योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, नमामि गंगे, गंगा के तटवर्तीय औद्यानिक विकास योजना, अनुसूचित जाति व जनजाति, बुन्देलखण्ड एवं विन्धय क्षेत्र में औद्योनिक विकास योजना आदि योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा जनपदवार की। उन्होंने जिन जनपदों में योजना और निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक नही थी, उन जनपदों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को योजना की प्रगति बढ़ाने के कड़े निर्देश दिये।

# भाजपा सरकार को सद्बुद्धि मिले, युवा कांग्रेस ने किया हवन



- बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर वहां की सरकार से वार्ता करे मोदी सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदू समुदाय पर अत्याचार एवं उत्पीड़न पर मोदी सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार से वार्ता न किया जाना भाजपा की हिन्दुओं के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि वह बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए तत्काल बांगलादेश सरकार से सार्थक वार्ता करे। सरकार को सद्बुधि तथा बांगलादेश हिंसा के मृतकों की आत्मा की शांति और वहां पर अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की कामना हेतु आज शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ0 शहजाद आलम के नेतृत्व में आज 7 माल एवेन्यू युवा कांग्रेस के प्रांगण में शांति पाठ एवं हवन किया गया, और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि भाजपा सरकार में बैठे लोगों को सद्बुधि आए कि वह बांगलादेश सरकार से वार्ता कर वहां पर हो रहे हिन्दु समुदाय के उत्पीड़न को रोकने का प्रयास करें।

# भाजपा के भ्रष्टाचार का उदाहरण है हाईवे की दुर्दशा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ-कानपुर सड़क मार्ग की बदहाली को लेकर सोशल मीडिया पर तीखा प्रहार किया है।

उन्होंने इस मार्ग को षाड्ढों में उछलने का कमरतोड़ अनुभवष् बताते हुए इसे भाजपा सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया। अखिलेश यादव ने ट्वीट के माध्यम से लखनऊ-कानपुर मार्ग की दुर्दशा पर सवाल उठाए और कहा कि यह सड़क अब यात्रा का मार्ग नहीं, बल्कि गड्ढों और धूल का सफर बन चुकी है।

उन्होंने सड़क की स्थिति का वर्णन करते हुए अखिलेश ने कहारू जगह-जगह सड़क टूटी हुई है। हर ओर धूल और मिट्टी का गुबार है, जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण जनता के स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा सफर को और खतरनाक बना रहा है। अखिलेश यादव ने इस बदहाल सड़क की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर डाली है। उन्होंने कहा, ष्यह सड़क भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का जीता-जागता उदाहरण है।

उन्होंने सवाल किया कि आखिर जनता की गाढ़ी कमाई से बनाई गई यह सड़क इतनी जल्दी खराब क्यों हो गई।यात्रा की सुरक्षा और गति प्रभावितअखिलेश यादव ने कहा कि इस मार्ग की हालत के कारण न केवल यात्रा की गति बाधित हो रही है, बल्कि सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। उन्होंने दावा किया कि इस समस्या के समाधान के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह उदासीन है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि भाजपा सरकार इस सड़क की दुर्दशा का जवाब दे।

उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार से सवाल कर रही है कि विकास के नाम पर केवल खोखले दावे क्यों किए जा रहे हैं।यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य सरकार की ओर से सड़क सुधार के दावों की लगातार चर्चा हो रही है। अखिलेश यादव के इस बयान ने सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# महाकुंभ के आमंत्रण हेतु गुजरात जायेंगे मंत्री एके शर्मा और कपिल देव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज में दिव्य और भव्य रूप से आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने और इसमें अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा विभिन्न राज्यों में जाकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और गणमान्य व्यक्तियों से भेंटकर उन्हें महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में आमंत्रण देने के लिए नामित किया गया है। मंत्री गुजरात पहुंचकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य प्रमुख हस्तियों से मुलाकात करेंगे और उन्हें प्रदेश सरकार का आमंत्रण पत्र और महाकुंभ की जानकारी संबंधी साहित्य प्रदान करेंगे। उन्हें और गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित करेंगे। महाकुंभ के आयोजन का प्रचार प्रसार के लिए मंत्रीगण वहां पर रोड शो करेंगे और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाकुंभ 2025 की महत्ता और आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।योगी सरकार की यह अनुपम पहल प्रयागराज महाकुंभ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अद्वितीय आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान महाकुंभ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को भी रेखांकित किया जाएगा।

# पेंशनर्स की समस्याओं का होगा समाधानः वित्त मंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन उ.प्र. अपनी अवस्था 69वें गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर 70वें ''प्लेटिनम जुबली'' वर्ष में प्रवेश कर चुका है। संगठन के द्विवार्षिक महाधिवेशन-2024 का सफल आयोजन विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह, लोक निर्माण परिसर, लखनऊ में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना,मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य तथा विशिष्ट अतिथि कमलेश्वर नाथ, न्यायमूतिएवं बदरूद्दुजा नवकी, न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) थे।महाधिवेशन कार्यक्रम के प्रारम्भ में गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष डा. सच्चिदानन्द पाठक द्वारा मुख्य अतिथि एवं विषिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 80 वर्ष वय प्राप्त सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मानित किया जाना। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर अंगवस्त्र से विभिन्न जनपदों के 40 गवर्नमेन्ट पेंशनर्श को अलंकृत किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना, वित्त मंत्री द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद आश्वासन दिया गया कि पेंशनर्स की समस्त समस्याओं को गम्भीरता से लिया जायेगा और शासन स्तर से उनका शीघ्र निराकरण कराया जायेगा।




कार्यक्रम का संचालन इं. अख्तर अली फारूकी-महासचिव द्वारा किया गया। पेंशनरों की आमसभा को वित्त मंत्री के साथ मंच पर आसीन विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) बद्रूद्दुजा नकवी, आल इण्डिया स्टेट पेंशनर्स के चेयरमैन पी.के. शर्मा, संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजन एनपी त्रिपाठी एवं पेंशन निदेशक रवीन्द्र कुमार द्वारा सम्बोधित किया गया। गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन उ.प्र. के अध्यक्ष डा. सच्चिदानन्द पाठक,के धन्यवाद ज्ञापन के बाद समारोह के प्रथम सत्र का समापन हुआ।महाधिवेशन में केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं जनपद संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के कोषागारों में सुसज्जित पेंशनर विश्राम कक्ष स्थापित करने के आदेश पारित किये गये थे। कई जनपदों में अभी तक पेंशन विश्राम कक्ष नहीं बन पाये हैं। कुछ जनपदों में सरकारी पेंशन विश्राम कक्ष को जिलाधिकारीध्कोषाधिकारी द्वारा अपनी आवष्यकता के लिए अधिग्रहीत किया जा रहा है, जिस पर रोक लगाने की मॉग की गई।सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों की पेंशन के अधिकतम 40 प्रतिषत भाग को राशिकृत धनराशि के प्राप्ति से 15 वर्ष बाद पेंषन पुनर्स्थापित हो जाती है जबकि राशिकृत धनराशि की वसूली 10 वर्ष 8 माह में पूर्ण हो जाती है। इस अनियमितता को दूर कर पेंषन के राशिकृत भाग को 11 वर्ष में पुनर्स्थापित किये जाने की आवश्यकता है। पेंशनरों,पारिवारिक पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्राप्त करने में आ रही अनेक कठिनाइयों का निराकरण कराया जाए।

पेंशनरों द्वारा स्वयं अथवा परिवार की चिकित्सा पर किये गये व्यय के बिलों का भुगतान करते समय कोषागारों द्वारा अनाधिकृत रूप से इन्कमटैक्स की कटौती कर ली जाती है जो पेंशनरोंध्पारिवारिक पेंशनरों के प्रति अन्याय है। चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के बिलों से इन्कमटैक्स की कटौती पर रोक लगाई जाए। ''पुरानी पेंशन योजना की बहाली'' की मॉग को गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के समस्त सदस्यों द्वारा एक स्वर से दोहराया गया।महाधिवेशन का आंतरिक सत्र अपरान्ह 02.00 बजे से इं. अख्तर अली फारूकी-महासचिव के वार्षिक प्रतिवेदन के साथ प्रारम्भ किया गया। संगठन की परम्परा के अनुसार गत 02 वर्षों में दिवंगत हुए साथियों का स्मरण करके दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना किये जाने के साथ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 05 मिनट के लिए सभा विसर्जित होने के बाद पुनः एकत्रित होकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस महाधिवेषन की आमसभा में चौथे संशोधन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया, जो आंतरिक सत्र से लागू माना जायेगा।द्विवार्षिक महाधिवेशन-2024 में 2024-26 के लिये नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं महासचिव का निर्वाचन किया गया। जिसकी आधिकारिक घोषणा निर्वाचन अधिकारी एसएल जायसवाल एवं डाख् आर.पी. सिंह द्वारा की जायेगी।

# हर नागरिक को मिले समान अधिकार

- बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर पूर्व संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए आप सांसद संजय सिंह

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ के सहकारिता भवन में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा द्वारा विचार गोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ लक्ष्मण यादव और वरिष्ठ पत्रकार नीरज पटेल जी शामिल रहे। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए आप सांसद संजय सिंह ने संविधान और सामाजिक न्याय विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को इस तरह से तैयार किया था, जिससे हर नागरिक को समान अधिकार मिल सके और समाज में व्याप्त असमानता को समाप्त किया जा सके।

संजय सिंह ने आगे कहा कि आज भी समाज में कई तरह की असमानताएं मौजूद हैं, और हमें संविधान के माध्यम से इन असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

विचार गोष्ठी में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने घोषणा की कि तिरंगा शाखा इस साल 12 विचार गोष्ठियों का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि इन गोष्ठियों का उद्देश्य समाज में संविधान, सामाजिक न्याय और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है।

संजय सिंह ने आगे बताया कि तिरंगा शाखा की दूसरी विचार गोष्ठी 5 जनवरी को गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जागरूक किया जाएगा और उन्हें संविधान और सामाजिक न्याय के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए, संजय सिंह ने उनके दृष्टिकोण को लागू करने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की।

# सबसे पहले संभल के डीएम, एसपी के पोस्टर लगाएं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों संभल हिंसा के आरोपियों के साथ सख्ती से निपटने के आदेश दिए थे। सीएम योगी ने उपद्रवियों की पहचान के लिए उनके पोस्टर सार्वजनिक जगहों पर लगाने के निर्देश दिए थे। इसे लेकर सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यकत की है।



उन्होंने कहा कि संभल में सबसे पहले डीएम और एसपी के पोस्टर लगाए जाएं। बता दें कि संभल जिले में 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश स्थानीय कोर्ट द्वारा दिया गया था। सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर ढाई हजार से अधिक लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। इस लिस्ट में समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क और संभल के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल भी शामिल हैं। संभल हिंसा के बाद से सियासी पारा काफी गर्म है। सपा और कांग्रेस के नेता हिंसा के पीड़ितों से मिलने की होड़ मचाए हुए हैं। इसी कवायद में कल यानी बुधवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी संभल जाने के लिए दिल्ली से रवाना हुए। लेकिम कांग्रेस के काफिले को गाजियाबाद में ही रोक लिया गया।

# बीजेपी और बाबर का डीएनए एक निकलेगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सीएम योगी ने आज अयोध्या में रामायण मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने संभल में हुई हिंसा को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

उन्होंने कहा कि, 500 साल पहले जो बाबर ने किया था, वही आज बांग्लादेश और संभल में हो रहा है। घटनाओं की प्रकृति और डीएनए एक ही है। उनके इस बयान पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर जांच की जाए तो भारतीय जनता पार्टी और बाबर का डीएनए भी एक ही निकलेगा।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास बाबर और औरंगजेब के अलावा और कुछ नहीं है। ये विकास के नाम पर शून्य है। जो एकता और कानून व्यवस्था होनी चाहिए उसके नाम पर शून्य हैं। इसलिए हर मामले से ध्यान हटाने के लिए सिर्फ बाबर औरंगजेब का नाम लेते हैं। मुझे लगता है कि डीएनए टेस्ट किया जाए तो भाजपा का डीएनए और बाबर का डीएनए एक ही निकलेगा।

प्रमोद तिवारी ने इस दौरान संभल हिंसा को लेकर पुलिस-प्रशासन को भी घेरा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस पर उंगलियां इसलिए उठ रही हैं क्योंकि वो उन उन चार लोगों की रक्षा नहीं कर पाए जिनकी संभल हिंसा के दौरान मौत हो गई। पुलिस पर आरोप लग रहा है कि उन्होंने ही उनकी हत्या की है।

इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और निष्पक्ष जांच तब तक नहीं हो सकती जब तक वहां से डीएम को नहीं हटाया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## जीआई सर्व आपत्तियॉ आज सुनी जाएगी

**लखनऊ।** नगर निगम सीमान्तर्गत जी.आई.एस. सर्वे द्वारा भवनो के कर निर्धारण के विरुद्ध प्रस्तुत आपत्तियों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण किये जाने हेतु प्रथम शुक्रवार को जी.आई.एस. समाधान दिवस का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त समाधान दिवस शुक्रवार दिनांक 06 दिसम्बर, 2024 को पूर्व की भाँति नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ सभागार, लालबाग में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक महापौर की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा।जी.आई.एस. समाधान दिवस में वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सम्बन्धित जोनल अधिकारी तथा जी.आई.एस. सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेगे। लखनऊ नगर के भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जी.आई.एस. में पुनरीक्षित गृहकर निर्धारण के विरुद्ध यदि कोई आपत्ति हो, तो उक्त दिवस में समय से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराते हुए निराकरण कराया जा सकता है।

## यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से होगा शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे शीतकालीन सत्र को संबोधित करेंगी। यह इस वर्ष का तीसरा सत्र होगा। शीतकालीन सत्र के संबंध में एक अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई। उत्तर प्रदेश जिसकी जनसंख्या अगले साल 25 करोड़ को पार कर जाएगी, में जनगणना और परिसीमन के बाद 2 से 3 नए राज्य बनाने की मांग फिर से उठ सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश का बंटवारा करने की मांग बढ़ेगी, खासकर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने की।

## खेलते समय फटा गुब्बारा, बच्चे की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज में घर के बाहर खेल रहे मासूम के हाथ से गुब्बारा फटकर गले में फंस गया। इससे मासूम को सांस लेने में तकलीफहोने लगी। बच्चे को बेचौन देखकर परिजन निजी अस्पताल ले गए। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ठाकुरगंज दौलतगंज के काशी विहार फूलमती मंदिर के पास रहने वाले कैटर्स विनय गुप्ता का ढाई साल का बेटा शिवांश गुप्ता बुधवार दोपहर को घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच उसे कहीं से गुब्बारा मिल गया। गुब्बारा खेलते समय फट गया और गले में जाकर फंस गया। वह बेचौन होकर जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। परिजन उसे लेकर पहले नजदीक के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए बिना इलाज किए ही केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने पंचनामा करवाकर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। विनय का एक और चार माह का बेटा है।

## ससुराल वालों से परेशान महिला ने एसिड पिया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना में रहने वाली महिला ने ससुराल में एसिड पी लिया। महिला के मायके वाले उसे इलाज के लिए लखनऊ लाए थे। जहां चार महीने इलाज चलने के बाद उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आशियाना सेक्टर-ए की रहने वाली निर्मत कौर (22) की शादी अमृतसर में मलकीत सिंह उर्फ प्रिंस से 12 जून 2022 को हुई थी। मलकीत सिंह अमृतसर मंदिर वाला बाजार में ज्वेलरी शॉप चलाता है। शादी के बाद से ही पति व ससुराल वाले निर्मत को प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर निर्मत ने 4 महीने पहले सोना साफ करने वाला एसिड पी लिया। कुछ दिन अमृतसर में इलाज चला। इसके बाद मायके वाले उसे निर्मत को लखनऊ ले आए। पराग रोड स्थित सिटी केयर में उसका चल रहा था। दो-तीन दिन से तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। बुधवार रात करीब 8 बजे निर्मत ने दम तोड़ दिया। निर्मत का डेढ़ साल का बेटा है। पिता जसपाल सिंह जिला उद्योग केंद्र बाराबंकी से स्टेनो पद से रिटायर हैं। बहन सिमर प्रीत ने बताया कि ससुराल वालों की शिकायत पहले भी गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चार महीने पहले घटना के बाद से समय नहीं मिला। अब ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## ठक ठक गिरोह ने कार से 40 हजार रुपये उड़ाए

**लखनऊ।** ठक ठक गिरोह ने विभूतिखंड इलाके में कार से 40 हजार रुपये और मोबाइल फोन पार कर दिया। पूर्व में गिरोह के सदस्य शहर में इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। गोमतीनगर विस्तार निवासी प्रदीप सिंह के मुताबिक बीते 27 नवंबर को वह कार से बाराबंकी से लौट रहे थे। देर शाम चन्दन हॉस्पिटल के पास पहुंचे, तभी एक व्यक्ति ने उन्हें हाथ से रुकने का इशारा किया। कुछ दूर आगे जाकर उन्होने कार रोकी। तभी दूसरा व्यक्ति आकर कार का शीशा पीटने लगा। शीशा खोलकर वह बात कर ही रहे थे। तब तक जिस व्यक्ति ने कार रुकवाई थी, वह भी दूसरी तरफ से आकर शीशा पीटने लगा। शीशा खोलते ही कार की सीट पर रखा 40 हजार रुपये से भरा बैग और मोबाइल लेकर भाग गया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## लापरवाही करने वाला स्मारक समिति का कर्मचारी नौकरी से बर्खास्त

**लखनऊ।** काम में लापरवाही करने और ड्यूटी से बिना बताए गायब रहने वाले स्मारक समिति के कर्मचारी दीपक गंगवार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने उसकी बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। स्मारक समिति का कर्मी दीपक गंगवार लगातार काम में लापरवाही कर रहा था। वह कभी आता तो कभी बिना बताए गायब हो जाता था। काफी समय से वह दफ्तर भी नहीं आ रहा था। 25 अक्तूबर 2024 को उसे जवाब देने के लिए नोटस दी गयी थी। एलडीए वीसी ने 12 नवम्बर 2024 को सुनवायी के लिए बुलाया था। लेकिन इस दिन भी वह उपस्थिति नहीं हुआ। जिसके बाद एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने उसे बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। कर्मचारी को अब सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उसकी भर्ती वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में हुई थी।

# एसआई ने मांगी 1 लाख की रिश्वत

## [कहा-मुकदमे से नाम हटा दूंगा]

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में सब इंस्पेक्टर (एसआई) ने जमीन विवाद के मुकदमे से नाम हटाने के लिए 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत जनता दर्शन में मुख्यमंत्री और पुलिस आयुक्त से की। अब आरोपी के खिलाफ जांच की जा रही है। कानपुर के बांस मंडी निवासी मोहम्मद मुसाब ने लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर अंकुर कुमार पर फर्जी मुकदमे में फंसा कर मुकदमे से नाम हटाने की एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।



मोहम्मद मुसाब का कहना है कि उसने 26 मार्च 2021 को सरोजनी नगर तहसील के राजा बिजली पासी वार्ड स्थित बेहसा में वर्तमा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मालिक मुकेश सिंह से भूमि संख्या- 115द2, खसरा संख्या 1455 में एक प्लॉट खरीद कर उसकी रजिस्ट्री कराई थी। जिस पर कब्जा होने के साथ दाखिल खारिज भी हो चुका है। मुसाब ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को कुछ अज्ञात लोगों ने मेरे प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की और बाउंड्री तोड़ दी। सूचना मिलने पर तत्काल कानपुर से मौके पर पहुंचा। जहां 8-10 लोग प्लाट पर मिले। उनमें से एक व्यक्ति दिलीप कुमार पुत्र भीखा भी था। आरोपियों ने गाली गलौज और मारपीट की। मुसाब ने बताया मैंने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाने बुलाया। जहां रजिस्ट्री और अन्य दस्तावेज दिखाए। इसके बाद प्लाट पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। कुछ दिनों बाद 16 अक्टूबर 2024 को फिर उक्त लोगों ने प्लाट पर तोड़फोड़ की। जब वहां पहुंचा तो मुझ पर हमला कर वहां से भगा दिया। मुसाब ने बताया इसकी शिकायत लेकर सरोजनी नगर थाने पहुंचा तो वहां से ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी भेज दिया गया।

चौकी पहुंचने पर सब इंस्पेक्टर अंकुर कुमार और एनके सिंह ने मेरी बात सुनने के बजाय मुझे ही गालियां दीं। मुसाब ने बताया सब इंस्पेक्टर ने धमकाया कि तुम खुद किसी और के प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हो। यह कहकर मुझे चौकी में बंद कर दिया। एक कागज पर साइन करवा कर शाम तक हिरासत में रखा। इसके बाद कानपुर के अनवरगंज थाने का एक पुलिस अधिकारी मुझे सरोजनी नगर चौकी जाने का दबाव बनाने लगा। मुसाब ने बताया परेशान होकर 17 नवंबर 2024 को ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पहुंचा। अंकुर कुमार ने मेरा आधार कार्ड लेकर दो कागजों पर हस्ताक्षर करवाए। उन्होंने कहा मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है। यदि एक लाख रुपए की रिश्वत दे दूं तो मेरा नाम मुकदमे से हटा दिया जाएगा। नहीं तो जेल भेजने की धमकी दी। मुसाब ने बताया मेरा प्लाट वैध रूप से खरीदा गया है और इसके सभी कागजात मेरे पास मौजूद हैं। इसके बावजूद भूमाफिया ने मेरे प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया।

पुलिस ने मेरे ही खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। फिलहाल इस मामले में शिकायत करने के बाद डीसीपी साउथ को जांच कर 15 दिन के भीतर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। सरोजनी नगर इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मोहम्मद मुसाब ने जो जमीन खरीदी है। वह क्लेम किए जा रहे प्लाट से 90 मीटर दूर है। मुसाब दूसरे की जमीन को अपनी बता रहा है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट न्यायालय में पेश कर दी गई है। सब इंस्पेक्टर के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

# ऊर्जा मंत्री बोले- यूपी में महंगी नहीं होगी बिजली

▸▸ उपभोक्ता परिषद ने कहा था, उड़ीसा मॉडल लागू हुआ तो कई गुना बढ़ जाएंगी कीमतें

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने बिजली की दरें नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में बिजली की दरें न तो महंगी हुई हैं और न ही भविष्य में महंगी होंगी।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने टाटा पावर के उड़ीसा मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इस मॉडल से उत्तर प्रदेश में बिजली महंगी हो सकती है। परिषद ने कहा था कि उड़ीसा में एक किलोवाट घरेलू कनेक्शन के लिए 3941 रुपए शुल्क लिया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह शुल्क ग्रामीण क्षेत्रों में 1172 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 1620 रुपए है। इसके साथ ही, उड़ीसा में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए उपभोक्ताओं से हर महीने 60 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा, प्रदेश में बिजली की दरें न पहले महंगी हुई हैं और न ही आगे होंगी। यह सरकार उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देती है और निजीकरण का कोई भी कदम उनके हितों के खिलाफ नहीं होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसी भी मॉडल को अपनाने से पहले उसकी पूरी जांच और समीक्षा करेगी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं की समस्याओं और हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। निजीकरण का कोई भी निर्णय तब तक नहीं लिया जाएगा, जब तक वह राज्य के उपभोक्ताओं के हित में न हो।

## शादियों के सीजन में बढ़ा विमान किराया, दिल्ली का 15 हजार

**लखनऊ।** अचानक विमान किराया आसमान पर पहुंच गया है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर भी लखनऊ से दिल्ली का किराया 15 हजार रुपये पहुंचने की चर्चा हुई। इसकी वजह शादियों का सीजन है। टूर-ट्रैवेल ऑपरेटरों के अनुसार लोगों के पास समय कम है। इस बार लगन तेज है, रिश्तेदारी में कहीं न कहीं शादी है और जाना जरूरी है। इसलिए विमान यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ गई है। इसका नतीजा यह हुआ विमान का किराया बढ़ गया है। खासतौर से जिस दिन ज्यादा मुहूर्त हैं उन दिनों में जिन शहरों के लिए किराया चार से पांच हजार रुपये के बीच रहता है वहां 10 से 15 या 16 हजार रुपये तक पहुंच गया है। खासतौर पर दिल्ली लखनऊ के बीच किराया सामान्य दिनों से ज्यादा दिख रहा है। उदाहरण के लिए 6 तारीख को एयर इंडिया की फ्लाइट का किराया गुरुवार की दोपहर बुकिंग में 12 हजार 449 रुपये था।

# कांग्रेस और सपा का हिंदू विरोधी सेक्युलरिज्मः डॉ. राजेश्वर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** संभल और संभल जाने को लेकर जारी ताजे विवाद और बांग्लादेश में लगातार हो रहे हिंदुओं के उत्पीड़न की खबरों के बीच सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्तपतिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर विपक्षी पार्टियों के स्टैंड पर निशाना साधते हुए करारा हमला बोला। डॉ. सिंह ने कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) से पोस्ट कर लिखा, कांग्रेस पार्टी की संवेदनाएं तब कहां चली जाती हैं जब हिंदुओं को प्रताड़ित किया जाता है, सनातन धर्म और आस्था को आहत किया जाता है ?? संभल जाने के लिए इतनी बेचौनी है !विधायक ने बहराइच, कानपुर, पालघर की घटनाओं से लेकर इजराइल-फिलिस्तीन के मुद्दों पर भी कांग्रेस के स्टैंड पर सवाल उठाते हुए आगे लिखा,ष्लेकिन जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तब बहराइच का रास्ता क्यों नहीं दिखा? या फिर इसलिए नहीं गए क्योंकि हत्या एक हिंदू की हुई थी? ष्कोलकाता के जिस नृशंस हत्याकांड ने पूरे देश झंकझोर कर रख दिया, आपको वहां जाने का समय नहीं मिला ! कानपुर में जुमे की नमाज के बाद पत्थरबाजी की निंदनीय घटना होती है तब आप शांतिदूत बनकर क्यों नहीं जाते? हमास जैसे आतंकी संगठन के आतंकियों के एनकाउंटर पर तो संवेदनाओं से भरे ट्वीट आते हैं, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मुंह पर ताले पड़ जाते हैं। पालघर में जब संतों की निर्मम हत्या कर दी गई।

# अंकल जी कैसे हैं आप...पुलिस मदद कर रही

▸▸ मॉर्निंग वॉकर तक पहुंचे .पुलिस अधिकारी हालचाल जाना

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने गुरुवार सुबह 4 बजे शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से बातचीत की। बुजुर्गो का हालचाल जाना। उनसे पूछा कि पुलिस मदद कर रही है न? इस दौरान हंसी-ठहाके भी हुए।

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर की अगुवाई में यह अभियान चलाया गया। इसमें सीपी से लेकर सभी सीनियर अधिकारी और सिपाही तक सड़क पर उतरे। लोगों से मिले और सुरक्षा का भरोसा दिया। साथ ही तेज बाइक चलाने वालों को हिदायत दी गई। मंदिर-मस्जिद पर लगे लाउड स्पीकर का साउंड लिमिट में रखने का सुझाव दिया गया। लखनऊ के सीपी अमरेंद्र सेंगर ने अपराध में जीरो टालरेंस के निर्देश के बाद खुद पुलिसकर्मियों के साथ शहर में गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधिकारी शहर के पार्कों में जाकर मॉर्निंग वॉकर से मिले और उनकी कुशलता के विषय में जानकारी ली।

शहर के हजरतगंज, दुबग्गा, कृष्णा नगर, शहीद पथ, आगरा एक्सप्रेस-वे से लेकर सभी प्रमुख मार्गों पर वाहन चेकिंग की गई। इसके साथ ही सब्जी मंडी और सुबह खुलने वाली दुकानों पर जाकर लोगों को सुरक्षित रहने और किसी प्रकार के अपराध की आशंका पर फौरन पुलिस को सूचना देने की बात कही।साथ ही पुराने लखनऊ और शहर के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों के लाउड स्पीकर की साउंड चेक की गई। सलाह दी गई कि मानक के अनुसार ही लाउड स्पीकर का साउंड रखें। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि लखनऊ की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस टीम सुबह अपने-अपने क्षेत्र में निकली। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर शहर में लगे लाउड स्पीकर की ध्वनि सीमा चेक की गई। रास्तों पर तेज रफ्तार में बाइक चलाने वालों को हिदायत दी गई। टीम को ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए गए। प्रमुख स्थानों की चेकिंग की गई। साथ ही मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# किशोरी को परेशान करने वाला शोहदा गिरफ्तार

▸▸ शादी से मना करने पर तेजाब फेंकने की दी थी धमकी, बाइक फूंकी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शादी से मना करने पर किशोरी के पिता की बाइक में आग लगाने वाले आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मेडिकल स्टोर पर काम करता है और किशोरी के मोहल्ले में किराए के मकान में रहता है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि निगोहां थाना क्षेत्र के मदा खेड़ा गांव निवासी राजन गौड़ को गिरफ्तार किया गया। किशोरी आरोपी राजन के सम्पर्क में आ गई थी। इसके बाद से ही वह किशोरी पर शादी करने का दबाव बना रहा था। किशोरी के मना करने पर उसने वारदात को अंजाम दिया। किशोरी के पिता ने बताया कि युवक नाबालिग बेटी पर शादी करने के लिए दबाव डालता है। मना करने पर तेजाब डालने और जान से मारने की धमकी देता है। मंगलवार को उसने घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी। पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझाई तब तक वाहन पूरी तरह जल गया। पास में खड़ी तीन साइकिल भी जल गई। पिता ने बताया कि एक सप्ताह पहले भी युवक ने घर के पीछे वाली खिड़की में आग लगा दी, जिससे घर का कुछ समान जल गया था। युवक के परिजनों से शिकायत की थी, लेकिन उन्होंने बेटे की गलती मानते हुए उसे समझाने का वादा किया था।

# अतिक्रमण तत्काल हटाएं अफसरः सुरेश

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट स्थित अब्दुल कलाम सभागार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक की। मंत्री ने कहा कि शहर में जहां भी अतिक्रमण है, तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक बढ़ गया है, जिससे जगह-जगह जाम लग रहा है। लोगों को जाम से मुक्ति दिलाई जाए। मंत्री ने कहा अतिक्रमण के कारण भी जाम लगता है। फुटपाथों पर ग्रिल लगाने और एक विशेष प्रवर्तन टीम बनाने के आदेश दिए। उन्होंने लालबाग और कैसरबाग में दोबारा हुए अतिक्रमण को रोकने के लिए कोतवाल को सख्त निर्देश दिए। गौ संरक्षण पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 118 गौ आश्रय केंद्र संचालित हैं, जहां 32,689 पशुओं की देखभाल की जा रही है। मंत्री ने गौ आश्रय केंद्रों की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर निगम के वार्डों में पराग बूथ खोलने का सुझाव भी दिया। शिक्षा के क्षेत्र में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1,618 विद्यालयों में से 96: को संतृप्त किया जा चुका है। मंत्री ने सफाई कर्मचारियों की कमी को दूर करने और हर विद्यालय में सफाईकर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की भी समीक्षा की गई। इस योजना के तहत बिना गारंटी और ब्याज के 5 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया को तेज करें। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर के सभी पात्र व्यक्तियों का कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना में 195,945 किसानों को अब तक 631.39 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर 15 दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शी तरीके से काम किया जाए।

## एलयू में अब यूजी पाठ्यक्रमों की परीक्षा दो घंटे, तीन पॉलियों में होगी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक में कई प्रमुख फैसले लिए गए। कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि सभी स्नातक पाठ्यकमों बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकॉम के प्रश्नपत्र अब दो घंटे में हल करने होंगे। साथ ही परीक्षा तीन पाली में कराई जाएगी। इसके मुताबिक स्नातक की परीक्षाएं 8.30 से 10.30, 11.30 से 1.30 और 2.30 से 4.30 की समयावधि में कराई जाएंगी। पहले यही परीक्षाएं दो पाली और प्रश्न पत्र के लिए तीन घंटे का समय दिया जाता था। कुलपति आलोक कुमार राय के अनुसार परास्नातक, विधि और शिक्षा स्नातक यानी बीएड के प्रश्नपत्र पहले की तरह तीन घंटे के ही रहेंगे। वहीं परास्नातक समेत अन्य की परीक्षाएं भी पूर्व की भांति तीन घंटे और दो पाली सुबह नौ से 12 बजे और दोपहर 1.30 से 4.30 तक होंगी।

# जालसाज मां-बेटा गिरफ्तार, दिरहम देने के नाम पर थमाते रद्दी

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में टप्टेबाजी करने वाले मां-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों दुकानदारों को फॉरेन करेंसी (दिरहम) को सस्ते दामों में देने का लालच देकर ठगी करते थे। आरोपी नोट की गड्डी में ऊपर और नीचे कुछ दिरहम लगाते और अंदर नोट के साइज के रद्दी कागज लगा देते थे। पुलिस टीम दोनों के गिरोह के अन्य सदस्यों के विषय में जानकारी कर रही है। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया, सेंट्रल जोन और मदेयगंज पुलिस टीम ने मूल रूप से बंगाल के रहे वाले असलम (24) और उसकी मां फरजाना बेगम उर्फ काजल शेख (44) को गिरफ्तार किया है।

यह लोग शहर में स्कूटी से घूमते और शिकार तलाशते थे। यह लोग अधिकतर दुकानदारों को अपना निशाना बनाते हैं। आरोपी पहले दुकानदारों को विश्वास में लेकर 100 दिरहम का नोट दिखाते थे। फिर उन्हें दिरहम कम दाम में देने का लालच देकर ठगी करते थे। दोनों पहले पूर्वी दिल्ली 215 स्ट्रीट नंबर 2 मदरसा वाली गली रानी गार्डन गीता में रहकर ठगी करते थे। आजकल महानगर में निशातगंज पहली गली में किराए के मकान में रह रहे थे। इनके गिरोह के विषय में जानकारी की जा रही है। जो इनको दिरहम उपलब्ध कराते थे। 28 नवंबर को अलीगंज निवासी व्यापारी अब्बुल हसन को इन लोगों ने 3 लाख रुपए लेकर अखबार से भरा बैग थमा दिया। जिसमें सिर्फ 700 दिरहम थे। यह लोग अब्बुल हसन की दुकान पर स्कूटी से गए थे। कुछ सामान खरीदकर दुकानदार से बातचीत कर उनको विश्वास मे लेकर 100 दिरहम का एक नोट दिया। कहा कि पारिवारिक स्थित ठीक नहीं है। मेरे पास कुछ दिरहम है। आपको हम कम कीमत में दे सकते हैं। इसके बाद दुकानदार विश्वास होने पर तीन लाख रुपए के दिरहम लेने को तैयार हो गया। जिसके बाद यह लोग ऊपर और नीचे असली दिरहम लगाकर कागज के नोट लगाकर दे दिए। इसी तरह से 21 नवंबर को नौबस्ता खुर्द निवासी प्रेमप्रकाश सक्सेना से 30 हजार रुपए ठगे थे।

# डिजिटल अरेस्ट कर तीन करोड़ से अधिक ठगे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने इंदिरानगर निवासी बुजुर्ग एनआरआई सुमन कक्कड़ (70 वर्ष) और उनकी बहन को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 1,87,97,047 रुपये ठग लिए। उन्हें जेट एयरलाइंस के मालिक नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस और आतंकियों के खाते में क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन के नाम पर धमकाया। आजीवन कारावास की सजा का हवाला देते हुए पैसे ट्रांसफर करवा लिए। दोनों बहनों ने बैंक खातों से और एफडी तुड़वाकर रुपये ट्रांसफर कर दिए। उधर, ऐशबाग निवासी सेवानिवृत्त बैंक अफसर प्रभात कुमार श्रीवास्तव को मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 1.02 करोड़ रुपये ठग लिए। इन्हें तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। साइबर थाने में दोनों मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। साइबर क्राइम थाना इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक सुमन कक्कड़ इंदिरानगर के हलवासिया उत्सव एन्क्लेव में रहती हैं। इनकी छोटी बहन विनय थपलियाल का भी इसी अपार्टमेंट में फ्लैट है। दोनों के पास कनाडा की नागरिकता है और इन दिनों यहां आई हैं। दोनों के बच्चे कनाडा में ही हैं।

### सीबीआई अफसर बनकर ठगा

26 नवंबर को उनके पास वीडियो कॉल आयी। फोन करने वाले ने बताया कि वह सीबीआई अफसर अजय कुमार बंसल है। उसने कहा कि मनी लांड्रिंग केस में आपके आधार कार्ड का प्रयोग हुआ है। इसलिए हमें आपके बैंक खातों की गोपनीय जांच करनी है। जांच पूरी होने तक आपको डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। किसी से आपने अगर कुछ बताया तो ठीक नहीं होगा। जो जानकारी मांगी जा रही है, उसे दीजिए। जालसाज ने बैंक खातों और एफडी की डिटेल ली। इसके बाद दो बैंक खातों में 29 नवंबर तक तीन दिन में एक करोड़ दो लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। फिर फोन काटते हुए कहा कि हम जांच पूरी कर आपको बताते हैं। दो घंटे तक जालसाजों का फोन नहीं आया। पलट कर फोन किया तो लगा ही नहीं। इसके बाद बेटे को जानकारी दी। पता चला कि जालसाजों ने ठगी की है। फिर साइबर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

सुमन के मुताबिक 25 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे उनके व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच से अभिषेक चौहान बोल रहा है और आपके क्रेडिट कार्ड से 1,13,126 रुपये जेट एयरलाइंस के मालिक नरेश गोयल के खाते में ट्रांसफर हुए हैं। नरेश गोयल के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस में जांच चल रही है।

आप भी उसमें आरोपित हैं। इन रुपये का प्रयोग आतंकी गतिविधियों में हुआ है। आपको इस जुर्म में उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। इस संबंध में जांच की जाएगी। जांच पूरी होने तक आपको किसी से कोई संपर्क नहीं करना है। लगातार फोन पर बनी रहिए। अभिषेक वीडियो कॉल से बातचीत करता रहा।

इसी बीच छोटी बहन विनय थपलियाल ने दरवाजा खटखटाया। वह खाना खाने के लिए बड़ी बहन के फ्लैट पर आई थीं। दरवाजे खटखटाए जाने पर कथित अभिषेक ने पूछा कि यह कौन है। जानकारी देने पर उसने कहा कि इन्हें कुछ मत बताना। जाकर खाना दे दो फिर कमरे में आ जाओ फोन मत काटना। बहन को खाना देकर सुमन फिर वीडियो कॉल पर आ गई। कुछ देर बाद खाना खाकर बहन भी कमरे में अचानक आ गई। अभिषेक ने उनका नाम पूछा। नाम बताने पर कहा कि आपकी रिश्तेदार हैं, इसलिए इनको भी अरेस्ट किया जाएगा। मामले में विनय थपलियाल का भी नाम है। इसके साथ बहन को भी डिजिटल अरेस्ट कर लिया।सुमन ने बताया कि वह बहुत घबरा गई थीं। इस बीच, जालसाज ने बैंक खातों का विवरण ले लिया। कहा कि जांच के दौरान जो भी कहा जाए, वह करती रहिए। आप दोनों के बैंक खातों और एफडी में जो रुपये हैं, उनकी जानकारी ली जाएगी। ट्रांसफर भी कराया जाएगा। जांच पूरी होने पर सारे रुपये आपको वापस कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से जालसाज ने 28 नवंबर तक 10 से अधिक खातों में 1,87,97047 रुपये ट्रांसफर करा लिए।

**चार राज्यों में ट्रांसफर हुआ पैसा, 25 लाख रुपये फ्रीज कराएः** इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक सुमन और उनकी बहन द्वारा जालसाजों के खातों में ट्रांसफर की गई रकम में से 25 लाख रुपये फ्रीज करा दिए गए हैं। तफ्तीश में पता चला कि रुपये चार राज्यों के कई खातों में ट्रांसफर हुए हैं।

## जिलाधिकारी ने राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में चार दिवसीय पुस्तक महोत्सब का किया शुभारंभ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने गुरूवार को अपरान्ह में राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में चार दिवसीय पुस्तक महोत्सब का फीता काटकर शुभारंभ किया। डीएम ने इस दौरान विभिन्न प्रकाशकों द्वारा पुस्तक मेले में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। पुस्तक महोत्सब में विभिन्न प्रदेशों एवं जनपद के प्रकाशकों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर छात्र, छात्राओं विशेषकर युवा वर्ग को जागरूक किया जा रहा है। पुस्तक महोत्सब में निखिल पब्लिसर्स, ज्ञानदीप, विजय पुस्तक भंडार, साहित्य, स्वराज, राजकमल, उत्कर्ष सहित अन्य प्रकाशकों द्वारा अपने स्टाल लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय इण्टर कॉलेज मैंदान में ए0आर0एम0 संजीव यादव एवं उनकी टीम द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन एक सराहनीय पहल है। जनपद के युवा इसका विशेष रूप से लाभ ले सकते हैं।

पुस्तकों का जीवन में अपना महत्व हैं, डिजीटल के साथ-साथ लाईब्रेरी में रखी पुस्तकों पर भी ध्यान आकृष्ठ करें। ज्ञान के माध्यम से ही जीवन को सही दिशा में ले जाया जा सकता है। खुद को बढ़ाने एवं जनपद के मान सम्मान को बढ़ाने हेतु पुस्तकों के अत्यधिक महत्व को जरूर समझें। इससे पूर्व सभी आगन्तुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जनपद के सभी महानुभाव, अधिकारी, राजनीतिज्ञ बन्धु, शिक्षाविद, साहित्यकार एवं शिक्षा से जुड़े सभी विद्यार्थियों विशेषकर युवा वर्ग द्वारा पुस्तक मेले में अवश्य प्रतिभाग किया जाए। यह पुस्तक मेले 05 दिसम्बर से 08 दिसम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर एडी बेसिक केएस वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, एआरएम संजीव कुमार, सहित अन्य अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

# जीरो पॉइंट पर दिल्ली कूच करते हुए पुलिस ने 120 महिला-पुरुष किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

- महिलाओं के साथ पुलिस ने धक्का मुक्की और बदतमीजी की
- किसान नेताओं पर नाजायज दबाव बनाने के लिए उनके परिवार जनों को थाने में बिठाया जा रहा है

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** जीरो पॉइंट पर किसानों ने सैकड़ो की संख्या में दिल्ली कूच करते हुए 120 से अधिक की संख्या में गिरफ्तारी दी किसानों ने किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नेता जी के नेतृत्व में गिरफ्तारी दी किसानों ने योगी मोदी मुर्दाबाद प्राधिकरण मुर्दाबाद पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए गिरफ्तारी दी-पुलिस प्रशासन ने 3 दिसंबर को दलित प्रेरणाय स्थल पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 4 दिसंबर को हजारों की संख्या में संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों की जीरो पॉइंट पर हुई पंचायत के दबाव में जेल में बंद किसानों को सरकार को रिहा करना पड़ा।

संयुक्त किसान मोर्चा की स्टीयरिंग कमेटी ने अधिकारियों से बातचीत कर सहमति बनाई थी की 5 दिसंबर सुबह वार्ता कर आंदोलन के आगे की कार्रवाई एवं वार्ता तय की जाएगी परंतु पुलिस प्रशासन ने पुनः वादा खिलाफी करते हुए रात में ही सुखबीर खलीफा और सोरन प्रधान के नेतृत्व में मौजूद 22 किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिससे पूरे जिले में आक्रोश फैल गया और आज सैकड़ो की संख्या में किसान दिल्ली कूच करने के इरादे से जीरो पॉइंट पर पहुंच गए जहां पर मौजूद पुलिस ने दिल्ली मार्च कर रहे किसानों के साथ बदतमीजी की महिलाओं के साथ धक्का मुक्की की। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि पुलिस का दमन उत्पीड़न किसानों में और आक्रोश भर रहा है पुलिस द्वारा किसान नेताओं के परिजनों को परेशान करने से आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है गांव-गांव में किसानों ने हजारों की संख्या में गिरफ्तारी देने को तैयार हैं। यह दादरी की वीर जनता है जिसे 1857 की क्रांति में बड़ी संख्या में कुर्बानी दी थी यहां जब भी दमन उत्पीड़न होता है उत्तर प्रदेश की सरकार बदल जाती है योगी सरकार बजाय किसानों को उनका हक देने के उनका उत्पीड़न और दमन करने में जुटी है।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर जिनके नेतृत्व में आज गिरफ्तारी हुई उन्होंने कहा कि हम झुकने वाले नहीं है रुकने वाले नहीं है अपना हक लेकर रहेंगे योगी सरकार चाहे जितने लोगों को जेल में बंद कर दे चाहे जितने मुकदमे किसानों के खिलाफ दर्ज कर ले किसान डरने वाले नहीं है। भारतीय किसान परिषद के नेता उदल आर्य ने कहा कि लड़ाई आर पार की है संकल्प करके आंदोलन शुरू किया था किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलना लोकतंत्र पर हमला है बाबा साहब अंबेडकर के संविधान पर हमला है नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है हम हर हमला सहेंगे और अपने अधिकारों को हासिल करके रहेंगे गौतम बुद्ध नगर के किसान योगी सरकार की तानाशाही को झेलते हुए देश के संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने का कार्य कर रहे हैं कुवरपाल प्रधान जी ने कहा कि 10 परसेंट का प्लाट किसानों का हक है जिसे सरकार नहीं खा सकती ना ही हम खाने देंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि कल 6 दिसंबर 12:00 बजे फिर से सैकड़ो की संख्या में किसान दिल्ली कूच करने के इरादे से सभी किसान 12:00 बजे 0 पाइंट पर पहुंचेंगे।

## पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदा युवक, दोनों पैर कटे



**मोदीनगर।** रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर मेरठ के घंटाघर निवासी विकास (23) ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। रेलवे पुलिस बल मोदीनगर के चौकी प्रभारी रामसुंदर ने बताया कि एक युवक मोदीनगर स्टेशन के समीप बुधवार दोपहर करीब 1:50 बजे कालका से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद गया। इंजन में फंसकर युवक के दोनों पैर कट गए। जेब से मिले दस्तावेजों उसकी पहचान हुई। विकास के भाई अमन ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व विकास का पड़ोसियों से झगड़ा हुआ था।

# यूपी संस्कृत संस्थान द्वारा वर्चुअल पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**देव मणि शुक्ल**




**नोएडा।** गाजियाबाद उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर केंद्रों का उद्घाटन ऑनलाइन एक साथ संपन्न हुआ।जिसमें संस्थान के प्रशिक्षक आचार्य विनय कुमार मिश्रा ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मंगलाचरण का पाठ किया। प्रशिक्षक आचार्य घनश्याम द्विवेदी ने संस्थान गीतिका के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।प्रशिक्षक आचार्य नरेश बाबू दीक्षित ने स्वागत भाषण में अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के सभी पदाधिकारी सभी जनपदों के प्रशिक्षक गण की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सबका स्वागत कियाव। मुख्य वक्ता के रूप में प्रशासनिक अधिकारी श्री जगदानंद झा ने कहा कि समाज में पुरोहित की बहुत बड़ी भूमिका है।पुरोहित जन्म से मृत्यु तक के सभी संस्कारों को कराता है। पुरोहित के संबंध परिवारों से व्यक्तिगत होते हैं।पुरोहित परिवार समाज व राष्ट्र को उत्तम बनाने में अपनी भूमिका प्रस्तुत करता है।हमारे धर्म,सब शास्त्रों की रक्षा करते हुए समाज में संस्कारों का ज्ञान देता है।संस्थान के सर्वेक्षक श्री महेंद्र पाठक ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीन माह तक प्रशिक्षण शिविर के सुचारु रुप से निर्वाध रुप से प्रशिक्षण की सफलता की कामना कीद्य निदेशक विनय कुमार श्रीवास्तव तथा प्र.अ. दिनेश कुमार मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं तथा धन्यवाद ज्ञापन में गाजियाबाद के प्रशिक्षक डॉ अग्नि देव शास्त्री ने अपने संबोधन में संस्कृत संस्थान के सभी अधिकारियों पदाधिकारियों सभी केंद्र के प्रशिक्षको को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुरोहित धर्म का ध्वजवाहक है।कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र का पाठ किया। उपरोक्त वर्चुअल कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के दिव्यरंजन एवं शिवम गुप्ता ने किया।उपरोक्त कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रशिक्षक डॉ अखिलेश चंद्र पाठक ने किया।

## सात घंटे के जाम में फंसे बराती, मरीज और स्कूली बच्चे

**साहिबाबाद।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड से कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को संभल जाने से रोकने के लिए यूपी गेट को बुधवार सुबह सात बजे ही पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस ने एक के बाद एक तीन लाइन में लोहे के बैरिकेड लगाकर यूपी की तरफ जाने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया। पुलिस ने पूरी सख्ती दिखाकर कांग्रेस नेताओं को रोका लेकिन इसके साथ ही ट्रैफिक भी रुक गया। ट्रैफिक जाम में स्कूली बच्चे, एंबुलेंस से जा रहे मरीज और बरात की गाड़ियां भी फंस गईं। नौकरीपेशा लोग ड्यूटी पर समय से नहीं पहुंच पाए। कई स्कूलों में प्री-बोर्ड की परीक्षा चल रही है। जाम में फंसे बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, एनएच-9 और लिंक रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। राहुल और प्रियंका के वापस जाने तक पुलिस ने जाम खुलवाने की तरफ ध्यान ही नहीं दिया।

# जीएल बजाज के छात्र ने रचा इतिहासः माइक्रोसॉफ्ट में 1.25 रूपये लाख मासिक पैकेज पर मिला इंटर्नशिप

- कृष्णा नंद के पिता बिघनेश मिश्रा किसान है और मध्यम वर्गीय परिवार से आते है और माता ग्रहणी महिला है
- संस्थान के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने कहा कि जीएल बजाज संस्थान की प्लेसमेंट दर उच्च स्तर और प्रभावशाली

**देव मणि शुक्ल**



**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स के (सीएस एआई एंड डीएस) विभाग के बैच 2022 से 2026 के छात्र कृष्णा नंद मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सवा लाख लाख प्रति माह के वेतन पर इंटर्नशिप पायी है। मूल रूप से बिहार में दरभंगा के रहने वाले कृष्णा नंद मिश्रा को प्रसिद्ध एमएनसी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने सॉफ्टवेयर डेवलेपर के पद पर हायर किया है। कृष्णा नंद के पिता बिघनेश मिश्रा किसान है और मध्यम वर्गीय परिवार से आते है और माता ग्रहणी महिला हैं।

कृष्णा नन्द मिश्रा ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने अध्यापकों को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि जीएल बजाज में अपने शिक्षण के दौरान अच्छा शैक्षणिक माहौल तो मिला ही साथ ही सभी अध्यापकों का भरपूर ज्ञान और मार्गदर्शन भी मिला। कॉलेज के मैंनेजमेंट ने हमेशा हर संभव सहयोग दिया। जिस कारण मैं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपनी अन्य स्किल्स पर भी काम कर पाया। कॉलेज में अच्छी क्लास रूम, लैब्स में पढ़ना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना एक नया और अच्छा अनुभव था। जीएल बजाज संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने अपने इस छात्र की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि संस्थान अपने अनुभवी फैकल्टी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर लगातार ध्यान देता आया है। और हम रिसर्च और इंनोवेशन पर निवेश कर रहे हैं। जीएल बजाज प्रदेश में शिक्षा, अनुसंधान और नई खोज के प्रति समर्पित है। साथ ही साथ देश के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले लीडरों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने कहा कि जीएल बजाज संस्थान की प्लेसमेंट दर उच्च स्तर और प्रभावशाली है। जो दर्शाता है कि छात्रों का एक महत्वपूर्ण अनुपात स्नातक होने से पहले या स्नातक स्तर पर नौकरी के अवसर सुरक्षित करता है।

# सड़क पर सबकी जिम्मेदारी तेज गति से मुश्किल भारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा/कासगंज।** गुरुवार को श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक कासगंज के निर्देशन एवं श्री राजेश कुमार भारती अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज के पर्यवेक्षण तथा सुश्री आँचल चौहान क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात के नेतृत्व में 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाए जा रहे 15 दिवसीय ओवरस्पीडिंग एवं रॉन्ग साइड अभियान के अंतर्गत लक्ष्मण सिंह, प्रभारी यातायात, कासगंज मय टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहा, तिराहों पर तेज गति से तथा रॉगं साईड पर वाहन न चलाने की अपील करते हुए आमजन को जागरूक किया गया कि तेज रफ्तार न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह कानून का भी उल्लंघन है। सभी से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित गति से वाहन चलाएं। इसके साथ ही लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया एवं पंपलेट वितरित किए गए तथा ट्रैक्टर ट्रालियों एवं ई-रिक्शा पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए ताकि आगामी सर्दियों के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।

# किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित को आगरा टोल पर गिरफ्तार करने के संबंध में ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** दिनांक 5.12 को समय लगभग 10 बजे संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्याना बुलंदशहर पूनम पंडित को बिना महिला पुलिस के आगरा टोल पर गिरफ्तार किया गया है। उक्त गिरफ्तारी के विरोध में आज दिनांक 5.12.2024 को समय 12 बजे जनपद गौतमबुद्धनगर से संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता दिनेश अवाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय सेक्टर 19 पहुंचकर राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। जनपद- गौतमबुद्धनगर के किसानों द्वारा शांति पूर्वक दलित प्रेरणा स्थल पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था पुलिस प्रशासन द्वारा शासन स्तर से वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया था फिर भी अगले दिन दिनांक 3-12-2024 को दोपहर 1 बजे जबरदस्ती किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जिसके विरोध में दिनांक 4-12-2024 को किसानो द्वारा महापंचायत की गई जिसमें किसानों को पहुंचने नहीं दिया जबरदस्ती घरौ में नजरबंद किया गया यह संविधान का उल्लघंन है

उसी सन्दर्भ में संयुक्त किसान मजदूर संगठन अन्तर्राष्ट्रीय शूटर किसान नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित जी को बिना महिला पुलिस द्वारा आगरा टोल पर गिरफ्तार किया गया है यह संविधान की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है अतः महोदया से निवेदन है कि इस ओर ध्यान देते हुए संविधान एवम् किसान मजदूर को शोषण से बचाने के लिए उचित उपाय किए जाएं जिला गौतमबुद्धनगर के किसान नेताओं व पूनम पंडित जी को शीघ्र रिहा किया जाये इनकी समस्याओं का समाधान किया जाये।

यदि हमारे किसान नेताओं को रिहा नहीं किया गया तों शीघ्र ही निर्णय लैकर बड़ा आन्दोलन किया जायेगा ज्ञापन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना,राष्ट्रीय महासचिव शाहबुद्दीन, राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार भारती, एनसीआर युवा उपाध्यक्ष मोहम्मद चांद, प्रदेश प्रवक्ता सुमन राय, नोएडा युवा महानगर अध्यक्ष जीशान चौधरी, अंश बैरागी, राजू चौहान, सोशल मीडिया गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष मोहम्मद गुलफाम, महिला उपाध्यक्ष वीरो देवी, एन सी आर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज, प्रदेश संयोजक राम कुमार शर्मा, सैक्टर पंडित श्याम दीक्षित,आर के प्रथम, सलमा बेगम, नसीम, जावेद खान, हैदर अली, प्रेम, विनोद, इकरार, सुमित,सलीना खातून,बशीदा खातून, नबीसा खातून व अन्य लोग मौजूद रहे ।

# लोनी में नकली हेलमेट बनाने वाले फैक्टिरयों का भंडाफोड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने बुधवार को लोनी में नकली हेलमेट बनाने वाली दो फैक्टरियों पर छापा मारा। इस दौरान वहां से 940 नकली हेलमेट को जब्त कर सील कर दिया गया। यह कार्रवाई भारतीय मानक अधिनियम 2016 के तहत की गई। कार्यालय के निर्देशक कुमार अनिमेष ने बताया कि पहली कार्रवाई लोनी के लक्ष्मी गार्डन में अमन एंटरप्राइज और दूसरी कार्रवाई लोनी के रूप नगर में ज़ेडएफ एंटरप्राइज पर की गई। जहां से क्रमश- 827 और 113 बिना आईएसआई मार्क के हेलमेट जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि सभी हेलमेट जब्त कर फर्म के अधीन सुरक्षित रखे गए हैं। इसके साथ ही सबूत के तौर पर कुछ हेलमेट सील किए गए हैं। बीआईएस गाजियाबाद शाखा कार्यालय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए नकली आईएसआई मार्क उत्पादों के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। जब्त सामग्रियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और भारतीय मानक अधिनियम 2016 के तहत दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। दोनों कार्रवाई बीआईएस के संयुक्त निदेशक नवीन के और उप निदेशक हरिओम मीणा ने की हैं।

# फोर्टिस के डॉक्टरों ने दुर्लभ विकार से पीड़ित 59-वर्षीय महिला की हाइ-रिस्क रीनल ट्यूमर एक्स्ट्रैक्शन सर्जरी की

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के डॉक्टरों ने मल्टीपल वास्क्युलर एनोमलीज़ से पीड़ित 59 वर्षीय एक महिला मरीज की हाइ-रिस्क सर्जरी कर रीनल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला। मरीज जन्मजात विकार मल्टीपल वास्क्युलर एनोमलीज़ से ग्रस्त थीं जिसमें अनेक असामान्य रक्त वाहिकाएं गुर्दों को रक्तापूर्ति करती हैं, यह विकार 25000 में से 1 व्यक्ति में ही देखा गया है।

सामान्य तौर पर, एक गुर्दे में केवल एक धमनी (आर्टरी), एक शिरा (वेन) और एक मूत्रवाहिका (यूरेटर) होती है, लेकिन इस मामले में, मरीज के शरीर में 4 रीनल आर्टरी और 2 यूरेटर थे। उनके बाएं गुर्दे के निचले भाग से ट्यूमर को निकालना और इससे पहले वहां मौजूद कई धमनियों और शिराओं को बांधना काफी चुनौतीपूर्ण था। लेकिन डॉ पीयूष वार्ष्णेय - डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के नेतृत्व में अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने इस हाइ-रिस्क प्रक्रिया को रोबोटिक पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी की मदद से पूरा किया और मरीज को 90 मिनट बाद ही स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

मरीज को शरीर के बाएं भाग में काफी तेज दर्द की शिकायत के साथ फोर्टिस नोएडा में भर्ती किया गया था, उन्हें पसलियों से लेकर कूल्हों तक में दर्द था।

मरीज का अल्ट्रासाउंड किया गया जिससे उनके बाएं गुर्दे के निचले भाग में एक ट्यूमर का पता चला। इसके अलावा, मरीज की सी.टी. यूरोग्राफी भी की गई जिससे उनके गुर्दे को रक्तापूर्ति करने वाली

अनेक असामान्य धमनियों और शिराओं का पता चला। इस कंडीशन के चलते, उनकी रक्तवाहिकाओं को काटने, उन्हें अलग-अलग कर ट्यूमर को बाहर निकालने पर काफी अधिक ब्लीडिंग होने का खतरा था। इस जटिल समस्या के समाधान के तौर पर डॉक्टरों की टीम ने रोबोट-एसिस्टेड पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी करने का फैसला किया, जिसने रक्तवाहिकाओं को 10 गुना बड़ा करके दिखाया और डॉक्टरों के लिए इन्हें सावधानीपूर्वक कांट-छांटकर ट्यूमर को निकालना आसान हो गया।

मामले की जानकारी देते हुए, डॉ पीयूष वार्ष्णेय - डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा, ÷इस मामले की जटिलता के मद्देनज़र यह काफी चुनौतीपूर्ण सर्जरी थी, हमें गुर्दे को रक्तापूर्ति कर रही सभी प्रमुख धमनियों की पहचान कर उन्हें बिना क्षति पहुंचाए काटना था, हरेक धमनी और शिरा को अलग-अलग कर बांधना था ताकि बिना खून बहाए किडनी ट्यूमर को हटाया जा सके। रोबोट की सहायता से पार्शियल (आंशिक) नेफ्रक्टॅमी कर, हमने ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला और इस प्रक्रिया में आसपास के टिश्यू या रक्तवाहिकाओं को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यदि इस ट्यूमर को समय पर नहीं निकाला जाता तो यह किसी भी समय फट सकता था और उस स्थति में काफी अधिक ब्लीडिंग होती। इस तरह के ट्यूमर के साथ एक समस्या यह होती है कि ये चर्बी और रक्तवाहिकाओं से बने होते हैं

मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा, यह काफी चुनौतीपूर्ण मामला था, और इन मामलों में किसी ऐसे मल्टी-स्पेश्यलिटी अस्पताल में परामर्श लेना चाहिए जहां श्रेष्ठ मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध हों।

## पड़ोसी के वलीमे में गई महिला से छेड़छाड़, विरोध पर प्रताड़ित किया

**साहिबाबाद।** पड़ोसी युवक की शादी के वलीमे में पहुंची महिला से क्षेत्र के ही रहने वाले व्यक्ति ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की। जब महिला ने अपने देवर को बताया और विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता और उसके देवर के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साहिबाबाद क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि एक दिसंबर को वह पड़ोसी के घर वलीमा कार्यक्रम में देवर के साथ गई थी। आयोजन में क्षेत्र के ही रहने वाले हनीफ ने उससे छेड़छाड़ की और अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला और उसके देवर से जमकर मारपीट की। लाठी-डंडों से हमला करते हुए ईंट तक मारी। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु समस्त बैंकों के प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

- जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में 14 दिसम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**




**एटा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में 14 दिसम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

उक्त के अनुपालन में विकास गुप्ता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं कमालुद्दीन, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में गुरुवार को प्रातः10 बजे जनपद एटा की समस्त बैंकों के प्रचार वाहनों को दिनेश चन्द, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनपद न्यायालय परिसर, एटा से प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर अहमद उल्लाह खाँ, पीठासीन अधिकारी, एस0ए0सी0टी0, अली रजा, विकास गुप्ता, शशी भूषण शाण्डिल, श्रीमती सारिका गोयल, अनिल कुमार-ङ्क्षद्ध, अनिल कुमार-ङ्क्षद्ध, मंगलदेव, श्रीमती सुरेखा, श्रीमती चारू सिंह, रजत शाहू, श्रीमती मेहा, अमितमणि त्रिपाठी, अर्पित त्यागी, सचिन, अशुतोष खरवार, अभिषेक कुमार, सुश्री गरिमा आर्या, आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं पंचम सिंह, लीड बैंक मैनेजर, एटा एवं समस्त बैंक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

## दो बाइकों की आमने सामने भिडन्त मे चाचा भतीजा व साले बहनोई सहित चार घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के बाईपास मार्ग पर दो बाइकों के बीच सम्यक भिड़ंत हो गई। हादसे साले-बहनोई और चाचा - भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिरिक पुर निवासी संदीप 18 पुत्र कमलेश अपने चाचा ओमप्रकाश 22 पुत्र मुलई के साथ बाइक से अपने गांव वापस आ रहा था। जबकि ग्राम मदार नगर निवासी दिनेश 30 अपने साले राहुल 25 पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम दरौली थाना सफीपुर को बाइक से लेकर अपने गांव से बांगरमऊ आ रहा था। तभी गुरुवार की दोपहर नगर के कटरा-बिल्हौर बाईपास मार्ग पर स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर के निकट तेज रफ्तार दोनों बाइकों के बीच सम्यक भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर चारों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मोहम्मद् इरफ़ान बने असिस्टेंट कमांडेंट



**बाराबंकी।** जिले के मोहम्मद् इरफ़ान न इंडियन कोस्टगार्ड में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप मे चयनित होकर जिले का नाम रौशन किया है। बंकी कस्बे के मोहल्ला उत्तरी टोला निवासी इरफ़ान अहमद के पुत्र मोहम्मद् फुरकान का चयन इंडियन कोस्टगार्ड में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है। यह जानकारी पिता द्वारा मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बंकी नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि इमरान खान सहित तमाम क्षेत्रवासियों ने मोहम्मद इरफान को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कर्ज ना अदा करने पर प्रशासन ने बंधक खेत किया कुर्क

**सुबेहा, बाराबंकी।** बैंक देय अदायगी न होने पर गिरवी रखे खेतों को प्रशासन द्वारा कुर्क कर लिया गया।इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ साथ राजस्व अधिकारी व बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना क्षेत्र के पूरे अहिबरन मंज़रे कोलवा गांव निवासी जगभवन सिंह ने दो दशक पूर्व भूमि विकास बैंक से कर्ज लिया था। लेकिन श्री सिंह ने बैंक लोन का रुपया नहीं जमा किया। जिसके उनकी देनदारी 18 लाख रुपए से ज्यादा हो गई। बैंक ने आरसी भी जारी कर दिया था। इसके वावजूद भी रूपया नहीं जमा किया गया। आखिरकार राजस्व विभाग व बैंक अधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल गिरवी रखे खेतों में मुनादी कराकर कुर्क कर लियाक गया। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही कुर्क की गई भूमि को सरकारी प्रक्रिया के बाद नीलाम कर दी जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी लेखपाल भूपेंद्र यादव एवं हनोमान हरीराम सरयू प्रसाद अनिल सिंह आदि अमीन मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पहली सड़क दुर्घटना थाना सफदरगंज क्षेत्र के उधौली सिरौली गौसपुर मार्ग पर डूडी गांव के पास हुई। प्राथमिक विद्यालय किठूरी के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद कय्यूम विद्यालय से कुछ कागजात जमा करने बीईओ कार्यालय सिरौली गौसपुर आ रहे थे। डूडी गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना थाना बदोसराय क्षेत्र के दरियाबाद बदोसराय मार्ग पर बरौलिया गांव के पास घटित हुई। जिसमें एक बाइक पर संतोष निगम, मोहम्मद आसिफ निवासी सिद्धौर तथा उमेश चंद श्रीवास्तव मऊ जनपद बहराइच के बेलहनपारा एक शादी के सिलसिले में जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक बाइक सहित भागने में सफल रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने चारों घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया है। जहां से संतोष निगम मोहम्मद आसिफ तथा अध्यापक मोहम्मद कय्यूम को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों चालकों ने हेलमेट पहन रखा था। जिससे सर में छोटे नहीं लगी हैं।

## पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार,कब्जे से मिलीं तीन बाइकें, एक तमंचा व जिंदा कारतूस

**बाराबंकी।** जनपद के कुर्सी थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की तीन मोटर साइकिलें, एक तमंचा और दो जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार चोरों के खिलाफ पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है। गुरुवार को थाना कुर्सी पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान अंकित (पुत्र त्रिवेणी), भीम (पुत्र रामकिशुन) और शिवा (पुत्र विनोद) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी ग्राम दशहरा बाग टिकैतगंज और मितौली जनपद लखीमपुर के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से तीन मोटर साइकिलें और एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। इसके बाद अभियुक्त शिवा के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बरामद की गई त15 यामाहा मोटर साइकिल को करीब 15 दिन पहले कस्बा टिकैतगंज से चोरी किया था। इसी तरह, बरामद स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल को एक हफ्ते पहले टिकैतगंज चौराहे के पास से चोरी किया था, जिसके संबंध में थाना कुर्सी पर मुकदमा भी पंजीकृत है।

# समाजवादी पार्टी विधानसभा नोएडा की मासिक बैठक में उठा किसानों का मुद्दा

» सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लोगों की समस्याओं के समाधान में तत्पर हो जाएं। भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता परेशान

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र नोएडा की मासिक बैठक सेक्टर 53 स्थित सपा कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान के संयोजन में हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सचिव जय करण चौधरी ने की एवं महानगर महासचिव विकास यादव प्रभारी के रूप में मौजूद रहे। बैठक में नोएडा की विभिन्न समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया जिसमें प्रमुख रूप से किसान आंदोलन में किसानों की हुई असंवैधानिक गिरफ्तारी, विधानसभा के बूथों पर बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति, गांव व सेक्टरों में रुके विकास कार्यों सहित तमाम स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। किसान अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे थे लेकिन जिस तरह उनकी गिरफ्तारी हुई वह निंदनीय है। ऐसा लगता है जैसे किसान ना हों कोई आतंकवादी हो। गिरफ्तार किसानों को तुरंत रिहा किया जाए नहीं तो सपा सड़क पर उतरने पर मजबूर होगी। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि सपा सरकार में नोएडा में ऐतिहासिक कार्य हुए लेकिन अब विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। हर गांव और सेक्टर में स्थिति बेहद खराब है। कई शिकायतों के बाद भी अधिकारी समस्याओं के समाधान में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। किसानों के साथ इस सरकार में अन्याय हो रहा है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लोगों की समस्याओं के समाधान में तत्पर हो जाएं। भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता परेशान है 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनेगी।

इस अवसर पर बबलू चौहान ने कहा कि जनता त्रस्त है और अधिकारी मस्त है। जहां सपा सरकार में विकास की गंगा बह रही थी वहीं भाजपा सरकार में विकास पूरी तरह से ठप हैं। गांव गांव और सेक्टर सेक्टर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे और 2027 में सपा सरकार बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मनोज चौहान ने कहा कि नोएडा में धरनारत किसानों के साथ सरकारी बर्बरता निंदनीय है। किसानों के हितैषी होने का दंभ भरने वाली सरकार किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है। किसानों को अपनी आवाज उठाने का अधिकार संविधान ने दिया है। घरों में घुसकर किसानों की गिरफ्तारी निंदनीय है

इस मौके पर प्रदेश सचिव मनोज चौहान, बाबू प्रधान, राणा मुखर्जी, सुशील पाल, रणजीत पटेल, सौरभ चौहान, रोहित यादव, संतोष चौटाला, मोहित कुमार, सादाब खान,नीर अवाना, राकेश यादव, मयंक लाल, आलोक वर्मा, शिवम् चौहान, संकी चौहान, लवनेश चौहान, जितेंद्र कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे मंदिर का छत्र बरामद

» कोतवाल महेश चंद्र की सूझबूझ से पुलिस टीम ने शातिर चोरों को धर दबोचा

» अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा जबकि मुखबिर की सूचना पर गठित टीम मौके पर पहुंची शातिर चोरों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की गई: कोतवाल महेश चंद्र

लोकमित्र,शिवम मिश्रा

**निघासन-खीरी।** अंत भला तो सब भला यह कहावत चरितार्थ होती है तेजतर्रार कोतवाल महेश चंद पर जैसा की विदित हो कुछ दिन पूर्व खैरहनी के ब्रम्ह बाबा मंदिर से मां बंगलामुखी का चांदी छत्र चोरी हुआ था चोरी की घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई थी जैसा की घटना चक्र कुछ इस प्रकार रहा मंदिर के पुजारी दोपहर के वक्त भोजन करने के लिए कुटिया में गए हुए थे तभी राहुल पुत्र उत्तम कुमार व उसका साथी विमल कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी बालीपुर थाना मझगई दर्शन करने के लिए मंदिर गए हुए थे मंदिर में मां बगलामुखी का छत्र चांदी का लगा हुआ था लगे छत्र को देखकर दोनों अभियुक्तों की नियत खराब हो गई तभी विमल ने आसपास देखा जब कोई ना दिखा तो वह छत्र को चुराकर के भागने लगा तभी पुजारी को शंका हुई मंदिर पहुंचने पर देखा की छत्र गायब है तब तक दोनों चोर वहां से भाग चुके थे लेकिन चोरी की सूचना जब तेजतर्रार कोतवाल महेश चंद को मिली आनन फानन में कोतवाल ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया व टीम को गठित किया जिसका संचालन उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी ने किया साथ ही एक हफ्ते के अंदर दोनों चोरों को धर दबोचा शातिर चारों की जामा तलाशी से सफेद धातु की छत्र व टूटी झालर घटना में प्रयुक्त की गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई गठित टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र तिवारी, हेड कांस्टेबल मनीष मिश्रा, कांस्टेबल अमित सिंह, राहुल कुमार, रवि कुमार मौजूद रहे।

## भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** जनपद में उपनिबंधक कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर चल रही पंद्रह दिनों से अधिवक्ताओं की कलम बंद हड़ताल के समर्थन में आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अपनी आवाज उठाई। वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या, जैसिराम आर्य ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा और उपनिबंधक अवधेश मिश्रा से भी मिलकर इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया। फतेहपुर तहसील में अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अपना समर्थन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से जारी हड़ताल के कारण किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी दस्तावेजों की प्रमाणिकता और अन्य कार्यों के लिए उपनिबंधक कार्यालय की आवश्यकता होती है, लेकिन कार्यालय के स्थानांतरण से उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने यह भी उल्लेख किया कि उपनिबंधक कार्यालय का स्थानांतरण जनहित में नहीं है।

## अलीगंज में एंटी करप्शन टीम ने घटना स्थल का बनाया नक्शा

» 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ था जेई

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** बीते दिवस अलीगंज बिजली घर पर तैनात जेई को एंटी क्रप्सन टीम ने पीड़ित की शिकायत पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था अलीगंज विधुत केंद्र के अवर अभियंता की रिश्वत लेते गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को पुनः एंटी करप्शन टीम गिरफ्तारी स्थल पर विवेचना करने पहुंची है।

टीम के सदस्यों ने विधुत उपकेंद्र अलीगंज पहुंच कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।रिश्वत खोर जे ई की गिरफ्तारी के बाद सरकारी महकमों में हड़कंप मचा हुआ है।एंटी करप्शन टीम की एंट्री के बाद अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।

टीम के सदस्यों ने गिरफ्तारी के बाद दर्ज हुई एफ आई आर की गहनता से विवेचना शुरू कर दी है।बताते चले कि अलीगंज विद्युत उपकेंद्र पर तैनात विद्युत विभाग के जे ई अर्जुन सिंह को बीते मंगलवार की देर शाम तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद जे ई का रात में ही मेडिकल परीक्षण करवाया गया बुधवार को प्रातः अलीगंज थाना पुलिस ने मेरठ न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश कर दिया जिसके बाद आरोपी जे ई को मेरठ की जेल में शिफ्ट कर दिया गया है।

अलीगंज कस्बे के मोहल्ला काजी निवासी आविद अली पुत्र गफ्फार अली की लिखित शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने जे ई अर्जुन सिंह को रंगे हाथ तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि आबिद अली ने पांच किलो बाट के कामर्शियल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। कनेक्शन देने के एवज में आरोपी जे ई ने साठ हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

# दीवाल तोड़कर आवागमन चालू, खतरे में पड़ सकती है लोगों की जान

लोक मित्र संवाद



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गढ़ेवा गांव के सामने गंगा नदी पर बने पुल का संपर्क मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो जाने के बाद दुर्घटनाओं को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल के दोनों ओर ईंटो से चुनाई कर आवागमन रोक दिया गया था लेकिन स्थानीय लोगों ने दीवाल को तोड़कर आवागमन चालू कर लिया है।

गढ़ेवा गांव के सामने गंगा नदी पर बना पुल जो कानपुर प्रयागराज हाईवे को सिकठिया पुरवा के सामने जोड़ता है। गढ़ेवा से पुल तक पहुंचने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो जाने के बाद लोग संपर्क मार्ग के किनारे खेतों से आवागमन कर रहे थे लगभग 3 सप्ताह पूर्व भगवंत नगर के पूर्व विधायक रहे चौधरी देवकीनंदन के परिवार के दो लोगों की मौत हो जाने के बाद सक्रिय प्रशासन ने पुल के दोनों छोरों को ईंटों से चिनाई कर आवागमन रोक दिया था।

गंगा कटरी क्षेत्र के लोगों को कानपुर पहुंचने के लिए बक्सर से होकर लगभग 50 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा था दूधिया तथा किसानों ने दोनों छोरों मे बनी दीवार के किनारो को तोड़कर आवागमन चालू कर लिया है।

खरौली निवासी डॉक्टर जयराम शुक्ल गढ़ेवा निवासी प्रदीप शुक्ला व करमी निवासी भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के धानीखेड़ा मंडल अध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि लोग जान जोखिम मे रखकर आवागमन कर रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन आवागमन बंद कर दिया है जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याएं है। प्रशासन को तत्काल आवागमन सुचारू करना चाहिए जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि दोनों ओर से पुल के छोरो की ईंट से चिनाई कराई गई थी दीवाल टूटने के मामले को दिखावाया जाएगा।

# डेढ़ लाख रुपए कीमत का 27.19 किलोग्राम पोस्ता छिलका बरामद

लोकमित्र ब्यूरो




**कोठी, बाराबंकी।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार दो तस्करों को गिरफ्तार, किया। उनके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का 27 किलो 19 ग्राम पोस्ता छिलका समेत डिजायर कार बरामद की है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेजा है।

इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार भोर हलका दरोगा सरफराज अहमद व दरोगा विशेष कुमार कुरील गश्त पर थे।

तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार को रोकने की कोशिश की। चालक रोकने बजाए हिम्मतपुर नहर पुलिया की ओर भाग निकला। जिसका पीछा करते हुए सुहावां गांव के पास कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर यादव निवासी बडी घुसवल कला सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ व तुलसीराम उर्फ नन्द कुमार पुत्र मायाराम रावत निवासी करीमाबाद मलौली थाना सतरिख होना बताया।

उनके कब्जे से 27 किलो 19 ग्राम पोस्ता छिलका व घटना में प्रयुक्त डिजायर कार यूपी 32 एलएन 6555 बरामद है।

दोनों विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज जेल भेजा गया है। पुलिस मुताबिक बरामद छिलका की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपया है। पुलिस टीम इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, हलका सरफराज अहमद, दरोगा विशेष कुमार कुरील समेत सिपाही संतोष कुमार सिंह, विवेक कुमार, राजेश्वर सिंह आदि थे।

# एक पखवाड़े के अंतराल में एक ही मास, तिथि व समय में हुआ गोलोक गमन

» संस्थापक प्रधानाचार्य की मृत्य बनी लोगों में चर्चा का विषय



**जलेसर/एटा।** इसे संयोग कहा जाय या बुजुर्ग दम्पति का प्रेम अथवा पाणिग्रहण संस्कार के दौरान अग्नि के समक्ष लिए गये वचनों की वचनवद्धता, कि जीवन संगिनी के अचानक गोलोक सिधारने एक पखवाड़े के अंतराल में ही उसी महीने में एक ही तिथि व एक ही समय पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पति भी गोलोकवासी हो गये।

नगर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य परिवार में घटित ये दो दुःखद घटनाएं लोगो मे चर्चा का विषय बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर स्थित शर्मा गन हाउस के मालिक एवं नगर के मोहल्ला पंसारियन निवासी अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य राधे लाल शर्मा अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे। गत 16 नवम्बर 2024 हिन्दू मास मार्गशीर्ष के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि को शाम साढ़े पांच बजे सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राधेलाल शर्मा की धर्मपत्नी लगभग 91वर्षीया सरोजदेवी शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया था।

जीवन संगिनी के साथ छोड़ जाने की वजह से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य काफी व्यथित थे। गत 02 दिसम्बर 2024 हिन्दू मास मार्गशीर्ष के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ही शाम साढ़े पांच बजे लगभग 93 वर्षीय प्रधानाचार्य राधेलाल शर्मा का भी गोलोक गमन हो गया।

मार्गशीर्ष मास में ही दौनो पक्षों की एक ही तिथि एवं एक ही समय पर नगर के प्रधानाचार्य दम्पति का आकस्मिक निधन हो जाना नगर व क्षेत्र के लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

23 वर्षों तक रहे थे संस्थापक प्रधानाचार्य नगर के प्रमुख शिक्षाविद स्वर्गीय राधेलाल शर्मा क्षेत्र के गांव सकरौली स्थित सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान एसबीएस इन्टर कॉलेज के संस्थापक प्रधानाचार्य थे।

# 7 दिसम्बर से मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्य

» राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह दिसम्बर 2024 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोड़ा को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी, 2024 से आगामी 05 वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। वन नेशन वन राशनकार्ड योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 से 05 वर्ष दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

अतः राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह दिसम्बर 2024 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह दिसम्बर 2024 में 07 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2024 के मध्य प्रातः 06:00 बजे से सायं 09:00 बजे तक किया जाएगा। समस्त अन्त्योदय योजना के कार्डधारकों को निःशुल्क 35 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति कार्ड (17 किग्रा0 गेहूँ व 18 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02.30 किग्रा0 गेहूँ व 02.70 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) एवं समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2024 त्रैमास के सापेक्ष आवंटित 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रतिकार्ड 18 रू0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से (अर्थात 54 रू0 में 03 कि0ग्रा0) उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी के आदेश पर उचित दर दुकानवार नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी है, जिनके द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण अपनी उपस्थिति में कराया जाएगा।

उक्त वितरण चक के दौरान जिन कार्डधारकों के किसी कारणवश अंगूठा अंगुली ई0पॉस मशीन में मैच नहीं हो पाती है, तो उन्हें ई0पॉस मशीन के माध्यम से मोबाइल ओ0टी0पी0 सत्यापन द्वारा वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् 25 दिसम्बर 2024 को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे।

# ढ़ाई करोड़ की लागत से बना बस स्टेशन में व्यवस्थाएं नदारद

लोकमित्र ब्यूरो




**हैदरगढ़, बाराबंकी।** एक वर्ष पहले ढाई करोड़ रुपए की लागत से बना विशालकाय बस स्टेशन हैदरगढ़ यात्रियों के लिए बेकार साबित हो रहा है। इस बस स्टेशन पर एक प्रभारी व एक गार्ड की तैनाती है।

स्टेशन प्रभारी अधिकांशतया बीमार रहते हैं।गुरुवार को भी अवकाश पर थे।हैदरगढ़ डिपो नाम से चलने वाली बसों का संचालन चारबाग लखनऊ से होता है।

लखनऊ से सुल्तानपुर,वाराणसी व बलिया आदि के लिए जाने वाली रोडवेज बसें स्टेशन के अंदर नहीं आती हैं।स्टेशन से मात्र पचास मीटर दूर हाइवे लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे से मुंह चिढ़ाती निकल जाती हैं।इस बस स्टेशन से हैदरगढ़-बाराबंकी के लिए चलने वाली 15 अंडरटेकिंग मिनी बसों का संचालन किया जाता है। इसके अलावा बस स्टेशन से प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे चारबाग लखनऊ के लिए मात्र एक बस जाती है। नई दिल्ली के लिए शाम को प्रतिदिन हैदरगढ़ डिपो बस स्टेशन से दो बसें जाती हैं। एक बस दोपहर में रायबरेली से व एक सुल्तानपुर से दिल्ली जाने वाली बस स्टेशन के अंदर आती है।

**ठंड में कोई व्यवस्था नहीं:** भव्य व विशालकाय बस स्टेशन परिसर में यात्रियों को ठंडक से बचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। स्टेशन परिसर में बने खुले हाल के नीचे ही ठंड काटनी होगी।

स्टेशन संचालन की जिम्मेदारी संभाले प्रभारी कक्ष में मौजूद गार्ड ने बताया कि अभी ठंडक ज्यादा नहीं पड़ रही है।कहा जब ठंड ज्यादा पड़नी शुरू हो जाएगी तो नगर पंचायत द्वारा यहां अलाव की व्यवस्था कर दी जाएगी।साथ ही स्टेशन परिसर की एक दूकान को रैन बसेरा भी बना दिया जाएगा।

## भेलसर में ओवरलोड वाहनों के कारण भीषण जाम,घंटों तक जूझते रहे राहगीर

**बाराबंकी।** जिले में आज ओवरलोड गन्ने से लदे वाहनों के कारण भीषण जाम लग गया, जिससे राहगीरों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गई थी और लोग जाम में फंसे घंटों चक्कर लगाते रहे। भेलसर टिकैतनगर मार्ग पर ओवरलोड गन्ने से लदे वाहनों के कारण भीषण जाम लगने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि, हाल ही में रौजागांव गन्ना मिल चालू हुई है, जिसके बाद गन्ना किसान अधिक गन्ने की ढुलाई के लिए ओवरलोड वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन वाहनों की क्षमता से अधिक लोड होने के कारण वे बेखौफ होकर मार्ग पर दौड़ रहे हैं, जिससे सड़क पर हादसों का खतरा बढ़ गया है। भीषण जाम लगने से लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में भारी दिक्कतें आईं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मार्ग पर जमकर चल रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसों को रोकने के लिए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**खमरिया-खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाये जा रहे समरसता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कस्बा खमरिया पंडित स्थित गोविंद शुगर मिल यार्ड पहुंची नगर इकाई की टीम ने कोहरे के कारण हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए मिल यार्ड में ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक ,ऑटो सहित कई वाहनों पर रेफ्लेक्टर लगाए। जिससे कोहरे में हो रहे हादसो में कमी लाई जा सके। और जनजीवन को सुरक्षित बनाया जा सके। साथ ही साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने तथा कोहरे में सावधानी से वाहन चलाने के लिए अपील की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष योगेश अवस्थी, नगर मंत्री लवकुश शुक्ला के साथ सूरज रस्तोगी, नरेश चंद्र जयसवाल, सूरज वर्मा , राजेश कुमार , आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जमीअत उलमा ए हिन्द की मोहम्मदी इकाई की तरफ से लगाया गया फ्री मेडिकल कैंप




**मोहम्मदी-खीरी।** जमीअत उलमा ए हिन्द की मोहम्मदी इकाई की तरफ से मौलाना उबैद अख्तर के नेतृत्व में ग्राम गरवापुर में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।मेडिकल कैंप में इलाज के लिए आए मरीजों को डॉ अकील, रुकैया ने मरीजों को निःशुल्क दवा और सलाह भी दी। फ्री मेडिकल कैंप में लगभग 70 मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई । इस अवसर पर प्रधान साबिर, मो जाहिद, अब्दुल वाहिद सहित और भी लोग मौजूद रहे।

## पड़ोसी के वलीमे में गई महिला से छेड़छाड़, विरोध पर प्रताड़ित किया



**साहिबाबाद।** पड़ोसी युवक की शादी के वलीमे में पहुंची महिला से क्षेत्र के ही रहने वाले व्यक्ति ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की। जब महिला ने अपने देवर को बताया और विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता और उसके देवर के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साहिबाबाद क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि एक दिसंबर को वह पड़ोसी के घर वलीमा कार्यक्रम में देवर के साथ गई थी। आयोजन में क्षेत्र के ही रहने वाले हनीफ ने उससे छेड़छाड़ की और अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला और उसके देवर से जमकर मारपीट की। लाठी-डंडों से हमला करते हुए ईंट तक मारी। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि उसके चेहरे और देवर के सीने और पेट में गंभीर चोट लगी है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जन आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन

**गाजियाबाद।** बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरोध में गाजियाबाद जिले के हिंदुओं ने एक जन आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया है। यह प्रदर्शन कविनगर रामलीला मैदान में 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले सभी हिंदू भाईयों का सहयोग अपेक्षित है। इस संबंध में एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सभी सोसायटियों से गणमान्य नागरिकों, ह्र के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। यह बैठक भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व पार्षद वार्ड 50 के श्री संजीव त्यागी जी के निवास पर 6 दिसंबर को सुबह 9 बजे मकान नंबर 10 कृष्ण एनक्लेव राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी। फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन यूनिट के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने बताया कि फेडरेशन के अध्यक्ष श्री राज कुमार त्यागी जी ने भी अपनी टीम के साथ इस बैठक में प्रतिभाग करने का फैसला लिया है।

# बोले अखिलेश: मुख्यमंत्री अपना डीएनए चेक करायें, मैं भी कराऊंगा

» समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीएनए की बात करने से समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बहुत खफा हैं। आज गुरुवार को अखिलेश यादव ने यहां कहा कि एक संत होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डीएनए की बात नहीं करनी चाहिए। वह अपना डीएनए चेक करायें। मैं भी कराऊंगा।

समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता कि वो कितना बायोलॉजी जानते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वो बार-बार डीएनए जांच कराने की बात करते हैं। इसलिए मैं भी ये बात कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री भी अपना डीएनए चेक कराएं और मैं भी अपना डीएनए चेक कराऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग खोखले हो गए हैं। वो खोखले नहीं होते तो जनता का समर्थन उन्हें मिलता। परिणाम जो भी आए, लेकिन हम लोग जानते हैं कि भाजपा हारी है। प्रशासन और पुलिस ने उन्हें जिताया है। संभल हिंसा पर किए गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि संभल की घटना भी प्रशासन की देन है। पहले सर्वे में जिम्मेदार लोगों ने कोई रुकावट पैदा नहीं की। दोबारा सर्वे लगाने पर नारेबाजी की गई। ये भाजपा के लोगों ने कराया।

समाजवादी पार्टी द्वारा सीसामऊ विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद पहली बार कानपुर आए पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद राजा रामपाल के बेटे-बहू को आशीर्वाद देने के दौरान ही यहां सीसामऊ में जीत दर्ज करने वाली नसीम सोलंकी से भी मुलाकात की।

इसी बीच कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने यह हालत देखकर अखिलेश यादव को जल्दी से बाहर निकाला।

## एसडीएम नें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** तहसील अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज और जैथरा स्वास्थ्य केंद्र पर उप जिलाधिकारी द्वारा ऑडिट किया गया। इस दौरान संबंधित चिकित्सा अधिकारी व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपजिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अलीगंज और जैथरा का अग्निशमन विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों की टीम के साथ आडिट किया गया। उप जिलाधिकारी ने पाया कि फायर एक्सटेंसर संचालित पाए गये साथ ही आपातकालीन द्वार व अन्य मानकों स्वचालित स्प्रेकलर्स पद्धति, वेटराईजर, एकजिट साईनेज, पीए सिस्टम इत्यादि के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन सभी उपकरणों की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज व जैथरा का ऑडिट किया गया इस दौरान फायर एक्सटेंसर संचालित अवस्था में पाए गए साथ ही इमरजेंसी गेट भी पाया गया। संबंधित गार्डो को ट्रेनिंग दी गई है सभी गार्ड ट्रेंड होने चाहिए अगर नहीं है तो ट्रेनिंग आर्गेनाईजेशन कर ले। संबंधित चिकित्सा अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये है।

## श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नटवीर बाबा मंदिर पर गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा नटवीर बाबा मंदिर से शुरू होकर कैथी गांव स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर तक गई, जहां गोमती नदी तट पर जल भरा गया। कलश यात्रा में बूढ़े, बच्चे, जवान और महिलाएं सभी श्रद्धालु शामिल थे। कथा वाचक अजय शास्त्री के नेतृत्व में यात्रा में आस्था का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम आयोजक पं. दिलीप तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा शुक्रवार शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष श्रद्धा और उल्लास देखने को मिला, जिसने वातावरण को आस्था और धार्मिकता से भर दिया।

## धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर की ध्वनि प्रसारण सुनिश्चित कराने के लिए एसपी ने रात में किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उ0प्र0 शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त धार्मिक स्थलों पर स्थापित घ्वनि विस्तारक यंत्रों की घ्वनि को मानक ने अनुरूप सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रातः पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा शहर लखीमपुर के लखीमपुर शहर के सुआगढ़ा, घोसियाना, गोटैयाबाग, महेवागंज आदि विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों की की निश्चित संख्या रखने तथा मानक के अनुरूप ध्वनि प्रसारण करने हेतु निर्देश दिए गये। साथ ही पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त धार्मिक स्थलों पर स्थापित ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को मानक के अनुरूप कराया गया तथा जिन धर्म स्थलों पर अधिक संख्या में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगे हैं उनकी संख्या भी कम कराई गयी। इस संबंध में सभी को निर्देशित किया गया कि ध्वनि की मात्रा भी कम करके इस स्तर तक रखा गया है कि लाउडस्पीकर से निकलने वाली ध्वनि धर्म स्थल के परिसर तक ही सीमित रहें।

## झूला बना जानी दुश्मन 30 सेकंड तक लटकी रही लड़की, कभी चीखती...कभी चिल्लाती रही

» सोशल मीडिया पर इन दिनों झूले का एक ऐसा वीडियो सामने आया है कि लोग हैरान हो रहे हैं जिसमे एक लड़की झूले पर लटकी हुई नजर आयी। वीडियो इतना खतरनाक है कि इस देख अगली बार झूले में बैठने से पहले लोगो को कई बार सोचना पड़ सकता है

लोकमित्र,श्रीकान्त सिंह शाक्य



**लखीमपुर-खीरी।** सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई वीडियो छाया रहता है, लेकिन इन दिनों इंटरनेट पर छाया हुआ वीडियो लोगों को हैरान कर रहा है, वीडियो लखीमपुर खीरी के एक मेले का है। मेले में बच्ची झूला झूल रही थी तभी उसके साथ कुछ ऐसा होता है कि सबकी जान गले मे आकर अटक जाती है। लड़की झूले मे बॉक्स से उलटकर एंगल से लटक जाती है। 30 सेकंड तक लड़की झूले पर लटकी रहती है। नीचे खड़े लोग हैरान-परेशान हो जाते हैं।

**झूले में फंसी रही बच्ची:** वीडियो मे लखीमपुर जिले के निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी देहात गांव में चल रहे झोलहू मेले का है। जहाँ बिना किसी अनुमति के लगाए गए खतरनाक ओवर हाइट झूले पर एक बच्ची करीब तीस सेकंड तक लटकी रही। इस पूरी घटना की वीडियो लोगों ने अपने फोन में बना लिया। बच्ची को देखकर लोग चिल्लाते रहे, कड़ी मशक्कत के बाद झूले को रोका गया। बच्ची झूला झूल रही थी तभी अचानक वह खिसक कर झूले के बाहर लोहे के एंगल पर आ गई और झूलती रही। झोलहू मेले में बैर अनुमति बड़ा झूला लगा हुआ है। बुधवार की शाम कुछ लोग झूला झूल रहे थे।झूले में फंसी बच्ची की उम्र 13 साल है।

**बच्ची ने जुटाई खूब हिम्मत:** बच्ची ने झूले पर लटकने के बाद भी बहुत हिम्मत जुटाई।लड़की ने एंगल नहीं छोड़ा और वह चीखती-चिल्लाती रही। झूले में बच्ची को लटका देख लोगों में हड़कंप मच गया।शोर शराबा होने पर संचालक ने झूला रोका और डरी सहमी लड़की को नीचे उतारा।किशोरी के झूले से लटके होने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## भाकियू स्वराज नें तहसील प्रशासन की कार्यशैली को लेकर डीएम को भेजा ज्ञापन



» किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द हो निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी ने तहसील प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं को अनदेखी करना एवं किसानों के साथ दुर्व्यवहार करना साथ ही किसानों पर झूठे मुकदमा लगाने की धमकी देने के सम्बन्ध में एक ज्ञापन आवश्यक कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी एटा को भेजा है। भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि किसान पदाधिकारियों द्वारा उपजिलाधिकारी अलीगंज को कई बार अवगत कराने के बाद भी किसानों की समस्याओं को अनदेखी करना एवं किसानों के साथ सम्मान जनक व्यवहार न करना एवं किसी भी किसान की समस्या को तहसील प्रशासन द्वारा बिना रिश्वत दिए न करना एवं टालमटोल करना एवं किसानों द्वारा विरोध करने पर झूठे मुकद्दमो में फँसाने की धमकी देना। किसानों को समय से खाद न उपलब्ध होना एवं सरेआम खाद की काला बाजारी करना एवं शिकायत करनेके बाद भी कोई कार्यवाही न करना। प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से अवैध कब्जा करनें सहित अनेकों शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।

# पुलिस ने गैंगस्टर्स मतीन, अब्दुल गनी की तोड़ी कमर, 5 करोड़ 55 की संपत्ति जब्त

» कुख्यात गौ-तस्कर मतीन, अब्दुल गनी की 05 करोड़ 55 लाख की संपत्ति कुर्क, गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

» उप निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने गौ-तस्कर और कुख्यात अपराधी मतीन, अब्दुल गनी की ग्राम भुड़वारा में कुल एक किता पक्का मकान गाटा संख्या 743 रकवा 4000 वर्ग मीटर कुल अचल संपत्तियों की कुकी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में गोला तहसीलदार सुखवीर सिंह,राजस्व टीम, क्षेत्राधिकारी गोला गजेन्द्र पाल गौतम, हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दुबे पुलिस टीम हैदराबाद, वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने गौ-तस्कर और कुख्यात अपराधी मतीन, अब्दुल गनी की ग्राम भुड़वारा में कुल एक किता पक्का मकान गाटा संख्या 743 रकवा 4000 वर्ग मीटर कुल अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई गुरुवार को की। कुर्क की गई संपत्ति की कीमत करीब 05 करोड़ 55 लाख 23 हजार 646 रुपये है।

हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरा मामला थाना गोला क्षेत्र के ग्राम भुडवारा का है जहां कुख्यात गौ-तस्कर और माफिया मतीन पुत्र रहीम बक्स, अब्दुल गनी उर्फ़ ज्ञानी पुत्र हबीब निवासी ग्राम भुड़वारा की करीब पांच करोड़ 55 लाख 23 हजार 646 कीमत की काली कमाई से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर कुर्की की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट थाना गोला जिला खीरी के क्रम में अन्तर्गत धारा 14 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 में कुर्की का आदेश जिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर द्वारा जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि मतीन,अब्दुल गनी उर्फ़ ज्ञानी के खिलाफ 23 मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस मतीन, अब्दुल गनी उर्फ़ ज्ञानी अपराधिक कृत्यों के जरिए अर्जित अन्य संपत्तियों का भी पता लगा रही है जिससे उन संपत्तियों पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा सके।

## समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरना देने आ रहे किसानों को पुलिस ने रास्ते में रोका

» कई घंटे तक चली जद्दोजहद के बाद भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पत्र

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** गुरुवार को तहसील परिसर में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को आरहे भाकियू राजनैतिक के कार्यकर्ताओं को प्रशासन व पुलिस द्वारा रास्ते मे ही रोक लिया गया। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तहसील मुख्यालय की नाकेबंदी कर दिये जाने के बाद सैंकड़ो की तादाद में किसान भाकियू राजनैतिक के कार्यकर्ताओं के साथ रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंच गये। जहां बिजली पानी सड़क डीएपी यूरिया एवं तहसील क्षेत्र की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर पहुंचे उप जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार मोरल को किसानों द्वारा ज्ञापन पत्र सौंपा गया। इस दौरान सीओ नीतीश गर्ग के नेतृत्व में जलेसर सर्किल के साथ साथ आधा दर्जन से अधिक थानों का पुलिस फोर्स तैनात रहा। भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। मगर दिल्ली में किसानों द्वारा किये जा रहे आन्दोलन एवं प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई धरना प्रदर्शन पर पाबन्दियों को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम डॉ विपिन कुमार मोरल व सीओ नीतीश गर्ग द्वारा भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के पदाधिकारियों को धरना प्रदर्शन न करने की सलाह दी। किसान यूनियन अराजनेतिक के पदाधिकारी तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के साथ-साथ मांगों को मनवाने के लिए अपनी जिद पर अड़ गये। बात नही माने जाने पर सुबह साढ़े दस बजे जलेसर व सकरौली पुलिस द्वारा आंदोलनकारी किसान नेताओं को जलेसर- इसौली मार्ग स्थित गांव बढनपुर के नजदीक रोक लिया गया। जिसके चलते मार्ग पर जाम जैसी स्थिति पैदा हो गयी थी।

## ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी संघ ने दी जिला प्रशासन को चेतावनी

» बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान प्रतिनिधियों में हुई मारपीट व गाली गलौज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार को जिले के विकास खण्ड ईसानगर में तैनात ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान पुत्र/प्रतिनिधि के बीच पंचायत भवन में हुए गाली गलौज व मारपीट के संबंध में जिले में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर दो दिन के अंदर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है।

ऐसा न होने की दशा में जिले भर में संघ के अधिकारी कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे।

गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जिले में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी संघ खीरी ने जिला मुख्यालय पर बैठक की।

बैठक में तय हुआ कि विकास खण्ड ईसानगर में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी ललकार सिंह यादव व ग्राम पंचायत खमरिया पंडित की प्रधान शांन्ति देवी के प्रतिनिधि व पुत्र शरद गुप्ता,सुनील गुप्ता व अन्य द्वारा पंचायत भवन में सरकारी कार्य के दौरान अभद्रतापूर्ण व्यवहार गाली गलौज मारपीट करने के कृम में थाना खमरिया पुलिस द्वारा दर्ज हुए मुकदमे में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने की दशा में दो दिन बाद कार्य बहिष्कार करने की धमकी दी गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने जिला प्रशासन को चेतावनी जारी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की तत्काल मांग की है मांग में कहा गया है कि उपरोक्त घटनाक्रम से ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी संघ में भय व आक्रोश दिखाई दिया।

## मिशन शक्ति: घर हो या बाहर, महिलाओं पर हिंसा न करें

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाली हिंसा के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया कि सभी को एकजुट होकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। यह एक ऐसा मुद्दा है जो न केवल समाज बल्कि पूरे देश को प्रभावित करता है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, और अन्य प्रकार की हिंसा महिलाओं के जीवन को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित करती है। इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का

संक्षिप्त खबरें

## मासिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**अयोध्या।** जनपद में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन फतेहपुर (कुशमाहा) ग्राम सभा में जिला अध्यक्ष डॉक्टर जे. पी. सेन सुभासपा के नेतृत्व में किया गया। इस बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ओमप्रकाश राजभर (कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज), अरविंद राजभर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, और अरुण राजभर (मुख्य प्रवक्ता) ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से जीरो प्रॉपर्टीज स्कीम, 21 से 40 वर्ष तक कक्षा 8 पास युवाओं को बिना ब्याज के लोन, गांव में आवास, शौचालय, पेंशन और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष आकाश नंदवंशी, जिला सचिव अजीत सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ अक्षनी बाबा, अरुण नंदवंशी, मीडिया प्रभारी अभिषेक नंदवंशी, सक्रिय सदस्य अतुल शर्मा और व्यापार प्रकोष्ठ सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं के बीच मासिक समीक्षा की प्रक्रिया पूरी की गई।

## अवध विवि में पीएम उषा के अन्तर्गत बोर्ड आफ गवर्नर्स की हुई बैठक

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को दोपहर पीएम उषा के अन्तर्गत बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने की। बैठक में पीएम उषा के तहत मिले 100 करोड़ अनुदान पर विश्वविद्यालय द्वारा 16 प्रोजेक्ट शासन की कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस लखनऊ को भेजा गया था। इनके परीक्षण के उपरांत डीपीआर रूसा निदेशालय भेजा गया। जिसे शासन की कार्यदायी संस्था पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित किया गया और विश्वविद्यालय के कंस्ट्रक्शन व रिनोवेशन के सोलह प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संस्तुति व अनुमोदित किया गया। जिससे विश्वविद्यालय की बोर्ड आफ गवर्नर्स को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में साफ्ट कंपोनेंट व इक्यूपमेंट परचेजेस के बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 अशोक कुमार राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, आईक्यूएसी, समन्वयक डॉ0 पीके द्विवेदी, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता आरके सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय मौजूद रहे।

## अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में विश्व भर के कलाकार पहुंचेंगे अयोध्या तैयारियां जोरों पर

**अयोध्या।** राम विवाह के पूर्व संध्या पर सागर कला भवन अयोध्या में अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की प्रथम बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से भारतीय नव वर्ष के अवसर पर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ पांच दिवसीय 30 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक आयोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ है। बैठक में कार्यक्रम स्थल, आयोजन समिति, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यय बजट पर विशेष चर्चा होने के बाद निर्धारण प्रस्ताव पारित किया गया।आध्यात्मिक नगरी अयोध्या आज जहां विश्व भर में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर को लेकर चर्चित है वहीं अब दूसरी बार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हजारों कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, पर्यटकों, समाजसेवियों और पर्यावरणीय विशेषज्ञों का महाकुम्भ श्री अयोध्या में कई संस्थाओं एवं जिला प्रशासन अयोध्या के सहयोग से भारतीय नव वर्ष 2025 में 30 मार्च से आयोजित होगा।उक्त बातें बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति ने कहते हुए बताया कि स्वदेश संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ के माध्यम से संपूर्ण भारत को अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से इस महाकुम्भ का भव्य आयोजन किया जाएगा।यह महाकुम्भ कला, क्रॉफ्ट, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा एवं जनसेवा को समर्पित होगा जिसमें सम्पूर्ण भारत देश व विदेशों से भी विविध विधाओं के कलाकार, कवि, साहित्यकार, पर्यटक दर्शक, समाजसेवी, सांस्कृतिक व अन्य कई क्षेत्रों के हजारों लोगों का आगमन होगा जिससे अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान आदि को बढ़ावा मिलेगा जिससे निश्चित रूप से इन क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा और देश विदेश में अयोध्या की एक सुन्दर छवि प्रस्तुत करते हुए एक नया इतिहास रचा जा सके। वहीं इस महाकुम्भ आयोजन के निदेशक अम्बरीष चंद्र पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या शैली में अपनी कला का जलवा बिखेरने और पहचान बनाकर सम्मानित होकर एक नया इतिहास बनाने सुनहरा अवसर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में मिलेगा। इस महाकुम्भ में संरक्षक के रूप में वेद प्रकाश गुप्त - विधायक, अयोध्या, मं. गिरीश पति त्रिपाठी - महापौर, अयोध्या, गिरीश चन्द्र मिश्र - उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., राकेश तिवारी, अंतरराष्ट्रीय लेखिका डिम्पल तिवारी तथा मुख्य संयोजक डॉ अंजनी कुमार पाण्डेय, डॉ अनुपम पाण्डेय, प्रतिमा शुक्ला, एस के मिश्र, संतोष कुमार मिश्र हैं।

महाकुम्भ के कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर एस बी सागर प्रजापति, निदेशक अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय, तिवारी, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, विजय वर्मा, बसन्त राम, इंदर प्रीत सिंह वेदी, महासचिव कौशल शुक्ला, प्रबंधक रीता तिवारी, उप निदेशक नेहा तिवारी , , सचिव प्रतिभा यादव, राम आशीष, अंकित उपाध्याय, आशीष श्री, संगठन मंत्री रणजीत यादव, प्रबंध समिति व्यवस्थापक में पंकज पाठक, विजय सिंह, विजय पाण्डेय, प्रसिद्ध कवियत्री अर्चना द्विवेदी, प्रवीण कुमार, कृपा शंकर गुप्ता, इमरान खान, वीरेन्द्र कुमार, राम सुन्दर प्रजापति, आशीष कौर, डॉ प्रदीप तिवारी, अंतरिक्ष श्रीवास्तव आदि को चयनित किया गया है। अगली बैठक में कार्यकारिणी सभा का और भी विस्तार किया जाएगा।संरक्षक डिंपल तिवारी ने कहा कि कला कुम्भ के अन्तर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, क्रॉफ्ट, म्यूरल पेंटिग, ऑउट डोर पेंटिग, अयोध्या शैली में वर्क, हस्तशिल्प, मृदभांड, रंगोली, मेंहदी, वास्तुकला, कला गांव आदि का वर्कशॉप, प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, लाइव डेमोंसट्रेशन, क्रय - विक्रय, कला मेला आदि होगा तो संस्कृति कुम्भ के अन्तर्गत विविध लोक कलाओं से सम्बन्धित नृत्य, नाटक, गायन, वादन, नाटिका, करतब, तमाशा, गरबा, डांडिया तथा फिल्म फेस्टिवल, फोक अवॉर्ड शो आदि होगा।

बैठक में मुख्य संयोजक डॉ अंजनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि पर्यटन कुम्भ के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य और विशिष्ट अतिथियों का आगमन एवं उनके द्वारा सम्मानित होने का सुअवसर तथा अयोध्या पर्यटन स्थलों का भव्य दर्शन आदि के साथ ही शिक्षा और साहित्य कुम्भ के अन्तर्गत भी स्वदेश भारत स्मारिका पुस्तक के साथ ही अन्य कई पुस्तकों का विमोचन, सेमिनार, वितरण आदि होगा।

आस्था कुम्भ के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से आध्यात्मिक ज्ञान चर्चा संगोष्ठी, संत समागम, सामूहिक हनुमान चालीसा आदि का भव्य आयोजन होगा। वहीं सम्मान कुम्भ के अन्तर्गत स्वदेश नवरत्न, स्वदेश कोहिनूर अवॉर्ड, स्वदेश सेवा रत्न, अयोध्या कला भूषण, अयोध्या आइकॉन, साहित्यिक अवॉर्ड आदि उत्कृष्ट कार्यों हेतु विशिष्ट क्षेत्रों के चयनित विभूतियों को प्रदान करते हुए सम्मानित किया जाएगा।

# सीएम ने फिर चेताया, बांटने वाले काटने और कटवाने का कर रहे इंतजाम

## मुख्यमंत्री ने रामकथा पार्क में किया 43वें रामायण मेला का शुभारंभ

**▸▸500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा: योगी**
**▸▸दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या: सीएम योगी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। यहां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के %एक भारत-श्रेष्ठ भारत% के निर्माण में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है।

### हमने जोड़ने को महत्व दिया होता तो तोड़ने वालों की रणनीति सफल नहीं होती

सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया। जोड़ने के कार्य को हमने महत्व दिया होता और सामाजिक विद्वेष-समाज को तोड़ने की दुश्मनों की रणनीति को सफल नहीं होने देते तो देश कभी गुलाम नहीं होता और न ही तीर्थ अपवित्र होते। मुट्ठी भर आक्रांताओं को भारत के वीर योद्धा रौंद डालते, लेकिन आपसी एकता में बाधा पैदा करने वाले सफल रहे। उन्हीं के जींस आज भी जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं।

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था।



### जिनके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा का भाव नहीं, उसे त्याग देना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम के प्रति भारत का भाव क्या है, इसका अनुभव करना हो तो गांव-गांव में संत तुलसीदास द्वारा प्रारंभ किए गए रामलीलाओं का आयोजन देखिए। प्रभु राम के प्रति सनातन धर्मावलंबियों के भाव का अनुभव करना है तो 1990 के दशक को याद कीजिए, जब हर घर में टीवी नहीं थी, लेकिन लोग सूदूर जाकर दूरदर्शन पर रामायण सीरियल देखते थे। यह प्रभु राम के प्रति भारत की सनातन श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव नहीं हैं, उसे कट्टर दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। 1990 में रामभक्तों ने भी नारा लगाया था, जो राम का नहीं-वो किसी काम का नहीं।

### लोहिया जी कहते थे-जब तक श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव के प्रति आस्था रहेगी, भारत का कोई बालबांका नहीं कर पाएगा

सीएम योगी ने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया। भगवान शंकर ने द्वादश ज्योतिर्लिंग के माध्यम से सनातन एकता को सुदृढ़ किया। सीएम ने कहा कि अब के समाजवादी डॉ. लोहिया का आदर्शन नहीं मानते।

### जब एक फिट जमीन के लिए हो रहा कत्लेआम तो राम के आदर्श ही करने होंगे स्थापित

सीएम योगी ने कहा कि प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे तो जन्म और जीवन धन्य हो जाएगा। महाराज दशरथ ने श्रीराम से कहा कि तुम कैकैयी के वचन न मानो और यहां की गद्दी पर स्थापित हो। तब श्रीराम ने कहा कि ऐसा किया तो भावी पीढ़ी के सामने कौन सा आदर्श होगा। आज एक-एक फिट जमीन के लिए कत्लेआम हो रहा हो, भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-पुत्र, भाई-बहन के विवाद दिख रहे हैं तो रामायण के आदर्श कहां गए। जातीय संगठन सामाजिक व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। आज भगवान राम व निषादराज की मैत्री को आखिर कौन जोड़ेगा। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट के सामाजिक जीवन को जीवंतता दी। सीएम ने श्रीराम के आदर्श की चर्चा करते हुए कहा कि वे किष्किंधा का राज्य जीतते हैं, लेकिन राज्याभिषेक सुग्रीव और लंका जीतते हैं तो राज्याभिषेक विभीषण का करते हैं। हमारी सरकार ने 56 फुट ऊंची प्रतिमा को श्रृंगवेरपुर में स्थापित किया है। इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के महंत व आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत कमलनयन दास जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश कुमार दास जी महाराज, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, सुनीता शास्त्री, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, कमलेश सिंह, नागा रामलखन दास, संयोजक आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने किया।

## दुर्घटना पीड़ित का जीवन बचाना सबसे बड़ा मानव धर्म- आरटीओ

**▸▸प्रशिक्षण में दिये गये सुरक्षित ड्राइविंग के टिप्स**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** डीटीटी आई अयोध्या में आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग के अधिकारियों एआरटीओ प्रेम सिंह द्वारा व्यावसायिक वाहन के चालको, स्कूल वाहन चालकों एवं रोडवेज के चालकों आदि का वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आज ड्राइविंग ट्रैक पर सभी चालकों से एक-एक कर वाहन चलवाकर प्रैक्टिकल हेमों चालन कराया गया। इसमें एच आकार की पार्किंग, येडियंट (चढ़ाई व दलाल), पैररल पार्किंग, 8 आकार में ड्राइविंग आदि ट्रैक प सेंशर कि सहायता से अधिकारियों की मौजूदगी में कराया गया एवं चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग का पाठ पढ़ाया गया। आरटीओ प्रशासन द्वारा बताया गया कि वाहन चलाने से पहले टायर में हवा, वाईपर, ब्रेक, कलच, बैक लाइट, हेड लाइट, फाग लाइट, वाहन के प्रपत्र रुकी स्थिति में ही जाँचने के उपरान्त ही वाहन को सड़क पर लाना चाहिए। विद्यार्थियों को सड़क पर यहाँ-वहाँ चढाना-उतारना नहीं चाहिए। दुर्घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार दें, आस-पास भीड न जमने दे एवं इमरजेन्सी सहायता को लिए काल करें। घायल की सहायता करने पर सरकार द्वारा गुड समैरिटन (नेक व्यक्ति) को पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाती है।एआरटीओ प्रेम सिंह द्वारा वाहन की तकनीकि खामियों को पहचानने व वाहन की फिटनेस हेतु आवश्यक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। टेस्ट के दौरान चालकों की कमियों को दूर करने के विस्तार से उपाय बताए गये और बताया गया कि तनाव में गाड़ी न चलाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोडवेज चालक, ट्रक चालक, समबीम स्कूल अयोध्या, उदया पब्लिक स्कूल अयोध्या, टैम्पो चालक आदि उपस्थित रहे, जिसमें आरटीओ ने यातायात संकेतों आदि के संबंध में प्रश्न भी पूछे व शंकाओं का समाधान किया।अयोध्या मण्डल, देवी-पाटन गोण्डा मण्डल व बस्ती मण्डल के सभी व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सड़क सुरक्षा में अपना योगदान दें।



## गणित एवं सांख्यिकी विभाग में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के दिन प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता प्रो0 उदय प्रताप सिंह, गणित विभाग, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू रहे। उन्होंने मैथेमेटिकल स्टेडी ऑफ डायनेमिकल सिस्टम विषय पर संबोधित करते हुए बताया कि इसके मुख्यतः दो सिस्टम होते है। जिसमें पहला नेचुरल व दूसरा मैनमेड सिस्टम होता है। उन्होंने मैट्रिक्स का उदाहरण देते हुए बताया कि जार्डन मैटिक्स के माध्यम से सिस्टम को कंट्रोल किया जा सकता है। इसी को ही कंट्रोल मैट्रिक्स कहा जाता है। प्रो0 सिंह ने कहा कि डायनेमिकल सिस्टम में स्टेविलिटी का सिद्धान्त लियापनव के सिद्धान्त पर आधारित है। सभी शोधार्थियों को मैटलैब की बेसिक जानकारी रखनी होगी। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में डॉ0 विजय शुक्ला, गणित विभाग शिवहर्ष किसान पी0जी0 कालेज, बस्ती ने इन्ट्रोडक्सन ऑफ कायोटिक डायनेमिकल सिस्टम विषय पर कायोटिक डायनेमिकल सिस्टम के विभिन्न प्रकारों एवं उनके अनुप्रयोगों के बारे में बताया। वहीं सत्र में डॉ0 प्रेम प्रकाश मिश्र, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान नागालैण्ड ने डिफरेन्सियल गेम ऑन कोबवेब डायनेमिक्स ऑफ नान लीनियर डिमाण्ड एवं सप्लाई विषय पर व्याख्यान दिया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता सयुक्त आयोजन सचिव डॉ0 मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो0 एसके रायजादा ने बताया कि इस संगोष्ठी में 50 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र का प्रस्तुतिकरण किया गया है। इसके साथ उन्होंने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रो0 एस0एस0 मिश्र पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो0 सी0के0 मिश्र, डॉ शेष कुमार पाण्डेय, प्रो0 यू0पी0 सिंह, डॉ0 विजय कुमार शुक्ला, डॉ0 प्रेम प्रकाश मिश्र डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 पी0के0 द्विवेदी, डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 संदीप रावत, शालिनी मिश्रा, अनामिका पाठक, संजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शोद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुमारगंज -अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्तनातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राओं की प्रथम सेमेस्टर की फाइनल परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई हैं। प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर (2024-25) की फाइनल परीक्षाएं फरवरी माह में आयोजित की जाएंगी। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह विवि परिसर स्थित कृषि महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुलपति ने परीक्षा प्रश्नपत्र को लेकर परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। इसमें विभिन्न केंद्रों पर मात्स्यिकी महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, इंजीनीयरिंग अंबेडकर नगर एवं आजमगढ़ कृषि महाविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों की परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि यह परीक्षाएं पांच दिसंबर से शुरू होकर 26 दिसंबर तक चलेंगी। ये सभी परीक्षाएं प्रथम पाली में सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक और द्वीतीय पाली की परीक्षाएं दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित की जा रहीं हैं। परीक्षा के लिए भवन में प्रवेश करने से पहले परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेकर प्रवेश के लिए अनुमति दी जा रही है। कुलपति के निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर डॉ ए.के सिंह, डॉ रमेश प्रताप सिंह, डॉ उमेश चंद्र, डॉ सीताराम मिश्रा, डॉ एस.के. सिंह मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 181 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या-सोहावल-** सोहावल विकास खंड परिसर में बृहस्पतिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 181 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे। इस सामूहिक विवाह रश्म में दस मुस्लिम महिलाओं का निकाह भी संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने नव दंपतियों के जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि सभी विकास खंडों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है और इस जिले में सबसे ज्यादा सामूहिक विवाह का आयोजन सोहावल में हुआ है।कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी पंकज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विधायक के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख अनिल प्रियदर्शी, प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, एडीओ एसटी मनोज तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी शशांक चतुर्वेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष अनुराग सिंह, नीरज कनौजिया, दुर्गा प्रसाद निषाद, नदीम मलिक और सभासद आशीष श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे और उन्होंने दोनों पक्षों से यजमान की भूमिका निभाई। हिंदू समाज से जुड़े जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मान फेरे लिए, जबकि मुस्लिम समाज के दस जोड़ो का निकाह मौलवी द्वारा पढ़ाया गया। इस दौरान हाजीपुर बरसेंडी निवासी दिव्यांग राजू और ज्योति भी परिणय सूत्र में बंधे।नगर पंचायत खैरौनी के भाजपा सभासद आशीष श्रीवास्तव ने नव दंपतियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी के जोड़ों को घरेलू सामान जैसे ट्रेवलर अटैची, कंबल, वस्त्र, पांच आभूषण, और शादी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।विधायक और अतिथियों ने नव दंपतियों पर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें सफल जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बीडीओ सोहावल अनुपम वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह, वीडीओ इच्छाराम प्रियदर्शी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही, मां शारदा परिवार के प्रबंधक जेपी पांडेय ने नव दंपतियों को निःशुल्क मैहर माता दर्शन कराए जाने की घोषणा की।



## मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

**▸▸सीएम ने की देश व प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे रामकथा पार्क पहुंचे, यहां उन्होंने 43वें रामायण मेले का उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री यहां से हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां संकटमोचन हनुमानजी के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री 20 नवम्बर को सुग्रीव किला द्वार के लोकार्पण एवं संत सम्मेलन के कार्यक्रम में अयोध्या आए थे।



रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हो रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

## गृहकर को जनता पर थोपे जाने का सभासदों ने किया विरोध

**गोसाईगंज -अयोध्या।** नगर पंचायत द्वारा नगरवासियों के गृह कर लगाने को लेकर प्रशासन द्वारा बिना किसी सहमत से लगाए जा रहे गृह कर पर हम सभी सभासद प्रबलता से विरोध करते हैं जब तक गोसाईगंज में सम्राट व्यक्तियों व पत्रकार बंधुओ को बुलाकर एक आपात बैठक ना बुलाई जाए। तब तक गृह कर ना लगाई जाए।नगरवासियों पर थोपे जा रहे गृह कर को वापस कराने के लिए नगर पंचायत सभासद रविंद्र कुमार यादव, ध्रुव कुमार भोजवाल, अवधेश स्वर्णकार, करुणाकर वर्मा, इम्तियाजुल हक, आलोक गुप्ता, सोनम कनौजिया के प्रतिनिधि के नेतृत्व में सभासदों ने संबोधित ज्ञापन अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी को सौंपा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से आग्रह किया कि वो इस गंभीर प्रकरण को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत को इस लग रहे गृह कर को तुरंत वापस लेने के लिए निर्देशित करें।वही अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी ने बताया कि यूपी के छोटे शहर और कस्बों में भी हाउस टैक्स की वसूली को अनिवार्य कर दिया गया है। नगर पालिका और नगर पंचायतों के लिए योगी सरकार नया नियम लाई है। कैबिनेट ने नगर निगम की तरह ही नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत में रहने वालों को हाउस टैक्स जमा करने के लिए स्वकर निर्धारण सिस्टम को लागू करने की मंजूरी दे दी है।

# बोर्ड परीक्षा की अंतिम सूची में 67 स्कूल बने केंद्र

## बोर्ड के मानक पूरा करने वाला बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज नहीं बना केंद्र

**➪वर्ष 2025 के यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल व इंटर में 35517 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**बलरामपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से यूपी बोर्ड की अंतिम सूची जारी कर दी गई है अंतिम सूची में 67 केंद्र जिले में बनाए गए हैं जबकि इसके पूर्व 58 प्रस्तावित केंद्र सूची जारी हुई थी इनमें दो केंद्र राजकीय हाई स्कूल बहादुरगंज एवं ग्रामीण भारत इंटर कॉलेज हाशमी नगर को अंतिम सूची से हटा दिया गया है। अंतिम सूची में 11 स्कूल को नए केंद्र बनाकर अब 67 केंद्र बोर्ड परीक्षा के लिए फाइनल हुए हैं। जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में इस बार हाई स्कूल में 20712 एवं इंटरमीडिएट में 14805 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे हाई स्कूल इंटर में 35517 छात्र बोर्ड परीक्षा में नामांकित है माध्यमिक शिक्षा परिषद से बोर्ड परीक्षा की अंतिम सूची जारी हुई है इनमें प्रस्तावित 58 सूची में दो स्कूल को केंद्र से हटाया गया है इनमें ग्रामीण भारत इंटर कॉलेज हाशमी नगर मथुरा बाजार एवं राजकीय हाई स्कूल विद्यालय बहादुरगंज शामिल है वहीं 11 नए विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है इनमें सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज शामिल हैं जिन्हें प्रस्तावित 58 केंद्र सूची से दूर रखा गया था प्रतिवेदन एवं सुनवाई के बाद अंतिम सूची में इस विद्यालय को बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### जिम्मेदार के बोल

जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद की माने तो यूपी बोर्ड परीक्षा की अंतिम सूची जारी कर दी गई है अंतिम सूची में 67 केंद्र जिले में बनाए गए हैं।

मॉडर्न स्कूल केंद्र बनाए जाने के बारे में प्रत्यावेदन ऑनलाइन किया गया। केंद्र निर्धारण माध्यमिक शिक्षा परिषद से किया गया है।

### माध्यमिक शिक्षा से ए श्रेणी प्राप्त मार्डन इंटर कॉलेज नहीं बना केंद्र

जिले में पुलिस भर्ती हो, लेखपाल भर्ती, सहित अन्य सरकारी परीक्षा कराने में फिट रहने वाला विद्यालय माध्यमिक शिक्षा विभाग के बोर्ड परीक्षा मानक की कसौटी से बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज को दूर कर दिया गया है यह विद्यालय माध्यमिक शिक्षा से ए श्रेणी पाने के बाद भी विभागीय उदासीनता का शिकार हुआ है पिछले बार भी इस विद्यालय को केंद्र नहीं बनाया गया था लेकिन समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन के बाद तत्कालीनजिलाधिकारी अरविंद कुमार ने संज्ञान में लेते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी प्रस्तावित केंद्रों निरीक्षण कराया उसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की काफी कमियां मिली थी जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने शासन स्तर पर बोर्ड परीक्षा केंद्र को दोबारा अधीनस्थ अधिकारियों से जांच कराया जांच में मुख्यालय के बोर्ड के मानक पर खरे उतरने वाले बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज एवं सीएमएस इंटर कॉलेज को अंतिम सूची में केंद्र बना दिया था इस बार उनके हटने के बाद दोबारा माध्यमिक शिक्षा विभाग की लापरवाही उजागर हुई है

दोनों स्कूल को इस बार भी केंद्र नहीं बनाया गया लेकिन अंतिम सूची में प्रत्यावेदन के बाद सीएमएस इंटर कॉलेज को केंद्र बनने का अवसर मिला है लेकिन मॉडर्न इंटर कॉलेज को अंतिम सूची से बाहर रखा गया है। विद्यालय को केंद्र न बनने से छात्राओं एवं अभिभावकों को बोर्ड परीक्षा दिलाने में काफी परेशानी होगी मुख्यालय पर बोर्ड के सभी शर्तों को पूरा करने वाले विद्यालय को केंद्र न बनाया जाना चर्चा का विषय बना हुआ।

# जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय सुल्तानपुर!** विकास खण्ड बल्दीराय के मीटिंग हाल में पंचायती राज विभाग से संचालित जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। बीडीओ राधेश्याम व एडीओ पंचायत दयावंत सिंह ने प्रतिभागियों को किट देकर कार्य करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक अम्बरीश वर्मा व एडीओ पंचायत दयावंत सिंह ने बताया कि शासन के मंशानुरूप विकास खण्ड के सभी 65 ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति करने, निर्मित संसाधनों के रख रखाव, संचालन, टैक ओवर, हैण्ड ओवर व संसाधनों की जरूरत उसकी गुणवत्ता आदि की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक अम्बरीश वर्मा,एडीओ पंचायत दयावंत सिंह,सचिव अरविंद कुमार सिंह, वेद प्रकाश यादव, हौसिला प्रसाद,विपिन कुमार, राकेश कुमार, प्रधान अमन सोनी,प्रधान अजय कुमार, प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर उर्फ बब्बू,प्रधान प्रतिनिधि सराफत अली,प्रधान प्रतिनिधि असलम खान,प्रधान प्रतिनिधि डॉ श्याम नारायण सोनकर, प्रधान जराई कला,प्रधान नरसडा, प्रधान मेघमऊ आदि उपस्थित रहे।

# नगरपालिका में चरम पर भ्रष्टाचार- वरुण मिश्र



लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर ।** नगरपालिका द्वारा नाला सफाई के दौरान घायल हुए मजदूरों के मामले ने तूल पकड़ लिया है कांग्रेस नेता व पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी वरुण मिश्र ने नगरपालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं । सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है गिनी चुनी अपनी चहेती फर्मों को नगरपालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी की मिलीभगत से काम दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के खतरनाक कामों में लगाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप कई मजदूरों की मृत्यु हो चुकी है और उन घटनाओं को दबा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में हुई मजदूर की मृत्यु से भी पालिका प्रशासन और ठेकेदारों ने कोई सबक नहीं लिया जिसके परिणामस्वरूप महुवरिया की घटना हुई और संवेदनहीन पालिका प्रशासन ने उनकी कोई आर्थिक मदद भी नहीं की और न ही उनका हालचाल पूछा उन्होंने कहा कि नगरपालिका में पूरी तरह से तानाशाही ब्याप्त है मनमाने तरीके से हाउस टैक्स और वाटर टैक्स थोपे जा रहे हैं। उन्हीने कहा कि लापरवाह कार्यदायी संस्था एवं जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर हर हाल में होना चाहिए जिससे दोबारा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और गरीब लोगों की जान से खिलवाड़ न हो पाए।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परीक्षा में 119 स्कूलों के छात्र हुए शामिल

## 3219 छात्रों ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की दी परीक्षा





**बलरामपुर।** केंद्र सरकार के निर्देशन में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा जिले के 119 केंद्र पर आयोजित हुई है।इनमें सीबीएसई आईसीएसई माध्यमिक मान्यता प्राप्त परिषदीय एवं मदरसा स्कूल शामिल है। परीक्षा अंग्रेजी हिंदी एंड उर्दू माध्यम में आयोजित की गई। इस परीक्षा में कक्षा तीन, छह एवं कक्षा 9 के छात्र शामिल हुए हैं। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परीक्षा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद टीम के निगरानी में 119 केंद्र पर संपन्न हुआ है डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेटर प्राचार्य डाइट मृदुलाआनंद बीएसए शुभम शुक्ला डायट प्रवक्ता सपना वर्धन विजय निगम ने केंद्र पर चल रहे परीक्षा का निरीक्षण कर निदेशालय को रिपोर्टिंग की है परीक्षा अंग्रेजी हिंदी एवं उर्दू माध्यम में आयोजित की गई इस परीक्षा में कक्षा 3,6एवं कक्षा 9 के परीक्षार्थी शामिल हुए। कक्षा तीन की परीक्षा में 35 स्कूल में 779 विद्यार्थी शामिल हुए हैं 76 अध्यापक ने परीक्षा ली है कक्षा 6 में 38 विद्यालय में 1006 छात्र परीक्षा में शामिल हुए हैं 95 शिक्षक निगरानी में रहे हैं कक्षा 9 की परीक्षा में 48 स्कूल में 1434 छात्र ने परीक्षा दी है 117 अध्यापक ने परीक्षा ली है। डायट प्रवक्ता एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेटर सपना वर्धन ने बताया कि सीबीएसई टीम ने स्कूलों में प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका देकर परीक्षा संपन्न करने के बाद साथ में उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए ले गए हैं। डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेटर प्राचार्य डाइट मृदुला आनंद एवं प्रवक्तासपना वर्धन विजय निगम बीएसए शुभम शुक्ला ने एमपीपी इंटर कॉलेज ,बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज,एम डी के बालिका इंटर कॉलेज ,पायनियर पब्लिक स्कूल, जीसस एंड मैरी स्कूल में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया है।जिले में 119 केंद्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित हुई है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन से टकराई कार, युवक की मौत

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार देर रात धनपतगंज थाना क्षेत्र में आगे चल रहे अज्ञात वाहन से कार टकरा गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात लखनऊ से अर्टिगा कार क्क32 च्चय 5859 से अम्बेडकर नगर जा रहे जनपद के थाना टाडा अंतर्गत कस्बा अलीगंज निवासी मोहम्मद अशरफ ऊर्फ रहीम गांव के ही आसिफ ऊर्फ सोमू पुत्र मोहम्मद शकील अभी धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 114.7पर लगभग रात सवा ग्यारह बजे पहुंचे थे कि तेज रफ्तार चल रही उनकी कार एक्सप्रेस वे पर चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई जिसमें उक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यकर्ता को लेकर की समीक्षा बैठक




**सुल्तानपुर।** सूबे के पंचायतीराज मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री व सुभासपा चीफ ओ.पी राजभर के पुत्र अरविंद राजभर कार्यकर्ताओं में जोश भरने सुल्तानपुर पहुचे, कार्यकर्ताओं ने अरविंद राजभर का किया स्वागत नगर के अमहट स्थित एक निजी मैरिज लॉन में हुई सुभासपा की समीक्षा बैठक,श्री राजभर ने सदस्यता अभियान को दिया धार,सुभासपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का किया आवाह्न,उन्होनें ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाकि आपसब जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने,समझे और प्राथमिकता पर निष्तारण करवाएं,संभल हिंसा मामले में श्री राजभर ने सपा प्रमुख व सपाइयों पर ठीकरा फोड़ते हुए कहाकि सपा वोटबैंक के लिए ऐसा कर रही है,विपक्ष को बेरोजगारी,विकास और तरक्की के लिए काम करना चाहिए,नाकि वैमस्य फैलाना चाहिए,समीक्षा बैठक में पूरे जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे,उन्होनें पुनः जनपद के दौरा करने की बात करते हुए अगली समीक्षा बैठक अमेठी जनपद में करने की बात कही।

# लिंग संवेदनशीलता निषपक्ष व्यवहार का प्रतीक- प्रो जेपी

## एमएलके पीजी कॉलेज में 60 दिवसीय व समाज आधारित प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित






**बलरामपुर।** गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में संचालित 60 दिवसीय लिंग व समाज पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स को लेकर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर के किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि एक सच्चे समृद्ध समाज का निर्माण एक ऐसे सामाजिक ढांचे की स्थापना पर निर्भर करता है ,जो व्यक्तियों को उनके लिंग की परवाह किए बिना विभिन्न जीवन शैली चुनने की अनुमति देता है। लिंग समाजीकरण प्राथमिक समाजीकरण का एक रूप है ,जो वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बच्चे और शिशु अपने लिंग से जुड़े मानदंडों और व्यवहारों को सीखते हैं। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं समन्वयक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि लिंग संवेदनशीलता समझना सिखाती है। इसका उद्देश्य सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना है। लिंग के आधार पर किसी का न्याय न करना या उसके साथ अलग व्यवहार न करना लिंग संवेदनशीलता का अर्थ है। इसके तहत लिंग के आधार पर अनुचित व्यवहार या पूर्वाग्रह को रोकने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। आयोजन सचिव ओमप्रकाश सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना शुक्ला ने किया।इस अवसर पर डॉ दिनेश त्रिपाठी सहित कई प्रवक्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षरण में आज सुबह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 डॉ संजय कुमार उपाध्याय तथा गोसाईगंज थाना के उपनिरीक्षक गुलाबचंद की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र तीन जयसिंहपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत, छपरा हवा, पठानी पुर मे दबिश दी गई। टीमद्वारा मौके पर एक व्यक्ति को चढ़ी भट्टी पर अवैध कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। टीम द्वारा मौके पर शराब बनाने वाले उपकरण पतेला स्टील की पाइप मिट्टी का घड़ा इत्यादि वस्तुओं को कब्जे में लेकर सील कर सर्व मोहर किया गया। 14 लीटर अवैध कच्ची शराब भी बरामद की गई । उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की धारा 60(2) के तहत गिरफ्तार व्यक्ति संतोष कुमार निषाद पुत्र मिठाई लाल निवासी फतेहपुर संगत कुटिया थाना गोसाईगंज सुल्तानपुर के विरुद्ध थाना गोसाईगंज में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।मौके पर बरामद 50 किलोग्राम लहान को टीम द्वारा नष्ट किया गया । आबकारी` टीम में आबकारी सिपाही अभिनव कुमार सिंह अनुराग वर्मा तथा पुलिस टीम में कांस कांस्टेबल अमित यादव कांस्टेबल रोहित सिंह महिला पुलिस कांस्टेबल अंशु रानी इत्यादि लोग शामिल रहे।

# 82 दिव्यांग बच्चों को दिए गए उपकरण, खिले चेहरे



**सुल्तानपुर!** समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा एवं पीएम श्री योजनाअंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र जयसिंहपुर पर गुरूवार 5 दिसम्बर को जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुन्दर और खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्र के निर्देशन मे पूर्व मे चिन्हाकित दिव्यांग बच्चों को मुख्य अतिथि विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय ने दिव्यांग वच्चों को ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर,सीपी चेयर, हियरिंग एड,रोलेटर, कैलिपर, ्ररूरू किट सहित अन्य उपकरण वितरित किया । उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे। विधायक सदर राज प्रसाद (राज बाबू )उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा, ने जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुन्दर यादव के साथ माँ सरस्वती के चित्र का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

धनपतगंज से आयी दृष्टिबाधित बालिका महक मिश्रा ने अपने गीतों से समा बाँध दिया।और मॉडल स्कूल वैदहा के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम मे विधायक ने जनपद स्तर के खेलों मे विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।और मण्डल और राज्य के लिए खेलने की शुभकामनायें दीं। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जन सामान्य के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है दिव्यांगजनो के लिए कई तरह की सुविधाएँ सरकार दे रही है।

उन्होंने दिव्यांग बच्चों से कहा कि उत्साह के साथ जीवन जियें, और आगे बढ़ते रहें। सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाये दीं। कार्यक्रम का संचालन दीपेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, तहसील प्रभारी विमलेश सरोज, रितेश तिवारी राम मगन,डॉ रोहित दूबे,देवेंद्र प्रताप सिंह,अजित सिंह यादव, कांति सिंह सफ़दर मेंहदी, जोखू राम,राम मिलन, , जय कुमार,स्पेशल एजुकेटर मे मनीष कुमार, पृथ्वीपति, रंजीत कुमार, तबस्सुम परवीन, अभयराज, कृष्ण कुमार गुप्ता, जीत बहादुर, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रमोद सिंह यादव, राहुल जायसवाल,अजित उपाध्याय, विनय श्रीवास्तव, शरीफ आलम,अजय प्रताप सिंह,दीपक, राकेश, अमर सिंह, बबिता पाण्डेय, तनुजा सोलंकी आदि छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# हॉकी टूर्नामेंट आयोजन समिति की बैठक संपन्न

## 26 से 30दिसंबर तक आयोजित होगी अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट





**बलरामपुर।** गुरुवार को महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक एम एल के पी जी कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में 26 से 30 दिसंबर तक महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एवं टूर्नामेंट अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव एवं टूर्नामेंट उपाध्यक्ष बी के सिंह,कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य एवं टूर्नामेंट सचिव प्रो0 जे पी पाण्डेय ,पूर्व प्राचार्य व विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र प्रो0 आर के सिंह व आयोजन सचिव व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल मोहन्ता ने कहा कि यह आयोजन स्वतंत्रता पूर्व से चल रहा है और हरी घास पर खेले जाने वाली सबसे प्राचीनतम टूर्नामेंट है। यह बलरामपुर के लिए गौरव का विषय है कि इतने बड़े टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय परिवार की देख रेख में तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं खेलप्रेमियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से इसे वृहद स्तर पर आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि राज परिवार की ओर से स्वतंत्रता पूर्व प्रारंभ यह टूर्नामेंट बलरामपुर के खेलप्रेमियों की भावना से जुड़ा है। इस टूर्नामेंट की सफलता के लिए सभी पूरे मनोयोग से जुट जाये। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी को अवगत कराया कि टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर 26 से 30 दिसंबर तक खेला जायेगा जिसमें देश की 14 नामचीन टीमें प्रतिभाग करेंगी।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी के द्वारा प्राप्त अमूल्य सुझाव पर विचार किया जायेगा। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया से लगातार दिशा निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। टूर्नामेंट डायरेक्टर व ऑफिसियल एवं अंपायर की भी नियुक्ति हो गई है। हॉकी मैदान की देख रेख नियमित रूप से की जा रही है और बेहतर टूर्नामेंट हो सके इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। आयोजन सचिव डॉ आलोक शुक्ल व डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने भी आवश्यक सुझाव दिए। बैठक का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष प्रदुम्न सिंह,प्रो0 अरविन्द द्विवेदी,प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी,जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि शाबान अली, डॉ अजय सिंह पिंकू,डॉ अनुज सिंह,हारिस बिन खालिद,इकबाल फ्लावर, सोमेंद्र विक्रम सिंह,डॉ अनामिका सिंह,डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ जितेन्द्र कुमार,जकी अहमद, मोहम्मद हसन कुरैशी, डॉ एम पी तिवारी, डॉ राकेश चन्द्र व डॉ प्रांजल त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

लोकमित्र
कौशाम्बी, शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024



संक्षिप्त खबरें

## पांच दिनों तक किया जाएगा श्रीराम कथा का बखान

### 109 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** पैलानी तहसील के सिंधनकला गांव में 109 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही हैं। आयोजक श्री श्री 108 नरोत्तम दास त्यागी महाराज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने दो सैकड़ा स्वयंसेवी भक्तों के साथ जुटे हुए हैं। आगामी 7 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा सिंधनकला से प्रारंभ होकर पैलानी डेरा, जसपुरा ,कानाखेड़ा और बारा गलौली यमुना नदी तक पहुंचेगी। मथुरा वृंदावन के संतो द्वारा खेल प्रदर्शन किया जाएगा तथा 8 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक प्रीति रामायणी नई दिल्ली और डॉक्टर देवी प्रसाद त्रिपाठी कानपुर के द्वारा राम कथा का बखान करेंगे। 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक मथुरा वृंदावन से आई रासलीला का आयोजन होगा। 12 दिसंबर को निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाएगा। 14 दिसंबर को अनिल जादूगर का प्रदर्शन हुआ होगा। 15 दिसंबर को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री रहेंगे। वही कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री राम नारायण दास त्यागी जी महाराज साकेत बिहारी चित्रकूट तथा उपाध्यक्ष के रूप में राघव दास त्यागी जी महाराज रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन आलोक दास महाराज जी करेंगे। वही कार्यक्रम आयोजक नरोत्तम दास त्यागी जी महाराज ने बताया कि इस 109 कुंडली श्री राम महायज्ञ में ज्योतिष पीठाधीश्वर 1008 जगतगुरु शंकराचार्य मुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के अलावा योग गुरु बाबा रामदेव और बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री जी भी शिरकत करेंगे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिंधनकला के स्वयंसेवियों में प्रकाश सेंगर, उमेश चंदेल, महेश द्विवेदी, सिंधन कला मैयादीन सिंह समेत सैकड़ो स्वयंसेवी भी जुटे हुए हैं।

## मानवाधिकार उतना ही जरूरी, जितना जीने के लिए सांसें



**नरैनी।** मानवाधिकार अत्यधिक महत्व रखते हैं। मानवाधिकार अगर न हों तो इंसान का वजूद न के बराबर होगा। हमारे लिए मानवाधिकार का होना उतना ही ज़रूरी है जितना इंसान का सांस लेना ज़रूरी है। इस दुनिया में सभी लोग अधिकारों के मामले में बराबर है। यह बातें वनांगना संस्था द्वारा चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान में मानवाधिकार पखवाड़े के तहत देवहाई व सढ़ा गांव में आयोजित कार्यक्रम में तूलिका द्विवेदी लखनऊ ने कहीं।

उन्होंने कहा कि सामान्य जीवन यापन के लिए प्रत्येक मनुष्य के अपने परिवार, कार्य, सरकार और समाज पर कुछ अधिकार होते हैं, जो आपसी समझ और नियमों द्वारा निर्धारित होते हैं। लोगों के बीच भाषा, नस्ल, रंग, लिंग, धर्म, अन्य विचार, संपत्ति, राजनीतिक आदि बातों के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए इसलिए मानवाधिकार का निर्माण किया गया है। वानंगना डारेक्टर पुष्पा शर्मा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में लोगों को विधिक जानकारी न होने के कारण आज का शिक्षित समाज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं और मानव अधिकारों की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। स्वच्छ समाज के लिए संगठन का मुख्य उद्देश्य मानव के अधिकारों का वास्तविक ज्ञान कराना है। अवधेश गुप्ता नेतृत्व समूह ने बताया कि संस्था महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा का विरोध करती है और सामाजिक व कानूनी पैरवी करती है। साथ ही वंचित समुदाय ख़ासकर दलित व मुस्लिमों के मौलिक अधिकारों की पैरवी व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करती है। वरिष्ठ संदर्भदाता समूह शबीना मुमताज ने बताया कि संस्था द्वारा जेंडर गैरबराबरी व महिला हिंसा के खिलाफ 25 नवंबर से 16 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को देवहाई व सढ़ा गांव में मानवाधिकार के प्रति जागरूक किया और हस्ताक्षर अभियान चलाया। गोरे मऊकला, अमलखपुर, नींबी, बिरौना, सकरिहा, पटेल नगर, गोरेपुरवा, नसेनी में जागरूता अभियान चलेगा। 10 दिसंबर को नरैनी सभागार में मानवाधिकार दिवस पर समापन होगा। नेतृत्व समूह मंजू सोनी ने स्वागत किया और चर्चा चलाई। शोभा देवी ने सविधान के मौलिक अधिकारों पर सांप सीढ़ी का खेल खिलाया। रानी व माया ने चित्र के माध्यम से महिलाओं पर हो रही हिंसा का विरोध जताया। माया ने महिला हिंसा पर फड़ चलाया। अनुज फरहा, राधेश्याम, फरजाना शामिल रहे। महिला श्यामकली ने सभी का आभार जताया।

## आयुर्वेद चिकित्सालय में चिकित्स्कों का टोटा, मरीज हो रहे परेशान

**बांदा।** जसपुरा क्षेत्र के गौरीकलां में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है, इसके चलते लोग प्राइवेट अस्पतालों की शरण ले रहे हैं। आयुर्वेदिक अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी होने की वजह से गौरीकलां गांव समेत आसपास के तमाम गांवों के मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है।जिले के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक आयुर्वेद चिकित्सालय से एमडी डॉक्टरों को अतर्रा स्थित आयुर्वेदिक महाविद्यालय में संबद्ध किया गया है, जिसके कारण अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी हो गई है। इस वजह से कई अस्पतालों में ताले लटके हुए हैं और मरीजों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारी न होने से, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गौरीकला में डॉक्टर सुनीलदत्त द्विवेदी को खपटिहाकला में ड्यूटी पर भेजा गया है, लेकिन वह भी केवल तीन दिन के लिए ही उपलब्ध हैं। इस दौरान अस्पताल का संचालन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भरोसे हो रहा है, जो न सिर्फ मरीजों के लिए समस्या उत्पन्न कर रहा हैं। यह स्थिति गंभीर रूप से मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रही है, और झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने के लिए मजबूर कर रही है। जिले के आला अधिकारी इस पर जल्द ध्यान दें और स्थिति को सुधारें, ताकि मरीजों को गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। ग्रामीणों ने आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सकों की तैनाती किए जाने की मांग की है ताकि मरीजों को समय से उपचार मुहैया हो सके।

# पक्षपात पूर्ण नीतियों के विरोध में कलमबंद हड़ताल, प्रदर्शन

### आल इंडिया केवीके एंड एआईसीआरपी के आह्वान पर किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने गुरुवार को कमलबंद हड़ताल करते हुए प्रदर्शन किया। आल इंडिया केवीके एंड एआईसीआरपी के आह्वान पर की गई हड़ताल में कहा गया कि वैज्ञानिकों ओर कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियां पैदा कर सेवानिवृत्त और पदोन्नति व पेंशन समेत एनपीएस के लाभ से वंचित किया जा रहा है। कई बार आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीआर) नई दिल्ली की पक्षपातपूर्ण नीतियों के विरोध में गुरुवार को कलम बन्द हड़ताल सह प्रदर्शन किया गया। इसका समर्थन कृषि विज्ञान केन्द्र कार्मिक कल्याण एसोसिएशन अयोध्या उप्र ने भी किया है। केवीके अध्यक्ष डॉ. श्याम सिंह ने बताया कि देश में प्रथम केवीके की स्थापना 1974 में की गयी थी। आज देश भर में कुल 731 केवीके हैं। प्रदेश भर में 89 केवीके हैं जिसमें लगभग 75 प्रतिशत केवीके राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित किये जाते हैं। यह विश्व की सबसे बड़ी कृषि विस्तार प्रणाली है। केवीके जनपद स्तर के मिनी कृषि विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करते हैं और कृषकों की सभी समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान करते हुए कृषकों के लिए प्रमुख सूचना एवं संसाधन केन्द्र हैं। देश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्र आईसीएआर द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित हैं। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षो से आईसीएआर द्वारा केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियां पैदा कर, सेवानिवृत्ति एवं पदोन्नति व पेंशन/एनपीएस लाभों से वंचित किया जा रहा है जिससे कर्मियों का लगातार आर्थिक शोषण हो रहा है। इससे केन्द्र के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है और वे मानसिकरूप से परेशान हैं। पूर्व में इसके लिए आईसीएआर प्रशासन एवं स्थानीय सांसद से कई दौर की वार्ता की गयी लेकिन समस्याओं का कोई समाधान नही होने के कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में आईसीएआर द्वारा जारी पत्रों एवं नीतियों के विरोध व अपनी समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए कलम बन्द हड़ताल सह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मांग की गई कि जैसे देश भर के कृषि विज्ञान केन्द्रों के समस्त कर्मचारियों के लिए एक समान वेतन व सेवानिवृत्ति लाभ हो। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन, नई पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाये। वर्ष 2014 में प्रस्तुत आर. परौदा उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों के अनुसार सभी केवीके में समान सेवा शर्तों को लागू किया जाये।

केवीके के विषय वस्तु विशेषज्ञों को पूर्व की तरह सहायक प्राध्यापक, वैज्ञानिक के रूप में पुनः नामित किया जाये। डॉ. श्याम सिंह ने यह भी बताया कि पूरे देश के कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय कलम बन्द हड़ताल सह प्रदर्शन किया जा रहा है और केन्द्र पर संचालित पशु पालन जैसी लाईव इकाईयां सुचारु रूप से चल रही हैं। हड़ताल के दौरान वैज्ञानिक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेज ध्वनि से न बजाएं स्पीकर, वरना होगी कार्रवाई

### आयुक्त, डीआईजी, डीएम, एसपी ने किया शहर भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त, डीआईजी समेत पुलिस अधिकारियों ने शहर में पैदल गशत करते हुए तेज ध्वनि के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। लोगों को हिदायत दी कि तेज ध्वनि से स्पीकर न बजाएं, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शहर क्षेत्र में पैदल गशत कर तेज ध्वनि (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। विशेषकर उन स्थानों पर जहां तेज आवाज़, पार्टी शोर और अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण के कारण स्थानीय निवासियों को असुविधा हो होती है। सभी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण जैसे कि तेज म्यूजिक सिस्टम, सार्वजनिक आयोजनों में शोर और अन्य अव्यवस्थित ध्वनियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, ताकि जिले में शांति और सुखमय वातावरण बना रहे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** नरैनी क्षेत्र के मइयादीन ग्रामोत्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दौड़, खो-खो और कबड्डी जैसे खेल आयोजित किए गए,जिनमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिता में मइयादीन ग्रामोत्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर की टीम विजेता रही,जबकि सरस्वती ज्ञान मंदिर मुरवां ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। खो-खो में मइयादीन ग्रामोत्थान विद्यालय खानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्राथमिक विद्यालय कबरे का पुरवा ने दूसरा स्थान हासिल किया।कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय कबरे का पुरवा विजेता रहा,जबकि मइयादीन ग्रामोत्थान विद्यालय खानपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,जिला पंचायत सदस्य सदाशिव अनुरागी ने अपने संबोधन में कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।उन्होंने बच्चों को व्यायाम और खेलकूद के महत्व को समझाते हुए उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्रेरित किया।

# सड़क पर न लगने पाएं दुकानें, सीसीटीवी कराए जाएं दुरुस्त

### पानी की टंकी को जल्द से जल्द चालू कराया जाना आवश्यक





लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** दिसंबर माह की 15 से 17 तारीख तक सिमौनीधाम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय भंडारे के मद्देनजर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार और सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य ने तैयारियों की जानकारी हासिल की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला और भंडारा परिसर में सड़क पर दुकानें न लगने पाएं, इसके साथ ही पानी की टंकी को हर हाल में जल्द से जल्द चालू कराया जाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराया जाए, ताकि मेले की निगरानी में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

एडीएम और सीडीओ ने आगामी 15 से 17 दिसम्बर, 2024 पर आयोजित होने वाले मौनी बाबा मेले की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत यूपीपीसीएल के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा पानी की टंकी को चालू किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन व तार ठीक कराये जाने तथा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं मोटरेबल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था रखने के साथ निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मेडिकल टीम, एम्बुलेन्स, आवश्यक दवाओं सहित डाक्टरों की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के साथ सड़क पर दुकाने न लगने पायें, इसके सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी बबेरू को निर्देशित किया। मेला स्थल पर अग्निशमन की गाडियों की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल में झाडियों की साफ-सफाई, शौचालय सफाई व परिसर की रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण कराये जाने एवं हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मेले में लगने वाले बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मेला के दौरान विभिन्न मार्गो बॉदा, बबेरू, कर्वी, महोबा, हमीरपुर आदि मार्गो से परिवहन व्यवस्था के लिए बसों का संचालन की व्यवस्था भी कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने मेले में आने वाले लोगों को सर्दी से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था वन विभाग के द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के लिए नेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया। मेला मजिस्टेऊट की ड्यूटी व अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाये जाने तथा पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया। उन्होंने यातायात की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की विभागीय प्रदर्शनी व स्टाल लगाये जाते हैं, वे समय से मेला स्थल पर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आईटीआई में पुलिस के ठहरने हेतु समुचित व्यवस्था किये जाने तथा मेला स्थल पर फॉगिंग की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रवीणानन्द, मेला कमेटी के अनुज कुमार, आलोक अरोडा, मनोहर लाल एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपहरण करके ले जाई गई छात्रा से दुष्कर्म



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** स्कूल जा रही छात्रा को एक युवक नशीला पदार्थ सुधाकर अपहरण करके ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट किया। आरोपी छात्रा को बाइक से धक्का दे कर नीचे गिरा दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया है।

देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी अपनी बहन के साथ जिला अस्पताल कैपस में रहती है। उसकी अस्पताल में काम करती है। वह पुलिस लाइन स्थिति एक विद्यालय में हाई स्कूल में पढती है। वह 27 नवबंर की सुबह मंडलीय अस्पताल के गेट से स्कूल जा रही थी। तभी आटो में सवार हो एक युवक आया और दुपटटा में नशीला पदार्थ सुघा कर अपहरण करके अपने घर गिरवां ले गया। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी युवक ने उसके साथ मारपीट किया। आरजू मिन्नत के बाद आरोपी उसे बाइक में बैठाकर छोड़ने आ रहा था। रास्ते में उसे धक्का देरकर नीचे गिरा दिया। जिससे वह चोटहिल हो गई। वह किसी तरह ई रिक्शा से बाबूलाल चौराहा आई। इसके बाद वह घर पहुंच गई। आप बीती आपने घरवालो को बताया परिजन उसे लेकर कोतवाली गए। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया। बात में पीड़िता एसपी से मिली एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़िता का जिला अस्पताल में डाक्टर में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। बताया जाता है कि आरोपी युवक की बहन पीड़िता के गांव में व्याही है। आरोपी अपनी बहन के घर आता जाता था। तभी से आरोपी पीडिता को पहचानने लगा था। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि अपहरण छेडखानी और मार पीट की रिपोर्ट दर्ज है। छात्रा का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है। अगर मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि होती है। तो उसकी भी धारा बढाई जाएगी।

# महुआ गांव पहुंचे मंत्री नंदी, दिवंगत को दी श्रद्धांजलि

### पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष के आवास पहुंचकर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** सूबे के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को महुआ गांव पहुंचकर तेलंगाना भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के आवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता जयंती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। मंत्री नन्दी ने संगठन महामंत्री के साथ कुछ समय बिताया।

संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के आवास पर पहुंचने के पूर्व मंत्री नन्दी ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष कुमार गुप्ता के घर जाकर मुलाकात की। वहां संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ ही उद्यमियों, व्यापारियों और परिवार के सदस्यों ने मंत्री नन्दी का स्वागत और अभिनन्दन किया। मंत्री नन्दी ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने संगठन के विस्तार के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले दिनों उपचुनाव में प्राप्त भारी विजय पर सभी को बधाई दी। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज ऐतिहासिक औद्योगिक विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संजोते और संवारते हुए नए कीर्तिमान बना रहा है। समाज का प्रत्येक तबका और प्रत्येक वर्ग प्रदेश का प्रत्येक जनपद और प्रत्येक कोना परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उस संगम के रूप में पहचान मिली है जहां सांस्कृतिक, औद्योगिक और आर्थिक प्रगति की धाराओं का मिलनन होता है। आज इन तीनों क्षेत्रों में हमारा प्रदेश निरन्तर और निर्बाध आगे बढ़ रहा है।

### फ्लीट के घायल सीआरपीएफ जवान के घर भी पहुंचे

बांदा। सूबे के औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी ने अतर्रा में रहने वाले और अपनी सुरक्षा में तैनात रहे सीआरपीएफ के जवान फूल सिंह कुशवाहा के घर जाकर मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना। वहीं उनके परिजनों से भी स्नेहिल भेंट वार्ता की। सीआरपीएफ जवान फूल सिंह कुशवाहा पिछले दिनों जनपद संतकबीर नगर की कांटी चौकी के पास मंत्री नन्दी की फ्लीट में शामिल एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हो गए थे। मंत्री नंदी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 35वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होने के बाद लखनऊ के लिए लौट रहे थे, तभी जनपद संतकबीर नगर के कांटी पुलिस चौकी के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से मंत्री नन्दी के फ्लीट में शामिल एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें सीआरपीएफ के जवान सवार थे। दुर्घटना में ड्राइवर समेत सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए थे। जिसमें अतर्रा के रहने वाले फूल सिंह कुशवाहा भी शामिल थे।

# महाकुंभ मेले में अर्जी वाले हनुमान 81 फीट उज्जैन कैंप का हुआ भूमि पूजन

## देश और विदेश से आए हुए साधु संतों ने सनातन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** 14 जनवरी से होने वाले प्रयागराज महाकुंभ मेले में अर्जी वाले हनुमान 81 फीट उज्जैन कैंप का भूमिपूजन आज हुआ। इस दौरान कुंभ मेला में पूरे देश और विदेश से आए हुए साधु संतों ने सनातन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया। 27 जनवरी को धर्म संसद के रूप में एक विशाल संसद भी लगाई जाएगी। प्रयागराज महा कुंभ मेला भूमि पर 20 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सानिध्य में महामृत्युंजय महायज्ञ होगा।



कुंभ मेला प्रभारी महंत आदित्य पुरी महाराज व सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि भूमिपूजन अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज महाराज, प्रकाशानंदजी महाराज, अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता दुर्गादास जी महाराज, निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत ओंकार गिरीजी महाराज, निरंजन अखाड़े की महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमई जी, उत्तरप्रदेश सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह बागी, प्रेम यादव, जितेंद्र यादव, विजय नारायण पांडे, मधु पांडे, विनय दुबे, विपिन दुबे, सनी गिरी सहित हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थित में हुआ। भूमिपूजन दौरान समस्त संतों महंतों की मौजूदगी में सनातन बोर्ड के गठन पर भी चर्चा की गई। जिसमें तय किया कि हिंदू धर्म के मठ मंदिरों के संरक्षण के लिए सनातन बोर्ड का गठन होगा जिससे सरकार से सारे मंदिरों को मुक्त किया जा सके। क्योंकि आज मंदिर पर सरकार है, चर्च पर नहीं है, मस्जिदों पर नहीं है और गुरुद्वारों पर नहीं है।

परंतु मंदिरों पर सरकार है तो मंदिरों पर से सरकार का नियंत्रण को हटाया जाएगा। सनातन बोर्ड सारे मंदिरों का संरक्षण करेगा। प्रयाग राज तीर्थ की पावन भूमि पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज के सानिध्य में कुंभ मेले में महामृत्युंजय महायज्ञ के साथ अन्न क्षेत्र भण्डारा, श्रीमद भागवत कथा, श्री शिव महापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक होगा। साथ ही गरीबों को कंबल वितरण सहित अन्य सेवा कार्य होंगे। महाकुंभ में धर्मालुजननों से यज्ञ में आहूति देकर अपने जीवन को पुण्यलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## महाकुम्भ के दौरान डेयरियों में ही रहेंगे मवेशी

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के दौरान हजारों मवेशी डेयरियों से बाहर नहीं निकल पाएंगे। शहर के कई क्षेत्र में डेयरी संचालकों को नगर निगम का पशुधन विभाग महापर्व के दौरान मवेशियों को डेयिरियों में ही रखने का निर्देश दे रहा है। मेला की अवधि में डेयरियों से मवेशी निकलेंगे तो पहली बार उन्हें कांजी हाउस में बंद किया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर मवेशी की नीलामी की जाएगी। संगम को जोड़ने वाले शहर के सभी बड़े मार्ग और आसपास की गली के अलावा धर्मक्षेत्र के किनारे मोहल्लों में डेयरी संचालकों को कई बार निर्देश दिया जा रहा है।

नगर निगम के पशुधन अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि महाकुम्भ की अवधि में संगम से जुड़े मार्गों पर मवेशियों की रोकथाम करने की पूरी कोशिश की जा रही है। मार्गों पर निगरानी के लिए कर्मचारी भी लगाए जाएंगे। डेयरी संचालकों को एक महीने से दी जा रही चेतावनी का असर हो रहा है। महात्मा गांधी मार्ग पर मवेशियों का आना नगण्य हो गया है। मार्ग पर निगरानी के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज नरसंहार के लिए प्रधानमंत्री युनुस जिम्मेदार- पूनम सन्त




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पूनम संत महिला एवं विकास समिति द्वारा आज धरना स्थल से हनुमान मंदिर सिविल लाइंस तक शांतिपूर्ण मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। यह विरोध प्रदर्शन बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अल्पसंख्यक समुदायों के ऊपर अमानवीय कृत्यों को लेकर किया गया।

संस्थान की अध्यक्ष पूनम सन्त ने कहा जिस प्रकार से वहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है महिलाओं के साथ एवं लड़कियों के साथ बलात्कार छेड़खानी जैसी घटनाएं अराजक तत्वों द्वारा की जा रही हैं उस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए और सभी हिन्दू अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करवाना भी आवश्यक है। इसके साथ ही उन सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलना भी हमारी मांग है। इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में महिला,पुरुष, शिक्षक एवं हर वर्ग के लोग हिस्सा लिया। इसके साथ ही यह मार्च आगे बढ़ा और हनुमान मंदिर चौराहे पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री युनुस के पुतले को महिलाओं और अधिवक्ताओं ने चप्पल से पीटा और मुंह पर कालिख पोता। इसके साथ ही हाथ में तिरंगा एवं सनातन धर्म का पताका हाथ में लहराते हुए मार्च समाप्त हुआ।

मार्च में प्रमुख रूप से संस्था की उपाध्यक्ष रंजना गुलाटी, राष्ट्रीय संयोजिका इसाबेल ब्रैंडिश,सचिव अभिषेक सन्त, कामिनी जैन, सविता अग्रवाल, सुमन पांडेय, गीता महाजन, नामित पार्षद मनोज कुशवाहा व पवन श्रीवास्तव, साथ ही गौरीश आहूजा, मनोज तिवारी, अधिवक्ताओं में अभिषेक शुक्ला, अंकज श्रीवास्तव, श्यामधर मिश्रा, विकाश सोमवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# तीन वैष्णव अखाड़ों ने किया एक साथ भूमि पूजन

## संत महात्मा और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के लिए तीन वैष्णव अखाड़ों का भूमि पूजन गुरुवार को हुआ। पहले निर्मोही अनि, फिर निर्वाणी अनि और बाद में दिगंबर अनि अखाड़े के प्लॉट पर पूजन किया गया। बड़ी संख्या में संत और महात्मा जुटे रहे। शुभ मुहूर्त लगते ही संत पूजन के लिए जुटे। इस दौरान निर्मोही अनि अखाड़े के अध्यक्ष व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत राजेंद्र दास, महामंडलेश्वर संतोषदास %सतुआ बाबा, श्री महंत रामजी दास, दिगंबर अखाड़े से श्रीमहंत राम किशोर दास, मंत्री वैष्णव दास, बलराम दास, श्रीपंच निर्वाणी अखाड़े से श्रीमहंत मुरलीदास, श्रीमहंत मोहनदास, श्रीमहंत नरेंद्र दास, एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी, एडीएम कुम्भ विवेक चतुर्वेदी, एसडीएम विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

भूमि पूजन के दौरान श्रीमहंत राजेंद्र दास ने मेला क्षेत्र की अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अब तक पांटून पुल नहीं बना है, जिससे साधु संतों को शास्त्री ब्रिज से जाना पड़ रहा है।

इससे गरीब संतों को बहुत परेशानी हो रही है। अब तक मेला क्षेत्र में चकर्ड प्लेट का मार्ग नहीं बना है। पानी का छिड़काव कराएं, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। प्रकाश का भी पर्याप्त प्रबंध करें।

# राहुल और प्रियंका को रोके जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संभल में हुई हिंसा की जानकारी एवं पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस की महासचिव सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी को प्रशासन ने जाने की अनुमति नहीं दिया जिसके विरोध में आज कांग्रेस ने पत्थर गिरिजाघर सिविल लाइन से सुभाष चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

कैंडल मार्च के समाप्ति स्थल पर बोलते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि बीजेपी सरकार उत्तर प्रदेश को मणिपुर जैसे बनाना चाहती है। राहुल गांधी को सम्भल न जाने देना इनके प्रशासन की अक्षमता तथा योगी सरकार की फेल कानून व्यवस्था का परिचय देता है। भाजपा सत्ता का प्रयोग हिंदू मुसलमान के बीच वैमनस्यता फैलाने का काम कर रही है। सम्भल में सर्वे की आड़ में हिंदू मुस्लमान को भड़काया जा रहा है प्रशासन चुप है।

कैंडल मार्च में प्रमुख रुप से महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, राजेश राकेश, संजय तिवारी, मोहम्मद इरफान, लल्लन पटेल, नयन कुशवाहा, विनय पांडेय, राकेश श्रीवास्तव, अशफ़ाक़, विक्रम पटेल,विशाल सोनकर, सौरभ चौधरी, शुभम शुक्ला, श्याम जी शुक्ला, इस्तियाक अहमद, अंजुम नाज़, फरहान, अब्दुल कलाम आज़ाद, शादाब अहमद, विष्णु कान्त पांडेय, विजय यादव, इरशाद उल्ला, रमेश यादव, इसरत अली चाँद, संतोषनंद महाराज उपस्थित रहे।

# फ्लाईओवर पर आए दिन लगता है जाम से नहीं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर फ्लाई ओवर से लेकर तहसील गेट व प्रतापपुर मोड तक लगने वाला रोग का जाम महाकुंभ के दौरान आवागमन विशेषतया कुंभ नगर तक जाने आने वालों हेतु फजीहत बन सकता है। इतना लंबा जाम छुड़ाना एक दो पुलिस के बस की बात नहीं।

बाईपास की सुग बुगाहट थी परंतु अभी तक वह भी नहीं शुरू हुआ। आधा दिसंबर बीतने को है अब फूलपुर से जौनपुर प्रतापगढ़ की ओर आने जाने वालों हेतु कौन सा विकल्प होगा।

जिससे श्रद्धालु आवागमन कर सकेंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक आधी अधूरी सड़क का भी निर्माण कराया गया है।

कुंभ नगर में आने वालों का रेल ज्यादातर गोरखपुर रोड प्रयागराज पर रहता है। रोज मर्रा के जाम हेतु अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था भी नितांत आवश्यक है।

# सामाजिक न्याय का उद्देश्य समता मूलक समाज को बढ़ावा देना हो- डॉ गौर

## रानी रेवती देवी में लायंस अंतरराष्ट्रीय जिला 321 द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज राजापुर प्रयागराज में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर तथा प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे की अध्यक्षता में लायन्स अंतर्राष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 321ई द्वारा सामाजिक न्याय के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम एवम् प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं डिस्ट्रिक चेयरपर्सन सामाजिक न्याय इंजीनियर सुरेंद्र राम ने लायंस क्लब के सेवा कार्यों एवं महत्ता के बारे में विस्तार से बताते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उनके संयोजन में इस कार्यक्रम के तहत 50 प्रतिभाशाली छात्र- छात्राएं जो कि खेलकूद, संगीत, चित्रकला विधाओं में पारंगत हैं तथा वर्ष भर विद्यालय एवं विद्यालय के बाहर भी जो प्रतियोगिताएं होती है उसमें स्थान बनाने वाले तथा वर्ष पर सक्रिय रहने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र



एवं मेडल देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि सामाजिक न्याय का उद्देश्य एक ऐसे समाज को बढ़ावा देना है जो न्यायपूर्ण और समतामूलक हो, जिसमें विविधता को महत्व दिया जाए। अपने सभी सदस्यों को उनकी विकलांगता, जातीयता, लिंग, आयु, लैंगिक रुझान या धर्म के बावजूद समान अवसर प्रदान किए जाएं तथा उनके मानवाधिकारों के लिए संसाधनों और समर्थन का उचित आवंटन सुनिश्चित किया जाए।

इसी संबंध में मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि, उप मंडलाध्यक्ष डॉक्टर अर्पण धर दुबे ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं, स्वास्थ्य हर चीज से बढ़कर है। सेहत अच्छी होने पर ही सब कुछ अच्छा होता है। स्वस्थ रहने के लिए रोज़ व्यायाम करना ज़रूरी है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, जिसे कोई खर्च नहीं कर सकता। स्वास्थ्य का राज़ मध्यम भोजन, उचित व्यायाम और सीमित आहार है।

आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियर सुरेंद्र राम ने डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, डॉ अर्पण धर दुबे, प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय, एवं संगीताचार्य मनोज गुप्ता को अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर तथा मनोज गुप्ता ने इंजीनियर सुरेंद्र राम को भी अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहम्मद नाजिम, उपाध्यक्ष लायंस क्लब इलाहाबाद शिवा तथा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार शुक्ला एवं आभार ज्ञापन संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने किया।

# बीएएलएलबी और भगत एकादश फाइनल में

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण पी.जी कॉलेज के क्रीडा प्रांगण में चल रहे वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफाइनल में बीएएलएलबी एकादश ने विवेकानंद एकादश को सात विकेट से हराया।

दूसरे सेमीफाइनल में अटल एकादश ने 8 ओवर में 71 रन बनाये। जवाब में भगत एकादश ने 5.4 ओवर में 72 रन बना लिए।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सत्य प्रताप सिंह, सहायक आचार्य एवं उपाध्यक्ष अध्यापक संघ, रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एकात्म देव, डॉ. रागिनी राय, डॉ. शैलेश कुमार यादव, डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, डॉ. महेश राय, डॉ. विवेक यादव, मनीषा खन्ना, डॉ. दीपिका, डॉ. भगत नारायण महतो, अमन, पवन विकास इत्यादि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय विश्वविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विश्वविद्यालयी खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन कुलपति प्रो. रोहित रमेश एवं प्रतिकुलपति डॉ. एस.सी. तिवारी ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. रोहित रमेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल-कूद छात्रों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। प्रति कुलपति डॉ. एस.सी. तिवारी ने कहा कि खेल-कूद हमारे दैनिक जीवन का अंग हैं। इनसे छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर संयोजक स्पोर्टस डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, भाला फेंक, चक्का फेंक, हैमर थ्रो का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन की प्रतियोगिता में सौ मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में स्वाँति धनकर, जेवलिन थ्रो में विकास यादव, गोला फेंक में रूद्र नारायण पाण्डेय, जेवलिन थ्रो महिला वर्ग में जान्हवी सिंह, गोला फेंक महिला वर्ग में प्रगति सिंह, दो सौ मीटर दौड़ में शालिनी सिंह, पुरुष वर्ग में हारुन तथा पाँच सौ मीटर दौड़ में दूधनाथ प्रथम रहे।

# पोलियो अभियान आठ से पुनः चलेगा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़ क्षेत्र मे पोलियो अभियान आठ दिसम्बर से पुनः चलाया जायेगा। सीएचसी होलागढ़ के बीपीएम आशुतोष मिश्र ने बताया कि आठ को सभी पोलियो बूथों पर पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद की खुराक दी जायेगी। इसके बाद घर घर जाकर टीम द्वारा खुराक पिलाई जायेगी। बताया कि सामूचे होलागढ़ क्षेत्र मे लगभग 32 हजार बच्चे चिंहित हैं।

# नहर विभाग की पुलिया क्षतिग्रस्त करने की हुई शिकायत

**कोरांव(प्रयागराज)।** बेलन प्रखंड मिश्रपुर महादेव की आज बीती रात को सरकारी पुलिया को तोड़ दिया गया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कर उक्त पुलिया तोड़ने वालो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की माँग की है साथ ही सपा के चर्चित नेता समाजसेवी किसान नेता उसी ग्राम पंचायत के निवासी प्रमोद मिश्र पयासी ने भी आरोप लगाया है की दर्जनों की शिकायत के बाद खाद्य विभाग के अधिकारी व कोराव के उपजिलाधिकारी द्वारा स्थान पर अडिग रहने से ना बदलने से भी लोगों में आक्रोश है क्रय केंद्र का स्थान ना बदलने वाले अधिकारी जिनको वो गली सड़क दिन में हाईवे दिख रही थी अब वो क्या जवाब ग्रामीणों को देगे स्पष्ट आरोप लगाया है की क्रय



केंद्र पर धान लादी ट्रक ना जा पाने के कारण उक्त क्रय केंद्र का अनुचित लाभ लेने वाले बिचौलियों दलालो द्वारा पुलिया को तुड़वाया गया है और लोगों द्वारा तहसील पहुंच कर भी शिकायत किया गया साथ ही सम्बन्धित नहर विभाग के अधिकारियों को भी मौखिक लिखित सूचना देकर कार्यवाही की माँग ग्रामीणों ने किया क्रय केंद्र प्रभारी की हाईवे से नहीं निकला पाया ट्रक तो तोड़ दिया सरकारी नहर विभाग की पुलिया. टूटने से लोगों में भारी आक्रोश है प्रमोद पयासी ने अधिकारियों से माँग करता हूँ इसकी जाँच कर उपद्रवियों सरकारी संपति को छती पहुंचाने वालो के खिलाफ तत्काल मुक़दमा दर्ज किया जाए और पुन जाँच कर अनुचित लाभ के चक्कर मे ना पडते हुए न्याय के दृष्टिकोण से तत्काल क्रय केंद्र का स्थान बदले अन्यथा आने वाले कुछ दिनों में बड़ी घटना हो सकती हैं जनता तहसील दिवस को घेरने सहित सड़क पर उतरने को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ग्रामीणों ने शिकायत पर कार्यवाही की मांग की है

## छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत बताए सुरक्षा के उपाय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत कोड़ापुर गांव के विमला देवी इंटर कॉलेज में छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत सुरक्षात्मक उपाय बताए गए। थाने की महिला उप निरीक्षक मिताली सिंह एवं काजल पटेल ने विद्यालय की छात्राओं को उनकी आत्मरक्षार्थ सुरक्षात्मक उपयोग की जानकारी दी गई। जैसे 1090 वूमेन पावर, चाइल्ड हेल्पलाइन सीएम हेल्पलाइन वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी। उपनिरीक्षक द्वारा छात्राओं को उनकी आत्मरक्षार्थ कई टिप्स दिए गए।

गरीब महिलाओं वृद्धा आदि हेतु तमाम सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## प्रयागराज की सात फुटबालर प्रदेशीय विद्यालयीय टीम में



**प्रयागराज।** जम्मू कश्मीर में छह से दस दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-17 बालिका फुटबाल प्रतियोगिता के लिए शहर की सात खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है।

प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कालेज की प्रधानाचार्या ने डा. कविता सिंह के अनुसार टीम में राजकीय बालिका इंटर कालेज की राज नंदिनी, सानिया और अर्शिया, ईश्वर शरण बालिका इ्टर कालेज की गार्गी व स्वाति एवं मेरी वानामेकर इण्टर कालेज की तानिया नाथ और केपी वालिका इण्टर कालेका की प्रियंका कुमारी का चयन हुआ है। यह सभी खिलाड़ी सदर बाजार मैदान पर अनिल सोनकर से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं।

# प्लास्टिक प्रकृति का सबसे बड़ा शत्रु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** महाकुंभ को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया। नगर निगम की टीम ने बुधवार को पटेल नगर बाजार में अभियान चलाया जिसमे सब्जी विक्रेताओं से पॉलीथिन को जप्त किया गया। साथ ही हिदायत दिया गया कि पॉलीथिन का उपयोग न किया जाय।

पॉलीथिन के विकल्प के तौर पर ,कपड़े के थैले और जूट के थैलों के प्रयोग करने का आग्रह किया गया। नगर निगम की टीम ने प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज जागरूकता अभियान चलाया। बतादे की आजकल प्लास्टिक का उपयोग हर जगह हो रहा है जिसके कारण मानव प्रकृति के अनुदान उसे लाभान्वित होता गया उसके लोक में बढ़ोतरी होती गई ।प्रकृति का ख्याल रखें बगैर कई माननीय प्रतिविधियों से ऐसे आविष्कार किया जिससे प्रकृति को नुकसान होना शुरू हुआ नतीजा प्रकृति के नाम पर मानव ने प्रकृति में बहुत ज्यादा हस्तक्षेप किया इस भयंकर आविष्कारों में एक प्लास्टिक को भले ही मानव का आविष्कार क्यों ना मानी लेकिन यह प्लास्टिक उनकी प्रकृति का सबसे बड़ा शत्रु बनकर उसे प्रदूषित कर रहा है जिस प्रकृति ने हमारे पूर्वजों को एक अच्छा वातावरण दिया और आगे भी या प्रकृति हमें तथा हमारी पीढ़ियां को अच्छा वातावरण देने में तत्पर है मगर न जाने प्लास्टिक प्रदूषण से हम प्रकृति का गला घोटने को उतारू क्यों हैं। सफाई व्यवस्था और सीवरेज व्यवस्था के बिगड़ने का एक कारण ये पॉलिथीन की थैलियां हैं जो उड़ कर नालियों और शिविरों में जा रही है।

# दिव्यांग बच्चों में शिक्षा के प्रति रूझान हेतु अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** शासन के मंशा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों में नए जोश के साथ शिक्षा के प्रति रूझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने हेतु चलाई जा रही योजना को मूर्ति रूप देने के लिए बीआरसी धनूपुर में समेकित शिक्षा योजना अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की तृतीय चरण की काउंसलिंग का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी धनूपुर शैलपति यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर काउंसलिंग का शुभारंभ किया गया। जिसमेंअभिभावकों से अपील किया गया कि वह अपने दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

काउंसलिंग बैठक में की 50 अभिभावको व दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभा किया जहां पर उन्हें लंच पैकेट दिया गया। स्पेशल एजुकेटर करुणा राय एवं बच्चा लाल के द्वारा दिव्यंग के कारण प्रकार एवं बचाव के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से अभिभावक को बताया गया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता महानगर, गंगापार एवं यमुनापार तथा कौशाम्बी के पर्यवेक्षक नियुक्त

**प्रयागराज।** भाजपा संगठन पर्व चुनाव के तहत प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता को प्रयागराज महानगर, यमुनापार एवं गंगापार, तथा जिला कौशांबी का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा अनूप गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि महानगर के सभी 15 मंडलों में 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव हो जायेगा। अनूप गुप्ता को प्रयागराज महानगर का चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं 6 दिसंबर को महानगर के सभी 15 मंडलों के समस्त 1216 बूथों पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई जायेगी। इसके तहत सभी बूथों पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की फोटो सरल एप



पर डाउनलोड भी करना होगा।

# आर सी सी सेंटर में चोरी

**उतरांव ।** ग्रामसभा समोधिपुर के आर सी सी सेंटर कूड़ाघर पर हुई चोरी ग्राम प्रधान ने दी तहरीर। बताया जाता है की सरकार के मंशानुसार लगभग हर ग्रामसभा मे आर सी सी सेंटर कूड़ा घर बनवाया जा रहा है। ताकि ग्रामवासियों को इधर उधर कूड़ा न फेकना पड़े। वही आर सी सी सेंटर पर ग्रामप्रधान गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पहुँचे तो देखा गेट का ताला टुटा था। अंदर जाकर देखा तो कई सामान नहीं था। ग्रामप्रधान रामलाल गुप्ता आर सी सी सेंटर पर हुई चोरी की सूचना 112 पुलिस को देते हुए स्थानीय थाना उत्तराव मे अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।उत्तराव पुलिस तहरीर पाकर जांचपड़ताल मे जुटी है।